www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com
YEARS 67 देशबन्धु
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, शनिवार, 17 मई 2025 । वर्ष – 67 । अंक– 31 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु  प्रेस पंजीयन- 06072/59



**अभिमत**
■ किसान कार्यकर्ता, जिसने उम्मीद के बीज बोए — पृष्ठ 6
■ इस्तांबुल में होगी रूस-यूक्रेन शांति वार्ता
■ पाकिस्तान के विदेश मंत्री की गलत सूचना का पर्दाफाश — पृष्ठ 7
बुमराह को आराम की जरूरत होगी तो गिल हो सकते हैं टेस्ट कप्तान : जाफर — पृष्ठ 8

### अब मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ने दिया विवादित बयान

# सेना प्रधानमंत्री के चरणों में नतमस्तक



■ जगदीश देवड़ा के बयान को कांग्रेस ने सेना का अपमान बताया
■ विवाद बढ़ने के बाद जगदीश देवड़ा ने सफाई दी
■ बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही कांग्रेस

**जबलपुर**, 16 मई (देशबन्धु)। मध्यप्रदेश में मंत्री विजय शाह के बाद अब उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विवादित बयान दिया है। देवड़ा ने शुक्रवार को जबलपुर में कहा, प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहेंगे...और पूरा देश, देश की वो सेना, वो सैनिक...उनके चरणों में नतमस्तक है। वे यहां सिविल डिफेंस वालिंटियर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उनके बयान को कांग्रेस ने सेना के शौर्य का अपमान बताया। वहीं, बीजेपी ने कहा है कि कांग्रेस देवड़ा के बयान को तोड़–मरोड़ कर पेश कर रही है। विवाद बढ़ने के बाद उपमुख्यमंत्री ने सफाई दी। कहा, 'मेरे बयान को गलत ढंग से पेश किया जा रहा है।'

**पहले विजय शाह ने दिया था आपत्तिजनक बयान**

इससे पहले मंत्री शाह ने भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक बयान दिया था। एमपी हाईकोर्ट ने पुलिस को एफआईआर दर्ज का आदेश दिया। मंत्री इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं।

**मध्य प्रदेश के दोनों मंत्री बर्खास्त हों : कांग्रेस**

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा तथा मंत्री विजय शाह ने बहादुरी से देश की रक्षा करने वाली सेना तथा सेना के जवानों को अपमानित करने वाले बयान देने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को अपने दोनों मंत्रियों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री देवड़ा तथा श्री शाह ने भारतीय सेना तथा सैनिकों का अपमान करने वाले बयान दिए हैं, इसलिए इन दोनों मंत्रियों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाना चाहिए।

**देवड़ा से सार्वजनिक माफी और इस्तीफे की मांग**

देवड़ा के बयान के इस को लेकर कांग्रेस समेत तमाम विरोधी दलों और रक्षा विशेषज्ञों ने कड़ी आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि सेना की वीरता और बलिदान को सिर्फ प्रधानमंत्री की छवि से जोड़ना गलत है। सेना के जवानों के बलिदान को सम्मान देना जरूरी है, लेकिन इसे इस तरह राजनीतिक भाषा में व्यक्त करना अनुचित और अपमानजनक माना जा रहा है। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने देवड़ा से सार्वजनिक माफी की मांग की है और राज्यपाल को भी शिकायत भेजी है कि उनका बयान राष्ट्र की सुरक्षा भावना के खिलाफ है।

### विजय शाह मामले पर 19 को सुनवाई

**नई दिल्ली**। सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित टिप्पणी के बाद मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री कुंवर विजय शाह के खिलाफ हाई कोर्ट ने एफआईआर का आदेश दिया था। विजय शाह ने हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी जिस पर शुक्रवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन शीर्ष अदालत अब 19 मई को इस पर सुनवाई करेगी। रिपोर्ट के मुताबिक, मंत्री विजय शाह के वकील मनिंदर सिंह ने कुछ अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने के लिए अदालत से समय मांगा है। इस वजह से अगली सुनवाई के लिए 19 मई की तारीख तय की गई है।

### कांग्रेस ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा, मंत्री को बर्खास्त करने की मांग

**भोपाल**। मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार के आदिम जाति कल्याण मंत्री विजय शाह के सैन्य अधिकारी सोफिया कुरैशी के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी पर कांग्रेस आक्रामक है और मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रही है। कांग्रेस के विधायक शुक्रवार को सड़क पर उतरे और राजभवन पहुंचकर राज्यपाल मंगुभाई पटेल को ज्ञापन सौंपकर विजय शाह को मंत्री पद से हटाने की मांग की है।

# चिरमिरी–नागपुर रोड हॉल्ट रेल परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू

■ रेल मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना
■ 6 गांव की जमीनें होंगी अधिग्रहित

**मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी–भरतपुर**, 16 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले में प्रस्तावित चिरमिरी–नागपुर रोड हॉल्ट रेल परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो गई है। इस 17 किलोमीटर लंबी रेल परियोजना के लिए रेल मंत्रालय द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है, जिसमें कुल 6 ग्रामों की निजी भूमि अधिग्रहण के दायरे में आएगी।

अधिसूचना के अनुसार, जिन ग्रामों की भूमि अधिग्रहित की जाएगी, उनमें चिरईपानी, सरोला, बंजी, खैरबना, सरभोका और चित्ताझोर शामिल हैं। परियोजना के लिए रेलवे और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सर्वेक्षण किया गया है, जिसके आधार पर आगे की कानूनी प्रक्रिया चलाई जा रही है। जिला मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर के अपर कलेक्टर एवं सक्षम प्राधिकारी (भू–अर्जन) द्वारा प्राप्त प्रस्ताव को 07 अप्रैल 2025 को उप मुख्य अभियंता (निर्माण)–1, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नॉर्थ बिलासपुर को भेजा गया था। इसके बाद 1 मई 2025 को कलेक्टर कार्यालय से अधिसूचना के राजपत्र प्रकाशन हेतु पत्र भेजा गया। भारत सरकार के राजपत्र में 9 मई 2025 को रेल मंत्रालय (दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे) द्वारा अधिसूचना संख्या 2074 प्रकाशित की गई है, जो रेल अधिनियम 1989 की धारा 20(ए) के तहत जारी की गई है।

**9 जून तक आपत्ति दर्ज करा सकेंगे भूमि हितधारक**–राजपत्र प्रकाशन की तिथि यानी 9 मई से 9 जून तक, कोई भी व्यक्ति जो अधिग्रहित की जा रही भूमि में हितधारक है, वह रेल अधिनियम की धारा 20(घ) की उपधारा (1) के अंतर्गत अपर कलेक्टर न्यायालय, कक्ष क्रमांक 19, मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर में लिखित में आपत्ति या दावा दर्ज करा सकता है।

## सार संक्षेप

### राहुल के खिलाफ प्राथमिकी के विरोध में प्रदर्शन

**नई दिल्ली**। युवा कांग्रेस ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर प्राथमिकी दर्ज करने के विरोध में शुक्रवार को यहां बिहार की नीतीश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और कहा कि बिहार में सरकार नहीं तानाशाही चल रही है। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में यहां संगठन के कार्यालय पांच रायसीना रोड के बाहर एकत्रित होकर प्रदर्शन करते हुए जंतर-मंतर की तरफ जा रहे थे, लेकिन बैरिकेडिंग तथा भारी पुलिस बल की तैनाती ने प्रदर्शनकारियों को आगे नहीं बढ़ने दिया और दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग पर ही उन्हें रोक दिया।

### सुप्रीम कोर्ट ने 'इस्कॉन बेंगलुरु' के पक्ष में सुनाया फैसला

**बेंगलुरु**। सुप्रीम कोर्ट ने इस्कॉन बेंगलुरु और इस्कॉन मुंबई के बीच दशकों से चले आ रहे विवाद में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि बेंगलुरु का हरेकृष्ण हिल मंदिर इस्कॉन बेंगलुरु के अधीन रहेगा और इस्कॉन मुंबई का इस पर कोई अधिकार नहीं होगा। इस फैसले के साथ सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाईकोर्ट के उस निर्णय को भी पलट दिया, जिसमें बेंगलुरु मंदिर को इस्कॉन मुंबई के स्वामित्व में माना गया था।

### ट्रक व डीसीएम की टक्कर में तीन की मौत

**बुलंदशहर**। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसा देखने को मिला। यहां तेज रफ्तार ट्रक और डीसीएम की जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। यह हादसा कोतवाली जहांगीराबाद क्षेत्र के रौंडा गांव के पास हुआ। बताया जा रहा है कि डीसीएम सवार लोग पंजाब में भट्टे से मजदूरी करके अपने घर शाहजहांपुर जा रहे थे। तभी डीसीएम की तेज रफ्तार ट्रक से टक्कर हो गई।

### दिल्ली में बदला मौसम

**नई दिल्ली**। दिल्ली एनसीआर में शुक्रवार शाम अचानक मौसम बदल गया। यहां धूल भरी आंधी बारिश के चलते लोगों को गर्मी से राहत मिली। मई के महीने में भीषण गर्मी के चलते दिल्ली एनसीआर के सभी इलाकों में पारा 40 डिग्री के ऊपर था।

## प्री बीएड और प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा 22 को

**रायपुर**, 16 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापम) द्वारा प्री.बी.एड. और प्री.डी.एल.एड. प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन 22 मई (गुरुवार) को किया जाएगा। प्री बी.एड. परीक्षा पूर्वान्ह और प्री डी.एल.एड. परीक्षा अपरान्ह में होगी। अभ्यर्थी व्यापम की नई वेबसाइट https://vyapamcg.cgstate.gov.in/ पर अपने प्रोफाइल लॉगिन पेज के माध्यम से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त स्स्र् के यूआरएल के माध्यम से भी प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्रिंट लिया जा सकता है। परीक्षा के दिन सभी अभ्यर्थियों को अपने परीक्षा केंद्र पर कम से कम एक घंटे पहले पहुंचना होगा, ताकि मूल पहचान पत्र के सत्यापन के बाद उन्हें प्रवेश की अनुमति दी जा सके। परीक्षा शुरू होने के बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, या स्कूल/कॉलेज का फोटोयुक्त परिचय पत्र लाना अनिवार्य होगा। फोटोकॉपी मान्य नहीं होगी। बिना मूल पहचान पत्र के प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा केंद्र से संबंधित किसी भी समस्या के लिए अभ्यर्थी हेल्पलाइन नंबर 0771–2972780 या मोबाइल नंबर 8269801982 पर सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

## रायपुर के यात्री भी फ्लाइट में भी ले सकेंगे इंटरनेट का मजा



एयर इंडिया ने शुरू की सुविधा

**रायपुर**, 16 मई (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट में यात्री नई इन फ्लाइट मनोरंजन सेवा 'विस्टा स्ट्रीम' का लाभ ले सकते हैं। पैसेंजर मोबाइल फोन, टैबलेट और लैपटाप जैसे अपने व्यक्तिगत उपकरणों पर सीधे फिल्म देखने, टीवी शो और संगीत स्ट्रीम कर अपने सफर का आनंद ले सकते हैं।

भारत की अग्रणी वैश्विक एयरलाइन एयर इंडिया ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में एयरबस ए–350, बोइंग 787–9 और चुनिंदा एयरबस ए 321 नियो विमानों में वाई–फाई इंटरनेट कनेक्टिंग सेवाएं शुरू की है। इस सुविधा के जरिए यात्री अपनी डिवाइस लैपटाप, टैबलेट, स्मार्टफोन पर वाई–फाई के माध्यम से 10,000 फीट की ऊंचाई पर भी इंटरनेट का उपयोग कर सकते हैं।

**एयरप्लेन मोड का करना होगा इस्तेमाल**

अपने डिवाइस को कनेक्ट करने सबसे पहले फ्लाइट एयरप्लेन मोड चालू करना होगा। दूसरे चरण में अपने व्यक्तिगत वाई–फाई डिवाइस पर वाई–फाई चालू कर 'विस्टा' नेटवर्क कनेक्ट करना होगा। तीसरे चरण में क्यूआर कोड को स्कैन करना होगा। चौथे चरण में अपनी पसंद का मनोरंजन चुनकर उसका आनंद ले सकते हैं।

**विमानों में मिलेगा 'यात्री गाइड'**

यात्रियों को अपनी यात्रा की तैयारी करने से पहले डिवाइस को पूरी तरह से चार्ज करना होगा तथा ईयरफोन भी साथ ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## 'मीडिया की आवाज दबाना लोकतंत्र के लिए घातक'



■ कांग्रेस नेताओं ने गुजरात समाचार के खिलाफ ईडी की कार्रवाई की आलोचना की

**नई दिल्ली**, 16 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक तरफ आलोचना को लोकतंत्र की आत्मा बताते हैं और दूसरी तरफ सरकार के कार्यों की आलोचना करने वाले अखबार पर डंडा चलाकर लोकतंत्र की आवाज दबाने का काम कर रहे हैं।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार ने करीब सौ साल पुराने अखबार गुजरात समाचार के संस्थापक को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार कर साबित कर दिया है कि श्री मोदी आलोचना करने वालों की आवाज दबाने में संकोच नहीं करते हैं। यह मीडिया की आजादी तथा लोकतंत्र की आवाज दबाने की साजिश है। श्री खरगे ने कहा मोदी जी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा था —'आलोचना लोकतंत्र की आत्मा है।' गुजरात समाचार एक 93 वर्ष पुरानी संस्था है जिसके वरिष्ठ संस्थापक बाहुबली भाई शाह जी को प्रवर्तन निदेशालय से गिरफ्तार करवाकर मोदी जी ने सिद्ध किया है —'आलोचकों को गिरफ्तार करना एक डरे हुए तानाशाह का पहला संकेत है।' उन्होंने कहा जिसने भी इस सरकार के खिलाफ आवाज़ उठाई, और जिसने भाजपा से ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सेना और पुलिस ने छह आतंकियों को किया ढेर

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू**, 16 मई (देशबन्धु)। सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद कई सुरक्षा एजेंसियों द्वारा त्वरित और समन्वित प्रतिक्रिया के कारण पिछले 48 घंटों में शोपियां और पुलवामा जिलों में छह आतंकवादियों को मार गिराया गया। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वीके बिरदी ने अवंतीपोरा में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी आतंकी हमले के बाद, ऐसे अभियान महत्वपूर्ण होते हैं और पहलगाम की घटना ने पूरे दक्षिण कश्मीर में गहन तलाशी और खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि ये आपरेशन तुरंत शुरू किए गए और विश्वसनीय इनपुट पर आधारित थे। सुरक्षा एजेंसियों के बीच सहयोग और त्वरित अनुवर्ती कार्रवाई ने सुनिश्चित किया कि शामिल आतंकवादियों को तेजी से ट्रैक किया गया और उन्हें बेअसर कर दिया गया।

इस अवसर पर सेना के विक्टर फोर्स के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) मेजर जनरल धनंजय जोशी ने कहा कि आतंकवादी चाहे जहां भी छिपने की कोशिश करें, चाहे ऊपरी जंगली इलाकों में या नागरिक आवासीय इलाकों में, उन्हें ट्रैक किया जाएगा और खत्म किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये दोनों आपरेशन एक–दूसरे से अलग थे और केलर इलाके में एक आपरेशन ऊपरी इलाके में था और कठिन इलाके को देखते हुए यह बहुत चुनौतीपूर्ण था, जबकि त्राल में यह एक आवासीय इलाके में था और सभी नागरिकों को सुरक्षित निकालने के बाद आपरेशन चलाया गया।

■ सुरक्षाबल बोले, आतंकियों को पाताल से भी ढूंढ कर मारेंगे

**सूचना देकर सुरक्षा बलों की मदद करें लोग**–वे कहते थे कि हम आतंकवादियों को घाटी के किसी भी हिस्से में सुरक्षित पनाहगाह नहीं बनाने देंगे। इस संवाददाता सम्मेलन में शामिल सीआरपीएफ के महानिरीक्षक मितेश ने भी इस बात पर जोर दिया कि स्थानीय लोगों के समर्थन और सहयोग के बिना ये आपरेशन संभव नहीं होंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपना सहयोग जारी रखें और समय पर सूचना देकर सुरक्षा बलों की मदद करें। उन्होंने कहा कि ऐसे आतंकवाद विरोधी अभियानों की सफलता के लिए जनता का समर्थन बहुत जरूरी है। हर सूचना मायने रखती है। हमारा उद्देश्य न केवल आतंकवाद को खत्म करना है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि क्षेत्र में हमेशा के लिए शांति बनी रहे। 10 मई को दोनों पक्षों में हुए सीजफायर की घोषणा के बाद हालांकि सीमावर्ती लोगों ने अपने घरों को लौटना आरंभ किया है पर अभी भी दर्जनों गांव ऐसे हैं जहां के निवासी वापस लौटने को राजी नहीं हैं। उनका डर भी जायज है।

## रामभद्राचार्य ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित



**नई दिल्ली**, 16 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को यहां एक समारोह में संस्कृत के विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य को 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया। श्रीमती मुर्मु ने इस अवसर पर जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी के साथ साथ ज्ञानपीठ पुरस्कार वाले गीतकार गुलजार को भी बधाई दी जो अस्वस्थ होने के कारण पुरस्कार समारोह में शामिल नहीं हो सके। उन्होंने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की जिससे कि वह कला, साहित्य, समाज और देश के लिए अपना योगदान देते रहें।

राष्ट्रपति ने कहा कि साहित्य समाज को जोड़ता और जागृत करता है। उन्होंने कहा कि 19वीं सदी के सामाजिक जागरण से लेकर 20वीं सदी के स्वतंत्रता संग्राम तक, कवियों और लेखकों ने लोगों ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम् ने कक्षा 9वीं से 12वीं के परीक्षा परिणाम किए घोषित

**रायपुर**, 16 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम् ने आज 9वीं से लेकर 12वीं कक्षा तक के परिणाम परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस बार कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 53 ।49 प्रतिशत और कक्षा 12वीं का 71 ।01 प्रतिशत रहा है। परीक्षा मंडलम् के सचिव राजेश पांडे ने जारी किया रिजल्ट है।

इस साल कुल 3058 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा राज्यभर के 36 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गई थी। इस संबंध में जानकारी सहायक संचालक (परीक्षा) ने दी है।

बता दें कि छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम् के परीक्षा वर्ष 2024 में कक्षा 10वीं (पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष) का परिणाम 98 ।48त्न और कक्षा 12वीं (उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष) का परिणाम 98 ।43त्न रहा था। 10वीं में 777 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 470 प्रथम, 284 द्वितीय और 23 तृतीय स्थान पर रहे। चंद्रभागा कश्यप (जांजगीर–चांपा) ने टॉप किया था। वहीं, 12वीं में 565 छात्र–छात्राएं उत्तीर्ण हुए, जिनमें 462 प्रथम, 96 द्वितीय और 7 तृतीय स्थान पर रहे। यामिनी भगत (बलरामपुर) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

## दुनिया में पाकिस्तान को बेनकाब करेंगे भारतीय सांसद

■ सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को अलग-अलग देशों में भेजने का फैसला
■ 30 सांसद बताएंगे पड़ोसी की करतूत

**नई दिल्ली**, 16 मई (एजेंसियां)। ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब भारत के सांसद दुनियाभर में पाकिस्तान को बेनकाब करेंगे। भारत सरकार ने पाकिस्तान की करतूत दुनियाभर के सामने उजागर करने के लिए अगले सप्ताह सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को अलग–अलग देशों की यात्रा के लिए भेजने का फैसला लिया है। बताया जा रहा है कि कम से कम 30 सांसदों को 10 दिन के लिए अलग–अलग देशों की यात्रा पर भेजा जाएगा। इसे लेकर सरकार ने विपक्ष सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों से बात की है। कुछ दलों ने अपने सांसदों को भेजने की मंजूरी भी दे दी है। दरअसल, पाकिस्तान पहलगाम से लेकर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लगातार झूठ बोलता रहा है। वह दुनिया को तथ्यों से अलग जाकर एक नैरेटिव सेट करने के लिए मनगढ़ंत कहानी बताता रहा है। पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई बड़ा समर्थन नहीं मिला है, लेकिन चीन और तुर्किये जैसे देशों के उसके साथ आ जाने से उसे एक सहारा मिल गया है। भारत पाकिस्तान की इस कोशिश को बेनकाब करना चाहता है।

इसलिए कूटनीतिक तौर पर भारत सरकार ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को विभिन्न देशों की यात्रा पर भेजने का फैसला लिया है। अभी प्रतिनिधिमंडल में जाने वाले सांसदों की सही संख्या तय नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि 30 से अधिक ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**रिपोर्ट** — संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग ने किया खुलासा

# ट्रम्प के टैरिफ युद्ध से वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी

**नई दिल्ली, 16 मई (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि देशों के बीच व्यापार को लेकर तनाव बढ़ने तथा निश्चित नीति नहीं होने के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि नीतिगत अनिश्चितता के साथ-साथ बढ़ते व्यापार तनाव ने मौजूदा वर्ष के लिए वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण को भी काफी कमज़ोर कर दिया है।**

*'विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं–2025' नामक रिपोर्ट में कहा गया है, उच्च टैरिफ के कारण अमेरिका में प्रभावी टैरिफ दर में काफी वृद्धि की संभावना है, जिससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर दबाव पड़ने, उत्पादन लागत में वृद्धि होने और महत्वपूर्ण निवेश निर्णयों में देरी के साथ–साथ वित्तीय बाजार में अस्थिरता भी बढ़ने की संभावना है। यह भी कहा गया है कि 2025 में वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर कम होकर 2.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो 2024 के 2.9 प्रतिशत से कम है। विकास पूर्वानुमानों में कमी विकसित और विकासशील दोनों अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर रही हैं। कमजोर वैश्विक व्यापार वृद्धि और निवेश प्रवाह भी अर्थव्यवस्था में मंदी को और बढ़ा रहे हैं। व्यापार पर निर्भर कई विकासशील देशों को कम निर्यात, कम कीमतों, सख्त वित्तीय स्थितियों और बढ़े हुए ऋण बोझ से भी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के अवर महासचिव ली जुनहुआ ने कहा, टैरिफ शॉक से कमजोर विकासशील देशों पर बुरा असर पड़ने, विकास धीमा होने, निर्यात राजस्व में कमी आने और ऋण चुनौतियों के बढ़ने का जोखिम है, खासकर तब जब ये अर्थव्यवस्थाएं पहले से ही दीर्घकालिक सतत विकास के लिए आवश्यक निवेश करने के लिए संघर्ष कर रही हैं।' रिपोर्ट में यह माना गया है कि वैश्विक स्तर पर मुद्रास्फीति कम हो रही है, लेकिन टैरिफ–संचालित लागत दबाव और अनिश्चितता से अल्पकालिक जोखिम नीतिगत चुनौतियों को बढ़ा रहे हैं। इनसे निपटने के लिए एक व्यापक 'टूलकिट' की आवश्यकता है जो मौद्रिक नीति, राजकोषीय उपायों, आपूर्ति संबंधित सुधारों और औद्योगिक रणनीतियों को कीमतों को स्थिर करने में मदद करती है।*

***असमानता बढ़ने का जोखिम*** *–बिगड़ती आर्थिक स्थिति सतत विकास के लक्ष्यों की दिशा में प्रगति को और धीमा कर रही है, जिनमें से कई पहले से ही पटरी से उतर चुके हैं। धीमी वृद्धि और जीवन–यापन का खर्च बढ़ने के दबाव से असमानता बढ़ने का जोखिम है, जो कम आय वाले परिवारों और कमज़ोर आबादी पर असमान रूप से बोझ डाल रही है।*

# देश

उवाच

भाजपा के मंत्री विजय शाह प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के परिवार पर अभद्र टिप्पणी करते हैं, तो भाजपा तुरन्त उनसे इस्तीफा ले लेती है। लेकिन जब वही मंत्री सेना की बहादुर अफसर पर अभद्र और अपमानजनक टिप्पणी करते हैं, तो मुख्यमंत्री मौन साध लेते हैं।

–उमंग सिंघार, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 42.0 | 31.0 |
| मुंबई | 32.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 34.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 28.0 |

# ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ : राजनाथ

## रक्षा मंत्री ने पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान को एक बार फिर चेताया

**भुज,** 16 मई (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुजरात के भुज एयर बेस से भारतीय वायुसेना के जवानों को संबोधित करते हुए पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान को एक बार फिर चेताया और कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। जो कुछ भी हुआ, वह सिर्फ एक ट्रेलर मात्र था। जब सही समय आएगा, हम पूरी पिक्चर भी दुनिया को दिखाएंगे। रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर पर सेना को सफलता की बधाई देते हुए कहा कि मैं बस इतना कहूंगा कि आपके पराक्रम ने यह दिखा दिया कि यह वो सिंदूर है, जो श्रृंगार का नहीं, बल्कि शौर्य का प्रतीक है। यह वो सिंदूर है, जो सौंदर्य का नहीं, बल्कि संकल्प का प्रतीक है। यह सिंदूर, खतरे की वह लाल लकीर है, जो भारत ने अब आतंकवाद के माथे पर खींच दी है। मैं इस अवसर पर, आप सभी के साथ-साथ, देश की जनता का भी आभार प्रकट करता हूं। भारत की जनता ने, एकजुटता और समझदारी का परिचय देते हुए, आपका सहयोग किया। इस लड़ाई में न केवल सरकार, आर्म्ड फोर्सेज और सुरक्षाबल एकजुट थे, बल्कि भारत का हर नागरिक, एक सिपाही की तरह इसमें भागीदार बना।

**गुजरात के भुज एयर बेस से भारतीय वायुसेना के जवानों को किया संबोधित**



**जो कुछ भी हुआ, वह सिर्फ एक ट्रेलर मात्र था जब सही समय आएगा, हम पूरी पिक्चर भी दुनिया को दिखाएंगे : राजनाथ सिंह**

### आतंकवाद को जड़ से खत्म करने का लिया संकल्प

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हम, हमारे आराध्य श्रीराम के उस मार्ग का अनुसरण करते हुए आगे बढ़ रहे हैं, जिसमें वह आसुरी शक्तियों के विनाश का प्रण लेते हैं। निसिचर हीन करउँ महि, भुज उठाइ पन कीन्ह। अर्थात जिस प्रकार भगवान राम ने, अपनी भुजाओं को उठाकर, धरती को राक्षस विहीन करने का प्रण लिया था। ठीक उसी प्रकार, प्रभु श्री राम के आदर्शों का पालन करते हुए, हमने भी आतंकवाद को, जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आपने पाकिस्तान में मौजूद आतंकी बुनियादी ढांचे के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की है लेकिन, पाकिस्तान इस कोशिश में लग गया है कि ध्वस्त हुए आतंकी ढांचे को फिर से खड़ा किया जाए। वहां की सरकार पाकिस्तानी आम लोगों से लिया गया टैक्स जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी जैसे मसूद अजहर को करीब 14 करोड़ रुपए देने में खर्च करेगी। जबकि वह यूएन से आतंकी घोषित हो चुका है।

### पाक को दिए जाने वाले वित्त पोषण पर पुनर्विचार करे आईएमएफ

पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से प्राप्त धन का एक बड़ा हिस्सा अपने देश में आतंकवादी बुनियादी ढांचे पर खर्च करेगा, ऐसा मेरा मानना है। भारत चाहता है कि आईएमएफ पाकिस्तान को दिए जाने वाले वित्त पोषण पर पुनर्विचार करे, और आगे भी किसी भी तरह की सहायता देने से आईएमएफ परहेज करे। उन्होंने कहा कि आप सब तो जानते ही होंगे कि भारत में जब भी कोई उपद्रवी तत्व पैदा होता है, जिसको लेकर यह आशंका रहती है कि यह भविष्य में कुछ उपद्रव कर सकता है, तो उसको मजिस्ट्रेट एवं पुलिस द्वारा गुड बिहेवियर के प्रोबेशन पर रखा जाता है। अगर वह व्यक्ति प्रोबेशन के दौरान कोई भी शरारत करता है, तो उसे उचित दंड दिया जाता है। ठीक उसी तरह, वर्तमान सीजफायर में, हमने पाकिस्तान को बिहेवियर के आधार पर अभी प्रोबेशन पर रखा हुआ है। यदि उसका बिहेवियर सुधरता है, तब तो ठीक और यदि बिहेवियर में फिर से गड़बड़ी आती है, तो उसको कड़े से कड़ा दंड दिया जाएगा। मैं फिर से कह रहा हूं, पाकिस्तान को हमने प्रोबेशन पर रखा है। प्रधानमंत्री ने हाल ही में एक बात बहुत साफ कही है कि आतंक पर प्रहार अब न्यू नॉर्मल है। ये न्यू इंडिया का न्यू नॉर्मल है। अब हमने यह साफ कर दिया है कि हमारी संप्रभुता को यदि कोई नुकसान पहुंचाएगा, तो वह प्रहार भी झेलेगा।

### भारत की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित

श्रीनगर के बादामी बाग कैंट में भारतीय सेना के बहादुर जवानों और भुज में वायु योद्धाओं तथा सैनिकों के साथ बातचीत के दौरान रक्षा मंत्री ने कहा कि उन्हें एक बार फिर विश्वास हो गया है कि भारत की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान ने खुद ही ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि भारत में बनी इस मिसाइल ने पाकिस्तान को रात के अंधेरे में दिन की रोशनी दिखाई। उन्होंने भारत की वायु रक्षा प्रणाली की भी सराहना की, जिसमें डीआरडीओ द्वारा बनाए गए आकाश और अन्य रडार सिस्टम ने जबरदस्त भूमिका निभाई है। सिंह ने कहा कि भुज 1965, 1971 और अब पाकिस्तान पर भारत की जीत का गवाह रहा है। उन्होंने भुज को देशभक्ति की भूमि बताया, जहां सैनिक राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अडिग संकल्प के साथ खड़े हैं। उन्होंने मातृभूमि के लिए अपनी सेवा के लिए सशस्त्र बलों और बीएसएफ के वायु योद्धाओं और अन्य बहादुर सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। सशस्त्र बलों को नवीनतम हथियारों और आधुनिक बुनियादी ढांचे से लगातार लैस करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, सिंह ने कहा कि एक मजबूत राष्ट्र अपनी सेना का सम्मान करता है और उसे संसाधन, तकनीक और हर तरह का समर्थन प्रदान करता है।

# जलवायु की चुनौतियां हम सभी के है सामने : विश्वास सारंग



■ **भोपाल नीति संवाद में मंत्री ने की कृषि में त्वरित जलवायु कार्रवाई की वकालत**

**भोपाल,** 16 मई (देशबन्धु)। जलवायु परिवर्तन को भारतीय कृषि के लिए एक तात्कालिक और गंभीर संकट बताते हुए मध्य प्रदेश के सहकारिता, खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने भोपाल में आयोजित क्षेत्रीय नीति संवाद : जलवायु परिवर्तन और इसका कृषि पर प्रभाव विषयक कार्यक्रम में जलवायु चेतना और सामूहिक प्रयासों को गति देने की अपील की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच का उल्लेख करते हुए कहा कि जलवायु की चुनौतियां हम सभी के सामने हैं और इसमें हर व्यक्ति की भूमिका है। अब समय है कि हम सभी मिलकर निर्णायक कदम उठाएं। सस्टेनेबिलिटी मैटर्स द्वारा इंडीएग्री और सोलिडारिडाड के सहयोग से आयोजित इस संवाद में कृषि वैज्ञानिकों, नीति विशेषज्ञों, उद्योग प्रतिनिधियों और किसानों ने हिस्सा लिया। सभी का उद्देश्य था जलवायु के अनुकूल कृषि की दिशा में सामूहिक और वैज्ञानिक समाधान खोजने का प्रयास करना। सारंग ने यह भी आश्वस्त किया कि इस तरह के संवादों को राज्य सरकार पूरा समर्थन देगी ताकि व्यावहारिक समाधान सामने आएं। उन्होंने कहा कि ऐसे विचार मंथन अत्यंत आवश्यक हैं क्योंकि इन्हीं से ठोस नीतियाँ और सहयोगी मॉडल तैयार होते हैं। सोलिडारिडाड के जनरल मैनेजर डॉ. सुरेश मोटवानी ने जलवायु संवेदनशील कृषि और बदलते मौसम में अनुकूलन विषय पर सत्र की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सच्ची जलवायु लचीलापन खेत स्तर से शुरू होती है, लेकिन इसके लिए नवाचार और समेकित नीति समर्थन भी जरूरी है। अब कृषि केवल उत्पादन नहीं, बल्कि आजीविका, पारिस्थितिकी तंत्र और खाद्य सुरक्षा की रक्षा का माध्यम भी है। सस्टेनेबिलिटी मैटर्स के कार्यकारी निदेशक और ग्रे मैटर्स कॉम्युनिकेशन के निदेशक डॉ. नवनीत आनंद ने संवाद को अकादमिक चर्चा से आगे ले जाकर नीति निर्माण से जोड़ने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि हमें जलवायु चिंता से जलवायु कार्रवाई की ओर बढ़ना होगा। मध्य प्रदेश में कृषि की गहराई और नवाचार को अपनाने की तत्परता है, जिससे यह राज्य नेतृत्व करने में सक्षम है। यह मंच विज्ञान, मिट्टी, नीति और स्थिरता को एक सूत्र में जोड़ने का प्रयास है।

## सार संक्षेप

### बडगाम में लश्कर से जुड़े तीन आतंकवादी मददगार गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम में पुलिस ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े तीन आतंकवादी मददगारों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आतंकवादियों के तीनों मददगार की पहचान बारामूला जिले के अगलार पट्टन निवासी मुजम्मिल अहमद और इशफाक पंडित तथा मीरीपोरा बीरवाह बडगाम निवासी मुनीर अहमद के रूप में की है। पुलिस ने कहा कि तीनों आतंकवादियों को मगाम के कावूसा नरबल इलाके से गिरफ्तार कर उनके पास से एक पिस्तौल और एक हथगोला सहित हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है।

### मोहन यादव ने सिक्किम के स्थापना दिवस पर दी बधाई

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सिक्किम राज्य के स्थापना दिवस पर सिक्किम के नागरिकों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने बाबा महाकाल से राज्य के विकास और समृद्धि के लिए प्रार्थना की है। डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि हिमालय की गोद में स्थित सिक्किम लोक परम्पराओं से समृद्ध है। यह राज्य अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य, आध्यात्म, पर्यटन और शांति की दिव्य स्थली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में सिक्किम विकास की नई ऊंचाई हासिल करेगा।

### वायनाड में महिला पर्यटक मौत मामले में दो गिरफ्तार

**वायनाड।** केरल के वायनाड मेप्पाडी पुलिस ने महिला पर्यटक की मौत और तीन अन्य के घायल होने के मामले में एक रिसॉर्ट के प्रबंधक और पर्यवेक्षक सहित दो लोगों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर कथित तौर पर पर्यटक सुविधा के प्रबंधन में सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने का भी आरोप है। गुरुवार को 900 कंडी में एमराल्ड टेंटग्राम के स्वामित्व वाले 900 वेंचर्स नामक रिसॉर्ट में भारी बारिश के कारण अस्थायी रूप से बनाए गए टेंट के ढह जाने से नीलांबुर के पास अकम्पदम की महिला पर्यटक निश्मा की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

### केरल के पूर्व लोक निर्माण मंत्री के खिलाफ प्राथमिकी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रतन यू. केलकर ने 1989 के लोकसभा चुनाव में डाक मतदान में कथित गड़बड़ी को लेकर केरल के पूर्व लोक निर्माण मंत्री जी. सुधाकरन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। केलकर ने कहा कि भारत चुनाव आयोग श्री सुधाकरन के हवाले से मीडिया में आई उन खबरों को गंभीरता से ले रहा है, जिनमें कहा गया है कि डाक मतों के साथ छेड़छाड़ की गई और उनमें हेराफेरी की गई थी।

# रामदास की बैठक का जिला सचिवों ने किया बहिष्कार

**चेन्नई,** 16 मई (एजेंसियां)। तमिलनाडु में पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के संस्थापक डा.एस रामदास द्वारा बुलाई गई महत्वपूर्ण बैठक का पार्टी के अधिकांश जिला सचिवों और नेताओं ने शुक्रवार को बहिष्कार किया। यह बैठक डॉ. रामदास के तिंडीवनम के निकट थाइलापुरम एस्टेट में आयोजित की गई थी जिसका उद्देश्य 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले प्रमुख संगठनात्मक मामलों और नेतृत्व नियुक्तियों पर चर्चा करना था। बैठक के लिए लगभग 100 जिला सचिवों को निमंत्रण दिए जाने के बावजूद कृष्णगिरि, कोयंबटूर और तिरुपुर सहित कुछ जिलों के नेता ही बैठक में शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि बैठक में राज्यसभा सदस्य डॉ. अंबुमणि रामदास और कई प्रमुख जिला नेता अनुपस्थित रहे। डा. रामदास ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए संवाददाताओं से कहा कि सभी जिला सचिवों और पदाधिकारियों को निमंत्रण भेजा गया है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबुमणि को भी बैठक के लिए आमंत्रित किया गया था। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि वे आ रहे होंगे।

**प्रमुख संगठनात्मक मामलों पर होनी थी चर्चा**

उन्होंने अधिकांश जिला सचिवों के बैठक में शामिल न होने पर कहा कि शायद वे दो दिन पहले महाबलीपुरम के पास तिरुविदंतई में पार्टी के वार्षिक चित्र पूर्णिमा सम्मेलन के बाद बहुत थक गए होंगे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में पार्टी संस्थापक ने अपने बेटे और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. अंबुमणि को पार्टी अध्यक्ष पद से हटा दिया और उन्हें कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया ताकि वे चुनाव संबंधी कार्यों पर ध्यान

# बिहार के गया शहर का नाम अब 'गया जी'

**पटना,**16 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री नीतीश कैबिनेट की अहम बैठक संपन्न हो गई है। कैबिनेट की बैठक में तमाम विभागों के मंत्री मौजूद रहे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 69 प्रस्तावों पर कैबिनेट की मुहर लगी जिसमें अब गया का नाम बदलकर नया नाम रख दिया गया है।

बैठक में गया जिले का नाम बदलने का प्रस्ताव पारित किया गया था। अब 'गया जी' के नाम से गया जिले का नया नाम का घोषणा किया गया है। यह कदम राज्य सरकार की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों को सम्मानित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 69 प्रस्तावों जिनमें स्वच्छता, शहरीकरण, जलापूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, संरचनात्मक विकास और सामाजिक कल्याण से जुड़े कई अहम बिंदु शामिल रहे। सरकार ने प्रखंड और अंचल कार्यालयों की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए इसे 'जीविका दीदी' को सौंपने का निर्णय लिया है। इससे कार्यालयों में नियमित स्वच्छता बनी रहेगी और स्थानीय महिलाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। बता दें कि स्थानीय संगठनों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों द्वारा लंबे समय से गया का नाम बदलकर 'गया जी' करने की मांग की जा रही थी। यह स्थान भगवान बुद्ध और भगवान विष्णु की कथाओं से भी जुड़ा हुआ है। राज्य सरकार ने इस मांग को सम्मानपूर्वक स्वीकार किया और आज कैबिनेट की बैठक में इसे औपचारिक रूप से मंजूरी प्रदान कर दी। राज्य सरकार ने यह फैसला गया की धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता को ध्यान में रखते हुए लिया है।



■ **बिहार मंत्रिमंडल की बैठक में आए 69 एजेंडों पर नीतीश सरकार की लगी मुहर**

■ **गया की धार्मिक, ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्ता को ध्यान में रखते हुए लिया फैसला**

### सुशील मोदी के जन्मदिन को राजकीय समारोह के तौर पर मनाएगी सरकार

**पटना।** बिहार सरकार ने दिवंगत भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी को श्रद्धांजलि दी है। कैबिनेट ने फैसला लिया है कि बिहार सरकार अब दिवंगत सुशील कुमार मोदी के जन्मदिन को राजकीय समारोह के तौर पर मनाएगी। अब हर साल पांच जनवरी को सुशील मोदी के जयंती के अवसर पर राजकीय समारोह का आयोजन सरकार की तरफ से किया जाएगा। दरअसल, बिहार भाजपा के चाणक्य कहे जाने वाले दिग्गज नेता सुशील कुमार मोदी का निधन 13 मई 2024 को कैंसर जैसी घातक बीमारी से जुझते हुए हो गया थी। उनके निधन के बाद सियासी गलियारे में शोक की लहर दौड़ गई थी। उनके निधन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पटना पहुंचे थे और दिवंगत नेता के परिजनों से मुलाकात की थी। बिहार के विकास में उनके योगदान को देखते हुए केंद्र सरकार ने मरणोंपरांत पद्मविभूषण से नवाजा था। अब बिहार सरकार ने सुशील मोदी को बड़ी श्रद्धांजलि अर्पित की है और उनके जयंती को राजकीय समारोह के रूप में मनाने का फैसला लिया है। सरकार के इस फैसले पर सुशील मोदी के समर्थकों और परिवार के लोगों ने नीतीश सरकार का आभार जताया है।

# श्रीनगर से अतिरिक्त हज उड़ानों की व्यवस्था करे केंद्र सरकार : उमर अब्दुल्ला

## हज यात्रा पर जाने के लिए तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता पर दिया बल

**श्रीनगर,** 16 मई (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से अनुरोध किया कि वह श्रीनगर से अतिरिक्त हज उड़ानों की व्यवस्था करे, ताकि करीब 1,900 हज यात्रियों की लंबित यात्रा पूरी हो सके, जो हाल ही में उड़ान सेवा रद्द होने के कारण बाधित हुई है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि उन्होंने केंद्र के समक्ष इस मुद्दे को उठाया है, तथा हज यात्रियों को बिना किसी देरी के पवित्र यात्रा पर जाने के लिए तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता पर बल दिया है। अब्दुल्ला ने पोस्ट किया, मैंने 1895 तीर्थयात्रियों की लंबित हज उड़ानों के मामले को निपटाने के लिए श्रीनगर से अतिरिक्त हज उड़ानों की व्यवस्था करने की तत्काल आवश्यकता को भारत सरकार के समक्ष उठाया है।



हमारे तीर्थयात्रियों के लिए सुचारू और समय पर तीर्थयात्रा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। श्रीनगर से पहली हज यात्रियों की उड़ान 4 मई को रवाना हुई, जिसमें 178 यात्रियों ने उड़ान भरी थी।

भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण 07 मई से 12 मई के दौरान निर्धारित सात हज उड़ानें रद्द कर दी गईं। दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम समझौते के बाद 13 मई को श्रीनगर हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन फिर से शुरू हुआ। इसके बाद 14 मई को हज उड़ानें फिर से शुरू हुई।

### भारत-पाक तनाव के चलते उड़ान सेवा हुईं थीं बाधित

उमर अब्दुल्ला ने कहा कि गत सात मई की सुबह ऑपरेशन सिंदूर के शुरू होने के साथ ही भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण श्रीनगर हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन अस्थायी रूप से बंद कर दी गई थी, जिसके बाद हज यात्रियों की संख्या में कमी आई थी। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध लगा दिए गए और उड़ानों को एहतियात के तौर पर अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया, जिससे न केवल घरेलू यात्री बल्कि श्रीनगर से वार्षिक हज यात्रा के लिए रवाना होने वाले यात्री भी प्रभावित हुये।

# बिहार में अपराधी चला रहे सरकार : तेजस्वी

**पटना,** 16 मई (देशबन्धु)। बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने प्रदेश की विधि व्यवस्था को लेकर सवाल उठाते हुये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार पर हमला बोला और कहा कि प्रदेश में अपराधी सरकार चला रहे हैं और चारों और व्यापारियों, छात्रों, महिलाओं और आम लोगों की हत्याएं हो रही है। याादव ने शुक्रवार को बिहार में कानून व्यवस्था के मुद्दे को लेकर कुमार और उनकी सरकार पर निशाना साधते हुए सोशल मीडिया साइट एक्स एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने लिखा, बिहार में सत्ता संपोषित अपराधियों द्वारा चहुंओर व्यापारियों, छात्रों, महिलाओं और आमजनों की हत्याएं हो रही है लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित उनके दो सहायक वाचाल उपमुख्यमंत्री आंखों पर भ्रष्टाचार की पट्टी, कानों में तेल और मुंह में दही जमा कर मस्ती से शराबबंदी के नशे में लेटे है।



# मप्र के मंत्री देवड़ा व विजय शाह के मामलों में भाजपा मौन : जीतू पटवारी

## सेना के अपमान पर विरोध प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

**भोपाल,** 16 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह के बाद उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा की ओर से भारतीय सेना को लेकर दिए गए विवादास्पद बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शुक्रवार को सवाल किया कि दोनों मंत्रियों के मामले में भारतीय जनता पार्टी मौन है और क्या भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने सेना का अपमान करने का तय कर लिया है। पटवारी ने कहा कि उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और मंत्री विजय शाह, दोनों के मामलों में भाजपा मौन है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से जब इस बारे में पूछा गया तो वे कांग्रेस को कोसने लगे, पर भारत माता का अपमान करने वाले दोनों मंत्रियों को वे बचा रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने सवाल किया कि क्या भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने सेना का अपमान करने का निर्णय कर लिया है। इनके इतने वरिष्ठ विधायक सेना का अपमान कर रहे हैं पर भाजपा मौन है। अदालत संज्ञान ले रही है, पर भाजपा ने मौन धारण कर रखा है। अब भी अगर इन दोनों मंत्रियों के इस्तीफे नहीं लिए गए तो तय हो जाएगा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने सेना का अपमान करने का फैसला कर रखा है। पटवारी ने घोषणा की कि कांग्रेस पूरे प्रदेश में इसका विरोध करेगी और इन दोनों मंत्रियों के इस्तीफे की मांग करेगी। साथ ही उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि कल समूचे प्रदेश में दोनों मंत्रियों के पुतले फूंके जाएं।



चिंता | *ऑपरेशन सिंदूर के बाद फिर जिंदगी तलाशने में जुटे सीमावासी*

# पाक गोलाबारी ने एलओसी से सटे उड़ी को बना दिया भूतिया शहर

**जम्मू, 16 मई (देशबन्धु)। अगर शब्दों में बयां करें तो अब उड़ी एक भूतिया शहर है, इसकी सड़कें परेशान और टूटी हुई हैं। जो लोग वापस आते हैं उन्हें कोई शांति नहीं मिलती, बस डर रहता है कि बम फिर गिरेंगे और जो कुछ घर बचा है उसे भी मिटा देंगे। गोलाबारी बंद होने के कई दिनों बाद भी उड़ी में युद्ध जैसी गंध।**

आ रही है। सीमावर्ती शहर झुलसा हुआ और शांत है, इसकी हवा में धुआं, बारूद और जली हुई लकड़ी की चुभन है। मलबे के बीच, कुछ निवासी वापस लौटने लगे हैं। वे शांत, सतर्क हैं और इस बात को लेकर अनिश्चित हैं कि उन्हें घर के खंडहरों में क्या मिलेगा। आमिर राथर कहते थे कि यहां आग और डर की गंध आ रही है, जहां कभी लगमा में उनकी दुकान हुआ करती थी। राथर बारामुल्ला से लौटे, टूटी हुई टाइलों और जले हुए साइनबोर्डों पर कदम रखते हुए, किसी भी ऐसी चीज की तलाश कर रहे थे जिसे बचाया जा सके। वे कहते थे कि हमने अपनी जिंदगी ईंट-ईंट जोड़कर बनाई है। सब कुछ खोने में कुछ मिनट लगे। 8 मई की रात को, पाकिस्तानी तोपखाने ने उड़ी पर हमला किया, जिसे कई लोग 1948 के बाद से सबसे भीषण सीमा पार हमला कहते हैं, जब यह क्षेत्र सबसे बड़े भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान पहली बार गोलाबारी की चपेट में आया था। हाल ही में भड़की इस घटना में 50 से अधिक घर और इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। एक महिला की मौत हो गई। बच्चों सहित नौ अन्य लोग घायल हो गए। बाजार जल गए, छतें ढह गईं और रातों-रात पूरा मोहल्ला खाली हो गया। अब, बचे हुए लोग धीरे-धीरे वापस आ रहे हैं, यह देखने के लिए कि अंधेरे में भागे हुए घरों का क्या बचा है।

और उनके जीवन के कौन से टुकड़े प्लास्टिक की बोरियों और कांपते हाथों में ढोए जा सकते हैं। सलामाबाद में, परिवार नंगे हाथों से मलबे से सामान उठा रहे हैं। एक टूटी हुई खाट। जंग लगा प्रेशर कुकर। एक बच्चे का स्वेटर, जिसकी आस्तीनें झुलस गई हैं। बशीरा बानो, जिनकी रसोई एक गोले से चपटी हो गई थी, कहती थीं कि हमारे पास कुछ भी नहीं बचा था। अब और भी कम बचा है। कलगई, जो कभी एलओसी के पास घरों का एक जीवंत समूह था, अब काली पड़ चुकी दीवारों और झुलसे हुए खेतों का कंकाल बन गया है। उड़ी के व्यावसायिक केंद्र, बांदी बाजार में, नुकसान पूरा हो चुका है। कई दुकानें मुड़े हुए शटर तक सिमट गई हैं। एक गाय बेफिक्र होकर खंडहरों में भटक रही थी। उसे भगाने वाला कोई नहीं था। गिंगल की टूटी-फूटी सड़कों पर चलते हुए 85 वर्षीय हकीमुद्दीन चौधरी कहते थे कि कि इसने हमें 1948 की याद दिला दी। उस समय, पहाड़ों में भीषण आग की गूंज थी। यह फिर से हो रहा है। पचहत्तर साल, और कोई बंकर नहीं, कोई सुरक्षा नहीं। बस सन्नाटा और धुआं।



■ **भारत-पाक तनाव में 50 से अधिक घर व इमारतें हुईं क्षतिग्रस्त**

## 'धमाल 4' को लेकर आया बड़ा अपडेट, ईद के खास मौके पर होगी रिलीज

**मुंबई**, 16 मई (एजेंसियां)। अजय देवगन इन दिनों फिल्म 'रेड 2' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह फिल्म एक मई को रिलीज हुई थी और पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है। इस बीच एक्टर की एक और सुपरहिट कॉमेडी फिल्म फ्रेंचाइजी 'धमाल' की चौथी किस्त भी चर्चा में आ गई है। फिल्म की शूटिंग चल रही है। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। दरअसल, 'धमाल 4' को अगले साल ईद के खास मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इसकी पुष्टि निर्माताओं ने की। टी-सीरीज ने अपने एक्स पोस्ट पर स्टारकास्ट की एक फोटो शेयर की, जिसमें अजय देवगन, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, संजय मिश्रा, जावेद जाफरी, संजीदा शेख, अंजलि आनंद समेत कई स्टार कलाकार नजर आ रहे हैं।

विश्व उच्च रक्तचाप दिवस

# बिना दवा खाए दें 'साइलेंट किलर' को मात

**नई दिल्ली,** 16 मई (एजेंसियां)। उच्च रक्तचाप या हाइपरटेंशन एक ऐसा नाम है, जिससे 10 में से 7 लोग पीड़ित होते हैं। इसके कोई प्रत्यक्ष लक्षण भी नहीं होते इसीलिए तो हाइपरटेंशन को 'साइलेंट किलर' की संज्ञा भी दी जाती है। इसकी चपेट में आकर जब मरीज डॉक्टर के यहां पहुंचते हैं तो उन्हें गोलियां खानी पड़ती है। हालांकि, डॉक्टर्स खुद कुछ ऐसी सलाह देते हैं, जिससे बिना दवा के इसे नियंत्रित किया जा सकता है। 17 मई को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस है। उच्च रक्तचाप की समस्या आमतौर पर तब तक सामने नहीं आती जब तक कि यह गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण न बन जाए।



घर पर रक्तचाप की नियमित निगरानी करने की सलाह के साथ डॉक्टर कुछ आसान सी चीजों को दिनचर्या में शामिल करने की सलाह देते हैं। इससे आप रक्तचाप को कम कर हृदय रोग के खतरे को भी कम कर सकते हैं। जीवनशैली में बदलाव उच्च रक्तचाप के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्वस्थ जीवनशैली के साथ रक्तचाप को नियंत्रित करने से दवा की जरूरत को रोका या कम किया जा सकता है।

'क्लीवलैंड क्लिनिक' में छपी एक रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार, वजन को कम करके, नियमित व्यायाम को अपनाकर, स्वस्थ आहार के साथ नमक या सोडियम का कम इस्तेमाल करने के साथ ही कुछ और भी चीजों को शामिल कर हाइपरटेंशन को बाय-बाय कह सकते हैं। इसके लिए इन बातों पर ध्यान देना जरूरी है-वजन कम करें, डॉक्टर बताते हैं कि उच्च रक्तचाप की बड़ी वजह बढ़ा हुआ वजन होता है। ज्यादा वजन होने से सोते समय सांस लेने में दिक्कत हो सकती है। इस समस्या को मेडिकल साइंस में 'स्लीप एपनिया' कहते हैं, जो रक्तचाप की समस्या को बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाता है। वजन कम करना रक्तचाप को

**डॉक्टर कुछ आसान सी चीजों को दिनचर्या में शामिल करने की सलाह देते हैं। इससे आप रक्तचाप को कम कर हृदय रोग के खतरे को भी कम कर सकते हैं। जीवनशैली में बदलाव उच्च रक्तचाप के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।**

नियंत्रित करने के सर्वोत्तम उपायों में से एक माना जाता है। नियमित व्यायाम करें, नियमित रूप से व्यायाम करने से रक्तचाप की समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है। नियमित रूप से कम से कम 20 से 30 मिनट तक योग या ध्यान करना चाहिए। आजकल की अनियमित दिनचर्या और अनहेल्दी आहार से रक्तचाप की समस्या अपनी गहरी पकड़ बना चुकी है। ऐसे में मोटे अनाज, फल, सब्जियां खाने और कम वसा, कोलेस्ट्रॉल वाले भोजन का सेवन रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है। हाइपरटेंशन से पीड़ित लोगों को अपने आहार में नमक और सोडियम का इस्तेमाल कम करना चाहिए। नियमित रूप से आहार में सोडियम की कम मात्रा दिल और पूरे शरीर को फिट रखती है और रक्तचाप को बेहतर बनाती है।

शराब और धूम्रपान का सेवन न करें, शराब या धूम्रपान को इग्नोर करके रक्तचाप को नियंत्रित किया जा सकता है। शराब पीने से रक्तचाप कई पॉइंट तक बढ़ सकता है। विज्ञान भी मानता है कि धूम्रपान से रक्तचाप बढ़ता है। धूम्रपान छोड़ने से रक्तचाप कम करने में मदद मिलती है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि रात में नींद पूरी तरह से ली जाए तो काफी हद तक समस्या को कम किया जा सकता है। रात में सात घंटे से कम नींद लेना उच्च रक्तचाप में बड़ी भूमिका निभा सकता है। नींद में खलल डालने वाली चीजों से दूर रहें। इसके लिए सोने से पहले मोबाइल, टीवी या तेज रोशनी वाली चीजों से दूर रहें। इसके अलावा मनोवैज्ञानिक मानते हैं कि हमारी सकारात्मकता और नकारात्मकता शरीर पर काफी असर डालते हैं। इसलिए तनाव से दूर रहें, ज्यादा से ज्यादा पॉजिटिव विचार रखें, किताबें, लेख आदि पढ़ें और साथ ही घर पर ही अपना रक्तचाप नियमित रूप से ट्रैक करते रहें। अपने कोलेस्ट्रॉल और ग्लूकोज को भी नियंत्रित रखें। डॉक्टरों का मानना है कि ये छोटे-छोटे मगर काम की चीजों को दिनचर्या में शामिल करके हम बड़े बदलाव ला सकते हैं, जो हमारे शरीर के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं।

राष्ट्रीय डेंगू दिवस

# डेंगू आया तो घबराएं नहीं, अपनाएं ये आसान उपाय!

**नई दिल्ली,** 16 मई (एजेंसियां)। गर्मियों और बरसात के मौसम में मच्छरों का आतंक हर घर, हर गली में देखने को मिलता है। इस दौरान कई खतरनाक बीमारियों के फैलने का खतरा रहता है। इनमें से एक है डेंगू। यह एक जानलेवा वायरल संक्रमण है जो एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। तेज बुखार, सिरदर्द, जोड़ों में दर्द, त्वचा पर चकत्ते और कमजोरी इसके मुख्य लक्षण हैं। समय पर इलाज न हो तो यह प्लेटलेट्स की संख्या घटाकर स्थिति को गंभीर बना सकता है। हर साल 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है, ताकि लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक किया जा सके।

इस कड़ी में केंद्र और राज्य सरकारें भी कड़े कदम उठा रही हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक्स पोस्ट में डेंगू से बचने के लिए स्वच्छता के नियमों का पालन करने की अपील की।

यूपी सीएम ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा- 'डेंगू एक गंभीर बीमारी है किंतु स्वच्छता के नियमों का पालन कर इससे बचा जा सकता है। आइए, इस 'राष्ट्रीय डेंगू दिवस' पर हम सभी मिलकर यह संकल्प लें कि स्वच्छ परिवेश व सतर्क जीवनशैली अपनाकर एक जागरूक



**'डेंगू एक गंभीर बीमारी है किंतु स्वच्छता के नियमों का पालन कर इससे बचा जा सकता है। आइए, यह संकल्प लें कि स्वच्छ परिवेश व सतर्क जीवनशैली अपनाकर एक जागरूक समाज का निर्माण करेंगे तथा डेंगू जैसी बीमारी को मात देंगे।'**

समाज का निर्माण करेंगे तथा डेंगू जैसी बीमारी को मात देंगे।' 'राष्ट्रीय डेंगू दिवस' का दिन हमें सतर्क रहने की याद दिलाता है, क्योंकि रोकथाम इलाज से बेहतर है। क्लीवलैंड क्लिनिक के मुताबिक, हर साल लगभग 400 मिलियन लोग डेंगू से ग्रसित होते हैं। हालांकि ज्यादातर मामलों में लक्षण नहीं नजर आते। इसलिए जरूरी है कि समय रहते सही उपचार अपना लिया जाए। घर के आसपास पानी जमा न होने देना, पूरी बाजू के कपड़े पहनना और मच्छरदानी का इस्तेमाल करना बेहद जरूरी है। डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है, जैसे- कूलर, फूलदान, टंकी, या कोई भी खुला बर्तन जिसमें पानी जमा हो। डेंगू का मच्छर काले रंग का होता है और उसके शरीर पर सफेद धारियां होती हैं। मच्छर के काटने के चार से सात दिन बाद डेंगू के लक्षण दिखने लगते हैं। इसमें कभी-कभी प्लेटलेट्स की संख्या बहुत कम हो जाती है, जिससे खून बहने की समस्या हो सकती है। यह स्थिति गंभीर हो सकती है और समय पर इलाज न मिले तो जानलेवा भी बन सकती है।

अगर किसी को डेंगू हो जाए, तो उसे ज्यादा से ज्यादा पानी, नींबू पानी, नारियल पानी, जूस, सूप और तरल चीजें देते रहना चाहिए।

## फिल्म इंडस्ट्री में पहले मुझे पुरुषों से कम मिला समर्थन : नीतू चंद्रा

**मुंबई**, 16 मई (एजेंसियां)। एक्ट्रेस नीतू चंद्रा ने हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री में असमानता और पुरुषों से समर्थन की कमी के बारे में आईएएनएस से खुलकर बात की है। उन्होंने बताया कि कैसे लगातार प्रयासों और प्रतिभा के बावजूद उनके विचारों की अनदेखी की जाती थी और उनके योगदान को कमतर आंका जाता था। नीतू ने कहा, 'अक्सर पुरुषों ने मेरा साथ नहीं दिया। फिल्म इंडस्ट्री में बहुत से पुरुषों ने मेरे सपनों और क्षमताओं पर सवाल उठाए। वे कहते थे कि मेरे पास कोई फिल्मी बैकग्राउंड नहीं है, तो मैं कैसे आगे बढ़ पाऊंगी? लेकिन मैंने कभी हार नहीं मानी। मैं कदम दर कदम खुद को आगे बढ़ाती रही। शुरुआत में मुझे काम न मिलने का डर था। लेकिन 10 साल से भी ज्यादा समय तक थिएटर करने के बाद, मुझे अब वो डर नहीं लगता। अब अगर मुझे कोई प्रोजेक्ट या काम दिल से जुड़ा नहीं लगता, तो मैं खुद ही अपने लिए अवसर बना लेती हूं। बॉलीवुड में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए चंद्रा ने बताया कि वह हमेशा से ही एक्शन फिल्में करना चाहती थीं। अपने संघर्षों के बारे में उन्होंने कहा, मार्शल आर्ट में पारंगत होने के चलते मुझे हॉलीवुड ने पहला मौका दिया। इसके लिए मैं बेहद आभारी हूं, लेकिन मेरा दिल और पहचान बॉलीवुड से जुड़ी हुई है। मैंने बहुत छोटी उम्र में अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम जैसे बड़े सितारों के साथ काम किया। मैं पंद्रह या सोलह साल की उम्र में मुंबई आई थी और ऑडिशन के लिए एक स्टूडियो से दूसरे स्टूडियो भटकती थी। मुझे पहला बड़ा मौका एक पार्कर पेन के विज्ञापन में मिला, जिसे निर्देशक प्रियदर्शन ने बनाया था।



**मार्शल आर्ट में पारंगत होने के चलते मुझे हॉलीवुड ने पहला मौका दिया। इसके लिए मैं बेहद आभारी हूं, लेकिन मेरा दिल और पहचान बॉलीवुड से जुड़ी हुई है: नीतू चंद्रा**

यहीं से मेरा एक्टिंग करियर शुरू हुआ। मैं हमेशा बॉलीवुड की आभारी रहूंगी, कि इसने मुझे पहचान और हिम्मत दी। मैंने असफलताओं से बहुत कुछ सीखा है, और मजबूत बनी हूं। चंद्रा ने कहा, आप चाहे किसी भी मुकाम पर क्यों न हों, एक कलाकार के तौर पर लोगों से संपर्क करना, काम मांगना आपका अधिकार है। इसमें कोई झिझक नहीं होनी चाहिए।

## अनिल कपूर ने बढ़ाया जवानों का जोश, 'भारत भूलता नहीं है, माफ भी नहीं करता'




**मुंबई,** 16 मई (एजेंसियां)। दिग्गज बॉलीवुड स्टार अनिल कपूर ने भारत की एकता और मजबूती पर गर्व जताया है। उन्होंने कहा कि भले ही देश के अंदर अलग-अलग मतभेद हों, लेकिन जब बात सेना की होती है, तो पूरा देश एकजुट होकर उनके साथ खड़ा होता है। अनिल कपूर ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भारतीय सेना की बहादुरी के नाम एक पोस्ट शेयर किया और कहा कि भारत किसी भी खतरे का डटकर जवाब देता है। उन्होंने लिखा, 'जो करने की जरूरत थी, वही किया गया। ऐसा कौन-सा परिवार है, जिनके सदस्यों के बीच मतभेद नहीं होते, लेकिन जब बात देश की आती है, तो हम सब एक हैं। हमेशा से रहे हैं और हमेशा रहेंगे। अपनी सशस्त्र सेनाओं के प्रति आभारी हूं कि वे बहादुरी से डटकर मुकाबला करते हैं। भारत भूलता नहीं है। भारत माफ नहीं करता है। जय हिंद...जय हिंद की सेना!' वहीं अन्य हस्तियां भी सेनाओं का हौसला बढ़ा रही हैं। हाल ही में पंजाबी सिंगर गुरु रंधावा ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'भारत केवल एक देश नहीं है, यह एक भावना है, एक अहसास है जो लोगों को दिल से जोड़ता है। एकता का बंधन है जो जाति, धर्म, भाषा या पृष्ठभूमि से परे है। हम सभी पहले भारतीय हैं, और हमारी एकता हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हम भारत के लोग अपनी सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। अगर कभी जरूरत पड़ी, तो हर भारतीय उनके साथ खड़ा होगा, न सिर्फ भावनात्मक रूप से, बल्कि वास्तविक कार्रवाई में भी।

## खत्म हुई 'ग्लोरी' की शूटिंग, पुलकित ने शेयर किया नोट, पत्नी और टीम पर लुटाया प्यार

**मुंबई,** 16 मई (एजेंसियां)। अभिनेता पुलकित सम्राट की अपकमिंग फिल्म 'ग्लोरी' की शूटिंग खत्म हो चुकी है। प्रशंसकों को जानकारी देते हुए अभिनेता ने सोशल मीडिया पर एक प्यारा नोट शेयर किया, जिसमें उन्होंने न केवल फिल्म की टीम बल्कि अपनी पत्नी, अभिनेत्री कृति खरबंदा के लिए भी खूबसूरत लाइन लिखी। इंस्टाग्राम पर अभिनेता ने एक नोट शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपने किरदार की ताकत और खूबसूरती से रूबरू कराया।

पुलकित ने लिखा, 'ग्लोरी की शूटिंग खत्म हो चुकी है, मगर उसकी आग नहीं। एक भूमिका के रूप में शुरू हुआ मेरा सफर गहरे रूप से मेरे व्यक्तित्व से जुड़ चुका है। इस भूमिका ने मुझे काफी कुछ सिखाया। मैं शूटिंग के दौरान खून से लथपथ, चोटिल, टूटा हुआ था...यह कोई शूटिंग नहीं, यह आत्मा की सर्जरी थी!' अभिनेता ने आगे



बताया, 'पंजाब की ठंड में सुबह 5 बजे उठना और तब तक काम करना जब तक की शूटिंग खत्म न हो जाए। राउंड जो 'कट' पर नहीं रुकते थे... हर फ्रेम के लिए जी तोड़ मेहनत किया।' अपनी टीम का आभार जताते हुए उन्होंने लिखा, 'करण अंशुमान आपका धन्यवाद, कनिष्क मैंने आपसे बहुत कुछ सीखा है! कर्मण्य, आपने मेरे किरदार को एनर्जी और ताकत के साथ आकार दिया। वैभव विशाल, आपके डायलॉग शानदार रहे। टीम नेटफ्लिक्स, एक ऐसी कहानी का समर्थन करने के लिए धन्यवाद जो दिल को छू जाती है।' एक्शन टीम, आप लोगों ने मुझे सिखाया कि कैसे गिरना है और एक हीरो की तरह उठना है और बेहतरीन तरीके से ट्रेनिंग दी।

पोस्ट के अंत में उन्होंने अपनी पत्नी, अभिनेत्री कृति खरबंदा की तारीफ करते हुए लिखा, 'मेरी खूबसूरत पत्नी कृति खरबंदा को प्यार और धन्यवाद। मैं जब भी सेट से घर पर पहुंचा, तुमने मेरी मदद की और हमेशा मेरी ताकत की तरह मेरे साथ खड़ी रही। आई लव यू।' 'ग्लोरी' में अपने किरदार के नाम का जिक्र करते हुए अभिनेता ने आगे लिखा, 'रवि का काम अभी खत्म नहीं हुआ है।

## जहरीली होती जा रही हवा! इन उपायों से दें प्रदूषण को मात

**नई दिल्ली,** 16 मई (एजेंसियां)। कभी धरती हरी-भरी थी, लेकिन आज कराह रही है। नदियों में गंदगी और हवा में जहर घुल चुका है। आज प्रदूषण हमारे जीवन का ऐसा साया बन चुका है, जो हमें अंदर ही अंदर खोखला कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली का प्रदूषण से हाल बेहाल है। गुरुवार को धूल भरी आंधी के बाद दिल्ली में वायु गुणवत्ता (एक्यूआई) बिगड़ गई। केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, दिल्ली में शुक्रवार सुबह 7 बजे तक औसतन वायु गुणवत्ता सूचकांक 305 अंक पर बना हुआ है। यह अंक वायु गुणवत्ता की बहुत खराब स्थिति को दर्शाता है। इसलिए अब वक्त सिर्फ अफसोस करने का नहीं, बल्कि कड़े कदम उठाने का है।

2023 में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने प्रदूषण को लेकर एक अध्ययन किया। इसमें दो शहरों, चेन्नई और दिल्ली, को शामिल किया गया।



करीब 9 हजार लोगों को लगातार मॉनिटर करने के बाद रिपोर्ट प्रकाशित की गई। इसमें बताया गया कि हमारे देश में पीएम 2.5 प्रदूषण और टाइप-2 डायबिटीज के बीच गहरा संबंध है। शोध की अगुवाई कर रहे डॉक्टर सिद्धार्थ मंडल ने बताया कि अभी तक वायु प्रदूषण को अस्थमा और दिल के रोगों से ही जोड़ा जाता था। लेकिन हमने अपनी रिसर्च में पाया कि पीएम 2.5 वाली हवा आपको टाइप 2 डायबिटीज का भी शिकार बना सकती है।

प्रदूषण का प्रभाव हमारे जीवन पर बहुत बुरा पड़ता है। वायु प्रदूषण यानी हवा का जहरीला हो जाना। धूल, धुआं, हानिकारक गैसें और रासायनिक तत्व मिलकर हवा की शुद्धता को खत्म कर रहे हैं। यह सिर्फ इंसानों के लिए खतरनाक नहीं है, बल्कि जानवरों के लिए भी बहुत नुकसानदायक है।

इससे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। वहीं, सांस की बीमारियां, जैसे अस्थमा और फेफड़ों का कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। छोटे बच्चों और बुजुर्गों पर इसका असर और ज्यादा देखने को मिलता है। इससे दिल की बीमारी और आंखों में जलन भी हो सकती है। प्रदूषण से ग्लोबल वार्मिंग और ओजोन परत को नुकसान होता है, जिससे मौसम में असंतुलन पैदा हो जाता है, जो प्राकृतिक आपदाओं का कारण बनता है। ऐसे में बेहद जरूरी है कि प्रदूषण से बचने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं।

## भारत-यूरोपीय संघ मिलकर समुद्री प्लास्टिक कूड़े और कचरे से खोजेंगे ग्रीन हाइड्रोजन समाधान

**नई दिल्ली,** 16 मई (एजेंसियां)। भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने दो प्रमुख रिसर्च और इनोवेशन पहलों की शुरुआत की है, जो समुद्री प्लास्टिक कूड़े (एमपीएल) और कचरे से ग्रीन-हाइड्रोजन समाधान से जुड़ी हैं।

यह पहल इंडिया-ईयू ट्रेड एंड टेक्नोलॉजी काउंसिल (टीटीसी) के तहत शुरू की गई है। टीटीसी की स्थापना 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने ट्रेड और टेक्नोलॉजी पर द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने के लिए की थी। 391 करोड़ रुपए के संयुक्त निवेश के साथ यह पहल समुद्री प्लास्टिक कूड़े (मरीन प्लास्टिक लिटर) और कचरे से ग्रीन हाइड्रोजन (डब्ल्यू2जीएच) के क्षेत्रों में दो कोर्डिनेटेड कॉल पर केंद्रित है। इसे ईयू के रिसर्च एंड इनोवेशन फ्रेमवर्क प्रोग्राम 'होराइजन यूरोप' और भारत सरकार द्वारा सह-वित्तपोषित किया गया है। सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रोफेसर अजय कुमार सूद ने कहा, 'सहयोगी रिसर्च 'इनोवेशन' की आधारशिला है। ये पहल भारतीय और यूरोपीय शोधकर्ताओं की शक्तियों का इस्तेमाल कर ऐसे समाधान विकसित करेगी, जो हमारी साझा पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करें।' भारत में यूरोपीय संघ के राजदूत हर्वे डेल्फिन ने कहा, 'ईयू-इंडिया ट्रेड एंड टेक्नोलॉजी काउंसिल के तहत ये रिसर्च पहलें यूरोपीय संघ और भारत साझेदारी की गतिशीलता को प्रदर्शित करती हैं, जिसे फरवरी में दिल्ली में हमारे लीडर्स ने रिन्यू किया था।' डेल्फिन ने बताया, 'समुद्री प्रदूषण (मरीन पॉल्यूशन) और सस्टेनेबल एनर्जी जैसे ठोस मुद्दों से एक साथ निपटकर, हम इनोवेशन, सर्कुलर इकोनॉमी और ऊर्जा दक्षता को आगे बढ़ा रहे हैं। इन क्षेत्रों में कटिंग एज टेक्नोलॉजी का विकास आर्थिक और पर्यावरणीय दोनों ही दृष्टि से समझदारी भरा है। हम एक क्लीनर, सस्टेनेबल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं जो यूरोपीय संघ और भारत दोनों को फायदा पहुंचाएगा।' वैश्विक प्रयासों के बावजूद, समुद्री प्रदूषण जैव विविधता को खतरे में डाल रहा है, इकोसिस्टम को बाधित कर रहा है और मानव स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव डॉ. एम. रविचंद्रन ने कहा, 'समुद्री प्रदूषण एक वैश्विक चिंता का विषय है, जिसके लिए सामूहिक कार्रवाई की जरूरत है। यह संयुक्त आह्वान हमें अपने समुद्री इकोसिस्टम की रक्षा के लिए एडवांस टूल्स और रणनीति विकसित करने में सक्षम बनाएगा।' दूसरा कोर्डिनेटेड कॉल वेस्ट-टू-ग्रीन हाइड्रोजन टेक्नोलॉजीज के विकास के जरिए सस्टेनेबल एनर्जी सॉल्यूशन की तत्काल जरूरत को संबोधित करता है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव संतोष कुमार सारंगी ने कहा, 'वेस्ट से हाइड्रोजन टेक्नोलॉजीज को आगे बढ़ाना हमारे एनर्जी ट्रांजिशन लक्ष्यों के लिए महत्वपूर्ण है। यह सहयोग सस्टेनेबल हाइड्रोजन उत्पादन विधियों के विकास को गति देगा'




**'सहयोगी रिसर्च 'इनोवेशन' की आधारशिला है। ये पहल भारतीय और यूरोपीय शोधकर्ताओं की शक्तियों का इस्तेमाल कर ऐसे समाधान विकसित करेगी, जो हमारी साझा पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करें: अजय कुमार सूद**

## आईआईटी खड़गपुर का नया स्मार्ट ट्रैक्ड रोबोट फसल में रोग का पता लगाने में सक्षम

**नई दिल्ली,** 16 मई (एजेंसियां)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर के शोधकर्ताओं ने एक स्मार्ट ट्रैक्ड रोबोट डेवलप किया है, जो फसल में रोग का पता लगा सकता है और खेती को बढ़ावा देने के लिए कीटनाशकों का छिड़काव भी कर सकता है। संस्थान के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों के एक समूह ने सेमी-ऑटोमैटिक ट्रैक्ड मोबाइल मैनिपुलेटर कम एग्रीकल्चर रोबोटिक सिस्टम को सफलतापूर्वक डिजाइन और विकसित किया है।

इंटेलिजेंट रोबोटिक सिस्टम का उद्देश्य पौधों में रोग की पहचान करने के साथ उचित और सुरक्षित कीटनाशक एप्लीकेशन सुनिश्चित करने में किसानों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करना है।



रिसर्च का नेतृत्व करने वाले प्रोफेसर दिलीप कुमार प्रतिहार ने एक ट्रैक्ड मोबाइल मैनिपुलेटर को आइडल सॉल्यूशन के रूप में प्रस्तावित किया।

प्रतिहार ने कहा, 'इस सिस्टम में सीरियल मैनिपुलेटर है, जो मानव हाथ जैसा दिखता है, जिसे ट्रैक किए गए वाहन पर लगाया गया है। इसे विशेष रूप से फील्ड नेविगेशन और सटीक कार्यों के लिए डिजाइन किया गया है। ड्रोन बेस्ड एग्रीकल्चर रोबोट ने लोकप्रियता हासिल कर ली है, लेकिन

**'इस सिस्टम में सीरियल मैनिपुलेटर है, जो मानव हाथ जैसा दिखता है, जिसे ट्रैक किए गए वाहन पर लगाया गया है। इसे विशेष रूप से फील्ड नेविगेशन और सटीक कार्यों के लिए डिजाइन किया गया है।**

उड़ान के दौरान वे पौधों की पत्तियों की हाई-क्वालिटी इमेज लेने में बेहतर नहीं हैं। इसमें शोर भी होता है।

शोधकर्ताओं ने आईआईटी गुवाहाटी द्वारा आयोजित 2021 आईईईई 18वें इंडिया काउंसिल इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस (आईएनडीआईसीओएन) के दौरान पेश किए गए पेपर में बताया गया है, 'इस ट्रैक किए गए मोबाइल मैनिपुलेटर का इस्तेमाल कृषि सेक्टर में कई उद्देश्यों को पूरा करने के लिए किया जा सकता है, जैसे कि पौधों के स्वास्थ्य की निगरानी, ??पौधों के रोग की पहचान, कीटनाशक का छिड़काव, फलों या सब्जियों की कटाई आदि।' न्यूली डेवलप्ड ग्राउंड-बेस्ड ट्रैक किए गए मोबाइल मैनिपुलेटर सटीक बीमारी का पता लगाने के लिए कैमरा-आधारित छवि विश्लेषण का उपयोग करता है, इसके बाद उपयुक्त कीटनाशक का स्वचालित छिड़काव होता है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा फंडेड रोबोटिक प्रणाली का उद्देश्य न केवल मैनुअल कीटनाशक छिड़काव के दौरान किसानों के सामने आने वाले स्वास्थ्य जोखिमों को कम करना है, बल्कि खाद्य गुणवत्ता और कृषि उत्पादकता को भी महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाना है।

# अभिमत

**आदिवासी किसानों को भी खेती के तौर-तरीके सिखाएं जा रहे हैं। विशेषकर, महिला किसानों को इससे जोड़ा जा रहा है, जो महिला सशक्तिकरण का उदाहरण है। लुप्त हो रहे देसी बीजों का संरक्षण व संवर्धन भी हो रहा है। मडिया व मशरूम की खेती की जा रही है। इससे लोगों की सेहत में सुधार हो रहा है और कुछ आमदनी भी बढ़ रही है। जलवायु बदलाव के इस दौर में पेड़ों के साथ पौष्टिक अनाज व बिना मशीनीकरण के खेती का महत्व और भी बढ़ जाता है।**

## किसान कार्यकर्ता, जिसने उम्मीद के बीज बोए

नवाचार

■ बाबा मायाराम

मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के एक किसान ने बरसों से परती पड़ी जमीन को न केवल उपजाऊ बना लिया है बल्कि उसमें पेड़ लगाकर उसे हरा-भरा भी कर लिया है। तालाब बनाकर बारिश की बूंद-बूंद को सहेजा है। लेकिन यह किसान सिर्फ खुद ही पौष्टिक अनाज की खेती नहीं करते, बल्कि एक संस्था से जुड़कर आदिवासियों को भी जैविक खेती के तौर-तरीके सिखा रहे हैं। यह कहानी इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यह पूरी तरह जैविक है, श्रम आधारित है, और कम लागत वाली है, जो इस समय की जरूरत है। आज इस कॉलम में एक किसान कार्यकर्ता की लगन, जिद और मेहनत की कहानी बताना चाहूंगा, जिससे बिना रासायनिक खेती की बारीकियां समझी जा सकें।

अनूपपुर से मात्र 10 किलोमीटर दूर है जमूड़ी गांव, और यहीं है महेश शर्मा के परिवार की जमीन। कुछ समय पहले इस खेती को देखने के लिए मैं जमूड़ी गया। लम्बे अरसे से जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था के साथ मिलकर महेश शर्मा काम कर रहे हैं। पहले वे छत्तीसगढ़ में खेती का काम कर रहे थे, जहां बिलासपुर जिले में जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था का कार्यक्षेत्र है। जब संस्था के कार्यक्षेत्र का विस्तार मध्यप्रदेश में भी हुआ, तब यहां भी खेती कार्यक्रम शुरू हो गया। वैसे तो यह संस्था स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करती है, पर संस्था का मानना है कि सिर्फ बीमारी का इलाज ही नहीं, उसकी रोकथाम भी जरूरी है। इसके लिए जैविक तरीके से पौष्टिक अनाजों व सब्जी बाड़ी की खेती पर जोर दिया जा रहा है, जिससे लोगों को पोषणयुक्त भोजन मिले और उनका स्वास्थ्य बेहतर हो। इसी के मद्देनजर अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ प्रखंड में आदिवासियों के बीच पौष्टिक अनाजों की खेती की जा रही है।

**महेश शर्मा न केवल खुद खेती करते हैं बल्कि जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था के साथ मिलकर किसानों को जैविक खेती के तौर-तरीके सिखाते हैं, और उन्हें खेती करने के लिए देसी बीज भी उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के झींगटपुर गांव में गांववालों की मदद से बीज व अनाज बैंक भी बनाया है।**

जैविक खेती करने वाले महेश शर्मा ने बताया कि उनके परिवार की जमूड़ी गांव में 5 एकड़ जमीन है। इस जमीन पर उन्होंने 5 साल पहले खेती शुरू करना शुरु किया। इसके पहले यह जमीन बंजर पड़ी थी। लेकिन बहुत ही कम समय में उन्होंने इस जमीन को उपजाऊ बना लिया है। और वह भी पूरी तरह जैविक तौर-तरीके अपनाकर। सबसे पहले मल्चिंग की, यानी हरी खाद से भूमि का ढकाव, जिससे जमीन उपजाऊ हुई, हवादार, पोली और भुरभुरी हुई। और फिर इसमें कई तरह के फलदार पेड़ भी रोपे।

वे आगे बतलाते हैं कि खेत में हरी सब्जियां व मसाले भी उगाते हैं। मड़िया, अरहर, तिल्ली, मूंगफली, अमाड़ी और धान इत्यादि भी लगाते हैं। उनके खेत में सब्जियों में लौकी, करेला, सेमी, बरबटी, भिंडी, बैंगन इत्यादि की खेती अच्छी होती है। उन्होंने अब घर के लिए सब्जियां व मसाले खरीदना बंद कर दिया है। राजगिरा, मिर्च, मैथी, धनिया, प्याज, आलू, टमाटर इत्यादि की फसलें होती हैं। और इन सबसे उनकी घर के खाने की जरूरतें पूरी हो जाती हैं। अतिरिक्त होने पर बेचते भी हैं। हल्दी और मडिया की बिक्री किसान मेलों में हो जाती है। जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था मडिया के बिस्कुट भी बनाती है।

उन्होंने बताया कि खेतों की मेड़ों में बड़ी संख्या में फलदार पेड़ भी लगाए हैं। अगर पेड़ होते हैं तो पक्षी आते हैं, और ये पक्षी कीटनाशक का काम करते हैं। यहां अमरूद के 45 पेड़, नींबू के 4, आम के 11, सीताफल के 8, केले के 40, अनार के 5, महुआ के 15, पपीता के 12, और करौंदे के 20 पेड़ लगाए हैं। सेमरा के 100 से ज्यादा पेड़ लगाकर खेत की बागुड़ कर दी है।

वे आगे बताते हैं कि महुआ फूल की बिक्री से ही उन्हें इस वर्ष 20 हजार रूपए मिले, जिससे उन्होंने देसी गोबर खाद खरीदा, और पूरी जुताई व बुआई करवाई। इस सबमें लगभग 15 हजार की राशि खर्च हुई। धान की खेती बिना रासायनिक खाद व बिना कीटनाशक के की है। यानी महुआ फूल बेचकर जो राशि मिली, उसी में पूरी खेती की लागत निकल गई।

उनके पास दो कुआं हैं, दोनों ही सूख चुके थे, लेकिन जब तालाब बनाया तो दोनों ही कुएं फिर से पानीदार हो गए। अनूपपुर जिले की सीमा से छत्तीसगढ़ राज्य लगा हुआ है, जहां की तालाब संस्कृति प्रसिद्ध है। वहां एक गांव में कई तालाब होते हैं। महेश शर्मा इस संस्कृति से भलीभांति परिचित हैं, और इसलिए उन्होंने खेत का पानी खेत में रोकने का जतन किया। तालाब बनाकर बारिश की बूंद-बूंद को सहेजा है।

वे बतलाते हैं कि जो पेड़ लगाए थे, वे अब फल देने लगे हैं। करौंदा में पहली बार फल आ गए हैं। अमरूद और पपीता फलने लगे हैं। खेत में बाजरा के भुट्टे लहरा रहे हैं। कुदरती तौर पर होनेवाली गूजा की हरी पत्तीदार साग हुई है।

महेश शर्मा न केवल खुद खेती करते हैं बल्कि जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था के साथ मिलकर किसानों को जैविक खेती के तौर-तरीके सिखाते हैं, और उन्हें खेती करने के लिए देसी बीज भी उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के झींगटपुर गांव में गांववालों की मदद से बीज व अनाज बैंक भी बनाया है, जहां कई तरह के देसी अनाजों के बीजों का संग्रह है। विशेषकर, देसी धान की कई किस्में उनके बीज बैंक में हैं। इसके अलावा, जैविक खेती के तौर-तरीकों का प्रशिक्षण भी देते हैं।

जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था के डॉ. पंकज तिवारी बतलाते हैं कि पुष्पराजगढ़ प्रखंड काफी पिछड़ा है और आदिवासी बहुल है। इस क्षेत्र के लोग ज्यादातर मजदूरी और खेती करके जीवनयापन करते हैं। यहां बच्चों में कुपोषण देखा जाता है। इसे दूर करने के लिए संस्था की ओर से 3 साल तक के छोटे बच्चों के लिए झूलाघर की तरह फुलवारी संचालित की जाती हैं। इन फुलवारियों में हरी सब्जियां उगाई जाती हैं, जो बच्चों को दिए जाने वाले भोजन में शामिल की जाती हैं। इसके अलावा, किसानों को पौष्टिक अनाज की खेती करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस साल 85 किसानों ने जैविक खेती की है। इसके अलावा, इन्हीं किसानों के साथ मशरूम की खेती भी की जा रही है।

वे आगे बताते हैं कि सब्जी बाड़ी में लौकी, भिंडी, कद्दू, करेला, भटा और मिर्ची उगाई जाती है। अक्टूबर से फरवरी तक सब्जी बाड़ी से हरी सब्जियां मिलती हैं। सब्जी बाड़ी में अलग से पानी देने की जरूरत भी नहीं है। फुलवारी में बच्चों को जो हाथ धुलाने के लिए जो पानी इस्तेमाल होता है, उसी से सब्जी बाड़ी को पानी मिल जाता है।

महेश शर्मा ने बताया कि महिला किसानों ने भी मडिया की खेती की है। उपरीकला की फुलवारी कार्यकर्ता लीलाबाई, प्यारी गांव की फुलवारी कार्यकर्ता कौशल्याबाई जैसी कई किसानों ने मडिया की खेती की है।

कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है महेश शर्मा व जन स्वास्थ्य सहयोग की पहल से देसी बीजों के साथ पौष्टिक अनाजों की खेती की जा रही है। इस खेती में खर्च न के बराबर है। न रासायनिक खाद की जरूरत और न ही कीटनाशक की। यह खेती पूरी तरह जैविक है। वृक्ष खेती यानी पेडों से जैव खाद मिलती है, पक्षी कीटनाशक का काम करते हैं। खेत का पानी खेत में रोककर तालाब में बारिश की बूंद-बूंद को सहेजा जा रहा है। इसमें भूजल उलीचने के लिए किसी भी प्रकार की बिजली, डीजल की जरूरत नहीं है।

इसके अलावा, आदिवासी किसानों को भी खेती के तौर-तरीके सिखाएं जा रहे हैं। विशेषकर, महिला किसानों को इससे जोड़ा जा रहा है, जो महिला सशक्तिकरण का उदाहरण है। लुप्त हो रहे देसी बीजों का संरक्षण व संवर्धन भी हो रहा है। मडिया व मशरूम की खेती की जा रही है। इससे लोगों की सेहत में सुधार हो रहा है और कुछ आमदनी भी बढ़ रही है। जलवायु बदलाव के इस दौर में पेड़ों के साथ पौष्टिक अनाज व बिना मशीनीकरण के खेती का महत्व और भी बढ़ जाता है, जिससे जैव विविधता व पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। कुल मिलाकर, यह पूरी पहल सराहनीय होने के साथ अनुकरणीय भी है।

## बीता सप्ताह

**10 मई**
- अमेरिका ने कार्डिनल रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट नए पोप चुने गए।
- केन्द्रीय सूचना प्रसारण मंत्रालय ने रक्षा अभियानों की लाइव कवरेज पर रोक लगा दिया।
- आईपीएल 2025 भारत-पाक में सरहद पर तनाव के चलते एक हफ्ते के लिए स्थगित हो गया।
- कैट लवर्स के लिए स्वर्ग है जापान का आओशिया आइलैंड।

**11 मई**
- भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम पर सहमत हुआ।
- माल्आ बना यूरोप का सबसे बड़ा जहाज रजिस्ट्री स्थल।
- चीन व अमेरिका के बीच जिनेवा में हुई व्यापार वार्ता।
- किमजॉग ने कहा कि रूस की ओर से उत्तर कोरियाई सैनिकों की तैनाती सही है।

**12 मई**
- उत्तर प्रदेश के लखनऊ में होग ब्रम्होस मिसाइल का उत्पादन।
- बांग्लादेश में शेख हसीना का पार्टी अवामी लीग पर प्रतिबंध लगा दिया गया।
- पुणे के पर्वतारोही जितेडे गवारे ने पाउंट मकालू पर्वत शिखर 8485 मीटर ऊंचे पर फतह किया।
- सूडान पर जेल में ड्रोन हमले से 19 कैदियों की जान चली गई।।

**13 मई**
- भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने लिया टेस्ट क्रिकेट से सन्यास।
- पीएम मोदी सीज फायर के बाद देश को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों की भावना का प्रतिबिंब है ऑपरेशन सिंदुर।
- सीजफायर के बाद भारतीय सेना ने प्रेस कान्फ्रेस लेकर कहा कि जरूरत पड़ने पर हर मिशन के लिए हम तैयार।
- भारत-पाक युद्ध के चलते बंद भारत के 32 एयरपोर्ट का संचालन पुनः शुरू हुआ।

**14 मई**
- भारत के विदेश मंत्रालय प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि कश्मीर पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं।
- छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक याचिका की सुनवाई में कहा कि तलाक के बाद भी एक ही घर में रह सकते हैं पति-पत्नी।
- गाजा में नाकाबंदी के कारण भूख से 57 बच्चों की मौत हो गई।
- केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ में 51 हजार पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को सौंपी चाबी।

**15 मई**
- जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई (बी आर गवई) भारत के 52वें सीजेआई बने। राष्ट्रपति ने दिलाई शपथ।
- हॉलीवुड के प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक राबर्टबेंटन का निधन हो गया।
- पेरू के प्रधानमंत्री गुस्तावो एड्मिनजेन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।
- उरूग्वे के पूर्व राष्ट्रपति जोस मुजिका का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

**16 मई**
- रक्षा मंत्रालय के पूर्व सचिव डॉ. अजय कुमार ने यूपीएससी का अध्यक्ष पद संभाला।
- भारत के अंतरिक्ष यात्री ग्रुप के कैप्टन सुभांशु शुकला 8 जून को स्पेस स्टेशन के लिए रवाना होंगे।
- 1995 बैच के आईएफएस के अधिकारी अनुराग भूषण स्वीडन में भारत के नए राजदूत होंगे।
- डीआरडीओ ने विकसित की नई तकनीक समुद्र के खारे पानी को कर सकती है मीठा।

## बांग्लादेश में अवामी लीग पर प्रतिबंध के व्यापक परिणाम होंगे

■ सात्यकी चक्रवर्ती

पिछले सप्ताह डॉ. मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार द्वारा अवामी लीग की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने से देश में सक्रिय राजनीतिक दलों पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि अगले साल की शुरुआत में राष्ट्रीय चुनाव होने वाले हैं। इसी तरह, यह निर्णय भारत के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अब उसके पड़ोसी देश में कोई भी मित्र राजनीतिक दल सक्रिय नहीं है। यूनुस सरकार की इस कार्रवाई के व्यापक प्रभाव पर भारतीय मीडिया का अभी ध्यान नहीं गया है, क्योंकि पिछले सप्ताह भारत-पाकिस्तान संघर्ष में इसकी पूरी तरह से संलिप्तता रही है, लेकिन दक्षिण एशियाई मामलों के भारतीय विशेषज्ञ इस बात पर गौर कर रहे हैं कि इस क्षेत्र में सबसे शक्तिशाली राष्ट्र होने के बावजूद नरेंद्र मोदी सरकार अब दक्षिण एशियाई देशों में पूरी तरह से अलग-थलग पड़ गयी है।

अवामी लीग(एएल) शेख मुजीबुर रहमान द्वारा स्थापित राजनीतिक पार्टी है और इस पार्टी ने 1971 में बांग्लादेश के गठन के लिए मुक्ति संग्राम का नेतृत्व किया था। एएल ने 2024 तक बांग्लादेश पर अधिकांश वर्षों तक शासन किया, सिवा सेना शासन के वर्षों और खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बीएनपीके दो कार्यकालों को छोड़कर। वर्तमान में मुख्य विपक्षी दल बीएनपी है जिसकी अध्यक्ष हैं खालिद जिया। शेख हसीना ने 2009 से लगातार पंद्रह वर्षों तक शासन किया, लेकिन 5 अगस्त, 2024 को उन्हें अवामी लीग सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में अपना पद छोड़ना पड़ा और वे भारत चली आयीं। वे अभी भी भारत में रह रही हैं और कभी-कभी वीडियो के माध्यम से बांग्लादेश में अपने एएल समर्थकों को संबोधित करती हैं।

**इस दृष्टिकोण के अनुसार, न्याय की मांग है कि दोषियों को दंडित करें- उन सभी को नहीं जो सीधे तौर पर उनसे जुड़े नहीं हैं। सामूहिक दंड, भले ही धार्मिक कारणों से प्रेरित हो, संक्रमणकालीन न्याय की वैधता को कमजोर करता है। इतिहास से पता चलता है कि पार्टियों को भंग करने से राष्ट्रों में कभी सुधार नहीं होता। यह अक्सर दरारों को और गहरा करता है।**

पिछले सप्ताह ढाका में छात्रों की नयी पार्टी नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) ने 72 घंटे की विशाल रैली निकाली, जिसमें सरकार से अवामी लीग की सभी गतिविधियों पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की गयी। एनसीपी एकमात्र पार्टी है, जिसने अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने को अपना मुख्य कार्यक्रम बनाया है। पहले चर्चा थी कि अवामी लीग को सीमित रूप में काम करने दिया जायेगा,जिसमें उन नेताओं और कार्यकर्ताओं को शामिल नहीं किया जायेगा, जिन पर हत्या और यातना देने के आरोप हैं। बीएनपी पहले कुछ दिशा-निर्देशों के तहत एएल को चुनाव में भाग लेने देने के पक्ष में थी, लेकिन अब सरकार के आधिकारिक प्रतिबंध के बाद बीएनपी ने भी प्रतिबंध को राष्ट्रीय मांग बताते हुए उसे अपने समर्थन की घोषणा की है।

परिणामस्वरूप, आने वाले चुनावों में मुकाबला दो मुख्य पार्टियों - बीएनपी, जिसका नेतृत्व पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया कर रही हैं और एनसीपी जिसका नेतृत्व छात्रों द्वारा किया जा रहा है, जिन्होंने पिछले साल अगस्त में आरक्षण विरोधी आंदोलन के जरिये शेख हसीना सरकार को गिराने में अहम भूमिका निभायी थी- के बीच होगा। अन्य पार्टियां, जो बहुत छोटी हैं,वे किसी न किसी समूह के साथ गठबंधन करने की कोशिश करेंगी। हाल के महीनों में जमात-ए-इस्लामी ने विदेशों में इस्लामी देशों से बड़ी वित्तीय सहायता के कारण ताकत हासिल की है, लेकिन नागरिकों के बीच इस पार्टी की स्वीकार्यता बहुत कम है। मुख्य चुनावी लड़ाई बीएनपी और एनसीपी तक ही सीमित रहेगी।

अवामी लीग का भविष्य क्या है? अवामी लीग के पास देश में अभी भी समर्पित कार्यकर्ताओं का एक समूह है, हालांकि उनमें से कई खुले तौर पर काम नहीं कर सकते। अवामी लीग निश्चित रूप से प्रतिबंध को अदालत में चुनौती देगी। लेकिन सरकार ने आदेश में कुछ विशेष प्रावधान जोड़े हैं, जिससे अगर अवामी लीग कानूनी लड़ाई लड़ना चाहती है तो उसके लिए मुश्किल हो जायेगी। अवामी लीग की नेता शेख हसीना हाल के हफ्तों में सक्रिय नहीं रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले से ही पाकिस्तान के साथ संघर्ष से निपटने में अपनी समस्याओं में उलझे हुए हैं। इसलिए भारतीय विदेश मंत्रालय शेख हसीना को अभी भारतीय धरती से कोई सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित नहीं करना चाहेगा।

बांग्लादेश के राजनीतिक पर्यवेक्षकों के बीच सरकार द्वारा अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने और क्या इससे अवामी लीग एक राजनीतिक पार्टी के रूप में खत्म हो जाएगी, इस बारे में अलग-अलग राय हैं।

बांग्लादेश के प्रमुख दैनिक डेली स्टार के अनुसार, अवामी लीग केवल एक राजनीतिक पार्टी नहीं है - यह एक बहु-पीढ़ी संस्था है। देश भर में लाखों लोगों ने अतीत में इसका समर्थन किया है, उनमें से कई ऐसे परिवारों में जन्मे हैं जो दशकों से पार्टी का हिस्सा रहे हैं। नयी वास्तविकता में इन लोगों का क्या होगा? वे कैसे प्रतिक्रिया देंगे, यह महत्वपूर्ण प्रश्न है।

इसके अलावा, प्रतिबंध एएल को ठीक वही देता है जिसकी उसे अपनी छवि को फिर से बनाने के लिए ज़रूरत है - उत्पीड़क से उत्पीड़ित तक। डेली में व्यक्त राय के अंश में कहा गया है कि वही पार्टी जिसने असहमति को दबाने के लिए राज्य की शक्ति का इस्तेमाल किया, अब पीड़ित होने का दावा करती है। यह भी बताया गया है कि बांग्लादेश नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतरराष्ट्रीय वचन (आईसीसीपीआर) का हस्ताक्षरकर्ता है, जो स्पष्ट रूप से कहता है कि राजनीतिक अधिकारों पर प्रतिबंधों को वैधता, आवश्यकता और आनुपातिकता के परीक्षणों को पूरा करना चाहिए।

एक व्यापक पार्टी प्रतिबंध - राजनीतिक प्रतिबंध का सबसे चरम रूप - केवल तभी उचित ठहराया जा सकता है जब अन्य सभी छोटे प्रतिबंधात्मक साधन स्पष्ट रूप से विफल हो गये हों। राज्य के पास अभी भी शक्तिशाली उपकरण हैं: वह विश्वसनीय रूप से अपराध के आरोपी एएल नेताओं पर मुकदमा चला सकता है, गवाहों और कार्यकर्ताओं को सुरक्षा प्रदान कर सकता है, हिंसक गुटों को भंग कर सकता है और यहां तक कि लक्षित दंड भी लगा सकता है। ये तंत्र न्याय को मजबूत करते हैं।

इस दृष्टिकोण के अनुसार, न्याय की मांग है कि दोषियों को दंडित करें- उन सभी को नहीं जो सीधे तौर पर उनसे जुड़े नहीं हैं। सामूहिक दंड, भले ही धार्मिक कारणों से प्रेरित हो, संक्रमणकालीन न्याय की वैधता को कमजोर करता है। इतिहास से पता चलता है कि पार्टियों को भंग करने से राष्ट्रों में कभी सुधार नहीं होता। यह अक्सर दरारों को और गहरा करता है, शिकायतों को बढ़ाता है, और उन लोगों को शहीद बनाता है जो कभी आरोपी थे।

लेकिन ये तर्क शिक्षित हलकों तक ही सीमित हैं। फिलहाल, एनसीपी और जमात द्वारा अवामी लीग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए एक राजनीतिक माहौल बनाया गया है। इस बात की बहुत कम संभावना है कि चुनाव से पहले इस स्थिति में कोई बदलाव आयेगा। इसे केवल अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप से ही संभव बनाया जा सकता है। केवल अमेरिका ही आने वाले चुनावों में अवामी लीग के लिए कुछ जगह बनाने में प्रभावी भूमिका निभा सकता है। लेकिन अभी तक इस बात का कोई संकेत नहीं हैं कि अमेरिका ऐसा करेगा।

## अमेरिकी दबाव के संदर्भ में पुतिन की महत्वपूर्ण भारत यात्रा

मास्को में 9 मई को हजारों रूसी सैनिकों ने रेड स्क्वायर पर मार्च किया जो द्वितीय विश्व युद्ध में नाज़ी जर्मनी पर सोवियत संघ की जीत की 80 वीं वर्षगांठ पर आयोजित की गई थी। इस मौके पर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अन्य विश्व नेता उपस्थित थे। द्वितीय विश्व युद्ध में मारे गए 2.5 करोड़ से 2.7 करोड़ सोवियत सैनिकों और नागरिकों को यह दिन समर्पित किया गया। भारत की ओर से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रतिनिधित्व किया क्योंकि 22 अप्रैल को पहलगाम हमले और परवर्ती घटनाओं के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल नहीं हो सके।

पहलगाम हमले के बाद पुतिन और मोदी ने फोन पर बातचीत के दौरान भारत-रूस संबंधों को मजबूत करने और आतंकवाद विरोधी सहयोग पर चर्चा की। पुतिन ने इस बार भारत में दोनों देशों के बीच वार्षिक शिखर सम्मेलन का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है।

अक्टूबर, 2000 में भारत-रूस सामरिक भागीदारी संबंधी घोषणा पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद से भारतीय प्रधानमंत्री व रूसी परिसंघ के राष्ट्रपति के बीच शिखर बैठकें होती रही हैं जिनमें दोनों देश सर्वोच्च स्तर पर अपने संबंधों का जायजा लेते हैं और उन्हें दिशा एवं प्रोत्साहन प्रदान करते हैं। ये दौरे प्रत्येक देश के नेताओं के बीच वैकल्पिक होते हैं। चूंकि मोदी ने पिछले साल जुलाई में रूस का दौरा किया था इसलिए रूसी राष्ट्रपति की अगली यात्रा इस साल कभी भी होने की उम्मीद है।


डॉ. अजय पटनायक

**रणनीतिक साझेदारी प्रारूप में इस वर्ष पुतिन की यात्रा न केवल व्यापार और अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण से बल्कि संघर्ष विराम समझौते के बाद भारत और अन्य ब्रिक्स सदस्यों की संभावित भागीदारी के लिए भी जरूरी है। यूरोपीय शांति रक्षकों के बारे में रूस के विरोध को देखते हुए अन्य देशों के लोग मास्को को स्वीकार्य हो सकते हैं। यहां तक कि राष्ट्रसंघ शांति स्थापना के लिए भारत जैसी तटस्थ शक्तियों की आवश्यकता होगी**

फरवरी 2022 में यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद पश्चिमी प्रतिबंधों और राजनयिक अलगाव ने रूस को पश्चिम के बाहर सहभागियों की तलाश करने के लिए मजबूर किया। पुतिन ने ब्रिक्स, एससीओ और जी-20 जैसे मंचों पर नेताओं से मिलने के हर अवसर का उपयोग किया है लेकिन अधिक उपयोगी और सहायक स्टैंड-अलोन द्विपक्षीय बैठकें हैं। रूस ने बहुपक्षीय और द्विपक्षीय दोनों प्रारूपों की कोशिश की है। 2022 में ही सभी पांच मध्य एशियाई नेताओं ने मास्को में 9 मई को आयोजित विजय दिवस परेड में भाग लिया था। इस साल रूस ने जीत की 80वीं वर्षगांठ के लिए भारत और चीन सहित कई अन्य 'मित्र' देशों के नेताओं को आमंत्रित किया।

यूक्रेन में युद्ध के बाद से इस विजय दिवस परेड का रूस के लिए विशेष अर्थ है। यूक्रेन में रूस के विशेष सैन्य अभियानों के मुख्य लक्ष्यों में से एक 'गैर नाज़ीकरण' रहा है। मित्र देशों के नेताओं को निमंत्रण का उद्देश्य केवल रूस की साझेदारी की विश्वसनीयता का प्रदर्शन करना नहीं बल्कि यह संदेश देना भी है कि राष्ट्रवाद की आड़ में फासीवादी अभी भी बहु-जातीय और बहु-सांस्कृतिक देशों को तोड़ने के लिए उपयोग करते हैं। इस तरह उनके खिलाफ लड़ाई अभी भी प्रासंगिक और आवश्यक है।

भारत-रूस संबंध वार्षिक रणनीतिक साझेदारी बैठक का प्रारूप अधिक फलदायी रहा है और दोनों देशों के संबंध इस आधार पर लगातार मजबूत हुए हैं। 2000 के बाद यूक्रेन युद्ध की शुरुआत तक दोनों देशों के सर्वोच्च नेतृत्व बैठक कर रहे हैं। दो साल के अंतराल के बाद मोदी ने 2024 में रूस का दौरा किया और इस साल पुतिन की यात्रा होने वाली है। जब पुतिन ने वर्ष 2021 में भारत का दौरा किया था तब अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर (आईएनएसटीसी) एवं व्लादिवोस्तोक-चेन्नई कॉरिडोर जैसे परिवहन गलियारों पर ध्यान केंद्रित किया गया था। अगले साल यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि में समरकंद (एससीओ बैठक) में बैठक हुई। रूस के हित मुख्य रूप से इस बात पर केंद्रित थे कि मित्र देशों को यूक्रेन पर अपनी स्थिति कैसे समझाई जाए। समरकंद में मोदी ने प्रसिद्ध बयान दिया कि 'अब युद्धों का युग नहीं है'। 2024 में कज़ान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान पुतिन - मोदी बैठक हुई जिसके बाद जुलाई 2024 में 22वें वार्षिक रणनीतिक साझेदारी शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। ये बैठकें रूस के खिलाफ प्रतिबंधों की परवाह किए बिना व्यापार और आर्थिक संबंधों को बनाए रखने में मदद करती हैं। तेल आयात रोकने के पश्चिमी देशों के आह्वान के बावजूद भारत ने रूसी तेल खरीद जारी रखी। भारत ने यूक्रेन मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र में रूस के खिलाफ कभी मतदान नहीं किया है जिसे मास्को द्वारा बहुत सराहा गया।

2025 में दोनों नेताओं की अगली बैठक वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक वातावरण में कुछ प्रमुख बदलावों की पृष्ठभूमि में होगी। राजनीतिक दृष्टि से रूस पर अमेरिका द्वारा यूक्रेन के साथ संघर्ष विराम समझौते तक पहुंचने के लिए दबाव डाला जा रहा है। रूस ने युद्ध समाप्त करने की इच्छा तो दिखाई है लेकिन वह तीन वर्षों में किए गए लाभ की कीमत और यूक्रेन के लिए नाटो सदस्यता के विरोध जैसे अपने अन्य मुख्य सुरक्षा हितों की कीमत पर ऐसा करने के लिए तैयार नहीं है। रूस द्वारा 19-20 अप्रैल को 30 घंटे के घोषित ईस्टर युद्धविराम के बावजूद दोनों देशों के बीच वास्तविक युद्धविराम अभी भी दूर है। रूस द्वारा संघर्ष विराम समझौते में विलम्ब को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति समय-समय पर अधिक टैरिफ लगाने की धमकी देते हैं।

आज अमेरिका के सभी व्यापारिक भागीदारों पर अमेरिकी टैरिफ का खतरा मंडरा रहा है। इसमें भारत भी शामिल है जो नए अमेरिकी प्रशासन के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत करने के लिए तैयार और काम करने के बावजूद निश्चित नहीं है कि अमेरिकी नेता की अप्रत्याशित प्रकृति को देखते हुए भविष्य क्या होगा। सभी देशों को पता है कि रियायतें देने से आगे रियायतों की मांग होगी जो उनकी अर्थव्यवस्थाओं के लिए हानिकारक हो सकती है। खुद को और अधिक अमेरिकी झटकों से बचाने के लिए भारत व रूस को आपस में तथा अन्य देशों के साथ व्यापार एवं आर्थिक संबंधों का विस्तार करने की जरूरत है। उदाहरण के लिए चीन हाल ही में द्विपक्षीय व्यापार का विस्तार करने के लिए वियतनाम, कंबोडिया तथा मलेशिया के साथ बातचीत कर रहा है। भारत व रूस को अपने व्यापार और निवेश संबंधों को मज़बूत करना होगा जिसमें भारतीय कंपनियां रूस के तेल व गैस, फार्मास्यूटिकल्स एवं आईटी क्षेत्रों में निवेश कर रही हैं जबकि रूसी कंपनियां भारत के ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और विनिर्माण क्षेत्रों में निवेश कर रही हैं। ये सब अमेरिका का विरोध किए बिना किया जाना चाहिए और इसके लिए चतुराई भरी बातचीत और रणनीति की आवश्यकता है।

ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद से वैश्विक भू-राजनीतिक, भू-आर्थिक और रणनीतिक संदर्भ बदल गए हैं। रूस अब एक बहिष्कृत देश नहीं है जिसे अमेरिका यूक्रेन पर एक सौदा करने के लिए उलझा रहा है। अमेरिका-ईरान परमाणु समझौते के सिलसिले में चर्चा के लिए मास्को मददगार हो सकता है। रूस के साथ अमेरिका ऊर्जा समझौते भी चाहता है। इस पृष्ठभूमि में पुतिन की नई दिल्ली यात्रा पर वैश्विक ध्यान आकर्षित होगा। चूंकि भारत अमेरिका का भी करीबी है इसलिए अमेरिका नई दिल्ली को संकेत दे सकता है कि वह रूस के साथ बातचीत से क्या चाहते हैं।

रणनीतिक साझेदारी प्रारूप में इस वर्ष पुतिन की यात्रा न केवल व्यापार और अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण से बल्कि संघर्ष विराम समझौते के बाद भारत और अन्य ब्रिक्स सदस्यों की संभावित भागीदारी के लिए भी जरूरी है। यूरोपीय शांति रक्षकों के बारे में रूस के विरोध को देखते हुए अन्य देशों के लोग मास्को को स्वीकार्य हो सकते हैं। यहां तक कि राष्ट्रसंघ शांति स्थापना के लिए भारत जैसी तटस्थ शक्तियों की आवश्यकता होगी जो मास्को और कीव दोनों को स्वीकार्य होगा।

हालांकि पुतिन की भारत यात्रा की पुष्टि हो गई है लेकिन तारीखों की घोषणा अभी बाकी है। व्यापार व टैरिफ मुद्दों एवं युद्ध के बाद शांति प्रयासों के लिए मास्को और नई दिल्ली को रणनीतिक रूप से संलग्न होने की जरूरत होगी जो नेताओं की उच्चतम स्तर पर बैठक द्वारा सबसे अच्छी तरह से पूरा होता है। यह पुतिन की आगामी यात्रा को महत्वपूर्ण बनाता है।

**( लेखक सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस )**

## चीन ने अमेरिका से धारा 232 शुल्क बंद करने का अनुरोध किया

**बीजिंग।** चीनी वाणिज्य मंत्रालय की प्रवक्ता ह योंगछ्येन ने 15 मई को हुई नियमित प्रेस वार्ता में कहा कि चीन अमेरिका से धारा 232 शुल्क बंद करने का अनुरोध करता है। उन्होंने कहा कि निर्यातित गाड़ी, स्टील और एल्यूमीनियम पर अमेरिका के धारा 232 शुल्क और आयातित दवा पर धारा 232 जांच एकदम एकतरफा और संरक्षणवादी कार्रवाई है। इससे न सिर्फ दूसरे देश के हितों के हानि पहुंचती है और नियम आधारित बहुपक्षीय व्यापार तंत्र बर्बाद किया जाता है, बल्कि अपने व्यवसायों के विकास को कोई लाभ नहीं होता। उन्होंने कहा कि चीन अमेरिका से यथाशीघ्र धारा 232 टैरिफ बंद कर समानतापूर्ण वार्ता से विभिन्न पक्षों की चिंता दूर करने का अनुरोध करता है।

# देश विदेश

### इस्तांबुल में होगी रूस-यूक्रेन शांति वार्ता

# पुतिन और जेलेंस्की नहीं होंगे मौजूद



> अगर नेताओं के स्तर पर बिना शर्त युद्ध विराम पर चर्चा की जाएगी, तो वे चर्चा के लिए तैयार हैं : वोलोदिमिर जेलेंस्की

**अंकारा/इस्तांबुल,** 16 मई (एजेंसियां)। यूक्रेन और रूस के बीच लंबे समय से चल रही जंग को खत्म करने के लिए इस्तांबुल में दोनों देशों के बीच शांति बैठक होगी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की इस बैठक में भाग नहीं लेंगे।

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की गुरुवार को तुर्किये की राजधानी अंकारा पहुंचे थे, जहां उन्होंने राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के साथ वार्ता की। वार्ता के बाद अंकारा स्थित यूक्रेनी दूतावास में उन्होंने कहा कि रूस के साथ शांति वार्ता को लेकर हम गंभीर हैं। वार्ता में यूक्रेन का प्रतिनिधिमंडल भाग लेगा। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि शांति वार्ता के लिए रूस के प्रतिनिधिमंडल में ऐसा कोई नहीं दिखा जो निर्णय लेने वाला हो, इसलिए मॉस्को पर संदेह है। शांति वार्ता में यूक्रेन का प्रतिनिधित्व रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव करेंगे, जिसमें सैन्य और खुफिया अधिकारियों सहित कुछ और लोग शामिल होंगे। जेलेंस्की ने कहा कि, अगर नेताओं के स्तर पर बिना शर्त युद्ध विराम पर चर्चा की जाएगी, तो वे चर्चा के लिए तैयार हैं। वार्ता शुक्रवार को हो सकती है। वार्ता में रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के वरिष्ठ सहयोगी व्लादिमीर मेडिंस्की ने कहा कि उनकी टीम के पास बातचीत करने के लिए आवश्यक योग्यताएं हैं और वे रचनात्मक दृष्टिकोण के माध्यम से 'संभावित समाधान खोजने' और कॉमन ग्राउंड पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

### पुतिन ने की रूसी सुरक्षा परिषद के उप प्रमुख की नियुक्ति

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सेना के जनरल ओलेग साल्युकोव को रूसी सुरक्षा परिषद का उप सचिव नियुक्त किया है । रूसी सरकार द्वारा गुरुवार को प्रकाशित एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गयी। जनरल साल्युकोव को रूसी ग्राउंड फोर्सेज के कमांडर-इन-चीफ के अपने वर्तमान पद से मुक्त कर दिया जाएगा, जिस पद पर वह 2014 से है। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने प्रमुख सैन्य अभियानों की देखरेख की और मॉस्को में रेड स्क्वायर पर विजय दिवस सैन्य परेड की कमान संभाली, जिसमें इस साल 9 मई को आयोजित सबसे हालिया परेड भी शामिल है। तास समाचार एजेंसी ने बताया। रिपोर्ट में कहा गया है कि 1955 में सारातोव में जन्मे जनरल साल्युकोव दशकों का अनुभव रखने वाले सैन्य अधिकारी हैं।

## अमेरिका द्वारा निर्यात नियंत्रण उपायों के दुरुपयोग पर चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने दी प्रतिक्रिया

**बीजिंग,** 16 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी वाणिज्य विभाग के उद्योग एवं सुरक्षा ब्यूरो ने हाल ही में घोषणा की कि दुनिया में कहीं भी हुआवेई एसेन्ड चिप्स का उपयोग करना अमेरिकी निर्यात नियंत्रणों का उल्लंघन है। इस पर चीनी वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने 15 मई को कहा कि अमेरिका की घोषणा एक विशिष्ट गैर-बाजार और एकतरफा कार्रवाई का अभ्यास है, जिसने इसकी एकतरफा और संरक्षणवादी प्रकृति को पूरी तरह से उजागर कर दिया है। उसी दिन आयोजित चीनी वाणिज्य मंत्रालय के नियमित संवाददाता सम्मेलन में चीनी प्रवक्ता ने उपरोक्त प्रतिक्रिया दी और कहा कि अमेरिका ने निर्यात नियंत्रण उपायों का दुरुपयोग किया है और झूठे आरोपों के आधार पर चीनी चिप उत्पादों पर प्रतिबंधों को कड़ा कर दिया है, जिससे चीनी कंपनियों के वैध अधिकारों और हितों को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा है, वैश्विक अर्धचालक उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला की स्थिरता के लिए गंभीर खतरा पैदा हुआ है, और बाजार के नियम तथा अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक एवं व्यापार व्यवस्था गंभीर रूप से कमजोर हुई है।



अमेरिका की यह कार्रवाई दोनों पक्षों के उद्यमों के बीच दीर्घकालिक, आपसी लाभ वाले सतत सहयोग और विकास के लिए अनुकूल नहीं है। चीन अमेरिका से गलत प्रथाओं को तुरंत सुधारने और चीनी कंपनियों के वैध अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए कड़े कदम उठाने का आग्रह करता है।

## सुडोकू 6915


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | | | | | 6 |
| | | 8 | | | | 7 | 3 | |
| 1 | | | 7 | 8 | | | 4 | |
| | | | 3 | | 6 | | 5 | |
| 3 | | | | 7 | | | | 9 |
| | 1 | | 9 | | 2 | | | |
| | 9 | | | 2 | 8 | | | 1 |
| | 8 | 5 | | | | 6 | | |
| 2 | | | | | | 5 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**


## वर्ग पहेली 6915



**बायें से दाये:-**
१. किसी काम या सेवा के स्वेच्छापूर्वक दिया जाने वाला पारिश्रमिक
३. बहुत ही मशहूर
५. पागल
६. अमृत जैसे मीठे बोल
७. लोगों की राय
९. स्वाद लेना
१०. जांचने वाला, परीक्षण करने
१२. निर्लज्जता, धृष्टता (उर्दू)
१३. बहू, वधू
१४. अधीरता, उतावली, शीघ्रता
१६. निमंत्रण (उर्दू)
१८. योग्यता
२०. खिसकाना, सरकाना, किसी वस्तु या व्यइक्ति आदि को एक स्थान से दूसरे स्थान पर करना
२१. विवाह, शादी
२३. पीड़ा से भरा

**ऊपर से नीचे:-**
१. इंसानियत
२. एक लिपि जिससे हिंदी, संस्कृत, मराठी भाषायें लिखी जाती हैं
३. सोया हुआ आदमी, आधी रात
४. अत्याचार (उर्दू)
५. बांटने वाला
८. जांच-पड़ताल (उर्दू)
१०. लेकिन
११. शक्ति, सामर्थ्य
१२. असंगत, बेतुका, भद्दा, अशिष्ट (उर्दू)
१३. शुद्ध, पाक
१४. खुदकुशी
१५. युद्धभूमि में होने वाली बाहरी आवाज
१७. जल देवता, समुद्र
१८. पोषण करना, परवरिश करना
१९. उष्णता, गर्मी
२२. अगर

### वर्ग पहेली-6914



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 17 मई, 2025 ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 5

### राशिफल

मेष - आज के दिन आप थकान, आलस्य और चिंता का अनुभव करेंगे। आज आपमें ताज़गी और स्फूर्ति नहीं रहेगी। बात-बात में आपको गुस्सा आएगा। नौकरीपेशा लोग आज किसी बात को लेकर चिंतित रहेंगे।

वृषभ - आज आप शारीरिक तथा मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। किसी नए काम की शुरुआत ना करें। खान-पान में विशेष ध्यान रखें। स्वास्थ्य बिगड़ने की आशंका बनी रहेगी। संभव हो तो प्रवास टालें।

मिथुन - आज के दिन आप मनोरंजन तथा आनंद-प्रमोद में व्यस्त रहेंगे। मित्रों तथा परिजनों के साथ आनंदित वातावरण में दिन गुजार सकेंगे। सामाजिक रूप से सम्मान और प्रसिद्धि भी प्राप्त कर सकेंगे। दांपत्यजीवन में सुख मिलेगा।

कर्क - आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहने वाला है। परिजनों के साथ समय सुख से गुजरेगा। आवश्यक काम पर धन खर्च होगा। आर्थिक लाभ के लिए दिन अच्छा है।

सिंह - आज आपका शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज अपनी रचनात्मकता से कोई कठिन काम आसानी से पूरा कर पाएंगे। संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे। मित्रों के साथ मुलाकात आनंददायी होगी।

कन्या - आज समय अनुकूल नहीं है। कई बातों को लेकर आप को चिंता रहेगी, जिससे आप शारीरिक तथा मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ अनबन हो सकती है।

तुला - आज का दिन भाग्यवृद्धि का रहने वाला है। भाई-बहनों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। किसी धार्मिक प्रवास का आयोजन हो सकता है। नए काम की शुरुआत के लिए दिन शुभ है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

वृश्चिक - आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायी है। अनावश्यक खर्च पर अंकुश रखें। वाणी पर संयम रखने से परिवार में सुख-शांति बना पाएंगे। विचारों पर नकारात्मकता छाई रहेगी, जिसे दूर करने का प्रयास करें।

धनु - आप शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थ्य का ध्यान रखें। आज आप निर्धारित काम कर सकेंगे। आर्थिक लाभ की प्राप्ति होगी। प्रवास की विशेषकर धार्मिक यात्रा की संभावनाएं हैं।

मकर - आज के दिन आपको सावधानीपूर्वक रहना होगा। आज व्यावसायिक कामों में किसी का हस्तक्षेप बढ़ेगा। खर्च सामान्य से अधिक रहेगा। धार्मिक, सामाजिक कामों में व्यस्तता रहेगी और खर्च भी हो सकता है।

कुंभ - नए काम की शुरुआत के लिए आज का दिन अच्छा है। नौकरी तथा व्यापार में लाभ होने की संभावना है। मित्रों से लाभ मिल सकता है। भाग्य आप पर मेहरबान रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी ख्याति बढ़ेगी।

मीन - आपका दिन अत्यंत शुभ फलदायी है। आज आपके सभी कामों सफलता मिलेगी। अधिकारियों की कृपादृष्टि के कारण प्रसन्नता भरा दिन रहेगा। व्यापारियों को व्यापार में वृद्धि तथा सफलता मिलेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

### पाकिस्तान के विदेश मंत्री की गलत सूचना का पर्दाफाश

# एआई फोटो को आधार बनाकर दी थी झूठी जानकारी



■ **भारत सरकार लगातार इंटरनेट पर पाकिस्तान की ओर से फैलाए जा रहे इस दुष्प्रचार की पोल खोल रही है**

**नई दिल्ली,** 16 मई (एजेंसियां)। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैन्य कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने न केवल भारत के नागरिक और सैन्य ठिकानों पर हमले किए, बल्कि भारत के खिलाफ सूचना दुष्प्रचार भी चलाया। भारत सरकार लगातार इंटरनेट पर पाकिस्तान की ओर से फैलाए जा रहे इस दुष्प्रचार की पोल खोल रही है। हाल ही में पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार का झूठा दावा भी पकड़ा गया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने 15 मई, 2025 को सीनेट में एक बयान में दावा किया कि यूके के अखबार 'द डेली टेलीग्राफ' ने पाकिस्तान वायु सेना को 'आकाश का निर्विवादित राजा' कहा है। जबकि यह दावा एक एआई-जनरेटेड फोटो पर आधारित था, जिसे भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय ने फैक्ट चेक के माध्यम से सोशल मीडिया पर उजागर किया। 'पीआईबी फैक्ट चेक' ने पाक विदेश मंत्री के दावे को पूरी तरह फर्जी करार दिया और बताया कि 'द डेली टेलीग्राफ' की जिस हेडलाइन को आधार बनाकर यह दावा किया गया है, वह असल में एक एआई इमेज है, जो असली नहीं है और न ही किसी तरह से सच पर आधारित है। 'पीआईबी फैक्ट चेक' 'एक्स' अकाउंट पर पोस्ट में कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित एक तस्वीर में दावा किया गया है कि यह ब्रिटेन के अखबार 'द डेली टेलीग्राफ' के पहले पन्ने की है, जिसमें शीर्षक है: 'पाकिस्तान वायु सेना: आसमान का निर्विवाद राजा' दिनांक 10 मई 2025। यह दावा झूठा है क्योंकि यह फोटो ही एआई से बनाई गई है। 'द डेली टेलीग्राफ' में ऐसा आर्टिकल कभी प्रकाशित ही नहीं हुआ था। इस गलत सूचना को पाकिस्तान ने जानबूझकर बढ़ावा दिया, जिससे पाक का डिजिटल धोखाधड़ी का एक और मामला सामने आया।

## अबू धाबी में यूएई, अमेरिकी राष्ट्रपतियों ने साझेदारी बढ़ाने के लिए वार्ता की

**अबू धाबी,** 16 मई (एजेंसियां)। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने गुरुवार को अबू धाबी में राष्ट्रपति भवन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ वार्ता की। जिसमें दोनों देशों की अपनी रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। यूएई की सनकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम ने यह जानकारी दी। डब्ल्यूएएम के अनुसार दोनों नेताओं ने निवेश, ऊर्जा, उन्नत प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उद्योग सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। शेख मोहम्मद ने यूएई-अमेरिका संबंधों की गहराई पर प्रकाश डाला, जो उन्होंने कहा कि पांच दशकों से अधिक समय तक फैला हुआ है। उन्होंने बहुपक्षीय सहयोग और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ घनिष्ठ समन्वय के माध्यम से वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए यूएई के समर्पण की पुष्टि की।



### प्रथम पृष्ठ का शेष

**रायपुर के यात्री भी ...**

रखना होगा। क्यूआर कोड को स्कैन करने या इस संबंध में अधिक जानकारी उपलब्ध कराने विमान में यात्री गाइड' भी उपलब्ध कराई गई है। कंपनी ने यह सेवा चुनिंदा उड़ानों में ही उपलब्ध कराई है।

**मीडिया की आवाज दबाना ...**

समझौता नहीं किया, उसको जेल जाना पड़ेगा। सरकार द्वारा स्वतंत्र मीडिया पर दबाव बनाकर, अपने हक में इस्तेमाल करना लोकतंत्र के लिए घातक है। श्री गांधी ने कहा गुजरात समाचार को खामोश करने की कोशिश सिर्फ एक अख़बार की नहीं, पूरे लोकतंत्र की आवाज़ दबाने की एक और साज़िश है। जब सत्ता को आईना दिखाने वाले अख़बारों पर ताले लगाए जाते हैं, तब समझ लीजिए लोकतंत्र खतरे में है। श्री बाहुबली शाह की गिरफ्तारी डर की उसी राजनीति का हिस्सा है, जो अब मोदी सरकार की पहचान बन चुकी है देश न डंडे से चलेगा, न डर से - भारत चलेगा सच और संविधान से।

**रामभद्राचार्य ज्ञानपीठ पुरस्कार से ...**

को जोड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित 'वंदे मातरम' गीत लगभग 150 वर्षों से भारतीयों को जागृत कर रहा है और हमेशा करता रहेगा। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि, व्यास और कालिदास से लेकर रवींद्रनाथ टैगोर जैसे शाश्वत कवियों की रचनाओं में हम जीवंत भारत की धड़कन महसूस करते हैं जो भारतीयता की आवाज है। श्रीमती मुर्मु ने 1965 से विभिन्न भारतीय भाषाओं के उत्कृष्ट साहित्यकारों को पुरस्कृत करने के लिए भारतीय ज्ञानपीठ ट्रस्ट की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि भारतीय भाषाओं में उत्कृष्ट साहित्यकारों को पुरस्कृत करने की प्रक्रिया में भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार के चयनकर्ताओं ने सर्वश्रेष्ठ साहित्यकारों का चयन किया है और इस पुरस्कार की गरिमा को बनाए रखा है। राष्ट्रपति ने कहा कि आशापूर्णा देवी, अमृता प्रीतम, महादेवी वर्मा, कुर्रतुल-ऐन-हैदर, महाश्वेता देवी, इंदिरा गोस्वामी, कृष्णा सोबती और प्रतिभा रे जैसी ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता महिला लेखकों ने भारतीय परंपरा और समाज को विशेष संवेदनशीलता के साथ देखा और अनुभव किया है और हमारे साहित्य को समृद्ध किया है।

**रामभद्राचार्य ने प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया**

राष्ट्रपति ने श्री रामभद्राचार्य के बारे में कहा कि उन्होंने उत्कृष्टता का एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने उनके बहुमुखी योगदान की प्रशंसा की और कहा कि शारीरिक रूप से विकलांग होने के बावजूद उन्होंने अपनी दिव्य दृष्टि से साहित्य और समाज की असाधारण सेवा की है। उन्होंने कहा कि श्री रामभद्राचार्य ने साहित्य और समाज सेवा दोनों ही क्षेत्रों में व्यापक योगदान दिया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके गौरवशाली जीवन से प्रेरणा लेकर आने वाली पीढ़ियां साहित्य सृजन, समाज निर्माण और राष्ट्र निर्माण के सही मार्ग पर आगे बढ़ती रहेंगी।

**दुनिया में पाकिस्तान को ...**

सांसद प्रतिनिधिमंडल में जा सकते हैं। ये सांसद 10 दिन के लिए सरकार द्वारा निर्धारित देशों के विभिन्न ब्लॉकों का दौरा करेंगे।

इन दलों के सांसद होंगे शामिल-विदेश मंत्रालय (एमईए) सांसदों को उनके राजनयिक मिशन के लिए रवाना होने से पहले जानकारी देगा। सूत्र बताते हैं कि प्रतिनिधिमंडल में भाजपा, कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके, एनसीपी (एसपी), जेडीयू, बीजेडी, सीपीआई (एम) और कुछ अन्य सांसद शामिल होंगे। एक दल के नेता ने बताया कि उन्हें 22-23 मई तक 10 दिनों की अवधि के लिए रवाना होने के लिए तैयार रहने को कहा गया है और विदेश मंत्रालय यात्रा कार्यक्रम सहित आवश्यक विवरण उपलब्ध कराने के लिए उनसे संपर्क करेगा।

## आज का इतिहास

1756 - ब्रिटेन ने फ्रांस के विरुद्ध युद्ध की घोषणा की।
1769 - ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल के कपड़ा उद्योग को बर्बाद करने के लिए बुनकरों पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए।
1865 - विश्व संचार दिवस मनाने की शुरुआत हुई।
1970 - थोर हेयरडाल ने इसी दिन मोरक्को से यात्रा की शुरुआत की और अटलांटिक महासागर को 57 दिनों में पार कर लिया।
1975 - जापानी महिला श्रीमती जुनको तैबेई माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम महिला बनी।
1987 - सुनील गावस्कर ने टेस्ट क्रिकेट से सन्यास लिया।
2000 - रूसी संसद के ऊपरी सदन फ़ेडरलिस्ट्स ने परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि की मंजूरी प्रदान की।
2002 - पाकिस्तान में मृत अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल का शव क़ब्रिस्तान से बरामद।
2007 - भारत-पाकिस्तान समग्र वार्ता का चौथा दौर रावलपिंडी में शुरू हुआ।
2008 - बिहार के परिवहन मंत्री रामानन्द प्रताप सिंह ने नीतीश मंत्रीमण्डल से इस्तीफ़ा दिया।
2008 - तालिबानी आतंकवादियों ने पाकिस्तान के राजदूत तारिक अजीजुद्दीन को रिहा किया।
2010 - भारतीय बॉक्सरों ने कॉमनवेल्थ बॉक्सिंग चैंपियनशिप के सभी छह स्वर्ण पदक जीत लिए।
2010 - देश के सबसे पुराने पारंपरिक खेल कबड्डी को बढावा देते हुए पंजाब सरकार ने कबड्डी विश्वकप का आयोजन करने की घोषणा की।


**मांग** *बलूचों ने भारत और संयुक्त राष्ट्र से मदद मांगी*

# आजाद हुआ बलूचिस्तान तो हिन्दुओं के लिए खुल जाएंगे हिंगलाज मंदिर के द्वार

**नई दिल्ली, 16 मई (एजेंसियां)। भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बीच पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत ने खुद को अलग और स्वतंत्र देश घोषित कर दिया है। वहां के नेताओं का कहना है कि वे अब पाकिस्तान के साथ नहीं रह सकते हैं और अब बलूचिस्तान एक स्वतंत्र राष्ट्र है। इसके साथ ही, बलूचों ने भारत और संयुक्त राष्ट्र से मदद मांगी है कि बलूचिस्तान को एक अलग देश का दर्जा दिया जाए। जिस तरह से बलूचों द्वारा आए दिन पाकिस्तानी सेना और सैन्य इकाइयों को निशाना बनाकर पाकिस्तान की सरकार को चेतावनी दी जा रही है, उससे साफ है कि अगल राष्ट्र की मांग रुकने वाली नहीं है।**

■ **यह मंदिर भारत के हिंदुओं के लिए खास महत्व रखता है**

अगर बलूचिस्तान एक स्वतंत्र देश हो जाता है, तो देश के हिंदुओं के लिए दो बड़े और ऐतिहासिक मंदिरों के द्वार खुल जाएंगे: पहला हिंगलाज माता मंदिर और दूसरा कटासराज मंदिर। जिस तरह से भारतीय सिख समुदाय के लिए करतारपुर कॉरिडोर बनाया गया और गुरुद्वारा दरबार साहिब तक पहुंच आसान हुई, ठीक उसी तरह से हिंगलाज माता मंदिर और कटासराज मंदिर के द्वार भारतीय हिंदू के लिए खुल सकते हैं। बलूचिस्तान के अगल देश बनने से वहां स्थित हिंगलाज माता मंदिर तक भारतीयों की सीधी पहुंच होगी, क्योंकि फिलहाल भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण यहां तक हिंदुओं की पहुंच सीमित है। यह मंदिर भारत के हिंदुओं के लिए खास महत्व रखता है, जहां भारतीयों की पहुंच बहुत कम है। हिंगलाज माता मंदिर पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के लासबेला जिले में स्थित एक प्राचीन और अत्यंत पवित्र मंदिर है। यह मंदिर हिंदू धर्म के 51 शक्तिपीठों में से एक है और इसे हिंगलाज शक्तिपीठ भी कहा जाता है। मान्यता है कि जब भगवान शिव माता सती के शव को लेकर विचरण कर रहे थे, तब भगवान विष्णु ने सती के शरीर के टुकड़े किए, और जहां-जहां ये गिरे वहां शक्तिपीठ बने। हिंगलाज वह स्थान है जहां माता सती का मस्तक गिरा था। यह मंदिर हिंगोल नदी के किनारे स्थित है और चारों ओर से पहाड़ियों से घिरा हुआ है। यहां की देवी को 'हिंगलाज देवी' या 'नानी मां' के नाम से भी पूजा जाता है, खासकर सिंधी और बलूच हिंदू समुदायों में इसका विशेष महत्व है।



### दुनिया को जानें

## इजरायल में खसरे का प्रकोप

**यरूशलम,** 16 मई (एजेंसियां)। इजरायल के स्वास्थ्य मंत्रालय ने खसरे के 16 नए मामलों की सूचना दी है, 20 अप्रैल को पहली बार संक्रमण का पता चला था। तब से अब तक संक्रमितों की कुल संख्या 48 हो गई है। इसका सबसे ज्यादा प्रभाव उन बच्चों पर पड़ा है जो वैक्सीनेट नहीं हुए हैं। बिना टीकाकरण वाले बच्चों को प्रभावित कर रहे हैं। मंत्रालय के हवाले से बताया कि चालीस संक्रमितों की उम्र 18 साल से कम है, और उनमें से किसी को भी वायरस के खिलाफ पूरी तरह से वैक्सीनेट नहीं किया गया है। ग्यारह नाबालिग और दो वयस्क वर्तमान में अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें गहन देखभाल में तीन बच्चे शामिल हैं।मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ये अप्रत्याशित रूप से बड़ी संख्याएं हैं, जो दर्शाती हैं कि यह बीमारी आधिकारिक तौर पर निदान और रिपोर्ट की गई तुलना में अधिक व्यापक है। अधिकांश नए मामलों में संक्रमण का कोई ज्ञात स्रोत नहीं है, जिससे स्वास्थ्य अधिकारियों को पिछले सप्ताह आपातकालीन बैठकें आयोजित करनी पड़ीं। इसके जवाब में, मंत्रालय ने कम टीकाकरण दर वाले समुदायों को लक्षित करते हुए बड़े पैमाने पर टीकाकरण अभियान शुरू किया है।

# खेल जगत

## विल जैक्स भारत लौटे



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के फिर से शुरू होने से पहले मुंबई इंडियंस को एक महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला, जब इंग्लैंड के विल जैक्स ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की, जिसमें उन्हें भारत वापस जाने के लिए उड़ान भरते हुए दिखाया गया। इंस्टाग्राम स्टोरी सेक्शन में, जैक्स ने एक विशेष पोस्ट शेयर की, जिसमें उनका बोर्डिंग पास, भारतीय तिरंगे का इमोजी और बैक एरो दिखाया गया। एमआई के अभियान में लगातार उपस्थिति रखने वाले जैक्स ने उनके पहले 12 मैचों में से 11 में भाग लिया, नौ पारियों में 195 रन बनाए और अपनी ऑफ-स्पिन के जरिए पांच विकेट लिए। उनका प्रभाव उल्लेखनीय रहा है, उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ महत्वपूर्ण घरेलू जीत में प्लेयर-ऑफ-द-मैच का सम्मान अर्जित किया, जिससे टीम में एक भरोसेमंद ऑलराउंडर के रूप में उनकी अहमियत का पता चलता है।

# आरसीबी की नजर प्लेऑफ पर, केकेआर के लिए होगी आर पार की जंग

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



■ सभी निगाहें टेस्ट को अलविदा कहने वाले विराट पर रहेंगी

■ केकेआर के पास आरसीबी से हिसाब चुकाने का मौका

**नई दिल्ली,** 16 मई (देशबन्धु)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच शनिवार को बेंगलुरू के चिन्नास्वामी मैदान पर पाकिस्तान के आतंकवाद के खिलाफ भारत के सरहद पर ऑपरेशन 'सिंदूर' के चलते 2025 आईपीएल के बीते हफ्ते स्थगित किए जाने के बाद फिर से शुरू हो जाएगी। मैदान पर आने वाले हर क्रिकेट प्रेमी की निगाहें हाल ही टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह सभी को चौंकाने वाले भारत के इस फॉर्मेट के सबसे बेहतरीन क्रिकेटरों में से एक आरसीबी के विराट कोहली पर रहेंगी। जब आरसीबी और केकेआर की टीमें बृहस्पतिवार को नेटस सेशन के लिए चिन्नास्वामी स्टेडियम पर आई तो क्रिकेट प्रेमियों के साथ उनके टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए लंबे समय तक साथी रहे केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे और उपकप्तान वेंकटेश अय्यर सहित हर कोई विराट कोहली की एक झलक पाने को बेताब दिखा। विराट कोहली एकदम सहज होकर जिस तरह नेटस पर अभ्यास करते दिखे उससे एक बात तो साफ है कि वह अपनी आरसीबी को उसके अब तक आईपीएल खिताब न जीत पाने के अधूरे सपने को 2025 में पूरा करने को बेताब हैं। आरसीबी के शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटंस की तरह 11 मैचों में समान रूप से आठ जीत के साथ 16 अंक हैं लेकिन अपनी कमतर नेट रन रेट के चलते अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। आरसीबी अब शनिवार को केकेआर के खिलाफ रिटर्न मैच में भी जीत के साथ प्ले ऑफ में स्थान पक्का करना उतरेगी। आरसीबी 16 अंकों के साथ भी शीर्ष चार में जगह बना सकती है । आरसीबी यदि अपने केकेआर के मैच सहित एसआरएच और एलएसजी के मैचों में दो भी जीतती है तो भी उसका शीर्ष दो में स्थान पक्का नहीं क्योंकि गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स 20 या इससे ज्यादा अंकों पर लीग का समापन कर सकती है।

## पाटीदार फिर से बल्लेबाजी करने के बाद अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं : बोबट

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के क्रिकेट निदेशक मो बोबट ने कहा कि कप्तान रजत पाटीदार उंगली की चोट से उबरने के बाद अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्होंने फिर से बल्लेबाजी शुरू कर दी है, जबकि जोश हेजलवुड के लिए उनकी उम्मीदें बनी हुई हैं, जो कंधे की चोट से उबरने के लिए दिन-प्रतिदिन बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। आरसीबी 11 मैचों में आठ जीत हासिल करने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के प्लेऑफ में प्रवेश करने के लिए तैयार है, और अंतिम चार चरण में अपनी जगह पक्की करने के लिए उसे बस एक और जीत की जरूरत है। आरसीबी शनिवार को अपने घरेलू मैदान एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आईपीएल 2025 अभियान फिर से शुरू करेगी। रजत का खेल अच्छा चल रहा है। उसके हाथ में चोट लगी थी, लेकिन वह धीरे-धीरे ठीक हो रहा है। उसके लिए व्यक्तिगत रूप से, शायद व्यवधान ने उसे कुछ और दिन दिए ताकि वह शुरुआती उपचार से गुजर सके, और सूजन कम हो सके, और उसे फिर से बल्लेबाजी करने की आदत हो सके।

## विराट ने कहा कि तुमने कप्तानी को अर्जित किया है और इससे मैं शांत हो गया : पाटीदार

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने उस अवास्तविक पल को याद किया जब विराट कोहली ने उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से पहले फ्रेंचाइजी की कप्तानी सौंपी और कहा कि उन्हें नहीं पता था कि इस स्थिति पर कैसे प्रतिक्रिया करनी है, फिर कोहली ने उन्हें शांत करते हुए कहा कि तुम इसके लायक हो, तुमने इसे अर्जित किया है। आरसीबी पॉडकास्ट पर बोलते हुए, 31 वर्षीय पाटीदार ने आरसीबी प्रबंधन से पूर्व आश्वासन के बावजूद 2022 आईपीएल मेगा नीलामी में खारिज होने से लेकर एक ऐसी फ्रेंचाइजी के लीडर बनने तक की अपनी यात्रा पर विचार किया, जो अभी भी अपने पहले आईपीएल खिताब की तलाश में है। 2022 में, पाटीदार को चुपचाप विश्वास था कि उन्हें मेगा नीलामी में चुना जाएगा। पाटीदार ने आरसीबी पॉडकास्ट पर कहा कि मुझे एक संदेश मिला था कि आप तैयार रहें... कि हम आपको चुनेंगे।

# स्टार्क आईपीएल 2025 के बाकी मैचों के लिए दिल्ली कैपिटल्स से नहीं जुड़ेंगे

## चोटिल मयंक यादव फिर बाहर, लखनऊ सुपर जायंटस ने विल रुक को जोड़ा

■ मिचेल स्टार्क दिल्ली कैपिटल्स के लिए 11 मैचों में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज



**नई दिल्ली,** 16 मई (देशबन्धु)। ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने पंजाब किंग्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स का मैच आतंकवाद के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर के चलते धर्मशाला में अधूरा समाप्त घोषित किए जाने के साथ 2025 आईपीएल के स्थगित होने पर स्वदेश लौट गए थे। अब स्टार्क ने दिल्ली कैपिटल्स को सूचित किया है कि वह अब शनिवार से आईपीएल के आगे शुरू होने पर बाकी लीग मैचों खेलने के लिए भारत नहीं आएंगे। स्टार्क अपने साथी आरसीबी के लिए खेलने वाले जोश हेजलवुड (10 मैच 18,विकेट) की तरह अपनी फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के लिए 11 मैचों में सबसे ज्यादा 14 विकेट चटकाने वाले गेंदबाज हैं। वहीं ट्रस्टन स्टब्ज केवल लीग बाकी लीग मैचों के लिए दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ेंगे और 27 मई को वापस दक्षिण अफ्रीका लौट जाएंगे। स्टार्क ऑस्ट्रेलिया की और स्टब्ज दक्षिण अफ्रीका की 11 जून को लॉर्डस में खेले जाने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए अपने अपने देश की टीमों में चुन गए हैं।

साथ ही दक्षिण अफ्रीका के फाफ डू प्लेसी के भी दिल्ली कैपिटल्स टीम से वापस जुड़ने को लेकर कोई खबर नहीं है।ऑस्ट्रेलिया के कप्तान तेज गेंदबाज पैट कमिंस और ट्रेविज हेड अब प्ले ऑफ की होड़ से बाहर हो चुकी सनराइजर्स हैदराबाद के लिए आईपीएल के बाकी लीग मैच खेलने भारत वापस आएंगे जबकि पंजाब किंग्स के लिए खेलने वाले जोस इंग्लिश ने अभी वापस आने की बाबत तय नहीं किया जबकि मिचेल मार्श अब लगभग बाहर हो चुकी लखनउ सुपर जायंटस के लिए आईपीएल के बाकी मैच खेलने जरूर उससे जुड़ेंगे। लखनउ सुपर जायंटस के भारत के तेज गेंदबाज मयंक यादव पीठ में एक और चोट के चलते अब बाकी आईपीएल से एक बार फिर हो गए हैं। मयंक ने लखनउ सुपर जायंटस के लिए मौजूदा सीजन में मात्र दो मैच मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले और इसके बाद आईपीएल सरहद पर भारत - पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते स्थगित कर दी गई। मयंक की जगह बाकी आईपीएल के लखनउ सुपर जायंटस ने न्यूजीलैंड के विल ओ रुक को अपनी टीम से तीन करोड़ रुपये में जोड़ा है। वहीं पंजाब किंग्स ने चोट के चलते चार मैच खेल पांच विकेट ले बाहर होने वाले न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्गुसन की जगह उन्हीं के देश के काइल जेमीसन को दो करोड़ रुपये में टीम से जोड़ा है।

## फडणवीस ने किया वानखेड़े स्टेडियम में रोहित शर्मा स्टैंड का उद्घाटन

**मुंबई,** 16 मई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को वानखेड़े स्टेडियम में भारतीय एकदिवसीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के नाम वाले स्टैंड का उद्घाटन किया। हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले रोहित शर्मा के नाम पर वानखेड़े स्टेडियम के दिवेचा पवेलियन लेवल-3 का नाम अब रोहित शर्मा स्टैंड रखा गया है। इस नामकरण के तहत रोहित शर्मा के शानदार क्रिकेट करियर को सम्मानित किया गया है। समारोह में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार और अन्य गणमान्य



व्यक्ति में मौजूद थे। इस अवसर पर रोहित परिवार के साथ वहां मौजूद थे। भावुक रोहित शर्मा ने कहा की यह एक अविश्वसनीय पल है उन्होंने इस बारे में कभी अपने सपने में भी नहीं सोचा था। इतने सारे लोगों के सामने इस बड़े सम्मान को पाना सुखद है। इस के साथ रोहित शर्मा अब क्रिकेट के उन दिग्गजों की सूची में शामिल हो गए हैं जिनके नाम पर वानखेड़े स्टेडियम में स्टैंड बने हैं। इन खिलाड़ियों में सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर और विजय मर्चेंट शामिल हैं।

# बुमराह को आराम की जरूरत होगी तो गिल हो सकते हैं टेस्ट कप्तान : जाफर

**नई दिल्ली,** 16 मई (एजेंसियां)। भारत के नए टेस्ट कप्तान के रूप में किसे नियुक्त किया जाना चाहिए, इस पर बहस के बीच, पूर्व सलामी बल्लेबाज वसीम जाफर ने कहा कि जब भी जसप्रीत बुमराह को आराम की जरूरत होगी, शुभमन गिल को इंग्लैंड के आगामी दौरे पर टेस्ट टीम का नेतृत्व करना चाहिए।

रोहित शर्मा ने इस महीने की शुरुआत में टेस्ट से संन्यास की घोषणा की, गिल को 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला में नई-नवेली भारतीय टेस्ट टीम का नेतृत्व करने के लिए सबसे आगे देखा जा रहा है। भारत ने 2007 के दौरे के बाद इंग्लैंड में कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है, जहां उन्होंने राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में 1-0 से जीत हासिल की थी। भारत के लिए 31 टेस्ट मैच खेलने वाले जाफर ने शुक्रवार को अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा, मुझे लगता है कि बुमराह कप्तानी के लिए एकदम सही विकल्प हैं, जब तक कि वह जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते। उन्हें कप्तान होना चाहिए और गिल को उप कप्तान बनाया जाना चाहिए - जब भी बुमराह को आराम की जरूरत हो, तो उन्हें जिम्मेदारी



लेनी चाहिए। इस तरह गिल को पूर्णकालिक कप्तान होने के दबाव के बिना तैयार किया जा सकता है। गिल के अलावा, जो वर्तमान में आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटन्स (जीटी) के कप्तान हैं और बुमराह, केएल राहुल और ऋषभ पंत भी भारत के अगले टेस्ट कप्तान बनने की दौड़ में हैं। बुमराह ने तीन टेस्ट मैचों में भारत की कप्तानी की है और पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में पर्थ टेस्ट जीतने के समय भी वह कप्तान थे। लेकिन उनकी फिटनेस समस्याओं का मतलब है कि बुमराह का इंग्लैंड दौरे पर सभी पांच टेस्ट खेलना अभी भी तय नहीं है।सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में ऑस्ट्रेलिया दौरे के अंतिम टेस्ट के दौरान बुमराह को पीठ में चोट लग गई थी और उन्होंने दूसरी पारी में बिल्कुल भी गेंदबाजी नहीं की थी।

## अगर मैं कोच होता तो रोहित सिडनी टेस्ट खेलता : शास्त्री

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि वह सुनिश्चित करते कि रोहित शर्मा, जिन्होंने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है, इस साल की शुरुआत में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट के लिए मैदान पर उतरे। पिछले हफ्ते, रोहित ने 67 मैचों में 40.57 की औसत से 4,301 रन बनाकर अपना टेस्ट क्रिकेट समाप्त किया, जिसमें 12 शतक और 212 का करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर शामिल है। 2022 से भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में, रोहित ने 24 टेस्ट में टीम का नेतृत्व किया और 12 मौकों पर जीत हासिल की, जिसमें 2023 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में उपविजेता बनना भी शामिल है। लेकिन पिछले साल सितंबर से खराब फॉर्म का मतलब था कि रोहित का टेस्ट करियर मुश्किल स्थिति में था। बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में रोहित केवल एक बार 50 रन का आंकड़ा पार कर पाए, जबकि उनका औसत केवल 10.93 रहा।अपने बेटे के जन्म के कारण पर्थ में पहला टेस्ट मिस करने के बाद, रोहित अगले तीन टेस्ट में खेलने के लिए वापस आए, लेकिन केवल 31 रन बनाए।

## सार संक्षेप

### पूवन्ना की नजर भारत के लिए सीनियर पदार्पण करने पर

**बेंगलुरु।** 2023 में भारतीय जूनियर टीम के साथ कुछ समय बिताने के बाद, पूवन्ना चंदुरा बॉबी अब एफआईएच हॉकी प्रो लीग लेग के यूरोपीय चरण से पहले सीनियर कोर ग्रुप के साथ प्रशिक्षण ले रहे हैं। 22 वर्षीय पूवन्ना वर्तमान में बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) केंद्र में वरिष्ठ राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा हैं और उन्होंने 40 सदस्यीय कोर ग्रुप में जगह बनाई है। जूनियर टीम के साथ, पूवन्ना ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने क्रमशः 2022 और 2023 सुल्तान ऑफ जौहर कप में स्वर्ण और कांस्य पदक जीते। वह 2023 में पुरुषों की जूनियर एशिया कप जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे और अगस्त 2024 में सीनियर राष्ट्रीय शिविर में शामिल हुए। शिविर में प्रशिक्षण के अपने अनुभव के बारे में पूवन्ना ने कहा कि मैंने 2023 में जूनियर टीम के लिए खेला है और अब सीनियर खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षण ले रहा हूं, मुझे उनके और हमारे बीच बहुत अंतर दिखाई देता है। उस स्तर तक पहुंचने के लिए हमें बहुत मेहनत करनी होगी।

### पाओलिनी और गॉफ के बीच होगी इटैलियन ओपन में खिताबी भिड़ंत

**रोम।** इटली की स्टार टेनिस खिलाड़ी जैस्मीन पाओलिनी और अमेरिका की कोको गॉफ शनिवार को इटैलियन ओपन में महिला एकल के फाइनल में भिड़ेंगी।

# प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 31 मई और 1 जून को



**मुंबई,** 16 मई (एजेंसियां)। मशाल स्पोर्ट्स ने घोषणा की है कि प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 की के लिए खिलाड़ियों की नीलामी का आयोजन 31 मई और 1 जून 2025 को मुंबई में किया जाएगा। यह बहुप्रतीक्षित आयोजन पीकेएल सीजन 11 की रोमांचक समाप्ति के बाद हो रहा है, जहां हरियाणा स्टीलर्स ने पहली बार खिताब जीतने के लिए तीन बार की चैंपियन पटना पाइरेट्स को 29 दिसंबर 2024 को हुए फाइनल मुकाबले में हराया था। 2014 में शुरुआत के बाद से अब तक के 11 सीजनों में 8 अलग-अलग टीमों ने चैंपियनशिप जीती है। सीजन 11 जो कि 18 अक्टूबर से 29 दिसंबर 2024 तक खेला गया, एक अहम मोड़ था क्योंकि इसके साथ पीकेएल ने अपने दूसरे दशक में प्रवेश किया था और इससे यह बात और पुख्ता हुई कि पीकेएल भारत की प्रमुख खेल लीगों में से एक बन चुकी है, जिसने देश और दुनिया भर में कबड्डी के प्रति रुचि और विकास को निरंतर बनाए रखा है।सीजन 12 के लिए होने वाली खिलाड़ियों की यह नीलामी एक बार फिर टीमों की रणनीति, संकल्प और खिताब जीतने की महत्वाकांक्षा को दर्शाने का मंच बनेगी। यह आयोजन न केवल भारत के पारंपरिक खेल कबड्डी में मौजूद वैश्विक प्रतिभा को दिखाने का मौका देगा, बल्कि आने वाले सीजन के लिए टीमों के गठन की नींव भी रखेगा। इस अवसर पर मशाल स्पोर्ट्स के बिजनेस हेड और प्रो कबड्डी लीग के चेयरमैन, अनुपम गोस्वामी ने कहा कि हम पीकेएल सीजन 12 की प्लेयर नीलामी की तारीखों की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं।

## हरियाणा ने कुश्ती में शीर्ष स्थान हासिल किया

**पटना,** 16 मई (एजेंसियां)। हरियाणा ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स (केआईवाईजी) 2025 बिहार में कुश्ती के मैदान पर अपना दबदबा कायम करते हुए लड़कों और लड़कियों की श्रेणियों में 21 पदक - आठ स्वर्ण, पांच रजत और आठ कांस्य - जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। महाराष्ट्र चार स्वर्ण सहित 17 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि दिल्ली के लड़के और राजस्थान की लड़कियां अपने-अपने वर्गों में शीर्ष तीन में रहीं। महाराष्ट्र ने अंतिम दिन जोरदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक सहित सात पदक जीते। आयुष्का पांडुरंग ने लड़कियों के 57 किग्रा वर्ग का खिताब जीता, उसके बाद सुजय नागनाथ तनपुरे ने लड़कों के 71 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में जीत हासिल की। दिल्ली और राजस्थान ने भी दो-दो स्वर्ण पदक जीते। दिल्ली की अक्षरा ने कर्नाटक की काव्या तुकाराम दानवेनावर को हराकर अंडर-17 लड़कियों के 53 किग्रा वर्ग का फाइनल जीता, जबकि प्रांजल दहिया ने महाराष्ट्र के रुशिकेश एकनाथ नाइक को हराकर लड़कों के 60 किग्रा ग्रीको-रोमन का खिताब जीता।

## एफसी बार्सिलोना ने एस्पेनयोल को हराकर अपना 28वां ला लीगा खिताब जीता

**बार्सिलोना,** 16 मई (एजेंसियां)। एफसी बार्सिलोना ने एस्पेनयोल को 2-0 से हराकर 28वीं बार ला लीगा खिताब जीता है। ला लीगा का ताज अब स्पेनिश सुपर कप और कोपा डेल रे के साथ जुड़ सकता है। 2024-25 सीजन बार्सिलोना के लिए यादगार साबित हो रहा है। 28वीं बार ला लीगा खिताब जीतने से पहले टीम ने अपना 32वां कोपा डेल रे और स्पेनिश सुपर कप भी जीता था। बार्सिलोना ने अपने घर में शानदार प्रदर्शन किया। मैच के 53वें मिनट में लैमिन यामल ने एक शानदार गोल दागा इसके बाद इंजरी टाइम के आखिरी सेकंड में फर्मिन लोपेज ने दूसरा गोल कर टीम की मैच पर पकड़ मजबूत कर दी जो बाद में निर्णायक साबित हुई। लैमिन यामल का गोल बेहतरीन और दर्शनीय था, जब उन्होंने दूर कोने में एक



शॉट लगाकर गेंद को गोल पोस्ट में भेजा था। एस्पेनयोल के डिफेंडर लुइस कैबरेरा को मैच खत्म होने से 10 मिनट पहले बाहर भेज दिया गया। वीएआर के अनुसार उनके हाथ से यामल के पेट में चोट लगने के कारण उन्हें सीधे रेड कार्ड दिया गया। एस्पेनयोल पर मिली इस जीत के बाद बार्सिलोना के 85 अंक हो गए हैं , जो उसके सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड से सात ज़्यादा हैं, और इस सीजन में खेलने के लिए उसके पास सिर्फ़ छह अंक बचे हैं।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**ईश्तहार**

क्रमांक/202505111500025/अ-27/वर्ष 2024-25
ग्राम कोटा-3, प.ह.नं. 51,
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 05.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, प्रकरण भुईया ऑनलाईन नामांतरण पंजी के माध्यम से प्राप्त। आवेदिकागण 01. श्रीमती पूनम मिश्रा पति स्व .शशांक मिश्रा, 02. प्रणीता मिश्रा 03. सुचेता मिश्रा दोनों पिता स्व. शशांक मिश्रा सभी निवासी ई-177 सेकण्ड फ्लोर लाजपत नगर साउथ दिल्ली द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम कोटा, प.ह.नं. 51, तहसील व जिला रायपुर स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 19/18 रकबा 0.0405हे. भूमि आवेदिकागण एवं अनावेदकगण 01. भरत देव मिश्रा पिता अशोक मिश्रा निवासी देव ट्रेवल्स गौरव पथ मौली पारा रायपुर, 02. विवेक मिश्रा पिता अशोक मिश्रा मृत वारिसान अनिरूद्ध मिश्रा, नंदिनी मिश्रा दोनों पिता विवेक मिश्रा, नीलम मिश्रा पति विवेक मिश्रा निवासी देव ट्रेवल्स गौरव पथ मौली पारा रायपुर, 03. मनीष मिश्रा पिता सुभाष मिश्रा, 04. अभिषेक मिश्रा पिता सुभाष मिश्रा, 05. श्रीमती वीणा मिश्रा पति सुभाष मिश्रा तीनों निवासी ऐश्वर्या रेसीडेन्सी तेलीबांधा रायपुर, 06. हर्ष मिश्रा पिता बी.डी. मिश्रा मृत वारिसान विशद मिश्रा पिता हर्ष मिश्रा, मधुलिका मिश्रा पति हर्ष मिश्रा दोनों निवासी- 47 ऐश्वर्या रेसीडेन्सी तेलीबांधा रायपुर, 07. श्रीमती प्रीति बाजपेयी पति सदाशिव बाजपेयी, 08. श्रीमती अपर्णा त्रिपाठी पति प्रदीप कुमार त्रिपाठी दोनों निवासी बंगला नंबर 23 न्यु मोती बाग दक्षिण दिल्ली, 09. श्रीमती मंजू शुक्ला पति दिनेश शुक्ला निवासी छोटापारा रायपुर, 10. आर.के. मिश्रा पिता जे.एस.मिश्रा, 11. मनु मिश्रा पिता आर.के. मिश्रा, 12 देविका मिश्रा पिता आर.के. मिश्रा तीनों निवासी बंगला नंबर 23 न्यु मोतीबाग दक्षिण दिल्ली भारत के नाम संयुक्त खाते में राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि श्रीमती प्रकाशवती मिश्रा पति बी.डी. मिश्रा के स्वामित्व की भूमि है उक्त भूमि को श्रीमती प्रकाशवती मिश्रा द्वारा पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 21.06.1983 को निष्पादित किया गया है जिसके अनुसार उक्त भूमि बी. डी. मिश्रा, अशोक मिश्रा, सुभाष मिश्रा, शशांक मिश्रा, हर्ष मिश्रा को प्राप्त हुई है। उपरोक्त वसीयतनामा के हिसाब से आवेदित भूमि को 5 बराबर हिस्सों में विभाजन किये जाने के बाद एक हिस्से में आवेदित भूमि का 0.009हे. प्राप्त होता है तथा बी डी शर्मा की मृत्यु हो गई है जिसके पश्चात् उनके वारिसान अशोक मिश्रा, सुभाष मिश्रा, शशांक मिश्रा, हर्ष मिश्रा, मंजू मिश्रा, उषा पाण्डेय है इस प्रकार उक्त भूमि 0.009हे. का छठवां हिस्सा 0.0015हे. पाने का हकदार है। इस प्रकार आवेदिकागण को 0.0090हे. तथा 0.0015हे. कुल रकबा 0.0105हे. भूमि प्राप्त होगी। अत: उक्त आवेदित भमि में से हिस्से की भूमि को पृथक से राजस्व अभिलेख में दर्ज कर विभाजित कर खाता विभाजन किये जाने निवेदन किये है। अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 21.5.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 5.5.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार, रायपुर


# शैफाली इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टी-20 टीम में वापसी

## क्रांति, सयाली, श्रीचारणी, शुचि उपाध्याय पहली बार भारत की महिला टी 20 टीम में



■ स्नेह व हरलीन भी लंबे समय भारत की टी 20 टीम में लौटी

**नई दिल्ली,** 16 मई (देशबन्धु)। हरियाणा की विस्फोटक ओपनर शैफाली वर्मा की बीते बरस आईसीसी महिला टी 20 क्रिकेट विश्व कप यानी करीब सात महीने बाद इंग्लैंड में उसके खिलाफ पांच टी 20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज खेलने वाली 15 सदस्यीय भारतीय टीम में वापसी जरूर हुई लेकिन वह उसके खिलाफ तीन वन डे मैचों की सीरीज के लिए टीम में अभी भी जगह नहीं बना पाई है। इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी 20 और तीन वन डे मैचों की सीरीज के लिए हरमनप्रीत कौर भारत की कप्तान और स्मृति मंधाना उपकप्तान होंगी। साथ ऑफ स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा ने 2023 के महिला टी 20 विश्व कप के बाद पहली बार भारत की टी 20 क्रिकेट टीम में वापस जगह बनाई है। शैफाली वर्मा को बीते बरस न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वन डे सीरीज में भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया। शैफाली ने इसके बाद सीनियर महिला वन डे ट्रॉफी में सवा पांच सौ से ज्यादा और वन डे चैलेंजर ट्रॉफी में हरियाणा की कप्तानी करते हुए 400 से ज्यादा रन बनाए। साथ ही शैफाली ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए महिला प्रीमियर लीग में नौ पारियोंमें 304 रन बनाए।स्नेह राणा ने चोटिल श्रेयंका पाटील की जगह महिला प्रीमियर लीग में आरसीबी की टीम में जगह बना पांच मचों में छह विकेट चटका यूपी वारियर्ज के खिलाफ दीप्ति शर्मा के एक ओवर में 26 रन लेकर आरसीबी को करीब करीब प्ले ऑफ में पहुंचा दिया था।

### इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी 20 महिला वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम

हरमनप्रीत कौर(कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, जेमिमा रॉड्रिग्ज, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर),हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, एन.श्रीचारणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड, सयाली सतघरे।

### इंग्लैंड के खिलाफ तीन वन डे महिला अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम

हरमनप्रीत कौर(कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन दयोल, जेमिमा रॉड्रिग्ज, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर),तेजल हसबनीज दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, एन.श्रीचारणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड, सयाली सतघरे।

## आईपीएल के लीग मुकाबलों के लिए मुस्तफिजुर को मिली अनुमति

**नई दिल्ली,** 16 मई (एजेंसियां)। मुस्तफिजुर रहमान को 18 मई से 24 मई तक के लिए दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के दल के साथ जुड़ने की अनुमति मिल गई है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शुक्रवार दोपहर को अपने एक बयान के जरिए इसकी जानकारी दी। बीसीबी से एनओसी मिलने के चलते मिचेल स्टार्क की अनुपस्थिति में मुस्तफिजुर डीसी के शेष तीन मुकाबलों के लिए उपलब्ध रहेंगे। हालांकि अगर डीसी प्लेऑफ में प्रवेश करती है तो मुस्तफिजुर उपलब्ध नहीं रह पाएंगे।

### सुडोकू 6915 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 9 | 1 | 7 | 3 | 5 |
| 1 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 9 | 4 | 2 |
| 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 6 | 8 | 5 | 7 |
| 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 4 | 2 | 1 | 9 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 2 | 4 | 6 | 3 |
| 6 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 4 |
| 2 | 3 | 1 | 4 | 6 | 7 | 5 | 9 | 8 |

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| इटरनल | 1.38 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.10 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.98 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.73 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.52 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 2.81 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 2.14 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.96 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.46 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 0.79 प्रतिशत |

**सर्राफा**

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 95,130 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 97,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# 2030 तक भारत-ब्रिटेन द्विपक्षीय व्यापार में सालाना 15 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान

■ ब्रिटेन व भारत ने लगभग तीन वर्षों की बातचीत के बाद किया मुक्त व्यापार समझौता



**नई दिल्ली,** 16 मई (एजेंसियां)। भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय व्यापार में 2030 तक सालाना करीब 15 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। यह मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) एक साल में लागू हो जाएगा। यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई। केयरएज रेटिंग्स की रिपोर्ट के अनुसार, भारत और ब्रिटेन के बीच हाल ही में संपन्न मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) भारतीय कंपनियों को ब्रिटेन के बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने, घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने और आर्थिक विकास में योगदान देने का रणनीतिक अवसर प्रदान करता है।

केयरएज रेटिंग्स के एसोसिएट डायरेक्टर डी नवीन कुमार ने कहा कि यह ऐतिहासिक एफटीए निवेश, संयुक्त उद्यम और सेवा क्षेत्र में सहयोग को भी बढ़ावा देता है, जिससे आर्थिक संबंध मजबूत होते हैं। यह समझौता भारत-ब्रिटेन आर्थिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है, व्यवसाय के लिए नए अवसर खोलता है, विनिर्माण को मजबूत करता है और उपभोक्ता बाजारों को समृद्ध करता है।

वर्तमान में, ब्रिटेन और भारत के बीच व्यापार मूल्य भारत के कुल व्यापार मूल्य का लगभग 2 प्रतिशत है, हालांकि यह पिछले दशक में 11 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से लगातार बढ़ रहा है। ब्रिटेन और भारत ने लगभग तीन वर्षों की बातचीत के बाद 6 मई को एक मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) किया। समझौते के तहत, भारत 10 वर्षों की अवधि में 90 प्रतिशत ब्रिटिश वस्तुओं पर टैरिफ कम करेगा, जिसमें से 85 प्रतिशत पूरी तरह से शुल्क मुक्त हो जाएंगे।

बदले में, ब्रिटेन ने कुछ उत्पादों पर अपने टैरिफ को कम करने पर सहमति व्यक्त की है, जिसके परिणामस्वरूप भारत के यूके को निर्यात किए जाने वाले 99 प्रतिशत निर्यात पर कोई शुल्क नहीं लगेगा।

## विद्युत उपकरणों की सुरक्षा पर दें ध्यान : गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने हाल ही में उपभोक्ताओं के लिए विद्युत उपकरणों की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। केंद्रीय मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग के प्रमुख हितधारकों के साथ एक सार्थक बातचीत हुई। इस बातचीत में उपभोक्ताओं के हित में विद्युत उपकरणों की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए हॉरिजॉन्टल क्वालिटी कंट्रोल्स ऑर्डर्स (क्यूसीओ) के कार्यान्वयन पर चर्चा की गई। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक नोट में कहा कि इसके अलावा, उद्योग के विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने के अवसरों की खोज को लेकर चर्चा की गई। हॉरिजॉन्टल क्वालिटी कंट्रोल्स ऑर्डर्स (क्यूसीओ) सरकारी नियम हैं, जो विशिष्ट उत्पादों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) प्रमाणन को अनिवार्य बनाते हैं। इनका उद्देश्य घटिया आयात को रोककर और घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देकर गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। क्यूसीओ के अंतर्गत आने वाले उत्पादों के उत्पादन, बिक्री, व्यापार, आयात या स्टॉक किए जाने के लिए बीआईएस मानक चिह्न होना चाहिए। क्यूसीओ का उददेश्य उपभोक्ताओं की सुरक्षा करना, निष्पक्ष व्यापार को बढ़ावा देना और घटिया आयातों पर अंकुश लगाकर तथा गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करके घरेलू उद्योगों का समर्थन करना है। बीआईएस क्यूसीओ के अंतर्गत आने वाले उत्पादों के लिए प्रवर्तन और प्रमाणन प्राधिकरण के रूप में कार्य करता है। अब तक, भारत सरकार के विभिन्न विनियामकों और मंत्रालयों द्वारा बीआईएस के अनिवार्य प्रमाणन के लिए 769 उत्पादों को कवर करने वाले कुल 187 गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों को अधिसूचित किया गया है।

## बीते एक दशक में देश के कोने-कोने में पहुंची पीएनजी



■ इंडस्ट्रियल कनेक्शन में हुआ 300 प्रतिशत से अधिक का इजाफा

**नई दिल्ली,** 16 मई (एजेंसियां)। बीते एक दशक में देश में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) को बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार ने काफी सारे प्रयास किए हैं, जिसके कारण वर्तमान में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क 100 प्रतिशत जनसंख्या को कवर कर रहा है और इंडस्ट्रियल पीएनजी कनेक्शन एवं कमर्शियल पीएनजी कनेक्शन की संख्या में रिकॉर्ड बढ़त हुई है।

सरकार द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, देश में बीते दशक में घरेलू पीएनजी कनेक्शन की संख्या बढ़कर 1.47 करोड़ हो गई है। साथ ही कमर्शियल पीएनजी कनेक्शन की संख्या 164 प्रतिशत बढ़कर 45,000 और इंडस्ट्रियल पीएनजी कनेक्शन की संख्या 308 प्रतिशत बढ़कर 20,000 से अधिक हो गई है। यह आंकड़े दिखाते हैं कि सरकार देश में लोगों को सस्ती गैस उपलब्ध कराने के लिए तेजी से काम कर रही है। केंद्रीय पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्री, हरदीप सिंह पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि पीएनजी न सिर्फ देश के लगभग 1.47 करोड़ घरेलू कनेक्शन के माध्यम से ग्राहकों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही है बल्कि लगभग 45,000 व्यावसायिक केंद्रों व 20,000 से अधिक उद्योगों को भी ऊर्जा दे रही है। उन्होंने आगे लिखा कि बीते एक दशक में कमर्शियल पीएनजी कनेक्शन में 164 प्रतिशत और इंडस्ट्रियल पीएनजी कनेक्शन में 308 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। पुरी ने आगे लिखा कि पीएनजी पर्यावरण हितैषी भी है और सस्ती भी। यह विभिन्न उद्योगों में ईंधन खर्च (उत्पादन लागत) कम कर उनकी आय बढ़ा रही है।


## अप्रैल में इंजीनियरिंग वस्तुओं के निर्यात में 11.28 प्रतिशत की बढ़ोतरी




**कोलकाता,** 16 मई (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर तमाम चुनौतियों के बावजूद इस वर्ष अप्रैल में भारत के इंजीनियरिंग वस्तुओं के निर्यात में 11.28 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जिससे आने वाले महीनों के लिए इस क्षेत्र में सकारात्मक रुझानों की उम्मीद जताई जा रही है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2024 में जहां भारत से इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात 8.55 अरब डॉलर का रहा था वहीं अप्रैल 2025 में यह बढ़कर 9.51 अरब डॉलर हो गया। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) इंडिया के अध्यक्ष पंकज चड्ढा ने कहा कि ब्रिटेन के साथ हाल ही में हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से इस वृद्धि को और बल मिलेगा जबकि अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौता भी शिपमेंट में उल्लेखनीय बढ़ोतरी ला सकता है। हालांकि उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अमेरिकी व्यापार नीति में बदलाव और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को देखते हुए भारतीय निर्यातकों को अपने निर्यात गंतव्यों में विविधता लानी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से निर्यातकों को लगातार समर्थन मिलता रहा है।

## अटल पेंशन योजना के सब्सक्राइबर्स में 48 प्रतिशत महिलाएं : सरकार




■ मई 2015 में लांच किया गया था अटल पेंशन योजना

**नई दिल्ली,** 16 मई (एजेंसियां)। अटल पेंशन योजना के 7.65 करोड़ सब्सक्राइबर्स में से 48 प्रतिशत महिलाएं हैं। सरकार की ओर से जारी किए गए डेटा में यह जानकारी दी गई।

अटल पेंशन योजना (एपीवाई) को मई 2015 में लांच किया गया था। इसका उद्देश्य देश के असंगठित क्षेत्र के लोगों को पेंशन का एक अच्छा और विश्वसनीय विकल्प देना था, जिससे रिटायरमेंट के बाद वे अपनी जिंदगी आराम से व्यतीत कर सकें।

एपीवाई में पेंशन योजना में शामिल होने की आयु और अंशदान की राशि के आधार पर निर्भर करती है। इसका लक्ष्य मुख्य रूप से अनौपचारिक क्षेत्र के गरीब और वंचित श्रमिकों को लक्षित करना था और यह भारत में सबसे समावेशी और सुलभ सामाजिक सुरक्षा पहलों में से एक के रूप में उभरा है।

समाज कल्याण विभाग ने कहा कि अप्रैल 2025 तक एपीवाई से 7.65 करोड़ से अधिक सब्सक्राइबर्स जुड़ गए हैं, जिससे कुल 45,974.67 करोड़ रुपए की राशि एकत्रित हुई है। सरकारी विभाग ने आगे कहा कि एपीवाई में महिलाओं की भागीदारी में तेजी से इजाफा हो रहा है। अब कुल सब्सक्राइबर्स में महिलाओं का शेयर 48 प्रतिशत हो गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में जुड़े नए सब्सक्राइबर्स में से 55 प्रतिशत से अधिक महिलाएं थीं। इसी अवधि के दौरान कुल नामांकन में भी मजबूत वृद्धि हुई है। एपीवाई योजना शुरू में 18 से 40 वर्ष की आयु के सभी भारतीय नागरिकों के लिए उपलब्ध थी। अक्टूबर 2022 से आयकर का भुगतान करने वाले व्यक्ति इस योजना में शामिल होने के पात्र नहीं हैं।

**सार संक्षेप**

### थॉमस कुक इंडिया ने यूरोपीय संघ में रखा कदम

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर यात्रा से जुड़ी व्यापक सेवाएं उपलब्ध कराने वाली कंपनी थॉमस कुक इंडिया (टीसीआई) लिमिटेड ने यूरोपीय संघ में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए साइप्रस की राजधानी निकोसिया में अपना पहला कार्यालय स्थापित किया है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान जारी कर बताया कि यह कदम उसकी वैश्विक विस्तार रणनीति के तहत उठाया गया है, जिसका उद्देश्य तेजी से बढ़ते व्यावसायिक यात्रा सेगमेंट का लाभ उठाना है। यह नया कार्यालय ट्रैवल सर्कल इंटरनेशनल (साइप्रस) लिमिटेड (टीसीआई यूरो) के अंतर्गत कार्य करेगा, जो थॉमस कुक इंडिया की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। कंपनी यूरोप में काम कर रहे बहुराष्ट्रीय ग्राहकों के साथ-साथ भारत स्थित कॉरपोरेट ग्राहकों की व्यावसायिक यात्रा आवश्यकताओं को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। टीसीआई यूरो को इस प्रकार रणनीतिक रूप से स्थापित किया गया है कि यह व्यावसायिक यात्रियों को विशेष स्थानीय मूल्य निर्धारण और इन्वेंट्री तक पहुंच प्रदान करता है, जो भारत में उपलब्ध नहीं है।

### इस्पात मंत्रालय की नई वेबसाइट शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने शुक्रवार को इस्पात मंत्रालय की नयी वेबसाइट का शुभारम्भ किया। राजधानी में उद्योग भवन में मंत्रालय के कार्यालय में आयोजित विशेष समारोह में वेबसाइट के शुभारंभ समारोह में इस्पात मंत्रालय के सचिव संदीप पौंड्रिक और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मंत्रालय का कहना है कि नयी वेबसाइट को इसके संचालन में पारदर्शिता, पहुंच और दक्षता बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनसुार नयी वेबसाइट में एक आधुनिक और उपयोगकर्ताओं के अनुकूल इंटरफ़ेस है, जिससे वेबसाइट का इस्तेमाल करना और वहां से प्रासंगिक जानकारी प्राप्त करना सहज हो जाता है। इस्पात मंत्रालय के सचिव संदीप पौंड्रिक और इस्पात मंत्रालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


### भारत के परिधान निर्यात में अप्रैल में मजबूत वृद्धि

**नई दिल्ली।** देश के कपड़ा और परिधान (टीएंडए) निर्यात में लगातार वृद्धि जारी है। इस साल अप्रैल में इसमें साल-दर-साल आधार पर 7.45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि यह सकारात्मक रुझान मुख्य रूप से परिधान सेगमेंट के मजबूत प्रदर्शन की वजह से देखा गया, जिसमें सालाना आधार पर 14.43 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि देखी गई।
कनफेडरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज (सीआईटीआई) के अध्यक्ष राकेश मेहरा ने कहा कि परिधान निर्यात में 14.43 प्रतिशत की वर्तमान वृद्धि मुख्य रूप से अमेरिकी प्रशासन द्वारा रेसिप्रोकल टैरिफ उपायों की घोषणा के बाद अमेरिका को शिपमेंट में वृद्धि से प्रेरित प्रतीत होती है।

# चौदह दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से गिरा बाजार

■ सेंसेक्स 200.15 अंक का गोता लगाकर 82,330.59 पर रहा

■ निफ्टी 42.30 अंक टूटकर 25019.80 पर बंद




**मुंबई,** 16 मई (एजेंसियां)। एशियाई बाजारों की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, एसबीआई और इंफोसिस समेत चौदह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार पिछले लगातार दो दिनों की तेजी के बाद आज गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 200.15 अंक का गोता लगाकर 82,330.59 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 42.30 अंक टूटकर 25019.80 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.85 प्रतिशत उछलकर 45,005.84 अंक और स्मॉलकैप 1.18 प्रतिशत की छलांग लगाकर 51,045.74 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4126 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2607 में लिवाली जबकि 1380 में बिकवाली हुई वहीं 139 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की कुल 2971 कंपनियों में से 1969 में तेजी जबकि 911 में गिरावट रही वहीं 91 में टिकाव रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांकों में गिरावट देखी गई, जिसका मुख्य कारण भारती एयरटेल, एसबीआई और आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के शेयरों में कमजोरी रहा। इन शेयरों में बिकवाली से बाजार पर दबाव बना।

वहीं, इस गिरावट के बावजूद बाजार को अमेरिका के साथ जारी व्यापार वार्ता से कुछ सहारा मिलने की उम्मीद है। विश्लेषकों का मानना है कि यदि इन वार्ताओं से सकारात्मक नतीजे निकलते हैं तो यह भू-राजनीतिक तनाव में हालिया नरमी के साथ मिलकर बाजार की लंबी अवधि की तेजी को बनाए रखने में मदद कर सकता है।

बीएसई के सात समूहों में गिरावट जबकि अन्य में बढ़त रही। इस दौरान हेल्थकेयर 0.29, आईटी 0.71, दूरसंचार 0.03, बैंकिंग 0.15, धातु 0.20, टेक 1.29 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.88 प्रतिशत लुढ़क गए। वहीं, सीडी 0.87, ऊर्जा 0.50, एफएमसीजी 0.62, इंडस्ट्रियल्स 1.80, यूटिलिटीज 1.44, ऑटो 0.63, कैपिटल गुड्स 1.63, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.62, पावर 1.37, रियल्टी 1.72 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.70 प्रतिशत चढ़ गए। वैश्विक स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.63 और जर्मनी का डैक्स 0.80 प्रतिशत मजबूत रहा। वहीं, हांगकांग का हैंगसेंग 0.46, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.40 प्रतिशत और जापान का निक्केई गिर गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में भारती एयरटेल 2.81, एचसीएल टेक 2.14, एसबीआई 1.96, इंफोसिस 1.46, टेक महिंद्रा 0.79, टीसीएस 0.50, बजाज फिनसर्व 0.42, सन फार्मा 0.38, एलटी 0.34, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.31, बजाज फाइनेंस 0.22, टाइटन 0.16 और एचडीएफसी बैंक 0.01 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, इटरनल 1.38, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.10, एशियन पेंट 0.98, आईटीसी 0.73, नेस्ले इंडिया 0.52, टाटा मोटर्स 0.36, एनटीपीसी 0.35, इंडसइंड बैंक 0.26, पावरग्रिड 0.23, आईसीआईसीआई बैंक 0.19, रिलायंस 0.19, मारुति 0.13, कोटक बैंक 0.08, टाटा स्टील 0.06, एक्सिस बैंक 0.06, अदानी पोर्ट्स 0.01 और अल्ट्रासिम्को के शेयरों ने 0.01 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## भारतीय विदेश व्यापार संस्थान का देश से बाहर पहला परिसर दुबई में खुला

**नई दिल्ली,** 16 मई (एजेंसियां)। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले स्वायत्त शैक्षणिक निकाय, भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) ने भारत से बाहर अपना पहला परिसर संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में शुरू किया है।

मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि यह संस्थान की वैश्विक उपस्थिति का विस्तार करने और अंतरराष्ट्रीय व्यापार शिक्षा में भारत की भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संस्थान का दुबई परिसर शिक्षा मंत्रालय से अनुमोदन और विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के साथ संभव हुआ है। मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय उच्च शिक्षा के वैश्वीकरण में एक गौरवपूर्ण क्षण है और नयी शिक्षा नीति के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

पीयूष गोयल ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आईआईएफटी को बधाई दी और कहा कि यह वास्तव में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना को दर्शाता है और भारतीय शिक्षा के अंतराष्ट्रीयकरण में एक नये अध्याय का आरंभ है। यह भारत-यूएई साझेदारी को मजबूत करने का भी प्रमाण है और यह नया परिसर कल के व्यापारिक नेताओं को गढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि यह आईआईएफटी के 62 वर्षों के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। यह भारत के एक ऐसे देश के रूप में उभरने का प्रतिनिधित्व करता है जो विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय व्यापार के क्षेत्र में विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करता है।

# खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव



**नई दिल्ली,** 16 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की जारी गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेंत सभी जिसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 35 रिंगिट गिरकर 3837 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.16 सेंट गिरावट लेकर 48.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे। **अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

# भारतीय कारोबारियों ने तुर्की व अजरबैजान का किया बहिष्कार




■ व्यापारिक बहिष्कार में यात्रा, पर्यटन व फिल्मों की शूटिंग भी शामिल

**नई दिल्ली,** 16 मई (एजेंसियां)। खुदरा कारोबारियों के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर से आए 125 से अधिक प्रमुख कारोबारी लीडरों ने तुर्की और अजरबैजान के साथ सभी तरह के व्यापारिक और व्यावसायिक संबंधों को पूरी तरह से खत्म करने का निर्णय लिया।

कैट के शुक्रवार को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में व्यापारियों ने सर्वसम्मति से यह फैसला किया कि अब भारत का व्यापारी समुदाय तुर्की और अजरबैजान के साथ सभी तरह के व्यापारिक और व्यावसायिक संबंधों को पूरी तरह से खत्म करेगा। इसमें यात्रा, पर्यटन और फिल्मों की शूटिंग भी शामिल है।

कारोबारी लीडरों ने भारतीय फिल्म उद्योग से अपील की है कि वे इन देशों में शूटिंग न करें और यदि कोई फिल्म वहां शूट होती है तो उसका बहिष्कार किया जाएगा। इसी तरह किसी भी कॉरपोरेट हाउस को भी इन देशों में अपने विज्ञापन या प्रचार की शूटिंग करने से रोका जाएगा। यह फैसला इसलिए लिया गया क्योंकि हाल ही में तुर्की और अजरबैजान ने पाकिस्तान के पक्ष में खुलेआम समर्थन जताया। वहीं, इस समय भारत एक संवेदनशील सुरक्षा संकट से गुजर रहा है। व्यापारियों का मानना है कि यह भारत की दोस्ती और मदद का अपमान है, खासकर तब जब भारत ने इन देशों को संकट के समय मानवीय और कूटनीतिक सहयोग दिया था। कैट के महासचिव और सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने सम्मेलन में कहा कि तुर्की और अजरबैजान ने भारत की मदद लेकर अब पाकिस्तान जैसे आतंकवाद समर्थक देश का साथ दिया है। यह भारत की संप्रभुता और जनता की भावनाओं का अपमान है। वहीं, कैट के अध्यक्ष बी. सी. भरतिया ने दोनों देशों की नीतियों को 'भारत विरोधी' और 'अकृतज्ञ' बताया।

सम्मेलन में निर्णय लिया गया कि तुर्की और अज़रबैजान के उत्पादों का देशव्यापी बहिष्कार किया जाएगा। इन देशों के साथ सभी व्यावसायिक साझेदारियों को समाप्त किया जाएगा। इन देशों के लिए पर्यटन और व्यवसायिक यात्रा योजनाओं का प्रचार बंद होगा।

## द्वितीय मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन 20 से

**कोण्डागांव,** 16 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत् विद्यार्थियों हेतु एक शैक्षणिक सत्र में दो मुख्य परीक्षा आयोजित किया जाना है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसा के तहत् आयोजित द्वितीय मुख्य परीक्षा में वे समस्त विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं जो प्रथम मुख्य परीक्षा में पंजीकृत हो। ऐसे समस्त विद्यार्थी जो पूरक, अनुत्तीर्ण अथवा उत्तीर्ण है, अंक सुधार हेतु इस द्वितीय मुख्य परीक्षा में आवेदन कर सकते हैं। मण्डल की द्वितीय मुख्य परीक्षा हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी मुख्य नियमित अवसर के विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र ऑन लाईन भरने के लिये सामान्य शुल्क के साथ 20 मई 2025 से 10 जून 2025 तक तथा विलम्ब शुल्क के साथ 11 जून 2025 से 20 जून 2025 एवं विशेष विलम्ब शुल्क के साथ 21 जून 2025 से 30 जून 2025 तक तिथि निर्धारित की गई है। जो छात्र उक्त परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं।

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, BHAJAN DASS TALREJA S/O GEHIMAL resident of H.NO. 502 DHAMTARI ROAD SHADANI NAGAR BORIYAKALA MANA RAIPUR (C.G.) have changed my old name BHAJAN DASS TALREJA S/O GEHIMAL so in future I should be recognized by my new name that is BHAJAN DAS TALREJA S/O GEHIMAL in all Government and other documents.

**BHAJAN DAS TALREJA**
H.NO. 502 DHAMTARI ROAD
SHADANI NAGAR
BORIYAKALA MANA
RAIPUR (C.G.)

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SOMESH RATHORE S/O SHARAD KUMAR RATHORE resident of H.NO. FLAT NO. 502 DIMOND-B ASHOKA RATAN NEAR VIP ESTATE RAIPUR (C.G.) have changed my old name SOMESH RATHORE S/O SHARAD KUMAR RATHORE so in future I should be recognized by my new name that is SHOMESH RATHORE S/O SHARAD KUMAR RATHORE in all Government and other documents.

**SHOMESH RATHORE**
H.NO. FLAT NO. 502 DIMOND-B ASHOKA RATAN NEAR VIP
ESTATE RAIPUR (C.G.)

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, PARUL TANNA W/O KIRITKUMAR TANNA resident of B3-801, Aishwarya Empire, Labhandi, Avanti Vihar, Telibandha, Raipur PIN-492006 (C.G.), have changed my old name PARUL TANNA W/O KIRITKUMAR TANNA. So in future I should be recognized by my new name that is PARUL KIRITKUMAR TANNA W/O KIRITKUMAR TANNA in all Government and other documents.

**PARUL KIRITKUMAR TANNA**
B3-801 AISHWARYA
EMPIRE LABHANDI, AVANTI
VIHAR TELIBANDHA, RAIPUR
PIN-492006 (C.G.)

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I SATYAJIT MURALIDARA RAO S/O MURALIDARA KRISHNAMURTHY RAO resident of B3-801, Aishwarya Empire, Avanti Vihar, Telibandha, Raipur PIN-492006 (C.G.), have changed my old name SATYAJIT MURALIDARA RAO S/O MURALIDARA KRISHNAMURTHY RAO. So in future I should be recognized by my new name that is SATYAJIT RAO S/O MURALIDARA KRISHNAMURTHY RAO in all Government and other documents.

**SATYAJIT RAO**
B3-801 AISHWARYA EMPIRE
AVANTI VIHAR, TELIBANDHA,
RAIPUR PIN-492006 (C.G.)

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, MANISH KUMAR SHAH S/O UTTAM CHAND SHAH resident of E-56, SECTOR-1, DEVENDRA NAGAR RAIPUR (C.G.) 492009 have changed my old name MANISH KUMAR SHAH S/O UTTAM CHAND SHAH so in future I should be recognized by my new name that is MANISH SHAH S/O UTTAM CHAND SHAH in all Government and other documents.

**MANISH SHAH**
E-56, SECTOR-1,
DEVENDRA NAGAR RAIPUR
(C.G.) 492009

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, S HARJINDER SINGH S/O LAKKHA SINGH CHAHAL resident of FLAT NO 108, BLOCK A, BALAJI GREEN CITY, SONDONGRI ROAD, HIRAPUR, RAIPUR (C.G.) 492099 have changed my old name S HARJINDER SINGH S/O LAKKHA SINGH CHAHAL so in future I should be recognized by my new name that is HARJINDER SINGH CHAHAL S/O LAKKHA SINGH CHAHAL in all Government and other documents.

**HARJINDER SINGH CHAHAL**
FLAT NO 108, BLOCK A,
BALAJI GREEN CITY,
SONDONGRI ROAD, HIRAPUR,
RAIPUR (C.G.) 492099

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के न्यायालय में मामला मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

क्रमांक: 202505110800040
विषय-ब-121 सन् 2024-2025
तेलीबांधा प.ह.नं. 00064
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-संजीव कुमार शाह, अनावेदक पक्षकार-छ.ग. शासन

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक संजीव कुमार शाह पिता स्व. मोहनलाल शाह निवासी धमतरी रोड गुरदत्त मल कालोनी पुलिस पेट्रोल पंप के पास रायपुर, तहसील व जिला रायपुर द्वारा मुख्त्यार आम धनतात झांडे पिता शिवचरण झांडे निवासी सीमा शिशु मंदिर स्कूल के पास कोटा रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि, आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम तेलीबांधा, प.ह.नं. 64, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1 7/2 रकबा 0.0240हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को विधिवत नामांतरण दर्ज कराकर खसरा पांचसाला एवं बी 1 प्राप्त किया गया है, किन्तु आवेदित भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदान नहीं किया गया है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने का निवेदन किया गया है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत सुनवाई दिनांक 29.05.2025 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

रा.मा.क्र./202505110800043/अ-6/2024-25
ग्राम-भनपुरी, प.ह.नं. 39
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 15.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका मेट्टा प्रमीला पिता श्री रामाराव निवासी मेन स्ट्रीट भागी राधापुरम, कोट्टाबोमल्ली, चिट्टीवलासा श्रीकाकुलम (आंध्रप्रदेश) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम भनपुरी, प.ह.नं. 39, तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 200/17, रकबा 100 वर्गफुट भूमि को आवेदिका द्वारा विक्रेता श्रीमती आशा टापरे पति श्री बिशन्स राव टापरे निवासी रामेश्वर नगर, कमल चौंक भनपुरी रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 15.04.2024 के माध्यम से क्रय किया गया है। उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर विक्रेता श्रीमती आशा टापरे पति श्री बिशन्स राव टापरे का नाम विलोपित कर आवेदिका द्वारा अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन कि है।

अत: आवेदिका का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 29.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) राजस्व मामले की नोटिस

राजस्व प्रकरण क्र./202502110800056/अ-6/2024-2025
रायपुर, दिनांक 28.02.2025
प्रति,

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है आवेदिका श्रीमती कौशल्या पति स्व. एम. एल. अनंत निवासी म.नं. 269, वार्ड नं. 28, सेक्टर-2, गीतांजली नगर, रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम तेलीबांधा प.ह.नं. 64 रा.नि.मं.-05 रायपुर तहसील जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नं. 312/4 रकबा 500 वर्गफूट भूमि को आवेदक द्वारा विक्रेता गीतांजली गृह निर्माण समिति मर्यादित रायपुर द्वारा डाय. प्रकाश पिता मगनलाल दावड़ा निवासी गीतांजली कालोनी शंकर नगर रायपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय-विलेख दिनांक 03.02.1988 के माध्यम से क्रय किया गया है। उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय-विलेख के आधार पर आवेदक अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किए जाने निवेदन किया है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 22.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

रा.मा.क्र./202505110800033/अ-6/2024-25
ग्राम-भनपुरी, प.ह.नं. 39, तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 14.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक कंपनी बालगोपाल फुड प्रोडक्ट प्रा.लि. चकरकेन्द बरगढ़ उडीसा द्वारा डायरेक्टर गिरधर अग्रवाल पिता स्व. मोहनलाल अग्रवाल निवासी 25(3), मैनापड़ा बरगढ़ उडीसा द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, आवेदक कंपनी बालगोपाल फुड प्रोडक्ट प्रा.लि. चकरकेन्द्र बरगढ़ उडीसा ने नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, कटक बैंच के समक्ष कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 230-232 के अंतर्गत अन्य 2 कंपनी को मर्ज किये जाने के संबंध में याचिका प्रस्तुत किया था। जिसमें नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, कटक बैंच ने दिनांक 30.04.2024 को आदेश पारित करते हुए आवेदक कंपनी के पक्ष में अनावेदक क्रमांक 01. कांसल सीमेंट प्रा.लि. पता रूखमणी टाकिज के पास मुख्य मार्ग बरगढ़ उडीसा द्वारा डायरेक्टर राहुल कुमार अग्रवाल पिता श्यामसुंदर अग्रवाल निवासी भुकता, जिला बरगढ़ की कंपनी के साथ अन्य दो कंपनियों को आवेदक कंपनी में मर्ज किये जाने आदेश दिया है। अनावेदक क्रमांक 01. कांसल सीमेंट प्रा.लि. पता रूखमणी टाकिज के पास मुख्य मार्ग बरगढ़ उड़ीसा द्वारा डायरेक्टर राहुल कुमार अग्रवाल पिता श्यामसुंदर अग्रवाल निवासी भुकता, जिला बरगढ़ के नाम पर ग्राम भनपुरी, प.ह.नं. 39 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 396/5, 396/3 रकबा क्रमश: 0.0350, 0.0580 हे. भूमि धारित की जाती है। अत: उक्त भूमि में से अनावेदक क्रमांक 01. कांसल सीमेंट प्रा.लि. पता रूखमणी टाकिज के पास मुख्य मार्ग बरगढ़ उडीसा द्वारा डायरेक्टर राहुल कुमार अग्रवाल पिता श्यामसुंदर अग्रवाल का नाम विलोपित कर नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, कटक बैंच के द्वारा पारित आदेश दिनांक 30.04.2024 के आधार पर आवेदक कंपनी बालगोपाल फुड प्रोडक्ट प्रा.लि. चकरकेन्द्र बरगढ उडीसा द्वारा डायरेक्टर गिरधर अग्रवाल पिता स्व. मोहनलाल अग्रवाल के नाम पर दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। अत: आवेदक का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 29.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) सूचना-पत्र

क्रमांक/वाचक/अति.तहसीलदार/2025
रायपुर, दिनांक 09.05.2025
प्रति,

राकेश कुमार मिश्रा पिता प्यारेलाल मिश्रा निवासी अमलीडीह गौतम विहार, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
विषय:-रा.प्र.क्र. 202504116400060/अ-6/वर्ष 2024-26 पक्षकार हेमा वालगुंजे पति संजय वालगुंजे विरूद्ध छ.ग. शासन में पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित होने बाबत्।

विषयांकित संबंध में आपको सूचित किया जाता है कि आवेदिका हेमा वालगुंजे पति संजय वालगुंजे निवासी एल.आई.जी. 19 दावड़ा कॉलोनी पचपेड़ी नाका रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम देवपुरी पटवारी हल्का नंबर 73, राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर 10 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 97/3-4 एवं 101/1-3-4 का भाग जो कि संविलियन पश्चात् खसरा नंबर 15014/1 का भाग रकबा 500 वर्गफुट भूमि आवेदिका कि स्वामित्व आधिपत्य कि भूमि है। उपरोक्त भूमि को विक्रेता राकेश कुमार मिश्रा पिता प्यारे लाल मिश्रा के द्वारा दिनांक 09.05.2018 को आवेदिका के पक्ष में विक्रय विलेख निष्पादित किया गया तथा विक्रेता द्वारा राकेश कुमार मिश्रा पिता प्यारे लाल मिश्रा के द्वारा दिनांक 17.08.2010 को पूर्व विक्रेता डेमन प्रसाद पिता तिलकराम सिन्हा से क्रय किया गया। उपरोक्त भूमि के पूर्व विक्रेता डेमन प्रसाद पिता तिलकराम सिन्हा के द्वारा दिनांक 28.03.2009 को विक्रेता श्रीमती संध्या गोसेवाडे पति नामदेव गोसेवाडे से क्रय किया गया तथा श्रीमती संध्या गोसेवाडे पति नामदेव गोसेवाडे के द्वारा विक्रेता जैन हाउसिंग एजेंसी प्रो. संतोष कुमार जैन से 23.11.2006 को क्रय किया गया। आवेदिका द्वारा उपरोक्त श्रृंखला एवं विक्रय विलेख के आधार पर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 28.05.2025 को स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

### शपथ पत्र

मैं शपथकर्ता हरीश सिंह पिता स्व. अवधेश सिंह, निवासी श्याम नगर, रायपुर (छ.ग.) निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं :-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि, मेरे पुत्र का पूर्व नाम पत्र में दर्ज है। युवराज सिंह है, जो कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण
3. यह कि, मैंने अपने पुत्र का नाम परिवर्तित कर नया नाम / स्पेलिंग आर्यन सिंह (AARYAN SINGH) रख दिया है, यह नाम मेरे पुत्र के समस्त दस्तावेजों में भी दर्ज है।
4. यह कि, युवराज सिंह एवं आर्यन सिंह एकमात्र व्यक्ति मेरा पुत्र ही है, कोई अन्य व्यक्ति नहीं है।
5. यह कि, अब से मेरे पुत्र को परिवर्तित कर नया नाम / स्पेलिंग आर्यन सिंह (AARYAN SINGH) के नाम से जाना व पहचाना जावें, एवं मेरे पुत्र के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में मेरे पुत्र का यही परिवर्तित नया नाम दर्ज किया जावें, एवं यही नाम लिखा, पढ़ा जावें, जिस हेतु यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02 मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00051 कोटा 1+2 ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440727400027

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00051 के अंतर्गत ग्राम कोटा 1+2 के वर्तमान भूमिस्वामी हरभजन कौर पति हरदयाल सिंह पिता/पति पि. धन्ना सिंह पता निवासी कसडोल के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 53/29 0.0140 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती परविन्दर कौर पिता/पति स्व. हरदयाल सिंह पता शंकर नगर रायपुर, अरविन्देर कौर पिता/पति स्व. हरदयाल सिंह पता जमशेदपुर झारखण्ड के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.06.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

रा.मा. क्र./202505111500084/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम-कोटा 1+2, प.ह.नं. 51
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 15.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदकगण 01. राजेश अग्रवाल पिता प्रेमचंद अग्रवाल, 02. श्रीमती सरोज अग्रवाल पति राजेश अग्रवाल दोनों निवासी फ्लैट नंबर 102, ब्लाक नंबर 03. नवकार अपार्टमेन्ट चौबे कालोनी रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम कोटा-1+2 प.ह.नं. 51 तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि प्लाट नंबर 78, खसरा नंबर 67/1, 67/267/3 67/4. 67/6. 186 का भाग, रकबा 2530 वर्गफुट भूमि को आवेदकगण द्वारा विक्रेता अविनाश डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड मारूति बिजनेस पार्क, जी.ई. रोड रायपुर द्वारा डायरेक्टर मुकेश सिंघानिया पिता नरेश सिंघानिया निवासी गोकुल गीता नगर रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 31.03.2014 को क्रय किया गया है। उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदकगण द्वारा अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन किये है।

अत: आवेदकगण का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 29.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 02-एए के न्यायालय में मामला मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

क्रमांक: 202505114500013
विषय-अ-6 सन् 2024-2025
गुढ़ियारी प.ह.नं. 00049 हे.
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-कचराबाई देवांगन, अनावेदक पक्षकार छ.ग. शासन

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता आवेदिका कचराबाई देवांगन पति स्व. बुध्दु लाल देवांगन निवासी- मकान नं. 09/339 दानवीर भामाशाह वार्ड गुढ़ियारी रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में आवेदिका के पति स्व. बुध्दु लाल देवांगन के स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम गुढ़ियारी प.ह.नं. 49, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका शीट नं 16, प्लॉट नं. 10/5 रकबा 800 वर्गफुट हैं, भूमि धारित की जाती है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी आवेदिका के पति स्व. बुध्दु लाल देवांगन की मृत्यु 05.03.2019, को हो चुका है एवं आवेदिका के पुत्र छोटेलाल देवांगन की मृत्यु दिनांक 02.11.2013 को हो चुका है जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न है। जिनके विधिक वारिसान में आवेदिका 01. कचराबाई देवांगन पति स्व. श्री बुध्दु लाल देवांगन 02. विजय कुमार देवांगन 03. नरेश देवांगन 04. गोविंदा कुमार देवांगन तीनों पिता स्व. श्री छोटेलाल देवांगन इनके अलावा कोई वारिसान नहीं है। अत: मृतक भूमिस्वामी का नाम राजस्व अभिलेखों से विलोपित कर विधिक वारिसान की हैसियत से वारिसानो का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 30.05.2025 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 30.05.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 13.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

क्रमांक/202505111500040/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 14.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, प्रकरण भुईया ऑनलाईन नामांतरण पंजी के माध्यम से प्राप्त। आवेदक सोहन लाल सिंघानिया पिता स्व. नत्थू लाल सिंघानिया निवासी-28 कालेज रोड चौबे कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि भूखण्ड क्रमांक 205 खसरा नंबर 15002/1 का भाग रकबा 4000 वर्गफुट भूमि को आवेदक द्वारा अनावेदक/विक्रेता मनजीत सिंह आहूजा पिता इन्दर सिंह आहूजा निवासी श्याम नगर रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 29.12.2004 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अत: उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किये है।

अत: आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 6.6.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.5.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

क्रमांक/202505111500039/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 14.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, प्रकरण भुईया ऑनलाईन नामांतरण पंजी के माध्यम से प्राप्त। आवेदक 01. उमेश कुमार सिंघानिया पिता स्व. नत्थू लाल सिंघानिया, 02. संध्या सिंघानिया पति ललित कुमार सिंघानिया दोनों निवासी समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि भूखण्ड क्रमांक 325 खसरा नंबर 15002/1 का भाग रकबा 4000 वर्गफुट भूमि को आवेदक द्वारा अनावेदक/विक्रेता श्रीमती मुन्नी बाई पति बाबूलाल जी अग्रवाल निवासी 65 दशहरा मैदान उज्जैन द्वारा मु.आम. सरदार इंदर सिंह आहूजा पिता अमीरचंद आहूजा निवासी केलकर पारा रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 08.09.1988 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अत: उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदकगण अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किये है। अत: आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 6.6.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14.5.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

क्रमांक/क्यू/वाचक/तह./2025
मंदिर हसौद, दिनांक 16.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक विमला बाई साहू पति स्व. जीवन साहू (जियन) एवं अन्य 02, निवासी-मंदिर हसौद, तहसील व थाना मंदिर हसौद, जिला रायपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम-मंदिर हसौद, प.ह.नं.-22, रा.नि.मं.-मंदिर हसौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1448/11 रकबा 0.124 हे. भूमि राजस्व अभिलेख मे जीवन साहू (जियन) एवं अन्य के नाम पर संयुक्त रूप से भूमिस्वामी हक में दर्ज है जिसमे से सहखातेदार जीवन साहू (जियन) का देहांत 14.01.2008 को हो गया है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि के राजस्व अभिलेख से मृतक सहखातेदार का नाम विलोपित कर मृतक के विधिक वारिसान का नाम राजस्व अभिलेख मे दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 30.5.25 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अत: यह ईश्तहार आज दिनांक 16.5.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार मंदिर हसौद

### न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में मामला मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

क्रमांक-202504112800033/144
विषय-अ-20 (3) सन् 2024-2025
रायपुर प.ह.नं. 00062 हे.
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-सुन्दर दास जादवानी पिता श्री पोपटमल जादवानी, अनावेदक पक्षकार- विजय जादवानी पिता श्री पोपटमल जादवानी

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा सिविल स्टेशन रायपुर के आम जनता को सूचित यिका जाता है कि आवेदक सुन्दर दास जादवानी पिला श्री पोपटमल जादवानी, निवासी-डी-191/192, सेक्टर 04 सरस्वती विद्यालय के पीछे, देवेन्द्र नगर रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 109, 110 के तहत् नामांतरण बाबत् आवेदन पेश किया कि मौजा सिविल स्टेशन स्थित ब्लॉक नंबर-10, भूखण्ड क्रमांक-2/6 का भाग, रकबा 460 वर्गफुट एवं ब्लॉक नंबर-10, भूखण्ड क्रमांक-2/3 का भाग रकबा रकबा 140 वर्गफुट भूमि भूमि को आवेदक ने दानदाता विजय जादवानी पिता पोपटमल जादवानी से पंजीकृत दान विलेख दिनांक 24.02.2025 के माध्यम से दान में प्राप्त किया है। अतएव आवेदक द्वारा दान हक के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ दान विलेख की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 21.05.2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपित्त दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल अधिकारी रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर छ.ग. राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन

रा.प्र.क्र./202503111500001/अ-6/वर्ष 2024-25
रायपुर, दिनांक 09.05.2025
प्रति,
द्वारा-मालजमादार तहसील कार्यालय रायपुर (छ.ग.)

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि, आवेदक प्रीतराम साहू पिता स्व. सेवकराम साहू निवासी रामसागर पारा रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, आवेदक की पत्नि श्रीमती सुखबती बाई साहू पति प्रीतराम साहू के द्वारा ग्राम चिरहुलडीह, प.ह.नं. 52, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि परिवर्तित संधारण खसरा शीट नंबर 14, भूखण्ड क्रमांक 56, रकबा 600 वर्गफुट भूमि धारित की जाती है। आवेदक की पत्नि श्रीमती सुखबती बाई साहू पति प्रीतराम साहू द्वारा आवेदित भूमि को विक्रेता सुंदरलाल पिता स्व. सुखरू दास से पंजीकृत बैनामा दिनांक 18.04.1984 को क्रय किया गया है। विक्रेता सुंदरलाल पिता स्व. सुखरू दास द्वारा आवेदित भूमि को पूर्व विक्रेता शांति लाल पिता स्व. भंवरलाल से पंजीकृत बैनामा दिनांक 29.10.1980 को क्रय किया गया है। वर्तमान अभिलेख में उक्त भूमि पूर्व विक्रेता शांति लाल पित्ता स्व. भंवरलाल के नाम पर दर्ज है। क्रेता श्रीमती सुखबती बाई साहू पति प्रीतराम साहू द्वारा उक्त भूमि को अपने नाम पर नामांतरण नहीं कराया था तथा उनकी मृत्यु दिनांक 04.06.2022 को तथा उनके पुत्र स्व. जयराम साहू पिता प्रीतराम साहू की मृत्यु दिनांक 03.01.2017 को हो गयी है। मृतक क्रेता श्रीमती सुखबती बाई साहू पति प्रीतराम साहू के विधिक वारिसानों में प्रीतराम साहू पिता स्व. सेवकराम साहू खेमलाल साहू, गायत्री बाई साहू, कौशल्या साहू, उषा साहू, पुष्पा साहू पिसरान प्रीतराम साहू, श्रीमती नागेश्वरी साहू पति स्व. जयराम साहू, घनश्याम साहू पिता स्व. जयराम साहू है, अन्य कोई नहीं। अत: आवेदित भूमि को श्रृंखलाबद्ध पंजीकृत बैनामा के आधार पर मृतक क्रेता स्व. श्रीमती सुखबती बाई साहू पति प्रीतराम साहू के विधिक वारिसानगण का नाम दर्ज किये जाने निवेदन किया गया है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है। अत: आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 6.6.2025 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

मुहर — नायब तहसीलदार, रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर छ.ग. राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन

रा.प्र.क्र./अ-6अ/वर्ष 2024-2025, रायपुर, दिनांक 05.05.2025
प्रति,
01. मनोहर लाल श्रीवास्तव पिता रघुबरदयाल श्रीवास्तव निवासी डूमरतालाब रायपुर छ.ग.
द्वारा-मालजमादार तहसील कार्यालय रायपुर (छ.ग.)

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि, आवेदकगण 01. दुर्गेश नंदनी साहू 02. दिलीप कुमार साहू 03. बालकृष्ण साहू, 04 विजय कुमार साहू, 06. शैलेन्द्र साहू, 06. सत्यप्रकाश साहू 07. सुनीता साहू 06. सरस्वती साहू, 00. सरोजनी साहू सभी पिता स्व. बुधराम साहू सभी निवासी साँई बाबा मेडिकल स्टोर्स महोबा बाजार रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र वास्ते अंतर्गत धारा 115 सह-पठित भारा-32 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1969 बाबा प्रस्तुत किया है कि, आवेदकगण की माता श्रीमती मानमती बाई साहू पत्नि श्री बुधराम साहू के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि मौजा ग्राम डुमरतालाब, प.ह.नं.-53. रा.नि.म. रायपुर-3 कोटा, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में खसरा नंबर-123/2 का टुकडा, रकबा 1199 + 1199 = 2398 वर्गफुट भूमि स्थित है जो कि आवेदकगण की माता श्रीमती मानमती बाई साहू के नाम पर राजस्व अभिलेख में खसरा नंबर-123/21 शामिल खसरा नंबर-123/22, रकबा 0.0200 हे. के रूप में दर्ज हुआ है। आवेदकगण की माता श्रीमती मानमती बाई साहू की मृत्यु दिनांक 21.01.2011 को तथा आवेदकगण के पिता श्री बुधराम साहू की मृत्यु दिनांक 17.11.2015 को हो चुकी है। आवेदकगण की माता श्रीमती मानमती बाई साहू की मृत्यु पश्चात् आवेदकगण विधिवत फौती नामांतरण वारिसान हक में आवेदकगण का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किया गया। प्रश्नाधीन भूमि पर आवेदकगण का नाम फौती नामांतरण के माध्यम से राजस्व अभिलेख में दर्ज होने पर सर्वप्रथम आवेदकगण को ज्ञात हुआ कि आवेदकगण की माता श्रीमती मानमती बाई साहू द्वारा प्रश्नाधीन भूमि को दो पृथक पृथक पंजीकृत विकय पत्र दिनांक 01.11.1975 के माध्यम से रकबा 1199 1199 2398 वर्गफुट अनावेदक मनोहर लाल श्रीवास्तव पिता रघुबरदयाल श्रीवास्तव से कय किया गया है। किंतु आवेदकगण की माता एवं प्रश्नाधीन भूमि की मूल भूमिस्वामीनी श्रीमती मानमती बाई साहू के नाम पर प्रश्नाधीन भूमि का कयशुदा रकबा 1199 + 1199 = 2398 वर्गफुट के स्थान पर रकबा 2,153 वर्गफुट ही दर्ज हुआ है जिसके कारण प्रश्नाधीन भूमि के कयशुदा रकबा में रकबा 245 वर्गफुट भूमि कम दर्ज हुआ है जो कि त्रुटिपूर्ण है वर्तमान में अनावेदक के नाम पर खसरा नंबर-123/2 रकबा 0.1830 हे. दर्ज है। अत: उपरोक्त त्रुटि को सुधार किये जाने का निवेदन किया गया है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है। अत: आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 20.05.2025 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

मुहर — नायब तहसीलदार, रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर-02-ए मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00077 नकटी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-20242544072500011

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00077 के अंतर्गत ग्राम नकटी के वर्तमान भूमिस्वामी महेन्द्रा स्ट्रिप्स प्रायव्हेट लिमिटेड द्वारा एडिशन डायरेक्टर मनीष भट्टाचार्य पिता/पति प्रशांत भट्टा चार्य पता पार्थिवी प्रोविन्स सरोना के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 15001/15 2.8326 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता महेन्द्रा स्ट्रीप्स प्रा. लि. द्वारा डायरेक्टर महेन्द्र अग्रवाल पिता/पति ईश्वर प्रसाद अग्रवाल पता प्लाट नं. 0.300, राधा कुंज समता कालोनी रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15.04.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर-02-ए पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर उद्घोषणा

**क्रमांक 5339/आर.सी./रा.वि.प्रा./25**
**रायपुर दिनांक 16/05/25**

प्राधिकरण की डॉ. खूबचंद बघेल, रांवाभाठा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत श्री कुलदीप सिंग पिता स्व. गोविन्दर सिंग को ब्लॉक 06 में भूखण्ड क्रमांक एसएस 1-14 क्षेत्रफल 215 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के आ.मु. श्रीमती सुखजीत सिंग पति श्री कुलदीप सिंग धालिवाल द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 16.05.25 को जारी।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर (छ.ग.)**

### AFFIDAVIT FOR NAME CHANGE AFTER MARRIAGE

I, GAGANDEEP KAUR, daughter of SUKHDEV SINGH, presently residing at H. No.05, Behind Anchal Nursing Home, Mahaveer Nagar, Purena, Telibandha, Raipur (C.G.), do hereby solemnly affirm and declare as under:

1. That I am a citizen of India, born on 17.06.1994 in Ramdas, Amritsar, Punjab.
2. That I was previously known by the name GAGANDEEP KAUR.
3.That I got married to Ramandeep Singh Malhi, son of Joginder Singh Malhi, on 07.03. 2025 in accordance with [religious/civil] rites and customs.
4. That after my marriage, I have changed my name from GAGANDEEP KAUR to GAGANDEEP KAUR MALHI and I shall hereafter be known as GAGANDEEP KAUR MALHI for all purposes.
5. That this affidavit is made to declare that GAGANDEEP KAUR and GAGANDEEP KAUR MALHI refer to one and the same person, and to request for the change of name in my passport and other official records.

**Deponent**

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर उद्घोषणा

**क्रमांक 5338/आर.सी./रा.वि.प्रा./25**
**रायपुर दिनांक 16/05/25**

प्राधिकरण की डॉ. खूबचंद बघेल, रांवाभाठा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत मेसर्स सालासर टी. हाउस द्वारा श्री सुनील खण्डेलवाल आत्मज स्व. रामअवतार खण्डेलवाल को ब्लॉक 14 में भूखण्ड क्रमांक एएस-06 क्षेत्रफल 538 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 16.5.25 को जारी।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर (छ.ग.)**

### PUBLIC NOTICE FOR CHANGE OF NAME

I, Deepika Sahu, W/o Thaneshwar Sahu and a resident of House no.03, Ward No. 01. Nayapara, Tarsinwa, Dhamtari, Chhattisgarh, wish to inform the public of my official name change to Deepika Sahu, which I have done through a solemn affirmation. I hereby formally relinquish and abandon my previous name Deepak and, from this day forward, will be recognized by New Name: Deepika Sahu. I kindly request that everyone henceforth address my name and recognize me as Deepika Sahu. I will now go by the name Deepika Sahu in all circumstances, including records, legal documents, personal interactions, and government and Non-governments records. This change is effective immediately and will be upheld on all occasions henceforth.

Raipur, Chhattisgarh.

Date:

**Deepika Sahu**
W/o Thaneshwar Sahu
House no.03, Ward No. 01
Nayapara, Tarsinwa
Dhamtari, Chhattisgarh

### न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.) फार्म अ

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री हर्ष कुमार रात्रे पिता श्री आनंद राम रात्रे निवासी म.नं. 56 ग्राम अडसेना तहसील व थाना खरोरा जिला रायपुर एवं कु. राजेश्वरी निषाद पिता श्री भुवन लाल निषाद निवासी म.नं. 17 ब्लाक 43 बी.एस.यू.पी. कालोनी सड्डू थाना विधानसभा जिला रायपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 12 जून, 2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 13 मई, 2025 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी रायपुर**

### न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.) फार्म अ

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री जीवन कुमार लोणे पिता श्री गंगाधर लोणे निवासी वार्ड नं. 70 मारूति मंदिर के पास साफल्य नगर वाडी बुदुक तहसील व जिला नांदेड महाराष्ट्र एवं कु. मनीषा बांधे पिता श्री धनसाय बांधे निवासी हाउस नं. 77 वार्ड नं. 6 ग्राम डोमा तहसील व जिला रायपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 25 मई, 2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 25 अप्रैल, 2025 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी रायपुर**

### न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.) फार्म अ

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री सेतप्रकाश महिलांग पिता श्री नंद कुमार महिलांग निवासी ग्राम अछोली पो. भैंसा थाना खरोरा तहसील आरंग जिला रायपुर एवं कु. रीतु यादव पिता श्री रामदयाल यादव निवासी ग्राम खोरसी पो. भैंसा थाना खरोरा तहसील आरंग जिला रायपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 12 जून, 2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 13 मई, 2025 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी रायपुर**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 05 मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-धरसींवा प.ह.नं. 00001 पंडरभट्टा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440716100005

तहसील धरसींवा के प.ह.नं. 00001 के अंतर्गत ग्राम पंडरभट्टा के वर्तमान भूमिस्वामी विमल कुमार साहू पिता/पति आर.पी. साहू पता कबीर नगर रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 302/5 0.2020 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्री अभिषेक कुमार साहू पिता/पति श्री विमल कुमार साहू पता निवासी बैंगलुरू के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09.06.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 05 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय तहसीलदार धरसींवा मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-धरसींवा प.ह.नं. 00086 रावांभाठा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440720300127

तहसील धरसींवा के प.ह.नं. 00086 के अंतर्गत ग्राम रावांभाठा के वर्तमान भूमिस्वामी गणेश गैरेज प्रोपराईटर मूल शंकर पटेल पिता/पति स्व. पुंजा भाई पटेल पता पुंजा भाई पटेल एण्ड ब्रदर्स एस.बी. कॉलोनी न्यू टिम्बर मार्केट रोड फाफाडीह रायपुर छ.ग. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 15005/48 0.0223 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता हेमलता मूलशंकर पिता/पति मूल शंकर पटेल पता रावांभाठा, दिवेश पटेल पिता/पति मूल शंकर पटेल पता रावांभाठा, शीतल जय भिमाणी पिता/पति मूल शंकर पटेल पता रावांभाठा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार धरसींवा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार धरसींवा

### न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

क्रमांक/क्यू/वाचक/तह./2025
मंदिर हसौद, दिनांक 15.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक आशीष कुमार अग्रवाल पिता महाबीर प्रसाद अग्रवाल, निवासी-हाउस नंबर 2003, फेस-02, आमासिवनी, स्वर्णभूमि, रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम-नकटा, प.ह.नं.-14, रा.नि.मं.-मंदिर हसौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 882/1, 88/4, 884/2 रकबा क्रमश: 0.3733, 2.7584, 0.0410 हे. भूमि के पुराने बी-1 मे मेसर्स रिलायब इंफ्रा भागीदार आशीष कुमार अग्रवाल पिता महाबीर प्रसाद अग्रवाल, मेसर्स गणपति एग्री पिसरवर्स प्रा.लि. डायरेक्टर आशीष कुमार अग्रवाल महाबीर प्रसाद अग्रवाल का नाम उल्लेख किया हुआ था जो कि वर्तमान मे मेसर्स रिलायबल इंफ्रा भागीदार आशीष कुमार अग्रवाल पिता महाबीर प्रसाद अग्रवाल का नाम दिखा रहा है जबकि रिलायबल इंफ्रा में तीन पार्टनर है जिसका उल्लेख बी-1 में नहीं दिखा रहा है। आवेदक के द्वारा त्रुटि सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 30.05.2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अत: यह ईश्तहार आज दिनांक 15.05.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार मंदिर हसौद

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, BABI BAI TALREJA W/O BHAJAN DAS TALREJA resident of H.NO. 502 DHAMTARI ROAD SHADANI NAGAR BORIYAKALA MANA RAIPUR (C.G.) have changed my old name BABI BAI TALREJA W/O BHAJAN DAS TALREJA so in future I should be recognized by my new name that is BABY BAI W/O BHAJAN DAS TALREJA in all Government and other documents.

**BABY BAI**
H.NO. 502 DHAMTARI ROAD
SHADANI NAGAR
BORIYAKALA MANA
RAIPUR (C.G.)

### न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

क्रमांक/क्यू/वाचक/तह./2025
मंदिर हसौद, दिनांक 15.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक गेंदलाल ढीढी पिता पुनउ ढीढी, निवासी-ग्राम बरौदा, पो. माना कैम्प, तहसील-मंदिर हसौद, जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम-रमचंडी, प.ह.नं.-23, रा.नि.मं. पलौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 920/292 रकबा 0.1010 हे. भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेख मे आवेदक के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है, जिसका मूल ऋण पुस्तिका पूर्व मे प्राप्त हुआ था, जो असावधानिपूर्वक कही गुम हो गया है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि के डुप्लिकेट ऋण पुस्तिका जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय मे दिनांक 30.05.2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अत: यह ईश्तहार आज दिनांक 15.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार मंदिर हसौद

### न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

क्रमांक/क्यू/वाचक/तह./2025
मंदिर हसौद, दिनांक 15.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक गेंदलाल ढीढी पिता पुनउ ढीढी, निवासी-ग्राम बरौदा, पो. माना कैम्प, तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम-रमचंडी, प.ह.नं.-23, रा.नि.मं. पलौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 920 रकबा 0.1010 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर भूमिस्वामी हक मे दर्ज है जो पैतृक संपत्ति है। आवेदित भूमि ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड मे आवेदक भूमिस्वामी का नाम दर्ज है तथा आवेदित भूमि खसरा नंबर का नक्शा मे रिक्त स्थान दर्शित है जिसमे कोई भी खसरा नंबर दर्ज नही है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि की ऑनलाईन रिकार्ड मे नक्शा खसरा नंबर संहित दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति का दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 30.05.2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अत: यह ईश्तहार आज दिनांक 15.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार मंदिर हसौद

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**

**ईश्तहार**

**पत्र क्र./20523/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024**
**रायपुर, दिनांक 14.09.2024**
**नामांतरण प्र.क्र. 20523**
**वार्ड का नाम- 53-बाबू जगजीवनराम वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR446H00249 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MANORAMA DEVI ARORA पिता/पति श्री/श्रीमती ..... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री विनोद अरोरा पिता/पति श्री/श्रीमती पिता स्व. के.एस. अरोरा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**श्री विवेकानन्द दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन (10)**
**नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री हर्षित शर्मा पिता श्री योगेन्द्र शर्मा की संपत्ति जो की खसरा नं. 983/1 एवं 984/2, रकबा 5160 एवं 4840 वर्गफुट कुल रकबा 10000 वर्गफुट ग्राम शंकर नगर (खम्हारडीह), वी.आई.पी. स्टेट, डॉ. भीमराव अम्बेडकर वार्ड नं. 27, प.ह.नं. 110/63, रा.नि.म. रायपुर-8-शंकर नगर, तहसील एवं जिला रायपुर में स्थित हैं। जिसको बेचने का शौदा कर चुके है जिसका विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन होना शेष है। उपरोक्त संपत्ति का पूर्व दो विक्रय विलेख जिसको क्रेता श्रीमती कविता गोयल व अन्य ने विक्रेता श्री विभाष तिवारी से क्रय कर उप-पंजीयक कार्यालय रायपुर में दिनांक 12.11.2010 का दस्तावेज क्र. 4431 एवं इसके पूर्व क्रेता श्री विभाष तिवारी ने विक्रेता मेसर्स आ.पी. रियल इस्टेट प्रा. लि. से क्रय कर उप-पंजीयक कार्यालय रायपुर में दिनांक 20.11.1998 का दस्तावेज क्र. 7610 देकर कर पंजीकृत किया गया है। जिसकी मूल प्रति कहीं गुम हो गई है। उक्त गुमा पुर्व विक्रय विलेख के संबंध में विधानसभा थाना, जिला रायपुर में दिनांक 07.05.2025 को सुचना दी जा चुकी है।

अत: उपरोक्त वर्णित संव्यवहार के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, फर्म, संस्था, बैंक, महाजन, शासकीय एवं अर्धशासकीय निकाय इत्यादि को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि के 07 (सात) दिनों के भीतर मय दस्तावेज के साथ मेरे कार्यालय में प्रत्यक्ष रुप से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति दर्ज करावे। समयावधि बीतने के पश्चात् की गई आपत्ति अवैध एवं शून्य समझी जावेगी। तथा मेरे पक्षकार पर लागू एवं बंधनकारी नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

दिनांक 07.05.2025
स्थान रायपुर

**भवदीय**
**आशुतोष मिश्रा (अधिवक्ता)**
**आफिस-एफ-3, मॉर्डन कॉम्पलेक्स,**
**लालगंगा सिटी मार्ट के बाजू, रायपुर**
**छ.ग. मो. 94255-48998**

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, NAJMU SHAKIL S/O YUSUF ALI resident of M D 29 HOUSING BOARD COLONY KOTA RAIPUR (C.G.) have changed my old name NAJMU SHAKIL S/O YUSUF ALI so in future I should be recognized by my new name that is NAJMU SAKIB S/O YUSUF ALI in all Government and other documents.

**NAJMU SAKIB**
M D 29 HOUSING BOARD
COLONY KOTA
RAIPUR (C.G.)

### शपथपत्र

मै विशाल निनावे, पिता श्री सुधारक निनावे, निवासी बंगलो नंबर 25, वुड्स इस्टेट, ऐश्वर्या किंग्डम के पास, कचना, खम्हारडीह रोड, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. जो कि निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूं कि :-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि, मेरे समस्त दस्तावेजो में मेरे पिता जी का नाम सुधाकर निनावे दर्ज है।
3. यह कि मेरे नाम पर पासपोर्ट क्रमांक पी 9464480 जारी किया गया है जिसमे मेरे पिता जी का नाम सुधाकर राव निनावे दर्ज है।
4. यह कि उक्त दोनो नाम सुधाकर निनावे एंव सुधाकर राव निनावे एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे पिता जी का ही नाम है तथा उक्त दोनो नामो में किसी भी प्रकार की वाद विवाद की स्थिति में मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।
5. यह कि मेरे भविष्य के समस्त दस्तावेजो में मेरे पिता जी का सही एवं दस्तावेजी नाम सुधाकर निनावे ही दर्ज किया जावे।
6. यह कि यह शपथपत्र मेरे द्वारा अपने उक्त कथनो की सत्यता के समर्थन में सादर प्रस्तुत कर रहा हूं।

**शपथकर्ता**
**विशाल निनावे**
निवासी बंगलो नंबर 25, वुड्स इस्टेट, ऐश्वर्या किंग्डम के पास, कचना, खम्हारडीह रोड, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

# जनता की समस्या से रूबरू होने जनता के द्वार तक पहुंच रही सरकार: सांसद चौधरी

## शहर के लोहिया चौक में समाधान शिविर का आयोजन




स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की दी गई जानकारी, हितग्राहियों को राशन कार्ड व पेंशन स्वीकृति पत्र वितरित किया गया

**महासमुंद,** 16 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र का दूसरा समाधान शिविर शुक्रवार को लोहिया चौक वार्ड क्रमांक 20 में आयोजित किया गया। शिविर में 10 वार्डों के नागरिकों ने भाग लिया और विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। संबंधित विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। शिविर में हितग्राहियों को राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृति पत्र वितरण किया एवं गोद भराई और अन्नप्राशन रश्म सम्पन्न कराया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी शामिल हुए। कार्यक्रम में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अध्यक्षता की। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक विमल चोपड़ा, नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, स्थानीय पार्षदगण एवं अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, एसडीएम हरिशंकर पैकरा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी.कर्मचारी और बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। अतिथियों ने सर्वप्रथम विभागीय स्टॉल का निरीक्षण कर विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली एवं हितग्राहियों से भी बातचीत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि जनता की मांग और समस्याओं के समाधान के लिए यह शिविर एक कड़ी की भांति है। जहां समस्याओं का समाधान पात्रतानुसार अधिकारीगण कर रहें हैं। सांसद श्रीमती चौधरी ने शिविर में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लें और निर्धारित समय सीमा में समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाएं तभी सार्थक होंगी जब उसका लाभ आम जनता तक सुगमता से पहुँचे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि आम जनता की समस्याओं का निदान उनके गांव घरों में जाकर किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्या से रूबरू होने जनता के द्वार में ही शिविर लगाया गया है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय की सरकार ने अपने वादों को धरातल पर उतारते हुए जनता के विश्वास को मजबूती दी है। उन्होंने कहा कि सरकार अब खुद जनता के द्वार पर पहुंच रही है और मौके पर ही उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। उन्होंने कहा कि विष्णु के सुशासन में जनता की हर मांग पूरी की जाएगी। सभी योजनाओं का लाभ पात्रतानुसार अवश्य उठाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 5 मई से लगातार गांवों का दौरा कर रहे हैं और वहां के लोगों से सीधा संवाद कर रहे हैं। वे यह जानने का प्रयास कर रहे हैं कि सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों को वास्तव में मिल रहा है या नहीं। उन्होंने नागरिकों से अपील किया कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नागरिकों के द्वारा दिए गए आवेदनों का निराकरण अवश्य होगा। समाधान शिविर में अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पार्षदगण हरबंश सिंह ढिल्लों, पीयूष साहू, धनेन्द्र चंद्राकर, निश्चय चंद्राकर, रिंकू चंद्राकर, शेखर बेलदार, मुन्ना देवार, महेन्द्र सिक्का, सतपाल सिंह पाली, हनीष बग्गा, पूर्व पार्षद महेन्द्र जैन, अरविन्द प्रहरे एवं नगरपालिका अधिकारी अशोक सलामे आदि मौजूद थे।

# खड़ी ट्रक को दूसरी ट्रक ने ठोकर मारी, 1 की मौत



**महासमुंद,** 16 मई (देशबन्धु)। शुक्रवार की सुबह एनएच 353 पर एक ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी दूसरी ट्रक को पीछे से ठोकर मार दी जिसमें एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेजा।

मिली जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक ओ जी 18 एल 7869 के चालक ने रायगढा ओडीशा से पेपर लोड किया और रायपुर के लिए रवाना हुआ। स्कूल की छुट्टियां होने के कारण उसका भतीजा रमनापुरा जिला रायगढा ओडिशा निवासी रवि पतराय घूमने के उद्देश्य से ट्रक बैठ गया। सुबह करीब 5 बजे जब वह राष्ट्रीय राजमार्ग 353 से होते हुए रायपुर जा रहा था तभी लभरा झालखम्हरिया के बीच फिंगेश्वर मोड़ के आगे चालक ने लापरवाही पूर्वक ट्रक चलाते हुए सड़क किनारे खड़ी ट्रक क्रमांक सीजी 04 आर एल 8663 को पीछे से जोरदार ठोकर मार दी। घटना में ट्रक के आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रत हो गया और रवि पतराय की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर मृतक के परिजनों को जानकारी देकर शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा।

## संभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक 21 मई को

**जगदलपुर,** 16 मई (देशबन्धु)। कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह की अध्यक्षता में संभाग में विभिन्न विभागों में संचालित कार्यों के संबंध में संभागीय स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक 21 मई 2025 को मध्यान्ह 12 बजे कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है।

---

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्वसाधारण व आम जनता निवासी ग्राम मोफसरा प.ह.नं. 15 तहसील नांदघाट जिला-बेमेतरा (छ.ग.) को सूचना प्रकाशित किया जाता है आवेदक श्री परदेशी दिव्य पिता तिलुक दिव्य जाति सतनामी साकिन भोपसरा पह.नं.15 ने आवेदन पत्र वास्ते मृत्यु पंजीयन करने बाबत् आवेदन पेश किया गया है. कि अपने पिता स्व. तिलुक दिव्य पिता सिरदारी दिव्य का मृत्यु दिनांक 06/04/2015 में ग्राम भोपसरा में हुआ है। जिसका मृत्यु पंजीयन मूलवश: आज तक दर्ज नहीं करा पाये है जिसका मृत्यु पंजीयन का प्रमाम पत्र प्रदान करने बाबत निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त के मृत्यु पंजीयन में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 30/05/2025 तक अपना आपत्ति एवं दावा कर सकते है। तत्पश्चात् बाद में प्राप्त आपत्ति एवं दावों पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

अत: दिनांक 15/05/2025 को मेरे स्वत: के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील — कार्यपालिका दण्डाधिकारी नादंघाट

---

# धमतरी में उपद्रवी हुए बेकाबू, पुलिस ने छोड़े अश्रु गैस के गोले और भांजी लाठियां



- पुलिस लाईन में धमतरी पुलिस द्वारा आपात स्थिति से निपटने किया गया बलवा ड्रिल का अभ्यास
- पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनरल परेड के दौरान किया जा रहा है, नये नये प्रयोग के साथ अभ्यास एवं प्रशिक्षण

**धमतरी,** 16 मई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देश पर विपरीत परिस्थितियों पर उग्र हो रहे प्रदर्शनकारी, दंगाइयों से कैसे निपटें और शांति व्यवस्था कैसे नियंत्रित करें को दृष्टिगत रखते हुए आज रक्षित केंद्र धमतरी के परेड ग्राउंड में बलवा ड्रिल परेड का अभ्यास किया गया है।

शुक्रवार की सुबह रक्षित केंद्र धमतरी में अभ्यास के दौरान पुलिस व पब्लिक पर पथराव कर रहे दंगाइयों को तितर-बितर कर नियंत्रित करने का अभ्यास किया गया। रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा द्वारा बलवा मॉकड्रिल रिहर्सल परेड में पुलिस जवानों की अलग-अलग टीम बनाई गई, जिसमें टियर गैस पार्टी, केन पार्टी, लाठी पार्टी, राइफल पार्टी, मेडिकल पार्टी को अपना-अपना कार्य तय कर दिशा निर्देश दिए गए। इसके उपरांत विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों से पुलिस ने बात की एवं समझाने की कोशिश की किन्तु लोगों की भीड़ अचानक उग्र हो गई एवं पुलिस पर पथराव करने लगे। यह देख पुलिस ने पहले उन्हें चेतावनी दी।

मॉक ड्रील के दौरान बलवाई नहीं माने तो टियर गैस के गोले दागे गए तब भी प्रदर्शनकारी सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे थे, तब पुलिस द्वारा अनाउंसमेंट कर चेतावनी दी गई, किन्तु प्रदर्शनकारियों को उग्र होता देख कर पुलिस टीम द्वारा लाठी चार्ज भी किया गया। इसके उपरांत बेकाबू भीड़ को रोकने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान से बचाने के लिए मजिस्ट्रेट के आदेश उपरांत 05 राउंड फायर किया गया, जिसमें कुछ प्रदर्शनकारी घायल हो गए एवं कुछ पुलिसकर्मी भी घायल हुए जिन्हें उपचार हेतु डॉक्टर की टीम द्वारा एम्बुलेंस से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।

बलवा मॉकड्रिल में दोनों ही भूमिकाओं में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी थे। कानून-व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए तथा विपरीत परिस्थितियों में भीड़ पर नियंत्रण पाने के लिए अमले को प्रशिक्षण देने और अपनी क्षमताओं की परख करने के लिए समय-समय पर इस तरह की मॉकड्रिल आयोजित की जाती है, ताकि कानून व्यवस्था ड्यूटी, धरना-प्रदर्शन इत्यादि के दौरान विपरित परिस्थितियों में पुलिसकर्मी अपने आप को सुरक्षित रखते हुए अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन कर भीड़ नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा हुए बलवा ड्रील का समीक्षा कर उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को बलवा ड्रील से संबंधित प्रश्न का सही जवाब देने वाले 6 अधिकारी-कर्मचारियों को उत्साहवर्धन के लिए सहायक उप निरीक्षक प्रेमलाल सिन्हा, उत्तम निषाद, आरक्षक रूपेन्द्र साहू, महिला आरक्षक सुनीता साहू को 100-100 रूपये का नगद ईनाम एवं सहायक उप निरीक्षक बिरेन्द्र बैस एवं आरक्षक गणपत साहू को 'प्रशंसा' दी गई। पुलिस कर्मियों को विभिन्न पहलुओं पर जानकारी भी दी गई है।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एसडीओपी.नगरी) शैलेन्द्र पांडेय, उप पुलिस अधीक्षक भावेश साव, एसडीओपी. कुरूद रागिनी मिश्रा, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा सहित थाना प्रभारी कोतवाली, रूद्री, भखारा, सिहावा सहित एवं जिले के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

---

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MADHUKESH TIWARI S/O SATYENRDRA NARAYAN TIWARI resident of ZONE 1,STREET NO 2D, DINKAR PATH NEW ADARSH NAGAR DURG (C.G.) 491001 have changed my old name MADHUKESH TIWARI S/O SATYENRDRA NARAYAN TIWARI so in future I should be recognized by my new name that is MADHUKESH KUMAR TIWARI S/O SATYENRDRA NARAYAN TIWARI in all Government and other documents.

**MADHUKESH KUMAR TIWARI**
ZONE 1,STREET NO 2D,DINKAR PATH NEW ADARSH NAGAR DURG (C.G.) 491001

---

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता एक निर्माण विभाग ( भ/स ) संभाग राजनांदगांव ( छ.ग. )**

**निविदा आमंत्रण सूचना ( प्रथम आमंत्रण )**

निविदा विज्ञप्ति क. 3563/04/ नि.वि./ लोनिवि / 2025-2026 दिनांक 15/05/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 04/06/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने अंतिम तिथि : 12/06/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक की
3. निविदा खोलने की तिथि : 13/06/2025 अपरान्ह 11.30 बजे

| एन.आई. क्रं. निविदा क्रं. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत ( लाख में ) |
|---|---|---|
| 4 T.0017 | उपसंभाग क्रमांक 1 राजनांदगांव के अंतर्गत पेटी बाजार सामग्री प्रदाय कार्य | 5.00 |
| 4 T.00.18 | उपसंभाग क्रमांक 2 राजनांदगांव के अंतर्गत पेटी बाजार सामग्री प्रदाय कार्य | 5,00 |
| 4 T.0019 | उपसंभाग डोगरगढ़ के अंतर्गत पेटी बाजार सामग्री प्रदाय कार्य | 5.00 |

उपरोक्त निविदा की जानकारी विभागीय वेब पोर्टल www.cg.nic.in/pwdraipur से भी अवलोकन किया जा सकता है ।

टीप- ऑन लाईन से डाउनलोड किया गया निविदा फार्म को प्रेषित करने पर मान्य नहीं किया जावेगा, इस कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा फार्म हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर ही निविदा फार्म प्रदास किया जावेगा ।

जी-252600952 — कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग ( भ/स ) संभाग, राजनांदगांव ( छ.ग. )

---

**न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**क्रमांक/2315/तह./वाचक/2025**
**बागबाहरा, दिनांक 13/5/2025**
**रा.मा.क्र......ब/121 वर्ष 2024-25**
**ग्राम- तेन्दुलोथा प.ह.नं. 56 तहसील बागबाहरा**

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम तेन्दुलोथा प.ह.नं. 56 रा.नि.मं. बागबाहरा तहसील बागबाहरा, जिला महासमुन्द (छ.ग.) को सूचित किया जाता है आवेदक/आवेदिका हेमलता सोनी पिता भरत लाल जाति सोनार निवासी ग्राम तेन्दुलोथा तहसील बागबाहरा, जिला महासमुन्द द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मेरे भतीजी प्रियंका सोनी जाति सोनार की जन्म दिनांक 11.02.1994 को हो गई है। जन्म प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है। जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावे। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उजर दावा या आपति हो, तो पेशी तिथि 27/5/2025 को न्यायालयीन अवधि में लिखित में उजर दावा या आपत्ति स्वत: या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत समय बाद प्राप्त उजर दावा या आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 13/5/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार बागबाहरा

---

**आम सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार वीना तिवारी की पैतृक संपत्ति ग्राम नहरनी प. ह .न. 5 तहसील भानपुरी जिला बस्तर छग में स्थित खतरा नं0 136, 148, 222. 281, 292 325, कुल खसरा 6 कुल रकबा 5.63 हे. भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। उक्त भूमि पैतृक भूमि है। वर्तमान खाता में निखिल पिता जितेन्द्र के अलावा मेरे पक्षकार वीना तिवारी का भी अधिकार पैतृक संपति होने से है। राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज होने का लाभ लेकर निखिल पिता जितेन्द्र के द्वारा उक्त संपत्ति को अन्यत्र विक्रय का प्रयास किया जा रहा है। तथा उपरोक्त भूमि पर विवाद है मेरी बिना अनुमति के उपरोक्त भूमि का विक्रय अथवा विक्रय अनुबंध निष्पादित करेंगे तो वह अवैधानिक एवं शून्य होगा। तथा मेरे पक्षकार को इस बात की आशंका है कि वर्तमान भूमि स्वामी/विक्रेता उस भूमि को बिना मेरे पक्षकार के सहमति के अन्य को विक्रय कर सकता है इसलिए उक्त भूमि का पंजीयन मेरे पक्षकार के अनुमति के बिना ना करें। अन्यथा विवाद की समस्त जवाबदारी क्रेता की होगी।

उपरोक्तानुसार मेरे पक्षकार के निर्देशानुसार एंव जानकारी के आधार पर आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोका भूमि के संबंध में कोई भी संविदा, विक्रय पत्र कर निषादन न करें। यदि संविदा या विक्रय पत्र का निष्पादन किया जाता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व क्रेता का होगा तथा उसकी स्थिति सद्भाविक क्रेता की नहीं होगी।

**स्थान-जगदलपुर**
**दिनांक -16/05/2025**

आवेदक वीना तिवारी, द्वारा-अधिवक्ता झरना बांगर, अधिवक्ता जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग.

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं-10) अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
Email ID - rmczone10@gmail.com

**पत्र क्रं/20602/न. पा. नि./जोन क्रं-10 /2025 रायपुर, दिनांक 15.05.2025**

**इश्तिहार**

**नामंतरण प्र.क्र. 20602**
**वार्ड का नाम 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR446P00401** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **Brijlata Gaud** पिता / पति श्री/श्रीमती **W/O G.P. Gaud** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **Bharti Pandey** पिता / पति श्री/श्रीमती **W/O Late Santosh Kumar Pandey** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

"सूचना जारी करें"

श्री विवेकानन्द दुबे (जोन कमिश्नर) जोन (10) नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) कांकेर संभाग-कांकेर**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक-1608/NIT-3/2025-2026/ व ले लि — दिनांक -13/05/2025

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन - प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 26/05/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक |
| ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें - प्राप्त करने की अंतिम तिथि: | 02/06/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि - | 03/06/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे |
| निविदा प्रपत्र की कीमत (रु.में) | -A= 750.00 |
| निविदाकारों की श्रेणी - | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी "द" से "अ" तक |

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम/ No Of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख मे)अमानत राशि (रु.मे)बैंक साल्वेंसी (रु.में) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 3 T0023 | जिला मुख्यालय उत्तर बस्तर (कांकेर) में कॉन्फ्रेंस हॉल का निर्माण। प्रथम आमंत्रण | 6.70 5025.00 100500.00 | 02 माह 15 दिवस वर्षा ऋ्रतु सहित |

निविदा शर्तें -

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.pwd.cg.nic.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र मे उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

G-252600871 — कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भ/स) कांकेर संभाग-कांकेर

---

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, विधानसभा संभाग, रायपुर**

क्रमांक-2249/NIT-03/2025-2026/व.ले.लि. — दिनांक 14/05/2025

**प्रथम आमंत्रण**

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कने की अंतिम तिथि | -27/05/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की तिथि | -28/05/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक |
| ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त कराने की अंतिम तिथि | - 02/06/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | -03/06/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक |

| एनआईटी क्र.निविदा क्र. | कार्य का नाम/ NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख मे)अमानत राशि(रु.मे) साल्वेंसी राशि (रु.में) |
|---|---|---|
| 2T0010 | जिला रायपुर के गोंदवारा सरोरा-उरला बाई पास मार्ग तक सड़क निर्माण कार्य लंबाई 4.00 कि.मी. | 9.43 7073.00 141450,00 |

// नियम व शर्तें //

1. ई पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी द से अ तक।
2. कार्य की अवधि T0010.-06 माह है।
3. निविदा प्रपत्र की कीमत 750/- है।
4. हस्तगत कार्यों की सूची (Work in hand) की जानकारी एनेक्झर-II में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
5. वैध जी.एस.टी. नंबर / वैध बैंक साल्वेंसी / वैध पंजीयन प्रमाण पत्र/ई.पी.एफ नंबर होना अनिवार्य है।
6. निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

G-252600891 — कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि., विधानसभा संभाग रायपुर ( छ.ग. )

---

**समक्ष न्यायालय एल.एल. नवरत्न, जिला न्यायाधीश बालोद, जिला बालोद ( छ.ग. )**

**मुकदमें के बारे में नोटिस**

(सिविल प्रोसीजर कोड ऑर्डर 5 रूल्स 1 और 5)

व्यवहार अपील क्र./21 अ/2025
नियत पेशी दिनांक 05.07.2025
प्रो.क्र.-797/2025
श्रीमती मंटोरी बाई व अन्य ... अपीलार्थीगण
विरूद्ध
आम जनता ..... उत्तरवादी
बनाम-आम जनता, (जिनका संबंध इस प्रकरण से हो)
पता-ग्राम रेंगाडबरी, तहसील डौण्डीलोहारा, जिला बालोद (छ.ग.)

क्योंकि अपीलार्थीगण श्रीमती मंटोरा बाई व अन्य ने उत्तरवादी आम जनता (जिनका इनसे संबंध हो मृतक लेखुराम निषाद) पता- ग्राम रेंगाडबरी, तहसील डौण्डीलोहारा जिला बालोद (छ.ग.) के विरूद्ध इस न्यायालय में व्यवहार अपील का मुकदमा दायर किया है, इसलिए यदि कोई भी व्यक्ति जो इस मुकदमें में संबंध रखता है तो इस नोटिस के जरिये तुम्हे हुक्म होता है कि तुम इस अदालत में तारीख 05.07.2025 को दिन के 11 बजे खुद या ऐसे वकील के मार्फत जिसे कि तुम मुकदमें की बाते ठीक-ठीक तौर से समक्षा दी गई हो और जो मुकदमें के बारे में कुछ जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या जिसके साथ कोई ऐसा आदमी मौजुद हो जो कि, ऐसे सवालात का जवाब दे सके) मुकदमें का जवाब देने के लिए हाजिर हो जाओ और तुम्हारी हाजिरी के लिए मुकर्रर किया हुआ दिन मुकदमें के सुनवाई के वास्ते रखे जाने की वजह से तुम्हें इस तारीख को ऐसे सभी गवाहों और दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रखना होगा, कि जिस पर तुम अपने बचाव की पुष्टि के लिए भरोसा रखना चाहते हो। तुम्हे ताकिद की जाती है कि यदि तुम तारीख मजूकर 05.07.2025 पर हाजिर न होओगे, तो तुम्हारे गैरहाजिरी में मुकदमें की सुनवाई होकर उसका फैसला किया जावेगा, यदि मुकर्रर तारीख को अवकाश घोषित हो जावे या कार्य स्थगित हो जावे या मेरे स्वयं के अवकाश पर रहने से प्रकरण की सुनवाई उसके अगले कार्य दिवस पर नियत किया जावेगा। आज दिनांक 15.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर से से जारी किया गया।

मुहर — एस.एल.नवरत्न, प्रधान जिला न्यायाधीश बालोद, जिला बालोद ( छ.ग. )

---

**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक ब/121
ग्राम गिधवा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुंज बिहारी साहू पिता श्री स्व. श्रवण कुमार ग्राम गिधवा तहसील आरंग द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने दादा स्व. पुनारदराम साहू के मृत्यु दिनांक 29.06.1992 है। का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है ताकि मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 14.05.2025 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 29.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार आरंग

---

**शपथ पत्र ( नाम परिवर्तन )**

में श्रीमती देववती रजक धर्मपत्नी स्व. हरिश्चन्द्र निर्मलकर, आयु 50 वर्ष, निवासी वार्ड नं.- 2, गांधी चौक, रुआबांधा भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) की हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं। यह कि, में उपरोक्त दर्शित पते की निवासी हूँ। यह किए मेरे नाम से भारतीय स्टेट बैंक शाखा सेक्टर 10 भिलाई में बचत खाता संचालित है जिसका एकाउन्ट नंबर 34356450623 है। उक्त पासबुक/ बैंक खाता में मेरा नाम श्रीमती देववती निर्मलकर अंकित हो गया है। यह किए मेरे आधार कार्ड क्रमांक 4451 5959 7846 एवं पैनकार्ड DNLPB1314P में मेरा नाम देववती रजक अंकित है। यह कि, श्रीमती देववती रजक एवं देववती निर्मलकर एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही नाम है। यह कि, मैं अपने बैंक पासबुक/बैंक खाता में मेरा नाम श्रीमती देववती रजक रखना चाहती हूँ जो कि मेरे आधार कार्ड एवं पैनकार्ड में अंकित। अत: यह शपथ पत्र मेरे बैंक पासबुक/बैंक खाता में मेरा नाम श्रीमती देववती रजक अंकित करने हेतु सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करती है

शपथकर्ती — श्रीमती देववती रजक

---


**COROMANDEL INTERNATIONAL LIMITED**

**Regd. Office :** Coromandel House, 1-2-10, Sardar Patel Road, Secunderabad-500003 (A.P.)
**Regional Marketing Office :** Benchmark Business Park, 8th Floor, Unit No. 811, 812, 814 to 817, Block No. A-3, Near Satya Sai Square, Indore-452010

**NOTICE INVITING TENDERS**
**Storage, Handling and Transport Contracts**

Coromandel International Limited, Indore, MP (Formerly Coromandel Fertilizers Limited) invites sealed Tenders from the Experienced, Financially sound parties of the Storage Rake Handling and Transport Contracts at the following Place in Madhya Pradesh, Chhattisgarh & Gujarat State.

**MADHYA PRADESH : Bargawan, Biaora, Burhanpur, Daloda, Damoh, Datia, Dewas, Gadarwara, Garoth, Guna, Indore, Jukehi (Katni), Khandwa, Lidhora Khurd (Sagar), Mahidpur Road, Mandsaur, Neemuch, Pachore, Rewa, Saank (Morena), Shajapur, Tikamgarh & Vikram Nagar.**

**CHHATTISGARH : Kharsia, Akaltara, Tilda, Parlinala (Rajnandgaon), Jagdalpur & Bhatapara.**

**GUJARAT: Bardoli (Navsari), Bhavnagar, Junagarh & Shidhpur (Mehsana)**

Interested parties may apply for obtaining tender document at our Divisional Office. Indore, MP, Duly furnishing the following information / document.

1. Name of Firm/Authorized Person, Address, Phone / Fax Number, E-mail address.
2. Credentials and Bank Solvency for ₹ 10 Lakh (Copy of Certificate issued by bankers to be enclosed).
3. List of Similar Experience for the last 3 years.
4. Latest Income Tax clearance certificate (Copy to be enclosed).

Application with required particular shall be submitted to the undersigned at the above address within a week with a non refundable fee of ₹ 2000/- (By DD) drawn in favour of Coromandel International Limited payable at Indore.

Tender will be received in the office by 05.06.2025 in sealed envelope to be sent by govt. speed post or regd. post only to **Mr. Satanand Sharma,** Dy. Mgr Warehousing.
**ADD** : Benchmark Business Park, 8th Floor, Unit No. 811, 812, 814 to 817, Block No. A-3, IDA Scheme No. 54, PU-4, Near Satya Sai Square, Indore-452010

Tender will be opened on 12:00 Hrs. Date 07.06.2025 before committee and the tender result will be intimated to you. Coromandel reserves the right to accept / refuse any application without assigning any reason.

For further details please Call: 9826807244, 9111000334, 9826800436, 9425327124, 9752542543 & 9977215847.

**- Regional Business Head (Sales & Marketing)**


---

**कार्यालय, नगर पंचायत राजिम, जिला-गरियाबंद ( छ.ग. )**

दूरभाष 07701-235036 फैक्स नं. 07701-235036 E-mail-emorajimnagarv@gmail.com

क्रमांक/58/न.पं./लो.नि.वि. / 2025-26 — राजिम, दिनांक 16/05/2025

**// द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना//**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. Date of issue of Tender :- 17.05.2025
2. Last Date for Online Submission for Technical & Finacial Bid :- 30.05.2025
3. Last Date for Submission of physical bid :- 02.06.2025
4. Bid Open Date :- 02.06.2025

| क्रं. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत ( रू.लाख में ) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | समय सीमा | अमानत राशि, निविदा प्रपत्र शुल्क एवं 100 रू. स्टाम्प पेपर युक्त फिजिकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 168745 | वार्ड क्रं. 04 में शीतला तालाब का जीर्णोद्वार कार्य। | 48.13 लाख | 36100.00 | 1500.00 डी.डी. | 06 माह | 02.06.2025 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पंचायत राजिम

# झुरानदी में बिना पूर्व सूचना पहुंचे मुख्यमंत्री चौपाल लगाकर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

■ झुरानदी गांव में बरगद पेड़ की छांव में लगी मुख्यमंत्री की चौपाल



**खैरागढ़,** 16 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सहजता और सरलता से झुरानदी गांव के ग्रामीण अभिभूत हो उठे। तपती दोपहरी में मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर अचानक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के ग्राम झुरानदी में उतरा। बिना किसी पूर्व सूचना के मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर ग्रामीणों को हर्ष मिश्रित आश्चर्य हुआ। मुख्यमंत्री ने गांव के बरगद पेड़ की छांव में चौपाल लगाई और बेहद आत्मीय अंदाज में ग्रामीणों से संवाद किया। देखते ही देखते पूरा गांव उमड़ पड़ा और माहौल उत्सव जैसा बन गया। मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री साय ने ग्रामीणों से बातचीत की शुरुआत करते हुए कहा कि मैंने बस्तर, सरगुजा के अनेकों जिले में और जांजगीर, चांपा, कबीरधाम, बेमेतरा जिले जैसे जिलों के सुदूर गांवों तक जाकर जनचौपाल की है। उन्होंने कहा कि आज मानपुर-मोहला-अंबागढ़ चौकी जिले से होकर आपके इस गांव झुरानदी में सीधे पहुंचा हूं। हमारी सरकार गांव, गरीब और किसान की सरकार है। हम हर घर तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना चाहते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों की मांगों और समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई की जाए तथा योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही तक समय पर पहुंचे।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर झुरानदी गांव में हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल भवन निर्माण की घोषणा की। उन्होंने ग्राम में सीसी सड़क निर्माण के लिए 20 लाख रूपए, दो उच्च स्तरीय पुल निर्माण- गंडई से कृतबाधा पहुंच मार्ग पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए 2 करोड़ 54 लाख रूपए और गंडई कर्रानाला पहुँचमार्ग पर लिमो में उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए 2 करोड 52 लाख रूपए और ग्रामीणों की मांग पर ग्राम पंचायत भोरमपुर में नए पंचायत भवन निर्माण की घोषणा की।

मुख्यमंत्री साय ने गांव के बीच बाजार पड़ाव में बरगद पेड़ की छांव में जनचौपाल लगाई और वहां उपस्थित ग्रामीणों से छत्तीसगढ़ी भाषा में ही संवाद की शुरुआत की, जिससे ग्रामीणों के साथ भावनात्मक जुड़ाव और गहराता गया। उन्होंने ग्रामीणों से उनकी समस्याएं, सुझाव और योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े अनुभव भी सुने। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री साय के सहज, सरल, सादगीपूर्ण और विनम्र व्यवहार की खुले दिल से सराहना की। बुजुर्गों ने कहा कि वर्षों में पहली बार ऐसा अवसर आया है, जब प्रदेश के मुखिया सीधे उनके गांव में पहुंचे। किसानों और युवाओं ने मुख्यमंत्री की माटी से जुड़ी शैली को नज़दीक से देखा और महसूस किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस मौके पर सुशासन तिहार के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए कहा कि इस अभियान में मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय जनप्रतिनिधि सभी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं और जमीनी हकीकत का मूल्यांकन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे स्वयं बस्तर से लेकर सरगुजा तक अनेक गांवों का दौरा कर चुके हैं, और योजनाओं की प्रगति की प्रत्यक्ष जानकारी ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने गांव के बाजार पड़ाव स्थित पवनपुत्र हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका खम्हन ताम्रकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

### झुरानदी गांव में 180 पीएम आवास पूर्ण

खैरागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत झुरानदी की जनसंख्या 1935 है। यह गांव लोधी एवं वर्मा समाज की बहुलता है। गांव में स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था उपलब्ध है। आंगनबाड़ी केंद्र भी संचालित है। गांव में प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला और हाई स्कूल की सुविधा उपलब्ध है, जिससे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है।

ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कुल 217 आवास स्वीकृत हुए हैं, जिनमें से 180 पूर्ण हो चुके हैं तथा 37 निर्माणाधीन हैं। महतारी वंदन योजना से 616 महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। जल जीवन मिशन के तहत जल आपूर्ति की जा रही है। ग्रामीणों को मनरेगा के अंतर्गत रोजगार मिल रहा है। गांव में 17 स्वसहायता समूह की महिलाएं आजीविका गतिविधियों से जुड़ी है।

# पत्नी की हत्या कर पति ने लगाई फांसी

**परपोड़ी,** 16 मई (देशबन्धु)। नगर से 3 किलोमीटर दूर को ग्राम पथरींकला में शुक्रवार को मातम छाया रहा है। ग्राम में सुबह सबेरे



दैहान चौक के पास घटनास्थल यशवंत वर्मा के घर एक कमरे में उसकी धर्म पत्नी नंदिनी वर्मा की बिस्तर पर मृत देह पाई गई। मृतक की उम्र 19 वर्ष बताई जा रही है। नंदिनी वर्मा का विवाह 7 माह पूर्व यशवंत वर्मा से हुआ था। शुक्रवार को मृतक नंदनी वर्मा अपने मायके ग्राम ढाबा, तहसील गंडई, जिला केसीजी से सुबह पति के साथ ससुराल पथरींकला आई थी। घटनास्थल से मिली जानकारी के अनुसार प्रथम दृष्टया हत्या का मामला बताया जा रहा है। संदिग्ध आरोपी के रूप में मृतक का पति यशवंत वर्मा ही है ऐसा थाना परपोड़ी के एफआईआर में दर्ज हुआ है। जांच चल ही रहा था जिसमें पुलिस की कागजी कार्यवाही जारी थी एवं पुलिस मृतक के संदिग्ध आरोपी की तलाश में जुटी थी ऐसा बताया जा रहा है। मृतक की घटना स्थल में जांच जारी थी। तभी बेरला एसडीओपी विनय कुमार मौके पर पहुंचे। अचानक सूचना मिली कि मृतक के पति ने खेत में जाकर गमछा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। लेकिन सूत्रों के अनुसार संदिग्ध आरोपी ने नंदिनी वर्मा की हत्या के बाद 1 घंटे तक गांव में घूमकर कार्य किया। यशवंत वर्मा के आत्महत्या की खबर सुनकर पूरा गांव, पुलिस अमला, फॉरेंसिक अमला खेत में पहुंचा। ग्रामीणों ने बताया आत्महत्या के घटनास्थल को चुहरी खार कहा जाता है। घटना जहां हुई वह स्थान अंगद के बोर के पास है। मृतक नंदिनी वर्मा की हत्या का खुलास होने के पूर्व संदिग्ध आरोपी यशवंत वर्मा की आत्महत्या ने कई सवाल खड़े कर दिए है। तथ्यों का खुलासा होने के पूर्व दूसरी घटना से पुलिस की कार्य प्रणाली भी संदेह के दायरे में है। ग्राम में हुई हत्या एवं आत्महत्या के मामले में एसडीओपी विनय कुमार, टी आई डी.एल. सोना, येमन कुमार (442), सुरेश सिंह, मुकेश पाल, राकेश सिंह, एस के यादव, कोटवार तारन दास मानिकपुरी आदि घटना स्थल में मौजूद रहे।

# तेंदूपत्ता संग्रहण वनांचल में बना रोजगार और आय का जरिया

## 10 लाख से अधिक संग्राहक परिवारों को 596 करोड़ का सीधे भुगतान



**रायपुर,** 16 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के वनवासी अंचलों में इस वर्ष भी तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य तेज़ी से जारी है। राज्य के 902 प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से 10,631 फड़ों में यह कार्य हो रहा है। असमय हवा, तूफान, बारिश और ओलावृष्टि के कारण इस वर्ष तेन्दूपत्ता फसल को नुकसान जरूर पहुँचा है, लेकिन संग्राहक परिवारों की मेहनत और सरकार की प्रतिबद्धता ने इस चुनौती को अवसर में बदल दिया है।

अब तक की रिपोर्ट के अनुसार, 10 लाख से अधिक संग्राहक परिवारों ने 10.84 लाख मानक बोरा तेन्दूपत्ता फड़ों में बेचा है, जिसका मूल्य लगभग 596 करोड़ रुपये है। यह राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे संग्राहकों के खातों में जमा की जाएगी। इसके लिए सॉफ्टवेयर में डाटा प्रविष्टि की प्रक्रिया ज़िला यूनियनों द्वारा प्रारंभ कर दी गई है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा हैकितेन्दूपत्ता छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचलों के लिए केवल वनोपज नहीं, बल्कि आजीविका का आधार है। हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि संग्राहकों को उनकी मेहनत का पूरा मूल्य समय पर और पारदर्शी तरीके से मिले। तेन्दूपत्ता संग्रहण से जुड़े हर परिवार के जीवन में आर्थिक सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का अहसास हो, इसके लिए हम पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। हमने तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक दर को 4000 मानक बोरा से बढ़कर 5500 रुपए कर किया है, जिससे संग्राहकों को पहले की तुलना में अब ज्यादा लाभ मिलने लगा है

तेन्दूपत्ता संग्रहण से छत्तीसगढ़ के लाखों वनवासी परिवारों को प्रतिवर्ष सम्मानजनक आय प्राप्त हो रही है। यह आय न केवल उनके परिवार की दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करती है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका के क्षेत्र में भी सुधार ला रही है।

तेन्दूपत्ता खरीदी के साथ-साथ वर्तमान में पत्तों का उपचार, बोरा भराई और गोदामों में परिवहन का कार्य भी शुरू हो चुका है। सरकार को उम्मीद है कि निर्धारित संग्रहण लक्ष्य की प्राप्ति शीघ्र हो जाएगी।

यह पूरी प्रक्रिया छत्तीसगढ़ को वनोपज आधारित रोजगार सशक्त राज्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा रही है।

# सिद्धबाबा जलाशय बनेगा सिंचाई का मजबूत आधार:मुख्यमंत्री

■ साय ने 220 करोड़ रूपए की लागत से बन रही सिद्धबाबा सिंचाई जलाशय परियोजना का किया निरीक्षण
■ 34 गांव के किसानों को मिलेगी सिंचाई की सुविधा




**राजनांदगांव,** 16 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अपने दौरे पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सीतागांव के समाधान शिविर के बाद हेलीकॉप्टर से खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के गभरा गांव पहुंचे। उन्होंने गांव के समीप 220 करोड़ रूपए की लागत से बन रहे सिद्धबाबा सिंचाई जलाशय परियोजना का निरीक्षण किया। इस सिंचाई जलाशय से 34 गांवों के लगभग साढ़े चार हजार किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी। जलाशय से 1840 हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ और 1380 हेक्टेयर में रबी फसलों की सिंचाई होगी।

मुख्यमंत्री साय ने जलाशय स्थल का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गति बढ़ाने और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जलाशय न केवल किसानों की आय बढ़ाने का माध्यम बनेगा, बल्कि इस क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास का भी सशक्त आधार होगा। हमारी सरकार हर किसान तक पानी पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

गौरतलब है कि इस जलाशय के माध्यम से तीन जिलों के 34 गांवों खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के गभरा, कोटरीछापर, दोड़िया, विचारपुर, बुन्देली, मुरई, खैरी, सीताडबरी, कोटरा, साल्हेकला, बेमेतरा जिले के पठारझोरी, चिचानमेटा, जानो, रानो, गाड़ाडीह, सोनडबरी गांव और दुर्ग जिले के अगारकला, अगारखुर्द, साल्हेखुर्द, नवागांव में सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा।

इसके अलावा डुबान क्षेत्र के किसान भी 120 हेक्टेयर भूमि पर रबी और सब्जियों की खेती कर सकेंगे। जलाशय से प्रतिवर्ष 498 चिंटल मत्स्य उत्पादन की संभावना है, जिससे 200 ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा। क्षेत्र के भूजल स्तर में वृद्धि होगी, जिससे निस्तारी और पेयजल संकट भी कम होगा। कुल 23 निर्मित लघु जलाशयों को जल आपूर्ति भी इसी परियोजना से सुनिश्चित होगी। इनमें विकासखंड छुईखदान के 13 जलाशय-साजा के 7 जलाशय-धमधा के 3 जलाशय शामिल है।

# विकसित भारत के निर्माण के लिए एक साथ चुनाव समय की मांग: तोखन साहू

■ पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने संगोष्ठी में प्रस्ताव पारित
■ लोकतंत्र की मजबूती के लिए एक साथ आम चुनाव है जरूरी: अरुण साव




**बिलासपुर,** 16 मई (देशबन्धु)। केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू के मुख्य आतिथ्य में आज यहां अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के सभागार में एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री एवं बिलासपुर जिले के प्रभारी अरुण साव ने की। संगोष्ठी में एक राष्ट्र एक चुनाव लागू करने के समर्थन और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए प्रधानमंत्री के प्रति बधाई प्रस्ताव पारित किया गया। कुलपति एडीएन वाजपेई ने पारित प्रस्ताव की प्रति प्रधानमंत्री तक पहुंचाने के लिए केंद्रीय मंत्री तोखन साहू को प्रस्ताव की प्रति सौंपी। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में इस अवसर पर विधायक सर्व धरमलाल कौशिक, विधायक धर्मजीत सिंह, विधायक अमर अग्रवाल, विधायक सुशांत शुक्ला, क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी,महापौर श्रीमती पूजा विधानी, सभापति विनोद सोनी, दीपक सिंह ठाकुर, मोहित जायसवाल सहित बड़ी संख्या में विद्वान प्रोफेसर कॉलेज के छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि की आसंदी से केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा की एक राष्ट्र एक चुनाव का विषय आज के परिप्रेक्ष्य में बहुत ही जरूरी एवं प्रासंगिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले कुछ सालों में देश के विकास के लिए कई साहसिक कदम उठाए हैं। उनमें एक साथ देश में चुनाव कराने का प्रस्ताव भी शामिल है। प्रधानमंत्री का यह विकसित भारत के निर्माण के लिए क्रांतिकारी कदम है। यह व्यवस्था लागू हो जाने के बाद पूरे देश में सांसद और विधायकों के चुनाव एक साथ होंगे। इससे प्रशासन में स्थिरता रहेगी और विकास कार्यों के लिए ज्यादा से ज्यादा समय मिलेगा। इसके लिए कुछ जरूरी संवैधानिक संशोधन करने होंगे। चुनाव आयोग को कुछ अधिक अधिकार देना होगा। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर भी स्थिरता के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव को जरूरी मानते थे। पंडित नेहरू ने भी एक देश एक चुनाव के आधार पर शासन चलाया, इसमें समाज के सभी वर्गों को फायदा होगा तथा समय, श्रम और धन की बर्बादी रुकेगी। उन्होंने कहा कि अभी बार-बार के चुनाव होने से लगभग 12000 करोड रुपए खर्च होते हैं। एक साथ चुनाव होने से यह बचेगी और जनता की भागीदारी भी इसमें सुनिश्चित होगी। अतिथियों ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय की त्रैमासिक पत्रिका कन्हार का ई विमोचन भी किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने एक राष्ट्र एक चुनाव जैसे समसामयिक मुद्दे पर संगोष्ठी के लिए विश्वविद्यालय को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा वह पुराना लोकतंत्र है। हमारे देश के कारण कण - कण और कदम-कदम पर लोकतंत्र की प्रक्रिया देखने को मिलती है। लोकतंत्र का संदेश हमने पूरे विश्व को दिया है। उन्होंने कहा कि मतदान लोकतंत्र की आत्मा है। स्वतंत्र चुनाव के लिए मजबूत कदम चुनाव आयोग और सरकार ने उठाया है। चुनाव आयोग ने लोकतंत्र की मजबूती और जागरूकता के लिए कई काम किए हैं। इसीलिए एक चाय बनाने वाले व्यक्ति का पीएम बनना संभव हुआ। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रीय स्तर पर एक राष्ट्र एक चुनाव पर व्यापक चर्चा हो रही है। अधिकांश लोग इसके पक्ष में हैं। उन्होंने कहा कि 1951 से लेकर 1967 तक देश में एक साथ चुनाव संपन्न हुआ। कई कारणों से प्रक्रिया रुक गई। आज हर समय कहीं ना कहीं चुनाव होते रहते हैं। करोड़ों रुपए खर्च होते हैं, देश का विकास कहीं न कहीं इसे बाधित होता है राष्ट्र की तरक्की व मजबूती के लिए संपूर्ण राष्ट्र में एक साथ चुनाव बहुत जरूरी है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में इसकी शुरुआत हो चुकी है। अभी हाल ही में नगरीय निकाय और पंचायत के चुनाव एक साथ हुए। आमतौर पर 80 दिन लगने वाले चुनाव केवल 40 दिन में निपट गया। और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न हुआ। अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के कुलपति ए.डी.एन. वाजपेई ने स्वागत भाषण दिया।

# शहीद नरेश ध्रुव के परिवार को मिला पुलिस सैलरी पैकेज का लाभ

## एसपी भावना गुप्ता एवं एसबीआई के अधिकारियों ने शहीद परिवार को सौंपा चेक

**बलौदाबाजार,** 16 मई (देशबन्धु)। अमर शहीद नरेश ध्रुव के परिवार को मिला पुलिस सैलरी पैकेज का लाभ। पुलिस सैलरी पैकेज के माध्यम से अमर शहीद नरेश ध्रुव के परिवार को मिला एक करोड रुपए। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा एसबीआई के अधिकारियों के साथ शहीद के परिवार को चेक सौंपा गया। पुलिस अधीक्षक के हाथों चेक पाकर शहीद परिवार द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



9 फरवरी 2025 को जिला बीजापुर में नक्सल अभियान के दौरान ग्राम गुर्रा थाना भाटापारा ग्रामीण निवासी एवं जिला बीजापुर में प्रधान आरक्षक के पद पर कार्यरत नरेश ध्रुव वीरगति को प्राप्त हुए थे। शहीद नरेश ध्रुव द्वारा अपनी नौकरी के दौरान अपना वेतन पुलिस सैलरी पैकेज के तहत रूपांतरित करवाया गया था, जिसका लाभ आज शहीद के परिवारजनों को मिला। पुलिस सैलरी पैकेज के तहत भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अमर शहीद नरेश ध्रुव के परिवार को एक करोड रुपया प्रदान किया गया है। 15 मई 2025 को पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा एसबीआई के अधिकारियों के साथ अमर शहीद नरेश ध्रुव के परिवार को एक करोड रुपए का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा अमर शहीद नरेश ध्रुव के परिवार जनों से कहा गया कि शहीद नरेश ध्रुव की कमी की पूर्ति तो नहीं की जा सकती, लेकिन इस राशि का उपयोग आप अपने परिवार एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए उपयोग में लाएं, ताकि परिवार के बच्चे बेहतर शिक्षा पाकर एक शिक्षित एवं कामयाब इंसान बन पाए। चेक पाकर शहीद परिवार द्वारा पुलिस अधीक्षक का सादर धन्यवाद ज्ञपित करते हुए, उक्त रूपयों को अपने परिवार के रहन-सहन एवं बच्चों के उच्च शिक्षा में खर्च करना बताया गया। इस दौरान अभिषेक सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय बिलासपुर से नरेंद्र कुमार मित्तल क्षेत्रीय प्रबंधक, इंद्र प्रकाश सिंघल मुख्य प्रबंधक, कृषि वाणिज्यिक शाखा भाटापारा से अनुपम कुमार सिंह मुख्य प्रबंधक (शाखा प्रबंधक) उपस्थित रहे।

# 1.30 करोड़ के फ्रॉड का खुलासा, 8 गिरफ्तार

**बिलासपुर,** 16 मई (देशबन्धु)। बिलासपुर पुलिस ने ऑनलाइन साइबर फ्रॉड में इस्तेमाल होने वाले फर्जी बैंक खातों (म्यूल अकाउंट) के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. रेंज साइबर थाना बिलासपुर और एसीसीयू बिलासपुर की संयुक्त टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर यह प्रभावी कार्रवाई की, जिसमें 1 करोड़ 30 लाख 50 हजार 636 रुपये की वित्तीय धोखाधड़ी का खुलासा हुआ. पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के मार्गदर्शन में यह ऑपरेशन चलाया गया. नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के आधार पर संदिग्ध म्यूल बैंक खातों की जांच की गई. जांच में पाया गया कि इन खातों का उपयोग डिजिटल अरेस्ट, फर्जी शेयर ट्रेडिंग ऐप, क्रिप्टो करेंसी निवेश, गूगल रिव्यू टास्क, टेलीग्राम टास्क, बैंक चङ्कष्ट अपडेट और गूगल सर्च जैसे साइबर अपराधों में किया जा रहा था. इन 8 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार- अब्दूल आदिल (21 वर्ष), तालापारा, बिलासपुर, संदीप श्रीवास (30 वर्ष), तिफरा, बिलासपुर, विकास केंवट (31 वर्ष), रतनपुर, समीर कश्यप (31 वर्ष), रतनपुर, कलेश कुमार धिवर (28 वर्ष), रतनपुर, नागेश्वर ठाकूर (25 वर्ष), सिरगिट्टी,करन सिंह ठाकूर (33 वर्ष), सिरगिट्टी, परमेश्वर जायसवाल (21 वर्ष), हिर्री माइंस शामिल है।




NECC

| 17.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 540 | 75 | 135 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 160 |

डिलीवरी 555 सैकड़ा
दर्जन अंडा 78 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

लापरवाह अफसरों पर कलेक्टर का एक्शन

# 21 अधिकारियों को शोकॉज नोटिस, 7 दिन में समाधान के निर्देश

**मुंगेली,** 16 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के संकल्प को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से मुंगेली जिले के नवपदस्थ कलेक्टर कुंदन कुमार लगातार प्रशासनिक विभागों की समीक्षा कर रहे हैं। इसी क्रम में आज उन्होंने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक ली, जिसमें समस्त न्यायालयों में समय-सीमा से बाहर के लंबित प्रकरणों पर नाराज़गी जताते हुए सख्त रुख अपनाया। बैठक में कलेक्टर ने अपर कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख तथा एसडीएम सहित कुल 21 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बार-बार रिमाइंडर देने के बावजूद लंबित प्रकरणों का निराकरण नहीं किया जाना कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता तथा उच्च अधिकारियों व शासन के निर्देशों की अवहेलना का द्योतक है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



कलेक्टर ने चेतावनी देते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि सभी राजस्व अधिकारी सात दिवस के भीतर सभी लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। विशेष रूप से एक वर्ष से अधिक पुराने प्रकरणों को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र निराकृत किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि नागरिकों को राजस्व संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान मिले और प्रशासन की छवि मजबूत हो।

**इन अफसरों को थमाया नोटिस**- कलेक्टर ने अपर कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख गिरधारी लाल यादव, लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी, मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल, पथरिया एसडीएम अजय शतरंज, तहसीलदार लोरमी शेखर पटेल, तहसीलदार पथरिया छाया अग्रवाल, तहसीलदार जरहागांव कमल किशोर पाटनवार, तहसीलदार मुंगेली कुणाल पांडेय, तहसीलदार सरगांव अतुल वैष्णव, प्रभारी तहसीलदार लालपुर थाना महेत्तर प्रसाद कौशिक, अतिरिक्त तहसीलदार मुंगेली चंद्रकांत राही, नायब तहसीलदार लोरमी शांतनु तारम एवं चंद्रप्रकाश सोनी, नायब तहसीलदार मुंगेली हरिशचंद्र यादव, नायब तहसीलदार जरहागांव प्रकृति ध्रुव, नायब तहसीलदार पथरिया चंद्रकांत चंद्रवंशी, भू-अभिलेख अधीक्षक ऋचा गुप्ता, विकास गढ़ेवाल, मुकेश कुमार वर्मा, भूमिका तिवारी और इंद्र कुमार सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी कर निर्धारित समय-सीमा में जवाब मांगा है। साथ ही कारण बताओ नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की बात कही है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय, अपर कलेक्टर मेनका प्रधान सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

टीचर- बहुवचन किसे कहते है?
स्टूडेंट- जब बहू अपने ससुराल वालो को खरी-खोटी सुनाती है तो उसे बहु वचन कहते है।
अध्यापक जी बेहोश होते होते बचे।

# घर में पूजापाठ ,गृहशांति एवं नि:संतान दम्पति को संतान दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

## सोने-चांदी के जेवरात, बर्तन एवं नगदी रकम की करते थे ठगी



आरोपियों से कुल सोना 128 .4 ग्राम,सोने चांदी के जेवरात, बर्तन एवं नगदी रकम तथा मोटर सायकल कुल कीमती 11,30,000 रूपये और कुल चांदी 476.61 ग्राम जप्त

**जगदलपुर**, 16 मई (देशबन्धु)।ग्रह शांति पूजा पाठ और नि:संतान को संतान होने के नाम पर ठगी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। आरोपियों के पास से ठगी के सामान भी बरामद किया गया है। प्रार्थी लक्ष्मीनाथ बघेल निवासी चन्दनपुर सिटीभाटा पारा ने 20 अप्रैल 2025 को थाना लोहण्डीगुडा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 26.03 2025 को आरोपियों द्वारा एक साथ मिलकर षड़यंत्र पूर्वक गृह शांति पूजापाठ के नाम पर घटना स्थल ग्राम चनदपुर लिटीभाटापारा प्रार्थी लक्ष्मीनाथ बोल के घर में सोने चांदी के जेवरात बर्तन तथा नगदी रकम धोखाधड़ी कर ठगी किये है। प्रार्थी के लिखित आवेदन के आधार पर थाना लोण्डीगुडा में अपराध अप0क्र0 22/2025 थारा 318(4), 61(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, थाना प्रभारी लोहण्डीगुडा रवि कुमार बैगा के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपीगण दारा सिंह मण्डावी उर्फ सुकदेव निवासी धमतरी, कान्ती बाई गोड निवासी धमतरी और रेखा नेताम निवासी थाना पुरूर जिला बालोद हाल सुरही थाना नरहरपुर जिला कांकेर को पकड़ कर पूछताछ करने पर उनको मेमोरण्डम् कथन के आधार पर ग्राम चन्दनपुर के अलावा ग्राम छिन्दगांव एवं ग्राम मांदर जिला बस्तर में भी घर में पूजापाठ गृहशांति एवं नि:संतान दम्पति को संतान दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर सोने चांदी के जेवरात, बर्तन एवं नगदी रकम को ठगी कर ले जाना बताये है। आरोपीगणों के मेमोरण्डम के आधार पर ठगी कर ले गये सोने चांदी के जेवरात, बर्तन एवं नगदी रकम को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया है, जिसने आरोपी दारा सिंह मण्डावी से पुराना सोने का खुरपी माला रस्सी / धागा सहित वजनी 11.280 ग्राम, पुराना सोने का हार एक नग वजनी 10.610 ग्राम (बिना रस्सी के), पुराना सोने का हार एक नग वजनी 12.400 ग्राम (बिना रस्सी के). पुराना सोने का झुमका एक जोड़ी वजनी 10.410 ग्राम (बिना डिब्ब के), पुराना सोने का मंगलसूत्र मोतियों सहित एक नग वजनी 11.460 ग्राम, पुराना सोने का चीप माला एक नग वजनी 7.370 ग्राम (मोतीयों सहित) पुराना सोने का हासा पाय माला एक नग वजनी 13.840 ग्राम (मोतीयों सहित).पुराना सोने का टाप एक जोड़ी वजनी 2.130 ग्राम (बिना पेंच के), पुराना सोने का फुली एक नग वजनी 0.240 ग्राम, पुराना सोने का लाकेट एक नग वजनी 0.76 ग्राम, पुराना चांदी का पायल 02 जोडी वजनी कमश: 213 ग्राम तथा 61.6 ग्राम कुल 274 ग्राम, पुराना पीतल का थाली 01 नग वजनी 140 ग्राम, पुराना कासा का लोटा 01 नग वजनी 630 ग्राम एवं एक नग पल्सर मोटर सायकल तथा आरोपिया श्रीमती कान्ती बाई गोड से पुराना सोने का हार एक नग वजनी 11.060 ग्राम (बिना रस्सी/धागा के), पुराना सोने का लटकन एक जोड़ी वजनी 1.590 ग्राम (बिना पेंच का), पुराना सोने का सिकरी (तड़की) एक जोडी वजनी 5.540 ग्राम (बिना पेंच का). पुराना कासा का थाली एक नग वजनी 470 ग्राम, तथा पुराना कांसा का लोटा एक नग वजनी 450 ग्राम एवं आरोपिया रेखा नेताम से पुराना सोने हार एक नग वजनी 9.840 ग्राम, पुराना सोने का पत्ती माला पांच पत्ती वाला एक नग वजनी 10.770 ग्राम (मोती, धागा सहित), पुराना सोने का झुमका एक जोड़ी जिसमें से एक नग टूटा हुआ वजनी 7.710 ग्राम, पुराना सोने का छोटा टाप एक जोड़ी वजनी 1.150 ग्राम, पुराना सोने का फुली दो नग वजनी 0.240 ग्राम, पुराना चांदी का पायल तीन जोड़ी वजनी 195.880 ग्राम. पुराना चांदी का चैन टूटा हुआ एक नग वजनी 6.590 ग्राम, पुराना चांदी का बिछिया एक नग वजनी 0.140 ग्राम।कुल जुमला सोना 128.4 ग्राम, चांदी 476.61 ग्राम बर्तन एवं नगदी 31,000/- रूपये एवं एक पल्सर मोटर सायकल को जप्त किया गया है, जो कुल किमती 11,30,000/- रूपये। उक्त आरोपीगणों के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने पर दिनांक 15 मई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय जगदलपुर पेश किया गया।

# भुपेश बघेल ने दिवंगत पार्षद अब्दुल रशीद के घर पहुंच कर दी श्रद्धांजलि



**जगदलपुर**, 16 मई (देशबन्धु)।तीन दिवसीय बस्तर प्रवास पर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज सनसिटी स्थित कांग्रेस पार्टी के जिला महामंत्री अब्दुल सईद के घर पहुंचे। उन्होंने अपने वार्डवासियों सहित शहर के सभी वर्गों की सेवा में सदैव तत्पर रहने वाले इंदिरा वार्ड के पूर्व पार्षद अब्दुल रशीद की असामायिक निधन को अपने और कांग्रेस पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति बताते शोक व्यक्त किया।

ज्ञात हो पार्षद स्वर्गीय अब्दुल रशीद का दो माह पूर्व निधन हो गया था जिसकी जानकारी बस्तर प्रवास पर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को हुआ तो संवेदना व्यक्त करने वे उनके छोटे भाई अब्दुल सईद के घर पहुंचे थे।इस दौरान बस्तर विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष व बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल, पूर्व क्रेडा अध्यक्ष मिथिलेश स्वर्णकार, इंद्रावती विकास प्राधिकरण पूर्व उपाध्यक्ष राजीव शर्मा, पूर्व विधायक राजमन बेंजाम, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, रुक्मणी कर्मा, दिनेश यदु, अमजद खान, योगेश पानीग्राही भी उनके साथ थे।

# गौण खनिज से संबंधित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक



गौण खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण पर राजस्व, पुलिस और खनिज विभाग संयुक्त रूप से करें कार्यवाही

**जगदलपुर**, 16 मई (देशबन्धु)। राज्य शासन के आदेशानुसार कलेक्टर हरिस एस की अध्यक्षता में जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण पर प्रभावी रोक लगाने हेतु गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति का बैठक जिला कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में किया गया।कलेक्टर हरिस ने कहा कि गौण खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण पर राजस्व, पुलिस और खनिज विभाग संयुक्त रूप से कार्यवाही करें। रेत के अवैध भंडारण का जांच करवाएं और बरसात के समय सतत निरीक्षण करें। गौण खनिज के वैध खनन क्षेत्र के हेतु राजस्व और वन विभाग आवश्यक दस्तावेजीकरण कर अनुमति हेतु आवश्यक कार्यवाही माह के अंत तक पूर्ण करें। कलेक्टर ने बैठक में अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण की जानकारी एवं चर्चा, रेत खदान पर चर्चा, त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में प्राप्त राजस्व राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र के >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# दलपत सागर के पास चाकूबाजी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार



ओडिशा से पुलिस ने धर दबोचा बाकियों की तलाश जारी

**जगदलपुर**, 16 मई (देशबन्धु)। कोतवाली थाना क्षेत्र के दलपत सागर के पास 2 दिन पहले 2 गुटों में पुराने विवाद को लेकर हुए विवाद के बाद चाकूबाजी हुई, जहाँ 2 लोगों को गंभीर हालत में मेकाज में भर्ती किया गया था।शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के दलपत सागर के पास 2 दिन पहले 2 गुटों में पुराने विवाद को लेकर हुए विवाद के बाद चाकूबाजी हुई, जहाँ 2 लोगों को गंभीर हालत में मेकाज में भर्ती किया गया था, वही पुलिस ने इस मामले कों गम्भीरता से लेते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की, जहाँ पुलिस ने ओड़िसा से 2 आरोपी को पकड़ लिया, वही अन्य की तलाश की जा रही है।विदित हो कि दलपत सागर के पास एक सैलून में सुमीत पांडेय व उसका दोस्त धीरेंद्र ठाकुर अपना फेशियल करा रहे थे कि तभी अमित शर्मा अपने साथियों के साथ पार्लर में आकर सुमित से विवाद करने लगा।मामला इतना बढ़ गया कि अमित शर्मा व उसके दोस्तों ने अपने हाथ मे रखे चाकू से सुमित के सीने व धीरेंद्र के कमर के पास वार कर दिया। इस घटना में दोनों युवक लहूलुहान हो गए, वही घटना की जानकारी लगते ही शहर में सनसनी फैल गई।घायलों के परिजन के साथ ही दोस्त हॉस्पिटल आ पहुँचे, वही घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहे है। इस घटना को लेकर पुलिस ने टीम बनाकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दिया है, जहाँ पुलिस >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# सूने घर से सोने के जेवरात चोरी करने वाले गिरफ्तार



- आरोपी ट्रक ड्रायवरी करने वाला पंजाब का शातिर अपराधी है, जिसके विरूद्ध पंजाब के ब्यास थाना एवं अन्य थानों में कई गंभीर मामले पंजीबद्ध हैं
- आरोपी के कब्जे से सोने के आभुषण कीमती लगभग 500000 रूपये जप्त किया

**जगदलपुर**, 16 मई (देशबन्धु)।सूने मकान में चोरी कर फरार होने वाले आरोपी को पकड़ने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है।पूर्व में थाना परपा क्षेत्रान्तर्गत चोरी के मामले में बस्तर पुलिस द्वारा आरोपी को पकड़कर जेल भेजा गया था, जो जमानत के बाद अपराध की पुनरावृत्ति कर पल्लीनाका के सुने मकान में सोने के आभुषणों की चोरी कर अपने गृह ग्राम टोंग, थाना ब्यास, जिला अमृतसर पंजाब फरार हो गया था। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि थाना फ्रेजरपुर परपा क्षेत्रान्तर्गत बस्तर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में दिन एवं रात्री में सुने पड़े मकान को निशाना बनाकर चोरी होने की रिपोर्ट लगातार मिल रही थी। दिनांक 3-4 मई की दरमियानी रात ग्राम पल्लीनाका क्षेत्र के निवासी प्रार्थी सोनु कुमार सिंह, के पक्का मकान को सुना पाकर कोई अज्ञात चोर घर के आलमारी में रखे सोने के आभुषणों को चोरी कर ले गया था की रिपोर्ट पर थान परपा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, विवेचना दौरान मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग के मार्ग दर्शन एवं एस.डी.ओ.पी. केशलूर लक्ष्मण पोटाई, साईबर सेल नोडल अधिकारी गितीका साहू के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी परपा मोहम्मद तारिक हरीश और सायबर सेल प्रभारी दिलबाग सिंग के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। अपराध की कायमी पश्चात् टीम के द्वारा सीसीटीवी फूटेज से प्राप्त विडियो एवं आस पडोस से पूछताछ से आरोपी की जानकारी ली गई, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर परपा के पूर्व प्रकरण के संदेही आरोपी मंगल सिंह के द्वारा चोरी करना प्रतीत हुआ, जो घटना दिनांक के बाद से अमृतसर पंजाब में होना ज्ञात होने पर गठित टीम द्वारा रवाना होकर ग्राम टोंग, थाना-ब्यास, जिला अमृतसर पंजाब, पहुंचकर आरोपी मंगल सिंग उर्फ मंगा पिता सरदार चन्नन सिंग उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम टोंग चौकी-रैया थाना ब्यास जिला अमृतसर (पंजाब), को घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया, जिसने ग्राम पल्लीगॉव के प्रार्थी सोनु कुमार के घर से सोने का जेवर चोरी करना कबूल किया, जिसके कब्जे से पंजाब ग्राम टोंग एवं नगरनार किराये के मकान से सोने का विभिन्न आभुषण कीमती करीबन 5,00,000/-रूपया, घटना में उपयोग किये गये मोटर सायकल होण्डा साईन क्रमांक-सीजी 17ङ्क 6862 तथा ताला तोड़ने में उपयोग किये गये लोहे का टायर लिवर को आरोपी द्वारा प्रस्तुत करने पर कब्जे से जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।आरोपी मंगल सिंह को गिरफ्तार कर अमृतसर से ट्रांजिट रिमाण्ड से लेकर जगदलपुर आए, आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय जगदलपुर में भेजा ।

# दरभा और बड़ाजी में समाधान शिविर आयोजित



**जगदलपुर**, 16 मई (देशबन्धु)। शुक्रवार को बस्तर जिले के विकासखंड लोहांदीगुड़ा और दरभा के ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। लोहांडीगुड़ा विकासखंड के आम बगीचा तोग़सीगुड़ा ग्राम पंचायत बड़ाजी -2 में आयोजित समाधान शिविर में 13 पंचायत को सम्मिलित किया गया जिसमें चित्रकोट, बड़ेधाराउर, कुम्हली, छिंदगांव, बंडाजी-1,बंडाजी- 2, उसरीबेडा, कोडेबेडा, चंदनपुर धूरागांव, टकरागुडा और बेलर के ग्राम पंचायत शामिल किया गया।5178 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 5174आवेदनों का निराकरण किया गया है और 04 लंबित हैं। सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था। दरभा विकासखंड के चंद्रगिरी, छोटे चंद्रगिरी, छिंदावाड़ा, कावारास, पेरमारास, करका, कोंडालूर, तीरथगढ़, दरभा, ककालगुर, कोलेंग, कांदानार, छिंदगुर और मुंडागढ़ ग्राम पंचायत को शामिल किया गया था। इस शिविर हेतु 3823 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 3747 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 76 लंबित हैं।इस शिविर में भी सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था। बड़ाजी-2 में आयोजित समाधान शिविर में विधायक विनायक गोयल ने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण पहल सुशासन तिहार के तहत 8-11 अप्रैल को मिले आवेदन का निराकरण की जानकारी समाधान शिविर के माध्यम से दी जा रही है। सरकार ने सभी जनों के लिए योजनाएं संचालित की हैं, जिससे आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, सड़क सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, इसका लाभ सभी को लेना चाहिए ।कार्यक्रम में पूर्व विधायक लच्छू कश्यप, जनपद पंचायत लोहंडीगुड़ा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व जनपद पंचायत सदस्य, जगदलपुर नगर निगम के पार्षदगण सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सीईओ जनपद, तहसीलदार एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।इसी प्रकार दरभा में आयोजित शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप ने कहा कि सरकार की अच्छी पहल की आमजनों को जन कल्याणकारी योजनों से संबंधित समस्या या मांग के सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सभी को इस शिविर का लाभ लेना चाहिए। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष श्री बलदेव मंडावी सहित दरभा जनपद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित अन्य अन्य जनप्रतिनिधिगण, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सीईओ जनपद, तहसीलदार एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को किया जागरूक



**जगदलपुर**, 16 मई (देशबन्धु)। शासन द्वारा चलाये जा रहे सुशासन त्योहार, समाधान शिविर में राष्ट्रीय डेंगू दिवस -2025 के थीम देखें, साफ करें, ढकें, डेंगू को हराने का उपाय करें पर महापौर संजय पाण्डे ने नगर वासियों को डेंगू के रोकथाम एवं बचाव के संबंध में जानकारी दी।उन्होंने कहा अपने घर के आसपास पानी जमा होने न दें और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देश का पालन करें। स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू के रोकथाम व बचाव के संबंध मे सभी नागरिकों से अपील है कि डेंगू एडीज मच्छर के काटने से फैलता है जो कि साफ पानी मे पनपता है इसलिए अपने घर के आसपास गमला, टायर, कूलर, टूटे फूटे बर्तन, फ्रीज ट्रे आदि कि नियमित सफाई करें और पानी जमा न होने दे। मच्छरदानी का उपयोग करें। हाथ पाव को पूरी तरह ढकने वाले कपड़े पहने तथा अपने आस पास सफाई रखे।आमजनों से अपील है की डेंगू रोकने में अपने सहभागिता निभाए। बुखार या डेंगू के लक्षण आने पर तत्काल अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र मे जांच कराये। सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों मे डेंगू कि जांच व उपचार सुविधा निशुल्क उपलब्ध है। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, त्रिवेणी रंधारी, कलावती कसेर, पार्षद हरीश पारेख, पितामह नायक, पारुल बोथरा, गायत्री बघेल, आशा साहू,उर्मिला यादव, पूनम सिन्हा, शशिनाथ पाठक, मनोज ठाकुर सहित >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# पार्षद सुनील यादव ने वार्ड की छात्रा नैंसी नाग को बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर किया सम्मानित



**सुकमा**, 16 मई (देशबन्धु)। सुकमा जिले के वार्ड नंबर 10, नाका पारा शबरी नगर के वार्ड पार्षद सुनील यादव ने पार्षद चुने जाने से पहले किए गए अपने घोषणा पत्र के वादे को निभाते हुए, हाल ही में घोषित 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं में वार्ड में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा नैंसी नाग को ? 10,000 की पुरस्कार राशि भेंट किया।इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राजू साहू, खेल प्रकोष्ट अध्यक्ष रोहित पांडे, रवि नाग, बलराज, विल्लम, बबलू, अजय शर्मा, करण अजीत दास मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बता दें कि यह घोषणा पार्षद सुनील यादव ने पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ने से पहले की थी, जिसमें उन्होंने शिक्षा को बढ़ावा देने और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया था।आज, उस संकल्प को साकार होते देख वार्डवासियों में उत्साह का संचार हुआ। नैंसी नाग जिसने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया।इस उपलक्ष्य में श्री यादव ने स्वयं के व्यय से 10,000 रुपये की राशि के फूल और एक छोटा सा उपहार भी दिया गया।पार्षद सुनील यादव ने नैंसी को उसकी शानदार उपलब्धि पर बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।श्री यादव ने कहा कि शिक्षा ही भविष्य है और हमारे छात्र-छात्राएं उस भविष्य के कर्णधार। उनकी हर आवश्यकता, हर समस्या मेरी प्राथमिकता है, और मैं उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए प्रतिबद्ध हूँ। इस पहल से न केवल नैंसी का मनोबल >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# जनता और सरकार साथ खड़े होना ही असली सुशासन : संजय पाण्डे




- समाधान शिविर में नगर के 10 वार्डों के 346 आवेदनों का निराकरण
- गर्भवती माताओं की गोद भराई रस्म व नवजात शिशुओं का करवाया गया अन्नप्राशन

**जगदलपुर**, 16 मई (देशबन्धु)।रोटरी भवन में आयोजित समाधान शिविर में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए महापौर संजय पांडे ने कहा कि समाधान शिविर संवाद से समाधान तक यह मात्र एक शिविर नहीं, बल्कि यह एक उत्सव है। सुशासन का अर्थ यही है जब जनता और सरकार साथ खड़े हों और समस्याओं का निराकरण किया जाए। श्री पांडे ने आगे कहा कि इस प्रकार के शिविर आयोजित करने का उद्देश्य यही है कि जनता की समस्याओं का निराकरण तत्काल किया जाए। प्रदेश में संवेदनशील विष्णु देव साय की सरकार लगातार इस बात की चिंता कर रही है कि शासन व प्रशासन जमीनी स्तर पर किस प्रकार पहुंचे। एक प्रकार से देखा जाए तो यह एक शिविर ही नहीं है बल्कि यह सेवा का अवसर भी है। जनप्रतिनिधियों को इस बात की चिंता करनी चाहिए कि अंत्योदय यानि अंतिम व्यक्ति तक किस तरह संवाद कायम हो। इस बात की चिंता प्रदेश के मुख्यमंत्री व उनकी टीम भी कर रही है। उपरोक्त बातें नगर पालिक निगम के महापौर संजय पाण्डे ने बारी बारी से हर स्टॉल का निरीक्षण कर प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली वहीं कुछ का निराकरण मौके पर ही किया।शिविर के माध्यम से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती माताओं की गोद भराई रस्म व नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन करवाया गया। मालूम हो की शुक्रवार को आयोजित शिविर में 10 वार्ड के लोग शामिल हुए। 10 वार्डो से कुल 348 आवेदन आए थे जिसमें से 346 आवेदनों का निवारण किया गया। वहीं दो आवेदनों का निराकरण जल्द ही करने की बात कर्मचारियों ने कही। महापौर ने हितग्राहियों को राशन कार्ड का भी वितरण किया।भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे ने कहा कि इसके पहले 15 साल तक प्रदेश में डॉक्टर रमन सिंह की सरकार काबिज थी।उन्होंने भी जन समस्या निवारण शिविर चलाया था।पार्टी का लक्ष्य है अंतिम व्यक्ति का उदय अर्थात अंत्योदय। एक सच्चा जनप्रतिनिधि वही है जो समस्याओं के निराकरण के लिए तत्पर रहे। उन्होंने शासन द्वारा संचालित अनेक योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दी।

निगम स्पीकर खेमसिंह देवांगन ने कहा कि प्रदेश में विष्णु देव साय की संवेदनशील सरकार है। नगर निगम चुनाव संपन्न होते ही पूरे प्रदेश में एक तिहार के रूप में समाधान शिविर चलाया >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# सभी पंचायत प्रतिनिधि मिलकर जिले का विकास करने में सहयोग करें : नारायण मरकाम

**नारायणपुर,** 15 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 में प्राप्त आवेदन पत्रों के मांग एवं शिकायतों का 31 मई 2025 तक समाधान शिविर आयोजित कर प्राप्त आवेदनो का समाधान किया जाएगा, जिसके परिपालन में जिले के हर पंचायत में शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसके तहत् 16 मई को छोटेडोंगर में जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

नारायण मरकाम द्वारा समाधान शिविर में विभिन्न विभागो द्वारा लगाये गये स्टॉलो का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों को शीघ्र निराकरण कराने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल का अवलोकन करते हुए क्षेत्र के ग्रामीणों में होने वाली बीमारी बीपी, सुगर, मलेरिया आदि मौसमी बीमारियों की जानकारी ली। श्री मरकाम ने समाज कल्याण विभाग के स्टॉल का अवलोकन करते हुए दिव्यांगजनों को सामग्री वितरण का जानकारी लेते हुए सहायक उपकरणों को वितरण कराने के निर्देश समाज कल्याण विभाग के उप संचालक को दिए।

जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समाधान शिविर में किसी भी प्रकार की समस्या या मांग हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आपके गांव में सरकार पहुंची है सड़क, पुल पुलिया, बिजली, पानी स्वास्थ्य संबंधी कोई भी किसी भी प्रकार की समस्या हो तो आवेदन कर निराकरण किया जा सकता है। उन्होंने अपने जीवन यापन से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या हो तो समाधान शिविर में आकर समाधान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नशा मनुष्य के जीवन का नाश करती है, इसलिए नशा से हमेशा दूर रहकर अपने जीवन को सुखमय बनाने की अपील करते हुए उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि जल और जंगल को बचाएं। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से आह्वान करते हुए कहा कि हम ही हैं जो जंगल को नष्ट करते हैं, जिसके कारण आने वाले समय में अनेक समस्याओं का सामना करने पड़ेगा। इसलिए अभी से सजग जाइए और खानपान आदि में परिवर्तन लाए, जिससे कई बीमारियों से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ लेने के लिए सबसे पहले ग्राम पंचायत में समाधान या शिकायत कर सकते हैं, जो हमारी पहली सरकार होती है। उन्होंने समाधान शिविर में उपस्थित सभी विभाग के अधिकारियों से आह्वान करते हुए कहा कि अपने अपने विभाग की योजना का प्रचार प्रसार का कार्य करें, जिससे ग्रामीणों को लाभ मिल सके। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों को मिलकर जिले की विकास में सहयोग करने की आव्हान किया। उन्होंने छोटेडोंगर में स्वास्थ्य सड़क,



**समाधान शिविर में राशन कार्ड किसान किताब व्हीलचेयर प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति पत्र और विकलांग प्रमाण पत्र किया गया वितरण**

पुल पुलिया, पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने जिला प्रशासन को अवगत कराया। क्षेत्र के विकास के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप सुशासन तिहार के माध्यम से प्रदेश के आमजनता को सुविधा पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। मोर दुआर साय सरकार को चरितार्थ करते हुए गांव गांव में समाधान शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने समाधान शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन, जनधन, जल जीवन मिशन आदि योजनाओं से लाभ लेने के लिए आग्रह किया। ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी के मौसम में पानी की शिकायत हो रही है उसका भी समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि सभी पेंशनधारी अपना खाता बैंक में खुलवाना सुनिश्चित करें ताकि पेंशन की राशि खाता में समय पर जमा हो सके, उसके लिए आधार कार्ड, अपने खाता के साथ लिंक करवाने की आवश्यकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड बनाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, उसके लिए उन्होंने मैदानी अधिकारी कर्मचारियों से ग्रामीणों का आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाने में सहयोग करने की अपील की। सुशासन तिहार में आए हुए सभी आवेदनों का समाधान शिविर में निराकरण किया जा रहा है। यदि किसी का आवेदन का निराकरण नहीं होने पर संबंधित विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर शीघ्र निराकरण कर सकते हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री नारायण मरकाम के द्वारा नशा मुक्ति अभियान के लिए शपथ भी दिलाई गई। समाधान शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई एवं अनप्राशन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। समाधान शिविर में प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को प्रथम किस्त की राशि चेक के माध्यम से वितरण किया गया। समाज कल्याण विभाग के द्वारा वृद्धजनों को छड़ी एवं छोटेडोंगर के बिमला बाई और कांकेरबेड़ा के टाप कुमार को व्हीलचेयर दिया गया। कार्यक्रम को ओरछा के सरपंच श्रीमती संध्या पवार ने भी संबोधित किया। समाधान शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष पिंकी उसेण्डी, जिला पंचायत सदस्य राकेश उसेण्डी, जनपद पंचायत सदस्य सोनसिंह कोर्राम, यशबत्ती मांझी, क्षेत्र के सभी सरपंचगण. जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकांक्षा शिक्षा खलखो, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई, एसडीएम गौतम चंद पाटिल, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त डॉ राजेंद्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद, जनपद सीईओ एलएन पटेल सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# पालनार में शहीद वीर बिरसा मुंडा क्रिकेट स्पर्धा

**जिले की 24 टीमों के बीच घमासान**



**दंतेवाड़ा,** 16 मई (देशबन्धु)। कुआकोंडा के ग्राम पंचायत पालनार में शहीद वीर बिरसा मुंडा स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन इस वर्ष भी उत्साहपूर्वक किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट आज़ाद युवा स्पोर्ट्स क्लब के द्वारा लगातार 25 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है, जो क्षेत्र के युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। इस वर्ष जिले की कुल 24 टीमों ने टूर्नामेंट में भाग लिया है। विजेता टीम को 51 हजार, उपविजेता को 31 हजार तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 15 हजार का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही अन्य आकर्षक पुरस्कार भी प्रतिभागियों के लिए रखे गए हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक चैतराम अटामी, कलेक्टर कुणाल दुदावत, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, तथा जनपद अध्यक्ष सुकालू मुड़ामी ने संयुक्त रूप से खेल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुमित भदोरिया, ग्राम पंचायत पालनार के सरपंच राहुल वेट्टी, आज़ाद युवा स्पोर्ट्स क्लब के पदाधिकारी, खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। यह टूर्नामेंट न केवल खेल प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्रदान करता है, बल्कि शहीद वीर बिरसा मुंडा जैसे वीर सपूत की स्मृति को भी जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# डेंगू दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**जल जमाव रोकने और स्वच्छता अपनाने पर जोर**




**दंतेवाड़ा,** 16 मई (देशबन्धु)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के मार्गदर्शन एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. देश दीपक की उपस्थिति में डेंगू दिवस के अवसर पर जिले में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जागरूकता अभियान के अंतर्गत रैली निकाली गई और बैनर, पोस्टर एवं होर्डिंग के माध्यम से लोगों को जानकारी दी गई। मलेरिया अधिकारी ने बताया कि यदि किसी को बुखार, सिर दर्द या शरीर पर लाल चकत्ते जैसे लक्षण नजर आएं तो तुरंत चिकित्सीय सलाह लें और इलाज शुरू कराएं। कार्यक्रम के माध्यम से समुदाय को यह संदेश दिया गया कि डेंगू से बचाव सामूहिक प्रयासों और व्यक्तिगत स्वच्छता से ही संभव है। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुवन विजय कुर्रे, जिला मीडिया अधिकारी बी. एस. नेताम, विकासखंड प्रबंधक जीवन नाग, मलेरिया सलाहकार संजय मरावी, भूपेंद्र साहू (मलेरिया शाखा), एमटीएस पारसमणि, मितानिन प्रशिक्षक और मितानिन बहने भी उपस्थित रहीं।

# नए सत्र में भी कायम रहे सफलता का कीर्तिमान : कलेक्टर

**दंतेवाड़ा,** 16 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समग्र समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरुआत में कलेक्टर श्री दुदावत ने हाल ही में संपन्न बोर्ड परीक्षाओं में जिले द्वारा प्राप्त ऐतिहासिक उपलब्धियों की सराहना की।

कलेक्टर श्री दुदावत ने जिले द्वारा कक्षा 10वीं में छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान तथा कक्षा 12वीं में छठवां स्थान प्राप्त करने को टीम वर्क और विभागीय प्रतिबद्धता का परिणाम बताया। इस संबंध में उन्होंने शिक्षा विभाग की पूरी टीम को बधाई देते हुए भविष्य में भी इस प्रकार उत्कृष्ट कार्य जारी रखने की प्रेरणा दी। कलेक्टर ने आगामी सत्र के लिए यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि पाठ्य पुस्तकों का वितरण, गणवेश वितरण, तथा पात्र विद्यार्थियों को साइकिल वितरण शैक्षणिक सत्र की शुरुआती दो महीनों के भीतर पूर्ण हो जाए।

कलेक्टर ने समीक्षा में आगे कहा कि आने वाले शैक्षणिक वर्ष में गुणवत्तापूर्ण उत्तीर्णता प्रतिशत को बढ़ाना एक प्राथमिक लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने ड्रॉपआउट मुक्त पंचायत अभियान को मजबूत बनाने के लिए हर घर का सर्वे कर, हर बच्चे तक पहुँचना, बच्चों का चिन्हांकन करना, तथा जनप्रतिनिधियों और समुदाय की मदद से उन्हें स्कूल से जोड़ने की कार्ययोजना पर बल दिया। उन्होंने यह भी घोषणा की कि जो पंचायतें उत्कृष्ट कार्य करेंगी, उन्हें ड्रॉपआउट मुक्त पंचायत घोषित कर उनके समग्र विकास के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने कक्षा 5 से 6वीं, 8वीं से 9वीं और 10वीं से 11वीं के बीच के ट्रांजिशन को गंभीरता से लेते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर न रहे। प्राथमिक स्तर पर भाषाई कौशल और



**शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में कई एजेंडे पर चर्चा**

गणितीय दक्षता को सुदृढ़ करने के संबंध में कलेक्टर ने पढ़े दंतेवाड़ा-लिखे दंतेवाड़ा कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि पुस्तकालयों और बालमित्र कार्यकर्ताओं की भूमिका इन दोनों क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण है, और प्रशासन द्वारा बालमित्र कार्यक्रम को जिले की सभी पंचायतों तक पहुँचाने की योजना बनाई गई है।बैठक में मध्यान्ह भोजन योजना और न्योता भोज कार्यक्रम की भी समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि ये योजनाएं बच्चों के पोषण और स्कूल से जुड़ाव के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और इनके प्रभावी क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं बच्चों को कुपोषण और शारीरिक दुर्बलता से भी बचाने में सहायक होंगी। इसके साथ ही कलेक्टर ने विशेष रूप से नियद-नेल्लानार पंचायत ग्रामों में शैक्षणिक स्तर की सुदृढता पर जोर देते हुए कहा कि जिले की सर्वोच्च प्राथमिकता के पंचायत के रूप में चिन्हित ग्रामों में शिक्षा विभाग की सभी योजनाओं का प्राथमिकता में क्रियान्वयन कर प्रत्येक माह में उसकी समीक्षा बैठक आयोजित करें।

बच्चों के शैक्षिक एक्सपोजर को बढ़ाने के लिए कलेक्टर ने आगामी सत्र में बच्चों को विज्ञान केंद्र, बनमंदिर तथा अन्य शैक्षिक स्थलों का भ्रमण कराने की भी योजना की घोषणा की, ताकि विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन से जुड़ा अनुभव प्राप्त हो सके। बैठक के समापन पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों की पुनः गहन समीक्षा करते हुए अगले शैक्षणिक सत्र के लिए रणनीति तैयार की गई। इस बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री सोहन कुमार अम्बष्ट, डीएमसी हरीश गौतम, एपीसी राजेंद्र पांडे, बुधराम कवासी, एवं सहयोगी संस्था बचपन बनाओ से प्रणीत सिंह के अलावा दंतेवाड़ा और कुआकोंडा विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक संसाधन समन्वयक, संकुल समन्वयक, और प्राचार्य उपस्थित रहे।

## बसों से निकलवाई एलईडी लाइट, 10 हजार जुर्माना




**दंतेवाड़ा,** 16 मई (देशबन्धु)। यातायात पुलिस ने आज नियमों का उल्लंघन करने वाले 16 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की। इन वाहनों में अवैध रूप से एलईडी लाइट लगायी थी। इसके साथ ही चार पहिया वाहन चालक बिना सीट बेल्ट लगाये वाहन चला रहे थे। कुछ शराब के नशे में वाहन चला रहे थे। ऐसे मामलों में 16 वाहनों में कार्रवाई करते हुए कुल 10 हजार 3 सौ रूपए का चालान वसूला गया। यह पूरी कार्रवाई एसपी गौरव राय के निर्देशन में डीएसपी यातायात नसरउल्लाह सिद्दीकी के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा की गई।

## जादू टोने के शक में ग्रामीण की हत्या, 24 घंटे के भीतर दो गिरफ्तार



**दंतेवाड़ा,** 16 मई (देशबन्धु)। कटेकल्याण इलाके में जादू टोने के शक में एक ग्रामीण की हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया। मृतक के बेटे ने इस मामले में कटेकल्याण थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि उनके पिता हिड़मा पोड़ियामी घर के सामने आंगन में सोये थे इसी दौरान मारजूम के गुड्डी मुचाकी और नंदू मुचाकी के द्वारा पुरानी रंजिश एवं जादू टोने के शक में टंगिया से वार कर गले और सिर में चोट पहुंचायी। इससे उनके पिता की मौत हो गई। मृतक के बेटे बोड्डा पोड़ियामी निवासी मारजूम जंगलपारा की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को वारदात के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस पूरे मामले में एसपी गौरव राय के दिशा निर्देशन में पुलिस ने बेहतर काम किया। आरोपियों की गिरफ्तारी में उप निरीक्षक भीमसेन भारती, एएसआई पूनम साय धुर्वा, लच्छा राम भोगामी और आरक्षक कृष्णा सिन्हा, उमा शंकर ठाकुर, महिला आरक्षक राम बती एवं सीएएफ स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सीएम विष्णुदेव के सुशासन चौपाल से पूरे प्रदेश में मूलेर की चर्चा

**दंतेवाड़ा,** 16 मई (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा जिले के कुआकोंडा ब्लॉक का सुदुर सीमावर्ती गांव मुलेर कभी धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में गिना जाता था। मूलभूत सुविधाओं से वंचित और विकास से दूर हाशिये में रहे मुलेर में आज बदलाव की बयार बह रही है। इस गांव में अब विकास कार्यों की गूंज सुनाई दे रही है। यह सब संभव हो पाया है 'नियद नेल्लानार योजना' के प्रभावी क्रियान्वयन से, जिसने प्रशासन और आम जनता के बीच विश्वास की एक नई डोर बांधी है।

जहां पहले ग्रामीण सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल और पुल-पुलिया जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए ग्रामीणों को संघर्ष करना पड़ता था, वहीं अब इन सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। योजना के तहत मुलेर ग्राम पंचायत में कुल 62 विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसकी अनुमानित लागत 9 करोड़ 32 लाख 58 हजार रुपये है। इन कार्यों में से 11 कार्य पूर्ण हो चुके हैं,11 कार्य प्रगतिरत हैं, और 30 कार्यों की जल्द ही शुरुआत की जाएगी। उल्लेखनीय है कि ये सभी कार्य डीएमएफ एवं मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) के अंतर्गत संचालित किए जा रहे हैं, जिससे न केवल आधारभूत ढांचे का निर्माण हो रहा है बल्कि ग्रामीणों को रोजगार भी मिल रहा है।

मुलेर गांव में हो रहे बदलाव केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनका प्रत्यक्ष प्रभाव गांव की जमीनी हकीकत में देखा जा सकता है। जिन सड़कों से पहले केवल पैदल चलना संभव था, अब वहां ग्रामीण वाहन चलाते दिखाई दे रहे हैं। जल जीवन मिशन के बेहतरीन क्रियान्वयन से मुलेर ग्राम के शत प्रतिशत घरों में नलों से पेयजल की सुविधा प्राप्त है, जिसका मुख्यमंत्री विष्णदेव साय द्वारा स्वयं अवलोकन किया गया। 'नियद नेल्लानार' का मूल उद्देश्य था जहां प्रशासन नहीं पहुंचा, वहां तक पहुंच बनाना। इस संकल्पना को जमीनी स्तर पर उतारने में जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ग्रामीणों और प्रशासन के बीच संवाद को प्रोत्साहित किया गया, जिससे लोग अपनी आवश्यकताओं और समस्याओं को खुलकर साझा कर पाए। इसी के परिणाम स्वरूप अब ग्रामीण स्वयं अपने गांव के विकास में भागीदारी निभा रहे हैं। दंतेवाड़ा प्रशासन की यह पहल केवल मुलेर तक सीमित नहीं रहेगी। आने वाले समय में योजना के विस्तार के साथ जिले के अन्य सुदूर और वंचित इलाकों तक यह परिवर्तन कारी पहल पहुंचाई जाएगी। नियद नेल्लानार केवल एक योजना नहीं, बल्कि यह एक विश्वास, एक समर्पण और एक नए दंतेवाड़ा के निर्माण की कहानी है , जहां हर गांव, विकास की मुख्यधारा से जुड़ा है, और हर नागरिक को उसका अधिकार और सम्मान प्राप्त है।



**गांव में विकास की नई सुबह, 'नियद नेल्लानार योजना' से बदली तस्वीर**

कुआकोंडा ब्लॉक अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मुलेर, जो जिला मुख्यालय से लगभग 90 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, में बुनियादी सुविधाओं और शासन की योजनाओं का लाभ जनजातीय समाज तक पहुंच रहा है। इस ग्राम पंचायत में कुल 112 घर और 474 की जनसंख्या है, जिसमें सभी माड़िया जनजाति के लोग निवास करते हैं। ग्राम में 11 हैंडपंप, 2 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, वहीं बच्चे हितावर के नहाड़ी आश्रम में अध्ययनरत हैं। ग्राम पंचायत में 81 मनरेगा जॉब कार्ड, 123 राशन कार्ड, 15 विधवा पेंशन, 8 वृद्धावस्था पेंशन, 37 किसान क्रेडिट कार्ड, 120 नल जल योजना के लाभार्थी, 55 श्रमिक पंजीयन और 30 महतारी वंदन योजना के हितग्राही पंजीकृत हैं। ये सभी योजनाएं मुख्य रूप से नेल्लानार ग्राम के तहत संचालित की जा रही हैं। ग्राम वासियों को उम्मीद है कि शासन की इन योजनाओं से उनकी जीवनशैली में सुधार आएगा और बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का और विस्तार होगा।

इस क्रम में गुरूवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुशासन तिहार-2025 अभियान अंतर्गत मुलेर में चौपाल लगाई गई थी। यहां उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए मुलेर ग्राम के सर्वांगीण विकास का आह्वान करते हुए ग्रामीणों से सहभागिता की अपील की। इसके साथ ही कलेक्टर कुणाल दुदावत ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि मुलेर में सभी विभागों की योजनाओं क्रियान्वयन मिशन मोड में किया जा रहा है। इस क्रम में यहां फ्रेब्रिकेटकेड आंगनबाड़ी, उचित मूल्य की दुकान का निर्माण किया गया है। इसके अलावा शिक्षा सुविधाओं के तहत प्राथमिक शाला भवन का निर्माण भी अति शीघ्र किया जायेगा। इसके साथ ही ग्राम विद्युतीकरण विस्तारीकरण, पुल-पुलिया और सड़क निर्माण, तालाब निर्माण, सामुदायिक भवन को भी स्वीकृति दी गई है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### गौण खनिज से संबंधित जिला...

संबंध में, रायल्टी चुकता प्रमाण पत्र पर चर्चाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस बैठक में वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता, सभी राजस्व अधिकारी, खनिज विभाग के शिखर चेरपा सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### दलपत सागर के पास...

ने ओड़िसा के बोरिगुमा से आरोपी अमित पांडे व उसके एक साथी को गिरफ्तार किया है, साथ ही उनके पास से चाकू , मोटर सायकल आदि भी जब्त किया गया है। आरोपी अमित शर्मा एंव विवेक कश्यप उर्फ गबदू को बोरीगुमा उड़िसा से पकड़कर हिरासत में लेकर थाना लाये, पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से एक धारदार बटन चाकू, स्प्लेन्डर मोटर सायकल को बरामद कर जप्त किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया, वही मामले के अन्य फरार आरोपियों का पता तलाश जारी है, जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार करने की बात पुलिस द्वारा कही जा रही है। अमित शर्मा के खिलाफ पूर्व में थाना कोतवाली में धारा 3,13 जुआ एक्ट., धारा 294, 323, 506, 307 भादवि., धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट, के अलावा थाना बोधघाट में धारा 294, 506, 324, 34 भादवि, दर्ज किया गया है, एवं विवेक कश्यप उर्फ गबदू के खिलाफ थाना बोधघाट में धारा 307,34 भादवि0, दर्ज किया गया है।

### दरभा और बड़ाजी में आयोजित...

रहे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्राप्त आवेदनों के निराकरण की और विभाग के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और सामग्रियों का वितरण किया गया ।

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर...

भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, स्वास्थय विभाग के कर्मचारी डॉ एस.एस. टेकाम, डॉ0 मोमिता बसाक, नरेश मरकाम, प्रशांत श्रीवास्तव, सुंदर मरकाम , श्रीमती आषमा बानो, सुमन मौर्य, मोहन कश्यप, टूमेश्वर गजबीये, रजनिश आचार्य,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### पार्षद सुनील यादव ने वार्ड की...

बढ़ा है, बल्कि वार्ड के अन्य विद्यार्थियों को भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी। सुनील यादव ने यह भी कहा कि वे भविष्य में भी शिक्षा और छात्रों के हित में इस तरह के प्रयास करते रहेंगे।

### जनता और सरकार साथ...

गया। निकाय चुनाव संपन्न होते ही सरकार सीधे जनता के बीच पहुंची। तीन दिनों तक वार्डवार शिविर लगाए गए। इसके बाद उनके समाधान के लिए शिविर लगाया जा रहा है।एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा ने पिछली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार निष्क्रिय थी। मूलभूत सुविधाओं के लिए लोग कार्यालय के चक्कर काट रहे थे। अबकी सरकार ने यह किया है कि सरकारी अमला आपके द्वार पहुंच रहा है। जनता की समस्याओं का निराकरण तत्काल किया जा रहा है। इस अवसर पर संजय विश्वकर्मा, सुरेश गुप्ता, नगर मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा, मनोहर दत्त तिवारी सहित नगर निगम के आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा ने भी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, योगेंद्र पांडे, त्रिवेणी रंधारी, कलावती कसेर, पार्षद हरीश पारेख, पितामह नायक, पारुल बोथरा, गायत्री बघेल, आशा साहू, उर्मिला यादव, पूनम सिन्हा, कुबेर देवांगन, योगेश पाणिग्रही, जाहिद हुसैन, राजपाल कसेर, नवीन बोथरा, शशिनाथ पाठक, झरना मोहंती सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, वार्ड के लोग, समस्त विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दुर्गम गट्टाकाल तक पैदल पहुंची जिला प्रशासन की टीम, 317 ग्रामीणों को मिली पेंशन और सहायता

**नारायणपुर,** 16 मई (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर घने जंगलों के बीच स्थित ग्राम गट्टाकाल में समाज कल्याण विभाग की टीम ने जोखिम उठाते हुए राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया। टीम शासकीय वाहन से मोहंदी तक पहुंची, फिर वहां से लगभग 15 किलोमीटर का पहाड़ी रास्ता तीन घंटे पैदल तय कर गट्टाकाल पहुंचने में सफलता प्राप्त की।

समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक वैशाली मरड़वार ने बताया कि गट्टाकाल क्षेत्र के लगभग 317 हितग्राहियों को विभाग की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। उन्होंने कहा कि नारायणपुर का अबुझमाड़ क्षेत्र अपने रहस्यों के लिए प्रसिद्ध है। घने जंगल, ऊंचे पहाड़, पथरीले रास्ते और माओवादी गतिविधियों के कारण यह क्षेत्र लंबे समय तक मुख्यधारा से कटे रहने के कारण शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था।

ओरछा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकेश्वर चतुर्वेदी ने बताया कि गट्टाकाल बहुत ही दुर्गम इलाके में स्थित है, जहां तक योजनाओं को पहुंचाना हमारे लिए भी एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। इसके बावजूद राज्य सरकार और जिला प्रशासन ऐसे दूरस्थ क्षेत्रों तक जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। ग्राम गट्टाकाल में हमारी उपस्थिति से वहां के ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा गया। वे प्रशासन की इस पहल से प्रभावित होकर योजनाओं से जुड़ने की इच्छा जाहिर कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार की महत्त्वाकांक्षी च्चनियद नेल्ला नार योजनाज्ज के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्ध, दिव्यांगजन, विधवा, परित्यक्ता और अन्य निराश्रित हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य




- सुरक्षा की परवाह किए बिना समाज कल्याण विभाग की टीम पहुंची बीहड़ जंगल में बसे ग्राम गट्टाकाल
- सहायक उपकरणों में बैसाखी, छड़ी और एक दिव्यांगजन को दिया गया व्हीलचेयर

किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत अबूझमाड़ क्षेत्र के सभी 19 ग्रामों में बेसलाइन सर्वे कर हितग्राहियों की पहचान की गई, जिसमें वृद्धजन 211, विधवा बहनें 77 और दिव्यांगजन 29 सम्मिलित हैं। कुल 317 हितग्राहियों को सामाजिक सहायता योजनाओं के तहत पेंशन प्रदाय की गई। साथ ही, 32 दिव्यांगजनों के घर जाकर यूडीआईडी कार्ड बनाए गए। गट्टाकाल पहुंचने पर टीम को जानकारी मिली कि तेंदूपत्ता सीजन होने के कारण अधिकांश ग्रामीण जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गए हैं। ऐसे में टीम ने जंगल पहुंचकर वहीं 10 हितग्राहियों के पेंशन फॉर्म भरवाए। च्मोर दुआर साय सरकारज्ज योजना को मूर्त रूप देते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा जनकल्याणकारी योजनाएं हितग्राहियों के घर तक पहुंचाई जा रही हैं। ग्राम कुतुल के 42 हितग्राहियों को नियमित पेंशन दी जा रही है।

इसी क्रम में कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं के निर्देशानुसार अप्रैल माह में कुतुल कैम्प के बेसलाइन सर्वे के पहले चरण में समाज कल्याण विभाग की टीम ने ग्राम पंचायत कुतुल के आश्रित ग्राम गट्टाकाल में कठिन परिस्थितियों में सर्वेक्षण कार्य किया। मोहंदी से 15 किलोमीटर का कठिन पहाड़ी मार्ग तीन घंटे पैदल तय कर टीम गांव पहुंची। गट्टाकाल के 6 हितग्राहियों के नवीन पेंशन प्रकरण स्वीकृत किए गए। सर्वे के उपरांत हितग्राहियों को सहायक उपकरण—एक व्हीलचेयर, एक बैसाखी तथा 5 वृद्धजनों को छड़ी प्रदान की गई। इस सर्वे कार्य में समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक वैशाली मरड़वार, जनपद सीईओ ओरछा लोकेश्वर चतुर्वेदी, सरपंच कुतुल राजू तथा विभागीय टीम के सदस्य विजय चौधरी, जगदीश नाग, पितांबर देवांगन एवं मुकेश उसेण्डी शामिल रहे।

# सुशासन तिहार के समाधान शिविर में शामिल हुए प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन

**कोण्डागांव,** 16 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार में प्रभारी मंत्री तथा वाणिज्य एवं उद्योग एवं श्रम विभाग मंत्री लखन लाल देवांगन ने गुरुवार को माकड़ी विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रांधना में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। शिविर में उन्होंने विभिन्न विभागों के स्टॉल में अधिकारियों से सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदन के निराकरण की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों से आवेदनों पर त्वरित एवं पारदर्शी ढंग से निदान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कोंडागांव विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी भी उपस्थित रहीं।

श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार के सुशासन के 15 माह पूरे हो रहे हैं। सुशासन तिहार के तहत गांव गांव में ग्रामीणों के समस्याओं के निदान के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल से शासन गांव गांव में पहुंच रही है और ग्रामीणों की समस्याऐं सीधे संवाद कर रही है। कई मांगों का मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है, वहीं कुछ मांगों का निर्धारित समय सीमा में कार्यवाही की जाएगी। मुख्य मंत्री विष्णु देव साय भी कड़ी धूप में गांव गांव पहुंचकर ग्रामीणों से सीधे संवाद कर योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन का फीडबैक ले रहे हैं और समस्याओं का निराकरण भी कर रहे हैं। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विकास के साथ-साथ गौरव भी बढ़ाया है। मुख्य मंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य के विकास को गति मिली है और समाज के हर वर्ग का कल्याण हो रहा है।



**हितग्राहियों को मिला लाभ राशन कार्ड, जॉब कार्ड, श्रम पंजीयन कार्ड व अन्य योजनाओं का**

कोंडागांव विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से गांवों में शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार के गत 15 माह में विकास की गति और शासकीय कार्यों में पारदर्शिता आई है। पूर्व विधायक सेवकराम नेताम ने कहा कि सुशासन तिहार से ग्रामीणों की समस्याओं और मांगों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। शिविर में प्रभारी मंत्री, विधायक एवं अन्य अतिथियों ने विभिन्न योजनाओं के तहत ग्रामीणों को हितग्राहीमूलक सामग्री वितरित किए। शिविर में उद्यानिकी विभाग द्वारा 19 हितग्राहियों को सब्जी बीज और जैविक खाद, मत्स्य पालन विभाग द्वारा 02 हितग्राहियों को मछली जाल, खाद्य विभाग द्वारा 55 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 05 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र, 44 हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड, समाज कल्याण विभाग द्वारा 01 दिव्यांगजन को व्हीलचेयर, श्रम विभाग द्वारा 24 को श्रम पंजीयन सहित कई अन्य योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिला। समाधान शिविर में प्रभारी मंत्री ने समस्त ग्रामवासियों ने जल संरक्षण के तहत प्रत्येक घर में वाटर हार्वेस्टिंग लगवाने, पानी के मूल्य को समझते हुए जल के अपव्यय को रोकने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रदमा बघेल व श्रीमती भगवती नेताम, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जुगबती पोयाम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# मेडिकल स्टोर्स में औचक निरीक्षण, संदेहास्पद दवाओं के सैंपल जांच हेतु रायपुर भेजे गए

**कोण्डागांव,** 16 मई (देशबन्धु)। कोण्डागांव जिले में दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और क्रय-विक्रय दस्तावेजों के नियमों के पालन की जांच के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम लगातार मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण कर रही है। सहायक औषधि नियंत्रक महेश कुमार नागवंशी के मार्गदर्शन में औषधि निरीक्षक सुखचैन सिंह धुर्वे के नेतृत्व में कोण्डागांव शहर स्थित नेताम मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान स्टोर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे, दवाओं की खरीदी-बिक्री से जुड़े दस्तावेज और अन्य आवश्यक कागजातों की गहन जांच की गई। जांच में सभी दस्तावेज नियमानुसार संधारित पाए गए और सीसीटीवी कैमरा भी सक्रिय स्थिति में मिला।

निरीक्षण के दौरान संदेह के आधार पर सोवेन्टस ट्रायो नामक सिरप को गुणवत्ता परीक्षण हेतु राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा गया। इसके अलावा, अप्रैल माह में सूरज मेडिकोज से ओलिट एमपीएस ओरल सोल्युसन और राहुल मेडिकल स्टोर से निमोडैज टेबलेट के सैंपल भी जांच हेतु रायपुर प्रयोगशाला भेजे गए थे।

औषधि निरीक्षक श्री धुर्वे ने बताया कि जिले के सभी मेडिकल स्टोर्स का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है और समय-समय पर दवाओं की गुणवत्ता की जांच के लिए सैंपल राज्य प्रयोगशाला भेजे जाते हैं। विभाग द्वारा सभी मेडिकल संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे दवाओं से संबंधित सभी दस्तावेजों को नियम के अनुसार संधारित करें और केवल मानक व प्रमाणित दवाओं की ही बिक्री करें। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए हैं कि शेड्यूल 11 रजिस्टर का नियमानुसार सधारण एवं नाकौर्दिक दवाई, एमटीपी किट जैसे दवाईयों को पंजीकृत डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बिना विक्रय न किये जाने के निर्देश दिये गये है।

# निर्देशों के पालन नहीं करने पर परीक्षा से हुए वंचित

**परीक्षा प्रभारी अधिकारी ने दी जानकारी**



| | Center Name | Exam Date | Time |
|---|---|---|---|
| Test/Pre ...eterinary ...na in PVPT)- 2025 | 3404- SWAMI AATMANAND UTKRIST HINDI MADHAYAM VIDYALAY TAHSIL PARA KONDAGAON Exam City:Kondagaon | 15-May-2025 | 09:00 AM - 12.15 PM |

परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र में 09:00 AM के बाद प्रवेश वर्जित है।

**कोण्डागांव,** 16 मई (देशबन्धु)। गुरुवार 15 मई 2025 को जिले में छत्तीसगढ़ राज्य व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित पीएटी/पीवीपीटी की परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को परीक्षा में बैठने नहीं देने की खबर पर जिले के परीक्षा प्रभारी अधिकारी द्वारा यह जानकारी दी गई है कि सीजी व्यापम द्वारा जारी निर्देश के अनुसार परीक्षा के लिए निर्धारित समय सुबह 9 बजे से 12:15 बजे तक है, परीक्षा प्रारंभ होने अर्थात 09 बजे के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश नहीं दिया जाता हैं। साथ ही परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र के साथ को फोटोयुक्त पहचान पत्र की मूल प्रति लाना अनिवार्य होता है, जिसका उल्लेख परीक्षार्थी को जारी प्रवेश पत्र में भी किया गया है। निर्धारित समय में फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र नहीं लाने के कारण परीक्षार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया गया।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत परिणय सूत्र में बंधे, 48 जोड़े

**कोण्डागांव,** 16 मई (देशबन्धु)। राज्य शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्य मंत्री कन्या विवाह योजना के तहत गुरुवार को विकास खंड माकड़ी के मड़ी प्रांगण में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित हुआ और इस कार्यक्रम में 48 जोड़े परिणय सूत्र में बंधकर दाम्पत्य जीवन की शुरूआत की।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी और अन्य जनप्रतिनिधियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्य मंत्री डॉ.रमन सिंह ने राज्य में गरीब परिवारों के लिए एक रुपए में चावल और नमक फ्री में उपलब्ध कराया। किसानों को ब्याज मुक्त ऋण दिया गया, इस तरह कई जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई। जिससे लोगों की आर्थिक स्थिति मज़बूत हुई। सुशासन तिहार का जिक्र करते हुए कहा कि आदिवासी किसान के बेटे ने सभी के हित में केंद्र और राज्य के जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए सुशासन तिहार शुरू किया है, जिसमें हिस्सा लेकर आप सभी लाभ लें और शासन के निर्देश पर जिला के अधिकारी आप तक पहुंचाते हैं और आप लोगों की समस्याओं के समाधान करने का कार्य करते हैं। प्रभारी मंत्री ने मुख्य मंत्री विष्णु देव साय के दूरदर्शिता का



**प्रभारी मंत्री, विधायक सहित जनप्रतिनिधियों ने नवदंपतियों को दिया आशीर्वाद**

जिक्र करते हुए कहा कि हमारे मुख्य मंत्री के शासन में लगातार महिला बाल विकास विभाग की ओर से गरीब परिवारों के बेटियों का पंजीयन कर उनका विवाह कर साथ में आर्थिक सहायता भी दिया जा रहा है।

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने नवदंपत्तियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पहले गरीब परिवारों को बेटियों की शादी के लिए चिंता रहती थी, लेकिन अब मुख्य मंत्री कन्या विवाह योजना से बिना किसी कर्ज के शादी से परिजनों को बहुत राहत मिल रही है। पूर्व विधायक सेवकराम नेताम ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी नवविवाहितों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

विवाह के बाद सभी जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया और सभी जोड़ों को मुख्य मंत्री कन्या विवाह योजना के तहत कन्या के नाम से 35 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम वैदिक रीति-रिवाजों और अनुष्ठानों के साथ गायत्री समाज के प्रतिनिधियों द्वारा संपन्न कराया गया। नवदंपत्तियों के परिजनों ने भी इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रदमा बघेल व श्रीमती भगवती नेताम, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जुगबती पोयाम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।'

# द्वितीय मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन 20 से

**कोण्डागांव,** 16 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत् विद्यार्थियों हेतु एक शैक्षणिक सत्र में दो मुख्य परीक्षा आयोजित किया जाना है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसा के तहत् आयोजित द्वितीय मुख्य परीक्षा में वे समस्त विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं जो प्रथम मुख्य परीक्षा में पंजीकृत हो। ऐसे समस्त विद्यार्थी जो पूरक, अनुत्तीर्ण अथवा उत्तीर्ण है, अंक सुधार हेतु इस द्वितीय मुख्य परीक्षा में आवेदन कर सकते हैं। मण्डल की द्वितीय मुख्य परीक्षा हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी मुख्य नियमित अवसर के विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र ऑन लाईन भरने के लिये सामान्य शुल्क के साथ 20 मई 2025 से 10 जून 2025 तक तथा विलम्ब शुल्क के साथ 11 जून 2025 से 20 जून 2025 एवं विशेष विलम्ब शुल्क के साथ 21 जून 2025 से 30 जून 2025 तक तिथि निर्धारित की गई है। जो छात्र उक्त परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं, वे निर्धारित तिथि तक नियमित परीक्षार्थी अपने विद्यालय से तथा क्रेडिट योजना के अंतर्गत सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी अग्रेषण संस्थाओं के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

# चारामा क्रिकेट संगठन समर कैंप का समापन

**चारामा,** 15 मई (देशबन्धु)। चारामा क्रिकेट संगठन द्वारा आयोजित समर कैंप 2025 का आज भव्य समापन हुआ। यह कैंप 15 अप्रैल से 15 मई तक आयोजित किया गया था, जिसमें चारामा नगर और आसपास के गांवों के 5 वर्ष से लेकर 20 वर्ष तक के कुल 40 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने इस कैंप के माध्यम से अपनी फिटनेस, क्रिकेट स्किल्स और मानसिक मजबूती को निखारने का महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन के अंतिम दिन तीन टीमों के बीच मैत्रीपूर्ण प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें चारामा व्हाइट टीम ने सर्वाधिक मैच जीतकर समर कैंप की विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया एवं अंतिम दिवस पर प्रत्येक बच्चे को चारामा थाना प्रभारी श्री जितेंद्र साहू जी के हाथों सर्टिफिकेट प्रदान किया गया व्यक्तिगत प्रदर्शन में भी प्रतिभागियों ने उत्कृष्टता का परिचय दिया- जिन्हें निक्की स्पोर्ट्स चारामा द्वारा ट्रॉफी से सम्मानित किया गया एवं विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की गई बेस्ट प्लेयर ऑफ समर कैंप- अरनव तिवारी बेस्ट बैट्समैन- लक्ष्मीकांत बेस्ट बॉलर- निश्चय बोस बेस्ट विकेटकीपर अभिनव तिवारी राइजिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट - अर्पित, फेयर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट - अक्षत सुखदेवे को निक्की स्पोर्ट्स द्वारा ट्रॉफी प्रदान किया गया इस अवसर पर श्री तरुण देवदास,श्री विनय पाण्डेय, श्री सुनील ठाकुर,राजेन्द्र ओझा,तुसार नागवंशी, मिथलेश शर्मा वरिष्ठगण एवं खिलाड़ियों के अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे, जिन्होंने बच्चों की मेहनत और प्रतिभा को सराहा। इस दौरान थाना प्रभारी चारामा द्वारा उद्बोधन में बच्चो को ज्ञान वर्धक बाते बताई गई जिसमें शरीरिक मानसिक और




- चारामा व्हाइट बनी विजेता टीम
- थाना प्रभारी जितेन्द्र साहू की उपस्थिति में हुआ

बौद्धिक रूप से सुदृढ़ बनने की बात कहे, वही बच्चो को सही मार्ग पर चलकर लक्ष्य प्राप्त करने की नशीहत दिए। कार्यक्रम में चारामा क्रिकेट संगठन के अध्यक्ष श्री अंकित गिरधर शर्मा और उपाध्यक्ष श्री चंद्र शिवम सिन्हा, कोच निखिल देवांगन कोच सोमेश जुर्री, नवीन राय ने भी विशेष रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।अध्यक्ष श्री अंकित गिरधर शर्मा ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में बताया कि च्बहुत-सी चुनौतियों के बावजूद चारामा में ड्यूस बॉल क्रिकेट को सफलतापूर्वक शुरू किया गया है। यह कैंप लगातार दो वर्षों से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें अनुभवी कोच खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करते हैं और उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने आगे कहा, हमारा उद्देश्य केवल क्रिकेट सिखाना नहीं, बल्कि बच्चों को आत्मविश्वासी, अनुशासित और लक्ष्य-केन्द्रित बनाना है। खेल के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देना ही इस समर कैंप की सबसे बड़ी उपलब्धि है आज का युवा क्रिकेट में न केवल खेल भावना, बल्कि करियर की असीम संभावनाएं भी देख रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, ज़रूरत है तो केवल सही मार्गदर्शन और मंच की। समर कैंप जैसे आयोजनों के माध्यम से बच्चों को प्रोफेशनल क्रिकेट की तैयारी दी जाती है, जिससे वे राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने कौशल का प्रदर्शन कर सकें। क्रिकेट आज केवल खेल नहीं, बल्कि एक पेशेवर क्षेत्र बन चुका है जहाँ खिलाड़ी, कोच, एनालिस्ट और अंपायर जैसे अनेक विकल्प मौजूद हैं। यह आने वाली पीढ़ी के लिए स्वर्णिम अवसर है।

चारामा क्रिकेट संगठन ने सभी प्रतिभागियों, कोचेस, अभिभावकों और आयोजन से जुड़े सभी व्यक्तियों का हृदय से आभार प्रकट किया है।

# जिले के कक्षा 10वीं व 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**नारायणपुर,** 16 मई (देशबन्धु)। जिला कार्यालय के सभा कक्ष में कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं द्वारा जिले के विभिन्न विद्यालयों के 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को समानित किया गया। कलेक्टर ममगाईं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को लेपटॉप एवं टेबलेट भेंट कर उन्हें आगे भी इसी तरह मेहनत करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सम्मानित होने वालो में कक्षा 10वीं के रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विद्या मंदिर कुंदला के विद्यार्थी संदेश करंगा 97.67 प्रतिशत, गंगासागर कोलियारा 96.33 प्रतिशत, विश्वदिप्ति स्कूल की सुरभी जैन 95.83 प्रतिशत, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारायणपुर की ललीता करंगा 94.17 प्रतिशत, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलगांव के प्रींशु पॉल 93.17 प्रतिशत एवं हाई स्कूल 12वीं में शासकीय कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सुलेंगा की सुमन सलाम 88.20 प्रतिशत, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सिंगोड़ीतराई के प्राची देवांगन 88.20 प्रतिशत, देवाशिस चतुर्वेदी 84.80 प्रतिशत, रीसभ सिंह राना 83.80 प्रतिशत और संतोष पोटाई 83.60 प्रतिशत प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए समानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ममगाईं ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि, आप सभी ने जिले का गौरव बढ़ाया है। भविष्य में भी इसी तरह मेहनत करते रहें और अपने परिवार, समाज एवं राज्य का नाम रोशन करें। कलेक्टर ने अपने छात्र जीवन के समय का साझा करते हुए बेहतर और उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को नगरपालिका अध्यक्ष इंद्रप्रसाद बघेल, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के अध्यक्ष प्रताप सिंह मण्डावी, जिला पंचायत के सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई, एसडीएम अभयजीत मण्डावी, तहसीलदार सौरभ कश्यप ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए अपने विद्यार्थी जीवन के अच्छे व्यवहारों के बारें में साझा किये। कार्यक्रम का संचालन जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद के द्वारा किया गया।




# विभिन्न वार्डों में समाधान शिविर




**चारामा,** 16 मई (देशबन्धु)। प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन त्योहार में नगर की समस्याओं के समाधान करने के लिए नगर में विभिन्न वार्डों के समस्या को दूर करने शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिससे अनेक प्रकार के कार्य के लिए आवेदन प्राप्त हो रहा है। जिसमें नगर के वार्ड क्रमांक 8 में डबरी तलाब के पास बोर सफाई करवाने के लिए आवेदन किया गया था। आवेदन पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने तत्काल वार्ड वासियों की मांग पर कार्य शुरू करवाया गया और बोर पम्प को सफाई करवा कर बोर को सुचारु रूप से चालू करवाया गया जिसमें नगर के वार्ड नंबर 8, 5, 6, 7 के वार्ड वासियों को इस भीषण गर्मी में पानी की समस्या से राहत मिल सके। वहीं शिविर में नगर के लोगों को राशन कार्ड का वितरण किया गया जिसमें प्रमुख रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमंत कुमार नेताम, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष अंजू सोनकर, नेता प्रतिपक्ष संतोष ओझा, पार्षद लोकेश सोनकर संदीप मेश्राम पूर्व पार्षद धर्मेन्द्र सोनकर सहित बड़ी संख्या में वार्ड वासी नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भंडारसिवनी, पिपरा व पतोड़ा के ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

**कोण्डागांव,** 16 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश सिंह राणा द्वारा सुशासन तिहार के तहत् बुधवार को कोण्डागांव जिले के भण्डारसिवनी, पिपरा एवं पतोड़ा में सौर ऊर्जा परियोजनाओं के अंतर्गत स्थापित संयंत्रों के गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न ग्रामों में औचक निरीक्षण किया गया एवं वहा उपस्थित आम नागरिको से सीधी बातचीत की। इस दौरान उन्होने योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया।



**क्रेडा सीईओ ने किया जिले में दौरा, सौर सुजला योजना व जल जीवन मिशन अंतर्गत स्थापित किए जा रहे संयंत्रों की गुणवत्ता का किया परीक्षण**

सी.ई.ओ.क्रेडा द्वारा जिले के पिपरा (चिखलाडीहपारा) में जल जीवन मिशन फेस-02 अंतर्गत स्थापित सोलर पेयजल संयंत्र का निरीक्षण किया गया, जिसमें स्थापित संयंत्र कार्यशील पाया गया। निरीक्षण दौरान सी.ई.ओ.क्रेडा द्वारा स्थापित पेयजल संयंत्र के समीप निवासरत मोहन मरकाम से संयंत्र की उपयोगिता के विषय में जानकारी ली, जिसमें ग्रामीण मोहन मरकाम द्वारा गोंडी भाषा में संयंत्र के सुधारु रुप से कियान्वयन एवं पेयजल की सुविधा हेतु इस योजना के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की एवं सी.ई.ओ. क्रेडा से पी.एच.ई.की पाईप लाईन संयंत्र से जोड़े जाने का अनुरोध किया। जिस पर सी.ई.ओ. क्रेडा द्वारा स्थल पर उपस्थित अधिकारियों को पी.एच. ई. विभाग से समन्वय कर यथाशीघ्र पाईप लाईन कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। उसके बाद विकास खण्ड फरसगांव के पतोड़ा में लाभान्वित हितग्राही दीनूराम नाग के खेत में सौर सुजला योजना अंतर्गत स्थापित सोलर पंप का निरीक्षण किया गया, जिसमें हितग्राही द्वारा सोलर पंप से मछली पालन एवं मक्के की खेती कर व्यवसाय किये जाने की जानकारी दी गई एवं सोलर पंप की स्थापना के उपरांत से उनके जीवन में आये सकारात्मक बदलाव के विषय में सी.ई.ओ.क्रेडा को अवगत कराते हुये हर्ष व्यक्त किया गया। इसी क्रम में सौर सुजला योजना के नीचे चरण में प्रदेश स्तर पर स्थापित किये जा रहे सोलर पंप की गुणवत्ता मैदानी स्तर पर पता किये जाने हेतु सीईओ क्रेडा द्वारा विकास खण्ड फरसगांव के भण्डारसीवनी के किसान मानिकलाल के खेत में स्थापित सोलर पंप का निरीक्षण किया गया और हितग्राहियों से चर्चा की। चर्चा के दौरान हितग्राही द्वारा सोलर पंप संयंत्र के उपयोगी होने एवं कृषि कार्य हेतु लाभकारी होने की बात कही गई। श्री राणा द्वारा निरीक्षण उपरांत वहीं उपस्थित क्रेडा के अधिकारी-कर्मचारियों को क्रेडा के विभिन्न परियोजना अंतर्गत चल रहे कार्य जैसे जल जीवन मिशन, सौर सुजला योजना, सोलर हाईस्ट संयंत्र सोलर पॉवर प्लांट एवं अन्य संयंत्रों के स्थापना के दौरान सतत् स्थल निरीक्षण करते हुये निविदा के मापदण्ड अनुसार गुणवत्ता सुनिश्चित कराते हुये कार्य ससमय पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# कलेक्टर ने जिले के दूरस्थ गांव भोंगापाल में स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण




**कोण्डागांव,** 16 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के साथ शुक्रवार को जिले के फरसगांव विकास खण्ड के बड़े डोंगर क्षेत्र का दौरा कर ग्राम पंचायत भोंगापाल में स्वास्थ्य केन्द्र और हाई स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर भोंगापाल का निरीक्षण करते हुए स्टॉफ की उपब्धता एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने सभी स्टॉफ से स्वास्थ्य गतिविधियों की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि गर्भवती महिलाओं की नियमित निगरानी के साथ सभी आवश्यक जांच सुनिश्चित कराएं। सुरक्षित मातृत्व और स्वस्थ शिशु का जन्म के लिए यह बहुत ही जरूरी है। उन्होंने हाई रिस्क वाले महिलाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। कलेक्टर ने अस्पताल परिसर में स्टॉफ के लिए आवासीय सुविधा हेतु भवन बनाने के लिए निर्देश स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए। उन्होंने भोंगापाल के हाई स्कूल भवन का भी निरीक्षण किया, जहां ग्रामीणों ने छत से पानी टपकने सहित विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इसके पश्चात उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर बड़े डोंगर का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं से रूबरू हुए और सभी स्वास्थ्य कर्मियों को साफ-सफाई के साथ सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश दिए।

उल्टा पुल्टा
पप्पू शराब पीते-पीते रोने लगा
बंटी - क्या हुआ रो क्यों रहा है?
पप्पू - यार जिस लड़की को भूलने के लिए पी रहा था उसका नाम ही नहीं याद आ रहा है।

# नेशनल हाइवे पर ट्रक ने स्कूटी सवार युवती को रौंदा, मौके पर हुई मौत









**रायपुर**, 16 मई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के तेलीबांधा रिंग रोड पर आज सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक ट्रक ने स्कूटी सवार 27 साल की युवती को रौंद दिया, जिससे उसकी की मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहीं राष्ट्रीय मार्ग जाम हो गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही मौके से फरार वाहन चालक को भी पुलिस ने कुछ ही देर में गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक मृतिका की पहचान तान्या रेड्डी (27 साल) के रूप में हुई है। वह स्कूटी पर सवार होकर तेलीबांधा से जा रही थी, तभी पीछे से आ रही ट्रक ने स्कूटी को रौंद दिया। इस हादसे में स्कूटी सवार युवती की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटना के बाद रिंग रोड पर भारी जाम लग गया। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इधर मामलें में पुलिस ने आरोपी वाहन स्वामी. धीरज पुरोहित पिता स्वर्गीय राम गोपाल पुरोहित उम्र 47 वर्ष सेकंड रामसागरपारा अपोजिट टू बालाजी रायपुर एवं चालक. रामप्रवेश कुमार पिता चित्रामन शाह उम्र 33 वर्ष सकिन गोंडा थाना मेरल जिला गढ़वा झारखंड को हिरासत में ले लिया है।

## घटना से आक्रोश, तेलीबांधा चौक पर प्रदर्शन

राजधानी के तेलीबांधा चौक में बढ़ते हादसे को लेकर कांग्रेस ने आज प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि राजधानी के तेलीबांधा चौक समेत पूरे प्रदेश में लगातार हो रहे एक्सीडेंट को लेकर आम जनता में आक्रोश है। आज तेलीबांधा चौक पर एक युवती का सड़क हादसे में मौत हो गई, लेकिन शासन और प्रशासन मूकदर्शक बनकर केवल तमाशा देख रहे हैं। लगातार तेलीबांधा क्षेत्र के आसपास हो रहे भयानक दुर्घटनाओं पर रोक लगाने किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई है।

लगातार हो रहे जानलेवा एक्सीडेंट को लेकर विकास उपाध्याय के नेतृत्व में लोग सड़क पर उतरे और जनता में दुर्घटनाओं के लिए इतना आक्रोश है कि चक्का जाम करने को वे मजबूर हो गए। प्रदर्शनकारियों ने शासन एवं प्रशासन से मांग की है कि तेलीबांधा चौक पर अतिशीघ्र स्पीड ब्रेकर मानक मापदंड के तहत बनाया जाए।

पूर्व विधायक उपाध्याय ने कहा कि पिछले दिनों तेलीबांधा चौक पर ही एक्सप्रेस-वे पुल के नीचे एक अनियंत्रित गाड़ी ने तीन लोगों को कुचला था, जिसमें एक महिला की स्पॉट पर ही मृत्यु हो गई थी एवं दो लोग गंभीर रूप से घायल थे। वहीं थोड़ी दूर पर अग्रसेन सालासार धाम चौक पर एक बच्ची की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। तेलीबांधा चौक के आसपास ही



### दुर्घटनाओं को लेकर सरकार गंभीर नहीं : विकास

लगातार सड़क दुर्घटनाएँ हो रही है लेकिन ट्रिपल इंजन की सरकार इस पर रोक लगाने किसी भी प्रकार की कार्यवाही आज तक नहीं की है, जिसके कारण आज फिर एक घर का चिराग बूझ गया। पुलिस विभाग चालानी कार्यवाही पर न ध्यान देते हुए गंभीरता से गाड़ियों की स्पीड और ट्रैफिक व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने पर ध्यान देगी तो दुर्घटनाएं रोक पाने और लोगों की जान बचाने में काफी हद तक सफल हो पाएंगी।

उपाध्याय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित राजधानी में लगातार दुर्घटनाएँ हो रही है, अभी कुछ दिनों पूर्व खरोरा में सड़क दुर्घटना में दर्जनों लोगों की मृत्यु हो गई, जिसका कारण सिर्फ पुलिस की उदासीनता है, क्योंकि जिस गाड़ी से एक्सीडेंट हुआ वह गाड़ी का निर्माण नियमविरूद्ध तरीके से हुआ था। इसके कारण दर्जनों लोगों की जानें चली गई. सिर्फ राजधानी ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ में ऐसी ही दशा लगातार निर्मित हो रही है, जिसके लिए शासन-प्रशासन ही पूरी तरह जिम्मेदार है।

2024 में 14853 सड़क हादसे में 6752 लोगों की गई जान

विकास उपाध्याय ने बताया कि छत्तीसगढ़ में वर्ष 2024 में 14853 सड़क हादसे हुए हैं, जिसमें 6752 लोगों की मौत हुई, 12573 लोग घायल हुए, इससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी का सुशासन किस प्रकार जारी है. अब वर्ष 2025 में भी एक्सीडेंट का ग्राफ लेवल हद से ज्यादा बढ़ रहा है. ऐसे में छत्तीसगढ़ की सरकार और प्रशासन मूकदर्शक बने बैठे हैं।


प्रदर्शन करने वालों में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के साथ स्थानीय निवासी गिरेवाल मैडम, अजय सिंग, मनोज परासर, गोपाल उगरा, शुभांकर शर्मा, शैलेष मुंदड़ा, पीयूष रावटे एवं ग्रामीण जिलाअध्यक्ष उधोराम वर्मा, इदरिश गांधी, कमलाकांत शुक्ला, गौरीशंकर दुबे, योगेश दीक्षित, संदीप सिरमोर, श्रीनिवास शीनू, तारीख खान गिन्नी, अमित शर्मा मोन्टा, राहुल शारदा, संजय पाठक, मन्नू बाजपेयी, कुलदीप ध्रुव, अभय ठाकुर, रूपेश कुमार साहू, पिंकी बाग, भास्कर दुबे, शिवा खंडेलवाल सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# स्काईवाक निर्माण को लेकर राजनीति शुरू

## कांग्रेस ने उठाया 104 करोड़ रु खर्च पर सवाल

**रायपुर**, 16 मई (देशबन्धु)। राज्य शासन ने राजधानी में कबाड़ हो रहे स्काईवाक को 37 करोड़ रुपए में पूरा करने का टेंडर जारी करते हुए रकम मंजूर की। स्काईवाक का काम अभी शुरू नहीं हुआ है, लेकिन राजनैतिक धमाचौकड़ी शुरू हो गई है।

कांग्रेस ने स्काईवाक पर छह साल पुराना अपना स्टैंड बरकरार रखते हुए इसे अनुपयोगी बता दिया है। यही नहीं, पार्टी की ओर से कहा गया है कि स्काईवाक का सबसे पहला बजट 37 करोड़ रुपए का था। निर्माण शुरू होने के बाद इसे बढ़ाकर 67 करोड़ रुपए कर दिया गया। छह साल बाद फिर 37 करोड़ रुपए का ठेका मंजूर हुआ, यानी स्काईवाक की कुल लागत 104 करोड़ रुपए कर दी गई।



कांग्रेस ने कहा कि इतने पैसे ऐसी संरचना पर खर्च करना उचित नहीं है, इतने में तो शहर में कई उपयोगी फ्लाईओवर बन सकते थे। पार्टी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से अपील की है कि इस काम को रोका जाना चाहिए, क्योंकि इससे शहर के ट्रैफिक को कोई लाभ नहीं होने वाला है।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला और वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय ठाकुर की ओर से जारी बयान में कहा गया कि शहर की अधिकांश जनता, बुद्धिजीवी, व्यापारी और डॉक्टर समेत सभी वर्ग स्काईवाक के खिलाफ था। यही वजह थी कि इसका काम छह साल से रुका था। अब अधूरे स्काईवॉक को पुन: बनाने का फैसला कर लिया गया है। कांग्रेस ने दावा किया कि आम लोगों की प्रतिक्रिया इसके खिलाफ आ रही है। सरकार को स्काईवॉक को बनाने के निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए और शहर के भविष्य के मांग के अनुरूप फ्लाई ओवर बनाने पर योजना बनानी चाहिए।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि यह काम जिद पर किया जा रहा है और इसे पूरी करने के लिए सरकारी खजाना खोल दिया गया है। स्काई वॉक बनाने के लिए पहले लगभग 37 करोड रुपए का टेंडर हुआ था काम शुरू होने के डेढ़ माह बाद ही लागत 67 करोड रुपए कर दी गई। लेकिन स्काईवॉक अधूरा ही रहा। एक बार फिर 37 करोड रुपए का टेंडर फाइनल कर लिया गया। अर्थात स्काईवॉक बनाने में लगभग 104 करोड रुपए खर्च होंगे। यह ऐसा खर्च है, जिसका शहर को कोई फायदा नहीं होने वाला है।

# गुजरात से छत्तीसगढ़ लाए गए जेब्रा की सांप के काटने से मौत

**रायपुर**, 16 मई (देशबन्धु)। नया रायपुर स्थित नंदनवन जंगल सफारी में आज एक वयस्क नर जेब्रा की सांप के काटने से मृत्यु हो गई। यह जेब्रा हाल ही में राधे कृष्णा टेम्पल एलिफेंट वेलफेयर ट्रस्ट, जामनगर (गुजरात) से लाया गया था।




संचालक जंगल सफारी थेजस शेखर ने बताया कि जेब्रा को तुरन्त चिकित्सकीय सहायता दी गई, लेकिन सांप का विष उसके पूरे शरीर में फैलने की वजह से उसकी मौत हो गई। संचालक शेखर ने घटना की गंभीरता को देखते हुए सभी आवश्यक सुधारात्मक उपायों को अपनाने की बात कही है। सभी वन्यजीवों के निवास क्षेत्र में सर्प नियंत्रण और निगरानी प्रणाली को मजबूत किया जा रहा है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# पांच दिन तक गर्मी से मिलेगी राहत, कई इलाकों में बारिश-आंधी की संभावना



**रायपुर**, 16 मई (देशबन्धु)। प्रदेश में बारिश और ठंड हवाओं के चलते गर्मी से राहत बनी हुई है। प्रदेश के कई इलाकों में आज भी बारिश के साथ आंधी की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों तक बस्तर समेत दक्षिण इलाकों में गरज-चमक के साथ माध्यम से हल्की बारिश की गतिविधि जारी रहने के आसार है।

पिछले 24 घंटों के दौरान छत्तीसगढ़ के एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। प्रदेश में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस रायपुर में और सबसे कम न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस जगदलपुर में रिकॉर्ड किया गया।

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने जानकारी दी कि एक द्रोणिका उप-हिमालयीन पश्चिम बंगाल और उससे सटे सिक्किम से होते हुए दक्षिण-पूर्व मध्य प्रदेश तक, छत्तीसगढ़ के ऊपर से गुजरते हुए लगभग 0.9 किलोमीटर की ऊंचाई तक विस्तारित है। इस मौसमीय प्रणाली के प्रभाव से प्रदेश में बारिश और तेज हवाओं की गतिविधियां बनी हुई हैं। आज प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश या गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई गई है। साथ ही, 1-2 स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ और वज्रपात की भी आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार, अधिकतम तापमान में 19 मई तक मामूली उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है, इसके बाद इसमें गिरावट देखी जा सकती है।

**19 जिलों में बारिश और आंधी का अलर्ट**

मौसम विभाग ने अगले तीन घंटों में सुकमा, बीजापुर, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, नारायणपुर में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली, अचानक तेज हवा, आंधी (40-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से) और वर्षा की संभावना जताई है. इन इलाकों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

इसी प्रकार सुकमा, बीजापुर, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, उत्तर बस्तर कांकेर, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, बलौदा बाज़ार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, कबीरधाम, मुंगेली, कोरिया, में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली, अचानक तेज हवा (30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से) और वर्षा की संभावना जताई है. इन क्षेत्रों में येलो अलर्ट जारी हुआ है।

# पेंशनरों ने डीआर आदेश की प्रतियां जलाकर विरोध जताया

## पेंशनरों के हक पर फिर से डाका : डीआर के आदेश में 8 माह एरियर हजम कर गए

**रायपुर**, 16 मई (देशबन्धु)। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश ने पेंशनरों और परिवार पेंशनरों के लिए 14 मई 25 के बेक डेट से देर शाम 15 मई 25 को प्रसारित बिना एरियर 3 फीसदी महंगाई राहत (डीआर) के आदेश को पेंशनरों के हक पर डाका करार दिया है। इस आदेश के जरिए एकबार फिर हर बार की तरह 8 माह का एरियर हजम कर राज्य के पेंशनरों के साथ छल किया गया है। सरकार के इस आदेश का पेंशनर्स महासंघ ने विरोध करने हेतु पूरे रायपुर में महंगाई राहत (डीआर) के सरकारी आदेश का आज संध्या 5 बजे वित्त मंत्री के बंगले के पास नारेबाजी कर होली जलाई गई ।

जारी विज्ञप्ति में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने बताया है कि यह आदेश एक तरफ मोदी के गारंटी के विपरीत पेंशनरों और परिवार पेंशनरों हित के साथ घोर अन्याय है।




राज्य के बजट से रिटायर ब्यूरोक्रेट और बिजली के कर्मचारियों को जुलाई 24 से डीआर लाभ दिया गया है फिर राज्य सेवा के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ऐसा अन्याय क्यों किया जा रहा है यह यक्ष प्रश्न है। प्रदेश में कई जगह इस तरह के कार्यक्रम किया गया। 17 मई को भी जिला और संभाग मुख्यालय में इसी तरह प्रतियां जलाने का कार्य किया जाएगा।

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा किए गए इस कार्यक्रम में प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव, पूरन सिंह पटेल, अनिल गोलहानी, बी एस दसमेर, अनिल पाठक , आर जी बोहरे, भीमराव जाम्हले, एस के चिलमवार, हरेंद्र चंद्राकर, नागेन्द्र सिंह आदि शामिल रहे ।

# सांसद बृजमोहन ने सीएम विष्णुदेव साय को लिखा पत्र



- कलाकारों के लंबित भुगतान को लेकर वित्त विभाग को जल्द निर्देश देने का किया अनुरोध

**रायपुर**, 16 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। संस्कृति विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में आयोजित कार्यक्रमों के पश्चात भी कलाकारों को अब तक मानदेय का भुगतान नहीं मिल पाया है। इस गंभीर विषय को लेकर रायपुर लोकसभा सांसद एवं पूर्व संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल कलाकारों के समर्थन में सामने आए हैं।

वरिष्ठ गायक और भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यक्रम प्रभारी शरद अग्रवाल ने बृजमोहन अग्रवाल को इस संबंध में अवगत कराया था कि संस्कृति विभाग ने पिछले वर्ष जून माह में ही वर्ष 2023-24 के कार्यक्रमों के भुगतान के लिए वित्त विभाग से प्रशासकीय स्वीकृति मांगी थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा वर्ष 2024-25 में भी बजट समाप्त हो जाने के कारण नए कार्यक्रमों का भुगतान भी अटक गया है। इस पर तत्परता दिखाते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि कलाकारों को उनके पूर्व लंबित भुगतान शीघ्र दिलाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने पत्र में लिखा कि देरी के कारण कलाकारों को आर्थिक और मानसिक रूप से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# रायपुर निगम में संपतिकर जमा करने का ऑनलाइन सिस्टम फेल

## टैक्स जमा नहीं होने से नामांतरण, भवन अनुज्ञा कामों के लिए भटक रहे हैं लोग

**रायपुर**, 16 मई (देशबन्धु)। नगर निगम रायपुर का संपत्तिकर जमा करने का भुगतान विंडो पिछले 15 दिनों से बंद पड़ा है। टैक्स जमा नहीं हो पाने की वजह से लोगों के कई जरूरी काम अटक गए हैं। दरअसल, नक्शा पास कराने, बिजली का कनेक्शन लेने, गुमाश्ता लाइसेंस बनवाने समेत अन्य कई अन्य कार्यों में संपत्तिकर की चालू वर्ष की रसीद लगती है, जो टैक्स जमा नहीं होने से अटक गए हैं।

दरअसल, नए वित्तीय वर्ष के पहले तीन महीने में टैक्स जमा करने पर नगर निगम की ओर से संपत्तिकर में 6.5 प्रतिशत की छूट दी जाती है, इसलिए बड़ी संख्या में लोग टैक्स जमा करने के लिए पहुंच रहे हैं। लोग ऑनलाइन भुगतान करने की कोशिश कर रहे हैं। निगम की वेबसाइट में प्रापर्टी आईडी डालने के बाद वार्ड नंबर मकान नंबर इत्यादि सबकुछ अपडेट बता रहा है। टैक्स भी ड्यू दिखा रहा है, लेकिन लोग जैसे ही भुगतान करने के लिए पेमेंट आप्शन में पहुंचते हैं, तो भुगतान ही नहीं हो रहा है।




राजस्व विभाग से जुड़े जानकारों से इस संबंध में बात की तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। दरअसल, नगर निगम चुनाव के पहले वार्डों का परिसीमन हुआ था। उस परिसीमन में अधिकांश वार्डों का क्रमांक बदल गया। कई वार्डों की सीमाएं बदल गई। नए सिरे से वार्ड बनने के बाद उसकी जानकारी को राजस्व रिकार्ड में अपडेट करना है।

पूरा सिस्टम पुराने वार्डों और वित्तीय वर्ष के अनुसार है। इसे परिसीमन के बाद नए वित्तीय वर्ष में शिफ्ट करना है। इसके लिए सभी डेटा तैयार कर लिए गए हैं, लेकिन वह सिस्टम में अपडेट नहीं हो पाया है। सिस्टम में अपडेट नहीं होने तक भुगतान ऑप्शन चालू नहीं किया जा सकता।

**बढ़ेगा यूजर चार्ज**

संपत्तिकर भुगतान नहीं हो पाने की एक बड़ी वजह यूजर चार्ज को नए सिरे से अपग्रेड करना है। दरअसल, राज्य शासन के नियम के अनुसार हर तीन साल में यूजर चार्ज में वृद्धि करनी है। तीन साल पहले यूजर चार्ज लागू किया गया था। वित्तीय वर्ष 2024-25 में तीन साल पूरा हो गया। अब वित्तीय वर्ष 2025-26 में यूजर चार्ज में वृद्धि करना और इसे प्रापर्टी टैक्स में जोड़ा जाना है।

**खाली प्लाट पर भी लगेगा टैक्स**

निगम अफसरों के अनुसार, यूजर चार्ज में वृद्धि का पूरा खाका तैयार हो गया है। इसे अंतिम अनुमति देने के बाद संपत्तिकर में जोड़ा जाएगा। खाली प्लाट पर भी देना होगा टैक्स ऐसे बहुत से खाली प्लाट के मालिक हैं, जो उसका उपयोग गैरेज या अन्य व्यवसाय में कर रहे हैं। खाली प्लाट होने के कारण वे टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं। उनसे भी यूजर चार्ज वसूल किया जाना है।

**नपं पवनी में आज होगा समाधान शिविर**

**बिलाईगढ़,** 16 मई। सुशासन तिहार में 17 मई को बिलाईगढ़ ब्लॉक नगर पंचायत पवनी में समाधान शिविर होगा। समाधान शिविर प्रातः 10 बजे से शाम 3 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। समाधान शिविर में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।



# महापौर मीनल चौबे ने राजधानी में बारिश से पहले सभी बड़े नालों की सफाई करने दिए सख्त निर्देश



**रायपुर,** 16 मई (देशबन्धु)। नगर निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे ने शुक्रवार को निगम मुख्यालय में बारिश पूर्व नाला सफाई को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। बैठक में आयुक्त विश्वदीप, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर सहित सभी जोन अध्यक्ष, जोन कमिश्नर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी और निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही उपस्थित रहे।

बैठक में महापौर ने निर्देश दिए कि 30 मई 2025 तक रायपुर नगर निगम क्षेत्र के सभी बड़े नालों की तली तक की सफाई हर हाल में पूर्ण की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई तय की जाएगी।

**30 मई तक हर हाल में पूरा हो काम लापरवाह अधिकारियों पर गिरेगी गाज**

सभी जोन को 25-25 अतिरिक्त ठेका सफाई कर्मियों के माध्यम से मैनुअल सफाई कराने तथा बड़े नालों की सफाई के लिए पोकलेन मशीन लगाने हेतु प्रति जोन 3 लाख रुपये की कार्य स्वीकृति दी गई है। महापौर ने कहा कि बारिश से पहले नालों की समुचित सफाई नहीं होने पर जलभराव की समस्या उत्पन्न होगी, जिससे नागरिकों को परेशानी हो सकती है।

महापौर मीनल चौबे ने सभी जोन अध्यक्षों से जोनवार चर्चा कर सफाई की स्थिति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि जोन अध्यक्षों के सुझावों के आधार पर समन्वय बनाकर समयसीमा में कार्य पूर्ण किया जाए।

सभी जोन अध्यक्षों से अपील की गई कि वे अपने-अपने वार्डों का निरीक्षण करें और सफाई कार्य में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि शहरवासियों को बरसात में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## साला ने जीजा को 40 लाख का चूना लगाया, गिरफ्तार

**दुर्ग,** 16 मई (देशबन्धु)। मेडिकल स्टोर्स में कम्प्यूटर से बिल निकालते हुए पैसों की हेराफेरी करने के आरोपी एक साले ने अपने ही जीजा को 40 लाख रूपयों का चूना लगा दिया। इस मामले में जयंती नगर निवासी मेडिकल स्टोर्स संचालक पियूष त्रिपाठी की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने गबन के आरोपी बृजमोहन दुबे उर्फ गगन के विरूद्ध अपराध कायम कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है। बस स्टैंड हाऊसिंग बोर्ड परिसर में स्थित दवा दूकान संकल्प फार्मेसी के संचालक पियूष त्रिपाठी निवासी जयंती नगर में दुर्ग कोतवाली में अपने साले बृजमोहन दुबे के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई कि बृजमोहन दुबे ने उनकी दूकान में कार्य करते हुए कम्प्यूटर बिल निकालते समय पैसों की हेराफेरी कर 40 लाख रूपयों की धोकाधड़ी कर गबन कर लिया। पुलिस के अनुसार बिल कम राशि का बनाकर पार्टियों से ज्यादा पैसा ले लिया करता था।

# कांशीराम नगर के 275 परिवारों को जर्जर मकानों से मिलेगी मुक्ति



**रायपुर,** 16 मई (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, लोक कर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर कांशीराम नगर के अत्यंत जर्जर मकानों में निवास कर रहे 275 फ्लैटधारकों को शीघ्र लाटरी पद्धति से मकानों की नंबरिंग सहित मठपुरैना स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के रिक्त और पक्के मकानों में आवास आबंटन की कार्यवाही कर व्यवस्थापित कर दिया जायेगा. आवास आबंटन की कार्यवाही लाटरी पद्धति से आज से कांशीराम नगर स्थित जर्जर शासकीय आवासों के परिसर में नगर निगम जोन 3 और निगम मुख्यालय प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा द्वारा वार्ड पार्षद श्री महेश ध्रुव, जोन 3 जोन कमिश्नर श्री रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा अंशुल शर्मा सीनियर, कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस,सहायक अभियंता प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा योगेश यदु, सहायक अभियंता नरेश साहू, उप अभियंता अक्षय भारद्वाज की उपस्थिति में प्रारम्भ कर दी गयी. आज पहले दिन लाटरी पद्धति से मकान नंबरिंग सहित आवास आबंटन पर्ची वार्ड पार्षद महेश ध्रुव द्वारा 20 फ्लैटधारकों को आवास आबंटन पर्ची प्रदत्त की.प्रतिदिन फ्लैट धारकों को लाटरी पद्धति से मकान नंबरिंग सहित आवास आबंटन पर्ची प्रदान की जाएगी और शीघ्र 275 सभी फ्लैटधरक परिवारों को सामानों सहित कांशीराम नगर के अत्यंत जर्जर हो चुके मकानों से मठपुरैना के प्रधानमंत्री आवास योजना के पक्के मकानों में व्यवस्थापित करने की कार्यवाही नगर निगम रायपुर द्वारा की जाएगी।

# नवीन शर्मा ट्रांसपोर्ट कैट के प्रदेश अध्यक्ष




**रायपुर,** 16 मई। प्रदेश कार्यालय में ब हुई बैठक में आगामी दो वर्षों के लिए प्रदेश कैट ट्रांसपोर्ट का गठन किया गया। कैट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी को नई प्रदेश कैट ट्रांसपोर्ट गठन हेतु अधिकृत किया गया था। बैठक में कैट के प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन ने नवीन शर्मा के नाम का प्रस्ताव प्रदेश अध्यक्ष कैट ट्रांसपोर्ट पद के लिए प्रस्तुत किया। बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों ने इस प्रस्ताव का सर्वसम्मति से समर्थन करते हुए नवीन शर्मा को कैट ट्रांसपोर्ट का प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित किया। प्रदेश कैट ट्रांसपोर्ट की कार्यकारिणी इस प्रकार है। प्रदेश अध्यक्ष नवीन शर्मा, प्रदेश महामंत्री अमरीक सिंह चहल, प्रदेश कोषाध्यक्षा राकेश अग्रवाल। बैठक में मुख्य रूप उपस्थित से अमर पारवानी, जितेन्द्र दोशी, परमानन्द जैन, सुरिन्द्रर सिंह, अजय अग्रवाल, भरत जैन, अवनीत सिंह, नवीन शर्मा, अमरीक सिंह चहल, राकेश अग्रवाल, बलजिंदर सिंह ज्ञानी, जगतार सिंह, जगदीप सिंह एवं राजेश शर्मा मौजूद रहे।

**पूरे प्रदेश में ट्रांसपोर्ट कैट का विस्तार होगा**

# मैथिल ब्राह्मण सभा चुनाव, वैदेही पैनल ने कवि संजीव ठाकुर का लिया समर्थन

**रायपुर,** 16 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ रायपुर मैथिल ब्राह्मण सभा चुनाव 25 की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनाव में खड़े हुए प्रत्याशियों ने घर-घर दस्तक देनी शुरू कर दी है। वैदेही पैनल के प्रत्याशी विजय झा अध्यक्ष, अजय कुमार ठाकुर सचिव, प्रदीप मिश्रा कोषाध्यक्ष एवं आदीप मिश्रा ने समाज के वरिष्ठ नागरिकों का समर्थन लेना शुरू कर दिया है। आज पैनल ने ख्याति प्राप्त साहित्यकार, चिंतक, लेखक,कवि संजीव ठाकुर के निवास पर जाकर उनसे आशीर्वाद समर्थन एवं अपना कीमती वोट का आश्वासन प्राप्त किया है। मैथिल ब्राह्मण महाकवि विद्यावती ठाकुर और महान रणनीतिज्ञ, राजनीतिज्ञ चाणक्य के वंशज है और 100 प्रतिशत साक्षरता वाले समाज में सभी उच्च शिक्षित व्यक्ति चुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे हैं इसके पूर्व श्रीमती शोभिता पाठक पैनल ने भी साहित्यकार संजीव ठाकुर से अपना आशीर्वाद मत एवं समर्थन घर जाकर मांगा था। वैदेही पैनल के विरुद्ध शोभिता पाठक पैनल खड़ा हुआ है जिसमें अध्यक्ष श्रीमती शोभिता,सचिव भवेश झा एवं कोषाध्यक्ष सुप्रभ झा अपना भाग्य आजमा रहे हैं।



इस अवसर पर चिंतक लेखक कवि संजीव ठाकुर ने कहा चुनाव समाज का हो या विधानसभा, लोकसभा का प्रजातंत्र की गरिमा को बनाए रखना होगा एवं एक दूसरे के प्रति सद्भावना रख अनावश्यक बयान बाजी तथा टिप्पणी से परहेज भी करना होगा। श्री संजीव ठाकुर ने बुद्धिजीवियों की तरफ से आश्वासन दिया है की समाज में सामाजिक उत्थान के लिए किए जाने वाले कार्य को प्राथमिकता देने वाले एवं संघर्षरत व्यक्ति को ही चुनाव जीतने का अधिकार होगा उन्होंने दोनों पैनल को शुभकामनाएं तथा अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

# पटवारी संघ की हड़ताल समाप्त

**पिथौरा,** 16 मई (देशबन्धु)। ग्राम पेंड्रावन में पटवारी विनय कुमार पटेल (प.ह.न. 49, पेंड्रावन) के साथ मारपीट की घटना के विरोध में चल रही पटवारी संघ पिथौरा की हड़ताल शुक्रवार को समाप्त हो गई। उल्लेखनीय है कि 28 अप्रैल 2025 को हुई इस घटना की स्नङ्क्रसांकरा थाना में दर्ज कराई गई थी। आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से आक्रोशित होकर पटवारी संघ पिथौरा ने 6 मई 2025 से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया था। पुलिस की कार्रवाई के दस दिन बाद, शुक्रवार को आरोपियों की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही पटवारी संघ ने हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि अब वे पुनः अपने कार्य पर लौटेंगे।

**आरोपियों ने किया आत्मसमर्पण**

सांकरा थाना प्रभारी राणा सिंह ठाकुर ने जानकारी दी कि पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान पांच आरोपी-निरंजन नायक, यशवंत साहू, त्रिपण साहू, मनोज साहू और टिकेंद्र साहू-ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। न्यायालय द्वारा जमानत खारिज किए जाने के बाद सांकरा पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना में प्रयुक्त महिंद्रा बोलेरो वाहन को भी पुलिस ने जप्त कर लिया है।

**इन धाराओं में दर्ज हुआ मामला**

घटना के संबंध में आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 121(1), 127, 132, 190, 191 समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

गौरतलब है कि पटवारी विनय कुमार पटेल के साथ मारपीट की घटना से राजस्व अमले में रोष व्याप्त था। गिरफ्तारी की मांग को लेकर पटवारी संघ पिथौरा ने हड़ताल शुरू की थी, जिससे राजस्व कार्य प्रभावित हो रहे थे। अब गिरफ्तारी के बाद संघ ने हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया है।

# मनरेगा के तहत मानव दिवस बढ़ाकर मजदूरों को काम देने की मांग, कांग्रेस ने किया जंगी प्रदर्शन

**दुर्ग,** 16 मई (देशबन्धु)। मनरेगा के मजदूरों के मानव दिवस में भारी कटौती किये जाने के विरोध में आज शहर व ग्रामीण तथा भिलाई जिला कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में जबर्दस्त रैली निकालकर कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी अपने साथ मजदूरी में काम आने वाले सामान धमेला, गैती फावड़ा, झौआ रापा इत्यादि लिये हुए थे। आज के प्रदर्शन में कांग्रेसजनों के साथ मजदूर भी बड़ी संख्या में थे। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर शहर जिला अध्यक्ष गया पटेल भिलाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने किया। लगभग तीन घंटे तक जोशीले नारेबाजी के साथ धरना प्रदर्शन करने के बाद कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल को कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि वे 17 मई को इस बारे में चर्चा करके समाधान निकालेगें। बाद में अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि वे अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ 17 मई को कलेक्टर से मिलकर चर्चा करेगें और समाधान न निकलने पर इससे भी जबर्दस्त आंदोलन करेगें। पूर्व घोषणा के अनुरूप आज सुबह 10 बजे के आसपास ही मजदूरों की टोलियां राजीव भवन पहुंचने लगी थी। वे सभी ग्रामीण क्षेत्रों से मनरेगा के मजदूर थे। इनमें महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल थीं। लगभग डेढ़ दो घंटे में पूरा कांग्रेस भवन नेताओ, कार्यकर्ताओं व मजदूरों से भर गया। उसके बाद जोशीले नारेबाजी के साथ रैली निकाली गई। रैली में शामिल लोग हाथ में पोस्टर व बैनर लिये थे जिसमें मनरेगा के मजदूरों के लिये कार्यदिवस में वृद्धि करने की मांग लिखी गई थी। इसी प्रकार केन्द्र व राज्य की भाजपा की सरकारों पर मनरेगा को बंद करने की साजिश करने के आरोपों से जुड़े वाक्य लिखे हुए थे।



रैली राजीव भवन से निकलकर शनिचरी बाजार, तहसील कार्यालय होते हुए पटेल चौक से होकर कलेक्ट्रेट पहुंचती कि उससे पूर्व ही टेलीफोन आफिस के सामने बेरिक्रेटस लगा दिये गये थे। बेरिर्क्रेटस के साथ में टीन की दीवार खड़ी कर दी गई थी। भारी संख्या में पुलिस बल उपस्थित थे वहां प्रदर्शनकारी वहीं पर धरना देकर बैठ गये व नारेबाजी करने लगे।

# छग श्रमजीवी पत्रकार संघ के रामाधार पटेल पुनः जिला अध्यक्ष

**बलौदाबाजार,** 16 मई (देशबन्धु)। छ.ग. श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी का गत दिवस जिला मुख्यालय बलौदाबाजार आगमन हुआ। जहां स्थानीय सर्किट हाउस में श्रमजीवी पत्रकार संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अरविंद अवस्थी का स्वागत किया गया। श्री अवस्थी ने पत्राकारो से संगठनात्मक चर्चा करते हुए पत्रकार दुरभाष निर्देशिका प्रकाशन की जानकारी भी दी गई। इन्होने शीघ्र ही पत्रकार दुरभाष निर्देशिका के विमोचन मुख्यमंत्री के हाथों कराये जाने की बात भी कही। इन्होने कहा कि इस अवसर पर संघ के सभी पदाधिकारी व सदस्यों को आमंत्रित भी किया जायेगा।



उल्लेखनीय है कि श्री अवस्थी अपने बलौदाबाजार प्रवास के दौरान छ.ग. श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई बलौदाबाजार भाटापारा जिला अध्यक्ष के लिए पुनः देशबन्धु के ब्यूरो चीफ रामाधार पटेल को जिला अध्यक्ष घोषित किया गया। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्त करते हुए श्री पटेल को बधाई देते हुए प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। श्री अवस्थी ने इस दौरान शीघ्र जिला इकाई कार्यकारिणी घोषित कर प्रदेश कार्यालय को सूचित करने को कहा। ज्ञात हो कि श्री पटेल 1990 से श्रमजीवी पत्रकार संघ से जुडकर संगठन एवं पत्रकारों के हित में कार्य करना प्रारंभ किया। पश्चात मध्यप्रदेश छत्तीसगढ विभाजन के पूर्व श्री पटेल को 1991 से संभागीय अध्यक्ष का दायित्व तात्कालिन प्रदेश अध्यक्ष विद्याशंकर शुक्ला के द्वारा दिया गया था। वहीं छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण होने के पश्चात एवं बलौदाबाजार भाटापारा जिला बनने के बाद से अब तक छ.ग.श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष के रूप में दायित्व संभालते आ रहे है। श्री पटेल को पुनः जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर छ.ग. श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्यों ने बधाई दी है। ज्ञात हो कि श्री पटेल भारत स्काउट गाइड के जिला अध्यक्ष भी है। वहीं विभिन्न सामाजिक, साहित्यिक संगठन के पदाधिकारी के अलावा राज्य पिछडा वर्ग सलाहकार मंडल छत्तीसगढ शासन के सदस्य भी रह चुके हैं।

## धमधा नगर में सुशासन तिहार का दरबार

**धमधा,** 16 मई। नगर पंचायत धमधा बजरंग चौक मंगल भवन में सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन किया गया, इसमें वार्ड क्षेत्र के नागरिकों ने समस्याओं से जुड़े आवेदन किए, उनका निराकरण किया गया।

## निधन

### अशोक सोनी



**महासमुंद** 16 मई । स्थानीय नयापारा वार्ड नंबर 4 निवासी मुक्ति धाम सेवा समिति के सक्रिय संचालक व एंबुलेंस संचालक अशोक सोनी 53 वर्ष का 15 मई को निधन हो गया। अंतिम संस्कार 16 मई को भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

# तेजी से आकार ले रहा श्यामतराई का फुड पार्क, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**धमतरी,** 16 मई (देशबन्धु)। धमतरी विकासखण्ड के श्यामतराई में लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं फुड पार्क का काम तेजी से चल रहा है। सीएसआईडीसी द्वारा विकसित किए जा रहे इस फुड पार्क में सड़क, नाली बनाने का काम पूरा किया जा चुका है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज इस फुड पार्क में पहुंचकर चल रहे कामों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र के महाप्रबंधक श्री गोस्वामी से इस फुड पार्क में विकसित हो रही सुविधाओं की जानकारी ली और बचे हुए निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। श्यामतराई में 8.83 हेक्टेयर रकबे में लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं फुड पार्क की स्थापना की जा रही है। यहां लगने वाली औद्योगिक इकाईयों को सम्पबेल के द्वारा पानी की आपूर्ति की जाएगी। इसके लिए पाईपलाईन बिछाने का काम किया जा रहा है। लगभग 4 करोड़ 63 लाख रूपये की लागत से विकसित हो रहे इस औद्योगिक पार्क में सड़क किनारे बिजली पोल लगाने का काम भी तेजी से किया जा रहा है।



**बिजली सहित बचे काम जल्द से जल्द पूरा करने के दिए निर्देश**

कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्माण एजेंसी को यह सभी काम अगले एक माह में पूरा करने के निर्देश मौके पर दिए। उन्होंने इस फुड पार्क में औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के लिए ऑनलाईन आवेदन की पूरी प्रारंभिक तैयारी भी एक माह में करने के निर्देश जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र के महाप्रबंधक को दिए।

# धोखाधड़ी, फरार आरोपी को पुलिस ने दिल्ली से किया गिरफ्तार

**बिलाईगढ़,** 16 मई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडे अनुभागीय अधिकारी पुलिस विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप.निरी.शिव कुमार धारी के नेतृत्व में धोखाधड़ी के मामले में 3 साल से फरार आरोपी को किया गया गिरफ्तार।

मामले की विवरण- इस प्रकार है कि प्रार्थी फूलसाथ पंकज पिता स्व. बुदूलपंकज उम्र 34 वर्ष पता देवरबोड थाना बिलाईगढ के साथ मोबाईल न 7247353431 में अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपने मोबाइल न 8745040452 से फोन करके प्रधानमंत्री जनधन मुन्द्रा लोन आनलाईन खाता मे देने कि प्रलोभन देकर दिनाक 14.07.2023 को गोबाईल न 8375040489 से फोन कर प्रोसेसिंग चार्ज लगेगा बोला पंजाब नेशनल बैंक में मनोज कुमार का खाता नम्बर 0838000104664323 आई एफ.सी पीयूएनबी 0083800 का क्यू आर कोड गे वाट्सप किया और 510 रूपये डालने को बोला 17.07.2023 से 10.08.2023 तक 19 किरतो में कुल 76298 रूपये को अपने एसबीआई बैंक के खाता कमांक 11396533898 के फोन पे माध्यम से ट्रास्फर किया उसके बाद भी दो लाख रूपये प्रार्थी के खाता मे नही आया धोखाधडी की लिखित आवेदन पर मो.नं. 8745040452, 8375040489 के विरूध्द अपराध पंजीबद्व कर विवेचना कार्यवाही मे लिया गया था अपराध विवेचना के दौरान प्रार्थी के पेश करने पर मनोज कुमार का गुगल पे पंजाब नेशनल बैंक का बार कोड का स्क्रीन शॉट की छायाप्रति व भारतीय स्टेट बैंक का एकान्ट स्टेटमेंट की कॉपी को जप्त कर आरोपी की पतासाजी हेतु पंजाब नेशनल बैंक मे पत्राचार किया गया जिसमे खाता धारक के सबंध मे जानकारी प्राप्त किया गया दौरान खाता धारक मनोज कुमार से पूछताछ करने एवं पर अपने साथी दिनेश नागपाल और उसके साथी दिल्ली निवासी अमन शर्मा के साथ मिलकर ठगी करना बताये जाने पर मनोज कुमार व दिनेश नागपाल को उसके द्वारा ठगी में इस्तेमाल दस्तावेज व सामग्री को लेकर रोहतक से आरोपी मनोज कुमार व दिनेश नागपाल को थाना लाकर पूछताछ कर गेमोरेण्डग कथन लिया गया जिसमे एक अन्य साथी अमन शर्मा के साथ मिलकर प्रधानमंत्री लोन को प्रलोभन देकर मो.न.के धारक 7247353431 से 76808 ट्रांस्फर करा कर ठगी किये है अमन शर्मा के बारे में वर्तमान जानकारी नही होना मेमोरेण्डम कथन में बताये थे। आरोपी दिनेश नागपाल पिता भगवान दास उम्र 55 वर्ष से मेमोरेण्डम कंथन के आधार पर एटीएम कार्ड एवं मनोज कुमार से पंजाब नेशनल बैंक का दस्तावेज स्वहस्ताक्षरित को जप्त किया जाकर आरोपीगणों 1. मनोज कुमार एवं 2. दिनेश नागपाल को उनके गिरफ्तारी का आशय बताते हुए दिनांक 27.09.2024 को विधिवत गिरफ्तार किया गया न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया था अंतर्गत धरा 173 8 द.प्र.सं. के तहत गिरफतार आरोपियो के विध्द अभियोग पत्र तैयार कर दिनांक 22.11.2024 को माननीय न्यायालय पेस किया गया था,प्रकरण के एक अन्य आरोपी अमन शर्मा कि पतासाजी विवेचना के दौरान प्राप्त लोकेशन र्क्नै॥ 243 बी. निहाल विहार नागलोई थाना निहाल विहार पश्चिमी दिल्ली में दबिस देकर राजीव कुमार उर्फ अमन शर्मा पिता र्स्व. रविन्द्र प्रताप उम्र 43 वर्ष पूर्व पत्ता र्क्नै॥ 243 बी. निहाल विहार नागलोई थाना निहाल विहार पश्चिमी दिल्ली वर्तमान पता र्क्नैष्ट 168 निहाल विहार गली नं. 2 थाना निहाल विहार जिला पश्चिमी दिल्ली को हिराशत मे लेकर थाना लाया गया गवाहो के समक्ष पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लेने पर फुलसाय से अमन शर्मा बनकर बात करना और लोन के नाम से झांसा देकर कुल 76808 रूप्ये मनोज के बैंक खाता मे लेना स्वीकार किया और ठगी किये रकम का अपने हिस्सा मे मिला 25000 हजार रूपये में से 23000 हजार रूपये का ञ्जश्वष्टह्लह्ल कंपनी का मोबाईल खरीद कर खर्च कर देना और शेष 2000 हजार रूपये को बचा कर रखा था।



**धोखाधड़ी के मामले में 3 साल से था फरार**

# काव्या शोरूम में चोरी, 2 गिरफ्तार



**रायपुर,** 16 मई (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने शो रूम में हुए चोरी के मामले को सुलझा लिया है इस दौरान पुलिस ने 2 युवकों पकड़ा है बताया गया कि प्रार्थी छगन खजुरिया ने थाना आमानाका में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह हर्षीत टावर हीरापुर में रहता है तथा उसकी छठ तालाब के पास काव्या सेल्स के नाम से स्वयं की ईलेक्ट्रॉनिक एपलायसेंस की दुकान है। 12 मई को रात्रि करीबन 09.30 बजे शो.रूम को लॉक कर अपने घर चला गया था । दूसरे दिन प्रात: 06.30 बजे शो.रूम के पास नर्सरी वाले ने प्रार्थी को फोन कर बताया कि शो.रूम में चोरी हुआ है सूचना पर प्रार्थी शो.रूम पहुंचकर देखा तो पाया कि शो.रूम का कुछ समान पीछे तरफताला के पास पड़ा हुआ था शो.रूम अंदर प्रवेश कर देखे तो पाये कि तीसरी मंजिल में रखे होम अप्लायंस एंव एसी के सामान गायब थे। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के शो.रूम के पीछे दीवाल में लगे सोलर से ऊपर चढ़कर लॉक को तोड़कर शो.रूम अंदर प्रवेश कर उक्त मशरूका को चोरी कर फरार हो गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना आमानाका में धारा 331;4 305 3;5 बी.एन.एस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। चोरी की घटना को थाना प्रभारी आमानाका को अज्ञात अरोपी की जल्द से जल्द पतासाजी कर गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना आमानाका पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए घटना के संबंध में प्रार्थी तथा अन्य स्टॉफसे विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात अरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस.पास लगे सी सी टी व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ.साथ प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये। इसी दौरान सीण्सीण्टीण्व्हीण् कैमरों के फुटेजों का अवलोकन में टीम के सदस्यों द्वारा घटना दिनांक को रात्रि में 01 पिकअप वाहन को संदिग्ध अवस्था में देखा गया था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा पिकअप वाहन के संबंध में भी जानकारी एकत्र करते हुए अज्ञात अरोपियों को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा कबीर नगर निवासी समरजीत भारद्वाज की पतासाजी कर पकड़कर प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने साथी बलराम साहू के साथ मिलकर उक्त चोरी की घटना को अंजाम देना तथा चोरी के समान को पिकअप वाहन में भरकर फरार होना बताया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में आरोपी बलराम साहू की भी पतासाजी कर पकड़ा गया।

**सीसीटीवी से मिला आरोपियों का सुराग**

# अवैध शराब के साथ सात आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 16 मई (देशबन्धु)। रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह तथा उपायुक्त आबकारी रामकृष्ण मिश्रा के निर्देश पर आबकारी विभाग जिला रायपुर द्वारा अवैध शराब एवं अन्य आचकारी अपराधों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है।

शराब परिवहन की सूचना पर भरेंगाभाठा में घेराबंदी कर जानकी रात्रे पति स्व. नैनदास रात्रे के कब्जे से 30 नग पाव देशी मदिरा मसाला व दो पहिया एक्टिवा वाहन, तिल्दा में सकुन तिवारी पति दीपक तिवारी के रिहायशी गकान की विधिवत् तलाशी लेने पर 51 नग पाव देशी मदिरा मसाला, ग्राम खोला में जोहन धृतलहरे पिता विसहत घृतलहरे के रिहायशी मकान की विधिवत् तलाशी लेने पर 47 नग पाव देशी मदिरा मसाला, ग्राम पिरदा में सुरजीत टांडे के रिहायशी मकान की विधिवत् तलाशी लेने पर 91 नग पाव देशी मदिरा मसाला, शराब परिवहन की सूचना पर राठौर चौक के पास मोहित बघेल के एक्टिवा वाहन की तलाशी लेने पर 40 नग पाव देशी मदिरा मसाला व दो पहिया एक्टिवा वाहन, ग्राग तुलसी-2 में रंजन जांगडे पिता हरिलाल जांगड़े के रिहायशी मकान की विधिवत् तलाशी लेने पर 52 नग पाव देशी मदिरा मसाला, वार्ड क्रमांक 59 संतोषीनगर में उमेश जोशी पिता स्व. राजेश जोशी के रिहायशी मकान की विधिवत् तलाशी लेने पर एक काले रंग के पिट्‌दू बैग एवं एक लाल रंग के पिट्‌दू वैग में रखा हुआ कुल 140 नग पाव देशी मदिरा मसाला जप्त किया गया।

इस प्रकार आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत कुल 7 प्रकरण कायम कर कुल 81.19 बल्क लीटर मदिरा एवं 2 दो पहिया वाहन जप्त कर रामस्त आरोपियों को जेल दाखिल किया गया। अवैध शराब की तस्करी तथा अन्य आबकारी अपराधों पर नियंत्रण हेतु रायपुर जिले के आबकारी विभाग द्वारा कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# व्यापारी नेताओं ने तुर्की व अज़रबैजान के साथ व्यापार बहिष्कार का लिया निर्णय

**रायपुर,** 16 मई (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली में कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स द्वारा आयोजित राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन में देशभर से आए 125 से अधिक शीर्ष व्यापारिक नेताओं ने सर्वसम्मति से यह संकल्प लिया कि भारत का व्यापारिक समुदाय तुर्की और अज़रबैजान के साथ हर प्रकार के व्यापार एवं व्यावसायिक संबंधों का पूर्ण बहिष्कार करेगा। जिसमें यात्रा और पर्यटन भी शामिल है। व्यापारिक समुदाय ने भारतीय फिल्म उद्योग से भी अपील की है कि वे तुर्की और अज़रबैजान में किसी भी प्रकार की फिल्म की शूटिंग न करें, और यदि कोई फिल्म वहाँ शूट होती है, तो व्यापार जगत और आम जनता ऐसे फिल्मों का बहिष्कार करेगी। सम्मेलन में यह भी निर्णय लिया गया कि कोई भी कॉरपोरेट हाउस तुर्की और अज़रबैजान में अपने उत्पादों के प्रमोशन की शूटिंग नहीं करेगा।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी ने बताया कि इस सम्मेलन में देश के 24 राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए उन सभी ताकतों का सख्ती से विरोध करने का संकल्प लिया जो भारत के खिलाफ खड़ी हैं। यह प्रस्ताव तुर्की और अज़रबैजान द्वारा हाल ही में पाकिस्तान के पक्ष में खुले समर्थन के संदर्भ में पारित किया गया है, जब भारत एक संवेदनशील और गंभीर राष्ट्रीय सुरक्षा संकट से गुजर रहा है। व्यापारिक समुदाय का मानना है कि यह भारत के साथ एक प्रकार का विश्वासघात है, विशेष रूप से उस मानवीय एवं कूटनीतिक सहायता को देखते हुए जो भारत, और विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ने संकट के समय इन देशों को प्रदान की थी।

सम्मेलन में यह भी कहा गया कि तुर्की द्वारा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बार-बार भारत विरोधी बयान देना और पाकिस्तान की बात का समर्थन करना अस्वीकार्य है, जबकि अज़रबैजान का तुर्की के साथ खड़ा होना और पाकिस्तान के पक्ष में सार्वजनिक बयान देना भारत की दोस्ती और सहयोग के प्रति अनादर दर्शाता है।

# जांजगीर चांपा में 19 को कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली



**रायपुर,** 16 मई (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पूरे देश में कांग्रेस संविधान बचाओ अभियान चला रही है। छत्तीसगढ़ में इसकी शुरूआत जांजगीर चांपा से होगी। 19 मई को जांजगीर चांपा में संविधान बचाओ रैली होगी, उसके बाद सभी जिला मुख्यालयों और विधानसभा क्षेत्रों में संविधान बचाओ रैली निकाली जायेगी। जिला एवं विधानसभा के बाद कांग्रेस घर-घर तक संविधान बचाओ अभियान लेकर जायेगी।

जांजगीर चांपा में होने वाली संविधान बचाओ रैली की तैयारी के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रभारी सचिव जरिता लैतफलांग, प्रभारी सचिव विजय जांगिड़ ने बिलासपुर संभाग एवं जांजगीर चांपा के पदाधिकारियों, विधायकों की बैठक लिया।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस संविधान बचाओ अभियान को घर-घर लेकर जायेगी। उन्होंने कहा कि संविधान बचाओ अभियान का उद्देश्य मोदी सरकार द्वारा संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर किये जा रहे लगातार हमलों, प्रतिशोध की राजनीति, आर्थिक कुप्रबंधन और सामाजिक न्याय के प्रणालीगत हनन का मुकाबला करना है। यह अभियान आम नागरिक की आवाज को बुलंद करेगा, जमीनी स्तर की चिंताओं को उजागर करेगा और हमारे संविधान में निहित मूल्यों पर फिर से जोर देगा।

**संविधान बचाओ रैली के लिए तैयारी बैठक संपन्न**

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से हम संविधान की रक्षा करने स्वतंत्रता, समानता और न्याय के मूल्यों को बनाये रखने और हम भारतीय के अधिकारों, सम्मान और भविष्य के लिये लड़ने के लिये एकजुट है। हम इस देश के गरीबों को लिये अपनी लड़ाई में अडिग रहेंगे उनके अधिकारों की वकालत करेंगे और उनकी आवाज को बुलंद करेंगे।

बैठक में पूर्व मंत्री उमेश पटेल, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, बालेश्वर साहू, दिलीप लहरिया, कविता प्राण लहरे, शेषराज हरवंश, फूलसिंह राठिया, राघवेन्द्र सिंह, पुरूषोत्तम कंवर, सुमित्रा धृतलहरे, विनय जायसवाल, शैलेश नितिन त्रिवेदी, सुबोध हरितवाल, मोतीलाल देवांगन, पदमा मनहर, प्रेमचंद जायसी, नोबेल वर्मा, विजय पांडे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन रायपुर के अध्यक्ष बने डॉ. रेशम सिंह



**रायपुर,** 16 मई (देशबन्धु)। डॉ. रेशम सिंह पीजी छात्र जनरल सर्जरी विभाग को सर्वसम्मति से जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन रायपुर का नया अध्यक्ष चुना गया है। उनके नेतृत्व में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें उपाध्यक्ष पद पर डॉ. राजेन्द्र झरिया, डॉ. शिल्पा, डॉ. संजू और डॉ. वीरेंद्र वारते को चुना गया है। वहीं डॉ. स्वास्तिक भट्टाचार्य को सचिव और डॉ. अमित बंजारा को सह-सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

डॉ. रेशम सिंह NGO SANKALAP – A Mission के संस्थापक एवं सलाहकार मंडल के सदस्य हैं। उनके नेतृत्व में अब तक हजारों नि:शुल्क मेडिकल कैंप, रक्तदान शिविर तथा हृश्वश्वञ्ज-त्न जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु शैक्षिक सहायता कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित किए गए हैं।

मेडिकल समुदाय में डॉ. रेशम सिंह के नेतृत्व में अनेक परिवर्तन हुए हैं, इनमें प्रमुख उपलब्धियां- अंडरग्रेजुएट एवं पोस्टग्रेजुएट मेडिकल काउंसलिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित कर भ्रष्टाचार का समापन। 200-पॉइंट रोस्टर नीति को प्रभावी रूप से लागू कराना। विषयों के आवंटन की प्रणाली में सुधार करते हुए लकी ड्रा की जगह व्यवस्थित रोस्टर प्रणाली लागू कराना शामिल है। इन सुधारों के परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ राज्य की मेडिकल काउंसलिंग अब पूर्णत: पारदर्शी एवं निष्पक्ष हो चुकी है। समस्त जूनियर डॉक्टरों को डॉ. रेशम सिंह के नेतृत्व से व्यापक अपेक्षाएँ हैं और उनके अध्यक्ष चुने जाने से चिकित्सकीय समुदाय में उत्साह का वातावरण है।

**नई कार्यकारिणी का भी हुआ गठन**

डीन प्रोफेसर डॉ. विवेक चौधरी एवं मेडिकल सुपरिटेंडेंट प्रोफेसर डॉ. संतोष सोनकर ने डॉ. रेशम सिंह को शुभकामनाएं देते हुए आश्वस्त किया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय में कार्यरत जूनियर डॉक्टरों — जो मरीजों की सेवा में प्रथम पंक्ति में खड़े रहते हैं — उनके लिए समुचित सुरक्षा, भयमुक्त कार्य वातावरण और संतुलित ड्यूटी शेड्यूल सुनिश्चित किया जाएगा।

यह प्रयास न केवल डॉक्टरों के मनोबल को बढ़ाएगा, बल्कि आम जनता को बेहतर एवं सुलभ चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त होंगी।

साथ ही छत्तीसगढ़ डॉक्टर्स फेडरेशन (ष्टत्रष्ठस्न) के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह लोधी ने पत्र जारी कर डॉ. रेशम सिंह को बधाई दी और उत्साहपूर्वक कहा कि उगते हुए सूरज को कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने विश्वास जताया कि अब समस्त चिकित्सक मिलकर चिकित्सा व्यवस्था में व्याप्त अव्यवस्थाओं को दूर करेंगे और आम जनमानस के हित में चिकित्सा सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लाएंगे।

# खरोरा सड़क हादसा की उच्चस्तरीय जांच की मांग



**रायपुर,** 16 मई (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर द्वारा जिलाधीश को ज्ञापन सौंप कर बंगोली खरोरा सड़क हादसे की उच्चस्तरीय जांच और मृतक को20 लाख घायल को 5 लाख देने मांग की है।

11 मई को रात्रि में भीषण दुर्घटना हुई थी। जिसमें घटना स्थल पर ही 13लोगों की मृत्यु हुई 18लोग घायल हुए थे। ये दुर्घटना सरकार की लापरवाही का नतीजा है जो कल कारखाने के लिए भारी मशीनरी ले जाने वाले मालवाहक की लगातार निगरानी होनी चाहिए, जो मापदंड है पूरा होना चाहिए। नागपुर से चलकर इतनी दूर सफर करने के बाद एक भी जांच नहीं होना अपने आप में गंभीर बात है हाइलाइटर या चमकीला कोई सूचक नहीं लगा था सिंगल रोड में 3 /3फिट ट्रक से बाहर निकला है जो दुर्घटना को स्वयं निमंत्रण दे रहा है, इसकी उच्च स्तरीय जांच की जानी चाहिए। साथ ही जिम्मेदार लोगों के प्रति जवाबदेही तय हो, जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम ने माग की है मृतक को 20लाख रुपए, घायलों को 5लाख रुपए दिया जाए। माग पूरा नहीं होने की स्थिति में चक्का जाम किया जाएगा। पीड़ित परिवार के प्रति कांग्रेस पार्टी की पूरी संवेदना है।

**मृतक के परिजनों को 20 लाख घायल को 5 लाख देने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा**

ज्ञापन सौंपने के दौरान धरसीवां विधानसभा के सभी का माग करने वालों में पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनीता शर्मा, भावेश बघेल, पप्पू राजेंद्र बंजारे, सौरभ मिश्रा, दुर्गेश वर्मा, चूड़ामणि साहू, रूपेश बघेल, बबलू भाटिया, अमित जांगड़े, नीतू साहू, साहिल खान, खूबी डहरिया सहित धरसीवां विधानसभा के अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# रेत उत्खनन के 876 प्रकरणों में 2.69 करोड़ रु का जुर्माना

रायपुर, 16 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत नियम 2019 के तहत जिला रायपुर में कुल 13 रेत खदानें स्वीकृत की गई हैं। इनमें से 8 खदानें पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त कर संचालित हो रही हैं, जबकि शेष 5 खदानों के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रक्रिया प्रचलन में है।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। इसी के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में अवैध रेत उत्खनन के 53 मामलों में 42,96,300 रूपए, अवैध परिवहन के 819 मामलों में 2,24,14,900 रूपए तथा अवैध भंडारण के 4 मामलों में 2,59,000 रूपए की वसूली की गई है। कुल मिलाकर 876 प्रकरणों में 2,69,70,200 रूपए की राशि आरोपित कर वसूली की गई है।

खनिज विभाग के उप-संचालक किशोर गोलघाटे ने बताया कि वर्ष 2025-26 में, 15 मई 2025 तक की स्थिति में, अवैध रेत उत्खनन का 1 मामला सामने आया जिसमें 59,000 रूपए वसूले गए हैं, वहीं अवैध परिवहन के 80 मामलों में 20,90,600 रूपए की वसूली हुई है। इस प्रकार कुल 81 मामलों में 21,49,600 रूपए की राशि वसूली गई है।

रेत घाटों पर की गई कार्रवाई के दौरान वर्ष 2024-25 में कुल 32 चौन मशीनें जब्त की गई थीं। वर्तमान में भी पिछले दो महीनों में कई चौन मशीनें जब्त कर पुलिस थाना उपरवारा में सुरक्षित रखी गई हैं। अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए लगातार कार्रवाई जारी है।

वर्तमान में जिले में 7 नए रेत घाटों को नीलामी हेतु चिन्हांकित किया गया है। वर्षा ऋतु के दौरान निर्माण कार्यों में रेत की उपलब्धता बनाए रखने के लिए, वर्तमान में स्वीकृत 10 रेत भंडारण स्थलों के अतिरिक्त अधिक से अधिक अस्थायी भंडारण स्वीकृत करने की प्रक्रिया जारी है। जिले में शासकीय एवं निजी निर्माण कार्यों हेतु रेत की सुगम और उचित दर पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्वीकृत रेत घाटों और भंडारण स्थलों के माध्यम से व्यवस्था की जा रही है। साथ ही रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर नियंत्रण के लिए खनिज विभाग द्वारा सतत निगरानी की जा रही है।



रायपुर। मराठा समाज रायपुर द्वारा चलाए जा रहे समर कैंप के दूसरे दिन बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। 3 से 15 साल के बच्चों के लिए समाज द्वारा पांच दिवसीय समर कैंप दानी मराठा बोर्डिंग बूढ़ापारा में किया गया है। कैंप में बच्चों को चित्रकारी, डांस, लिपन आर्ट, कोल्ड कुकिंग, मेहंदी तथा अन्य कला कौशल और घरेलु नुस्खे का ज्ञान सिखाया जा रहा है। यह कैंप नि:शुल्क है तथा सभी समाज व वर्ग के लिए है। पार्षद मुरली शर्मा ने कल कैंप का उद्घाटन किया।

# गांजा व प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ 4 गिरफ्तार



**रायपुर,** 16 मई (देशबन्धु)। नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकरए पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना राखी क्षेत्रांतर्गत ग्राम निमोरा स्थित मकान में कुछ व्यक्ति घर में गांजा तथा प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखें है तथा बिक्री कर रहें है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना राखी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये मकान को चिन्हांकित कर रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही के दौरान 02 व्यक्ति उपस्थित मिले जिन्होने पूछताछ में अपना नाम सागर भारती एवं ज्ञानेश्वर जोशी निवासी रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा मकान की तलाशी लेने पर मकान में गांजा एवं प्रतिबंधित नशीली टेबलेट नीट्राजपैम एवं स्पास्मों रखा होना पाया गयाए प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखने एवं बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उनके द्वारा किसी प्रकार का दस्तावेज प्रस्तुत न करते हुए टीम के सदस्यों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 02 किलो 300 ग्राम गांजा एवं 136 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट निट्रजपैम एवं स्पास्मों जुमला कीमती लगभग 30,000 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना राखी में धारा 20बी एवं 22बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया है। इधर एक अन्य मामले में थाना गोलबाजार क्षेत्रांतर्गत स्थित श्री पैलेश के रूम नंबर 102 में राजस्थान से आए दो व्यक्ति अपने पास गांजा रखे हैं तथा ग्राहक तलाशकर खपाने की फिराक में हैं। बताये हुलिये के व्यक्तियों को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम सत्येंद्र गिरी पिता सुभाष गिरी उम्र 19 साल पता दौपुरा थाना बसेड़ी जिला धौलपुर ;राजस्थानद्ध एवं । देशराज सिंह पिता किशन सिंह उम्र 21 साल पता नगला मठली पोण् महमदपुरा तहण् बयानाए जिला भरतपुर ;राजस्थानद्ध का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा दोनों के पास रखें पिट्ठू बैगों की तलाशी लेने पर दोनों बैग में गांजा रखा होना पाया गया।

# ढाबा संचालक से पैसे लेते सिपाही का वीडियो वायरल



**रायपुर,** 16 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ पुलिस के एक आरक्षक का कैश लेते हुए वीडियो वायरल हो रहा है ये वीडियो सिमगा के पास जंक्शन ढाबा का है जिस आरक्षक का ये वीडियो बताया जा रहा है उसकी पोस्टिंग चंद दिनों पहले ही राजा देवरी थाने में हुई है वायरल वीडियो में दिख रहे आरक्षक से तो उसका दावा था कि उक्त कैश उसने किसी नारायण निषाद को उधार में दिए थे और उसके कहने पर ही पैसे लेने वे ढाबा गया था उक्त आरक्षक के मुताबिक ये वीडियो 2.3 महीने पुराना है लेकिन जब से उनकी उक्त राजा देवरी थाने में पोस्टिंग हुई है तब से उनके कुछ जलने वालों ने ये वीडियो वायरल कर दिया उक्त आरक्षक ने कहा है कि वे खुद चाहते है कि एसपी इस वायरल वीडियो की जांच कराए लेकिन जब हमने ये पूछा कि आपने जांच के लिए एसपी से मुलाकात कर आवेदन क्यों नहीं दिया तो बोले कि उन्हें भी इस वायरल वीडियो की जानकारी अभी मिली है इसलिए वे आवेदन नहीं कर पाए उक्त वायरल वीडियो में आरक्षक गाली.गलौच करते हुए सुने जा सकते है और वे लाइजनिंग के लेन.देन की बात कर रहा है वायरल वीडियो में आरक्षक 2.3 ढाबा चलाने की बात भी कहते हुए सुना जा सकता है

**कहां- मैं खुद चाहता हूं एसपी जांच करवाएं**

# मनरेगा के तहत मानव दिवस बढ़ाकर मजदूरों को काम देने की मांग, कांग्रेस ने किया जंगी प्रदर्शन



**दुर्ग**, 16 मई (देशबन्धु)। मनरेगा के मजदूरों के मानव दिवस में भारी कटौती किये जाने के विरोध में आज शहर व ग्रामीण तथा भिलाई जिला कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में जबर्दस्त रैली निकालकर कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी अपने साथ मजदूरी में काम आने वाले सामान धमेला, गैती फावड़ा, झौआ रापा इत्यादि लिये हुए थे। आज के प्रदर्शन में कांग्रेसजनों के साथ मजदूर भी बड़ी संख्या में थे। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर शहर जिला अध्यक्ष गया पटेल भिलाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने किया। लगभग तीन घंटे तक जोशीले नारेबाजी के साथ धरना प्रदर्शन करने के बाद कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल को कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि वे 17 मई को इस बारे में चर्चा करके समाधान निकालेगें। बाद में अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि वे अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ 17 मई को कलेक्टर से मिलकर चर्चा करेगें और समाधान न निकलने पर इससे भी जबर्दस्त आंदोलन करेगें।

पूर्व घोषणा के अनुरूप आज सुबह 10 बजे के आसपास ही मजदूरों की टोलियां राजीव भवन पहुंचने लगी थी। वे सभी ग्रामीण क्षेत्रों से मनरेगा के मजदूर थे। इनमें महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल थीं। लगभग डेढ़ दो घंटे में पूरा कांग्रेस भवन नेताओ, कार्यकर्ताओं व मजदूरों से भर गया। उसके बाद जोशीले नारेबाजी के साथ रैली निकाली गई। रैली में शामिल लोग हाथ में पोस्टर व बैनर लिये थे जिसमें मनरेगा के मजदूरों के लिये कार्यदिवस में वृद्धि करने की मांग लिखी गई थी। इसी प्रकार केन्द्र व राज्य की भाजपा की सरकारों पर मनरेगा को बंद करने की साजिश करने के आरोपों से जुड़े वाक्य लिखे हुए थे।

रैली राजीव भवन से निकलकर शनिचरी बाजार, तहसील कार्यालय होते हुए पटेल चौक से होकर कलेक्ट्रेट पहुंचती कि उससे पूर्व ही टेलीफोन आफिस के सामने बेरिक्रेटस लगा दिये गये थे। बेरिर्क्रेटस के साथ में टीन की दीवार खड़ी कर दी गई थी। भारी संख्या में पुलिस बल उपस्थित थे वहां प्रदर्शनकारी वहीं पर धरना देकर बैठ गये व नारेबाजी करने लगे। यहां पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकारें कांग्रेस शासनकाल में शुरू की गई महत्वपूर्ण योजना महात्मा गांधी रोजगार गारंटी को बंद करना चाहती है। इसलिए पूर्व की भूपेश बघेल सरकार द्वारा मनरेगा में 42 लाख मानव दिवस सृजन का लक्ष्य था जिसे वर्तमान सरकार ने पिछले साल 32 लाख मानव दिवस कर दिया और वर्ष 25-26 में इसे और घटाकर 18 लाख दिवस कर दिया गया है। इससे मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है। मजदूरों को काम के लिये भटकना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ से मजदूरों के पलायन की खबरें आने लगी है। श्री ठाकुर ने मांग की है कि मनरेगा के अंतर्गत जल्द से जल्द ज्यादा से ज्यादा मजदूरों को मनरेगा के कार्य प्रारंभ कर कार्य दिया जायें। उन्होंने चालू वित्त वर्ष में मनरेगा के मजदूरों के लिये फिर से 42 लाख मानव दिवस सृजन किया जायें।

आज के प्रदर्शन में पूर्व विधायक अरुण वोरा, आर एन वर्मा, गया पटेल, प्रदेश महामंत्री,राजेंद्र साहू, धीरज बाकलीवाल, राजेश यादव, संजय कोहले, अलताफ अहमद, प्रवक्ता नासिर खोखर, विक्रांत अग्रवाल, अय्यूब खान, अश्वनी साहू, शिवकुमार वर्मा, राजीव गुप्ता, शमशीर कुरैशी, हरीश ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# आपरेशन विश्वास : पुलिस ने एक ही रात में दो सौ से अधिक फरार वारंटियों को किया गिरफ्तार



**दुर्ग**, 16 मई (देशबन्धु)। पुराने अपराधिक मामलों में फरार वारंटियों की धरपकड़ के लिए दुर्ग पुलिस ने ऑपरेशन विश्वास शुरू किया है। गुरुवार की रात से शुरू हुए इस अभियान में विभिन्न थाना क्षेत्रों के फरार 200 से ज्यादा वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। एक ही रात में इतनी बड़ी संख्या में वारंटियों की गिरफ्तारी दुर्ग पुलिस की बड़ी कार्रवाही मानी जा रही है। अब पुलिस द्वारा इन गिरफ्तार वारंटियों की छंटनी कर आगे की कार्रवार संबंधित थानों में की जाएगी।

मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग में वर्षों से लंबित स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटियों पर तामिली के लिए 15-16 मई की दरम्यानी रात्रि विशेष अभियान आपरेशन विश्वास चलाया गया। इसके तहत् जिले के सभी थाना क्षेत्रों में वारंटियो की पतासाजी के लिए विशेष टीम गठित कर वारंटियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दिया गया। अभियान के तहत कुल 235 वारंट के कुल 198 वारंटियों को दुर्ग पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाही में 150 से अधिक अधिकारी कर्मचारी जुटे थे। इस विशेष अभियान के तहत् वारंटियो का नाम सूची बद्ध कर, फिंगर प्रिंट लेकर डाटा बेस तैयार किया गया है। अभियान में जिलो के सभी थानों के साथ-साथ एसीसीयू की टीम के द्वारा वारंटियों की पता साजी एवं धरपकड़ की गई है। उक्त कार्यवाही में वर्षों से फरार थाना छावनी के 27 वर्ष पुराना वारंटी को भी पकडकर वारंट तामील किया गया तथा थाना छावनी क्षेत्र के गुण्डा बदमाश का जिला बदर वारंटी भी तामील कराया गया। इस प्रकार जिले में कुल 235 वारंट में से 204 स्थाई वारंट और 31 गिरफ्तारी वारंट की तामीली कराई गई।

एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि दुर्ग पुलिस द्वारा वारंटियों को गिरफ्तारी के लिए ऑपरेशन विश्वास शुरू किया गया है। दुर्ग भिलाई के तमाम पुलिस थाना क्षेत्रों में लंबे समय से फरार वारंटियों को पकड़ा गया है। ऑपरेशन विश्वास के तहत ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 235 वारंटियों को पकड़ा गया है। ऑपरेशन विश्वास लोगों को यह विश्वास दिलाने के लिए है कि अपराधिक प्रवित्ति के लोगों का यही हाल किया जाएगा। अभी इनमें से आरोपियों को चिन्हांकित किया जाएगा और उसके बाद आगे की कार्रवार होगी। उन्होंने कहा है कि अभियान अभी आगे और जारी रहेगा।

# विधायक - महापौर ने शिविर में पहुंचकर आवेदनों के समाधान की ली जानकारी



■ **बोरसी समाधान शिविर निगम के 938 आवेदनों में 935 आवेदनों का किया निराकरण**

**दुर्ग**, 16 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तहत शास. प्राथमिक शाला बोरसी वार्ड क्रमांक 52 में सात वार्डो का एक साथ 16 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। महापौर अलका बाघमार ने समाधान शिविर का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी और मां सरस्वती के तैल्चचित्र में पूजा.अर्चना दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

समाधान शिविर में विधायक गजेंद्र यादव, महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल, सभापति श्याम शर्मा, देवनारायण चन्द्राकर, काशीराम कोसरे, नीलेश अग्रवाल, मनीष साहू, शशि साहू, लीलाधर पाल, पार्षद संजय अग्रवाल, साजन जोसेफ गुलशन साहू, बोरसी मंडल अध्यक्ष कौशल साहू के साथ जायजा लिया।

विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सुशासन को नई दिशा मिल रही है। शासन की मंशा है कि योजनाएं केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि उनका लाभ हर जरूरतमंद तक पहुँचे। इसी सोच के तहत सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहाँ अधिकारी और जनप्रतिनिधि उनके बीच जाकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं और मौके पर ही उनका समाधान कर रहे हैं।

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि यह शिविर केवल समस्या समाधान का मंच नहीं, बल्कि शासन और जनता के बीच भरोसे की एक नई कड़ी भी है। हमारी प्राथमिकता है कि आमजन को योजनाओं की जानकारी भी मिले और वे उनका लाभ भी उठाएं। राज्य सरकार हर वर्ग गरीब, महिला, युवा और बुजुर्ग के कल्याण के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप सुशासन तिहार के माध्यम से शासन सीधे जनता के द्वार पहुँच रहा है।

# जनकल्याणकारी योजनाएं धरातल पर लागू कर रही सरकार : चंद्राकर



**दुर्ग**, 16 मई (देशबन्धु)। जनपद पंचायत दुर्ग के शासकीय स्वामी आत्मानंद विद्यालय नगपुरा में शुक्रवार को सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण और शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए।

शिविर में विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि पूरे देश में अगर कोई गारंटी चलती है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चलती है और छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की गारंटी पर जनता का विश्वास है। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान जो संकल्प पत्र में वादे किए गए थे, अब सरकार उन वादों को जमीनी हकीकत में बदल रही है। हर वर्ग के कल्याण को प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार ने अनेक योजनाएं शुरू की हैं, जिन्हें जमीनी स्तर पर सफलतापूर्वक लागू किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत पात्र सभी परिवारों को पक्के मकान देने का कार्य कर रही है।

शिविर के दौरान विधायक श्री चंद्राकर ने जल संरक्षण और बाल विवाह की रोकथाम के लिए उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलाई।

शिविर में 14 ग्राम पंचायत से 4642 आवेदन प्राप्त हुएए जिसमें निराकृत 4456, जनपद पंचायत दुर्ग को 3491 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें निराकृत 3488, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुल 1426 आवेदन प्राप्त निराकृत 1420, पेंशन के 300 आवेदन, स्वच्छ भारत मिशन के 228 आवेदन निराकृत 223, राशन कार्ड के 124 निराकृत 121 किए गए।

इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारेए जनपद सीईओ रूपेश पाण्डेय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा, जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू, जनपद सदस्य अंजोरा माखन सरिता साहू, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# साला ने जीजा को 40 लाख का चूना लगाया, गिरफ्तार

**दुर्ग**, 16 मई (देशबन्धु)। मेडिकल स्टोर्स में कम्प्यूटर से बिल निकालते हुए पैसों की हेराफेरी करने के आरोपी एक साले ने अपने ही जीजा को 40 लाख रूपयों का चूना लगा दिया। इस मामले में जयंती नगर निवासी मेडिकल स्टोर्स संचालक पियूष त्रिपाठी की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने गबन केआरोपी बृजमोहन दुबे उर्फ गगन के विरूद्ध अपराध कायम कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

पुलिस के अनुसार बस स्टैंड हाऊसिंग बोर्ड परिसर में स्थित दवा दूकान संकल्प फार्मेसी के संचालक पियूष त्रिपाठी निवासी जयंती नगर में दुर्ग कोतवाली में अपने साले बृजमोहन दुबे के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई कि बृजमोहन दुबे ने उनकी दूकान में कार्य करते हुए कम्प्यूटर बिल निकालते समय पैसों की हेराफेरी कर 40 लाख रूपयों की धोकाधड़ी कर गबन कर लिया। पुलिस के अनुसार बिल कम राशि का बनाकर पार्टियों से ज्यादा पैसा ले लिया करता था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी बृजमोहन दुबे गगन को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई से पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

इस पर पुलिस ने धारा 316(2), बीएनएस का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# अपनी संस्कृति, विरासतों एवं पर्यावरण पर करेंगे फोकस : हर्षिका जैन

### संस्कृति विभाग प्रभारी ने दिए निर्देश



**दुर्ग**, 16 मई (देशबन्धु)। महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में आज संस्कृति विभाग प्रभारी हर्षिका संभव जैन द्वारा अपने एमआईसी कक्ष में समिति के सदस्यों के साथ अपनी पहली समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति हमारी पहचान है। इसके संवर्धन के लिये हरसंभव प्रयास किये जाएंगें। इसके लिये उन्होंने समिति के सदस्यों से प्रस्ताव भी मांगें। शहर के प्राचीन मंदिरों के संरक्षण एवं वहां सुविधाओं के विस्तार हेतु भी चर्चा की गई। श्रीमती जैन ने सांस्कृतिक गतिविधियों के शहर में विस्तार के साथ ही पर्यावरण के प्रति जनजागरण एवं जनभागीदारी पर जोर दिया। जोरजोर

बैठक में सरस निर्मलकर, प्रतिभा राजपूत, लोकेश्वरी ठाकुर, मनीष कोठारी, गुलशन कुंजाम, रामू सेन समिति के सदस्य एवं सचिव साक्षी चौहान वर्मा उपस्थित थीं।

# उरलावासियों ने वार्ड में ट्रेचिंग ग्राउण्ड के विरोध में निगम कार्यालय में किया प्रदर्शन

**दुर्ग**, 16 मई (देशबन्धु)। उरला वार्ड में ट्रेचिंग ग्राउण्ड बनाकर कचरा डंप किये जाने के विरोध में आज वार्ड 57 एवं 58

■ **डम्प कचरे की गंदगी बदबू एवं आग लगने से धुएं के प्रदूषण से वार्डवासियों का जीना दूभर**



उरला पूर्व एवं पश्चिम के निवासियों ने नगर निगम परिसर में महापौर कक्ष के सामने जमकर धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए उरला वार्ड से ट्रेचिंग ग्राउण्ड हटाने की मांग कर रहे थे। लगभग ढाई तीन घंटे चले प्रदर्शन के बाद महापौर अलका बाघमार ने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त किया कि वे कल 17 मई को सुशासन तिहार के लिये उरला जाएंगी तब ट्रेचिंग ग्राउण्ड का निरीक्षण कर कोई समाधान निकालने का प्रयास करेंगी। साथ ही उन्होंने प्रदर्शनकारियों को बताया कि बहुत जल्द दुर्ग नगर निगम में खाद बनाने वाली मशीन आने वाली है उसके बाद किसी को भी ट्रेचिंग ग्राउण्ड के कचरे की गंदगी बदबू पता नहीं चलेगी। सारा कचरा खाद में बदल जायेगा। महापौर के आश्वासन पर उरलावासियों ने आंदोलन समाप्त किया। प्रदर्शनकारियों में पूर्व पार्षद बृजलाल पटेल, दीया साहू, भूपेन्द्र सोनी, गोपी साहू, शिव साहू सहित लगभग सौ से ज्यादा प्रदर्शनकारी उपस्थित थे। प्रदर्शनकारियों के साथ उरला के दोनों वार्ड पूर्व एवं पश्चिम के पार्षद सरस निर्मलकर, एवं रेशमा सोनकर भी साथ थीं।

उल्लेखनीय है कि उरला ट्रेचिंग ग्राउण्ड में प्रतिदिन शहर का कचरा डम्प किया जाता है। इसकी गंदगी व बदबू से वार्डवासी बुरी तरह त्रस्त है। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने बताया कि उनका जीना दूभर हो गया है। अब इस कचरे के ढेर में रोजाना आग लग रही है। धुएं से प्रदूषण बढ़ गया है। ट्रेचिंग ग्राउण्ड से उठने वाली बदबू लोगों का जीवन दूभर कर रही है। लोगों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है जो आगे चलकर ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# सुराना कॉलेज वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का समापन



■ **खेल, सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियों में विजेता प्रतिभागी पुरस्कृत**

**दुर्ग**, 16 मई (देशबन्धु)। सेठ आर. सी. एस. कला एंव वाणिज्य महाविद्यालय में 15 मई को वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत सत्र 2024-25 में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेल प्रतियोगिताओं एवं अन्य गतिविधियों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों एवं विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक राठी प्रदेश उपाध्यक्ष चेम्बर ऑफकॉमर्स छत्तीसगढ़ विशिष्ठ अतिथि दीपक चोपड़ा प्रदेश मंत्री चेम्बर ऑफकॉमर्स छत्तीसगढ़, ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# ब्रम्हाकुमारी आनंद सरोवर भवन बघेरा में पांच दिवसीय संस्कार समर केम्प का शुभारंभ





**दुर्ग**, 16 मई (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर दुर्ग में आज से 20 मई तक कक्षा छटवीं से आठवीं तक के बच्चों के व्यक्तित्व विकास लिए 5 दिवसीय संस्कार समर कैम्प का शुभारंभ आर. एल. ठाकुर संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग दुर्ग, अजय साहू महिला बाल विकास अधिकारी दुर्ग ब्रह्माकुमारी रीटा दीदी, ब्रह्माकुमारी चैतन्य प्रभा दीदी ने दीप प्रज्जवलित करके किया।

उपस्थित नन्हे.मुन्ने बच्चों को संबोधित करते हुए आर.एल.ठाकुर ने कहा कि इस केम्प में आपको अपने व्यक्तित्व के विकास करने का अवसर मिलेगा। मोबाईल में गुगल मदद करता है यहाँ ब्रह्माकुमारी बहने मदद करेंगी।

अजय साहू ने बच्चों समर कैंप की विशेषता पर कहा कि अच्छा इंसान बनने की शिक्षा ब्रह्माकुमारी बहने दे रही है जो कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में अपनी अहम भूमिका निभाएगी।

ब्रह्माकुमारी दुर्ग की संचालिका रीटा दीदी ने कहा आज इस समर कैंप में आप सभी का स्वागत है आज परमात्मा की ओर से आपको तीन गिफ्ट दे रहें है वह यहां से लेकर जाना है और उसे जीवन में धारण करना है वह है सच्चाई सफाई और सादगी कैसी भी परिस्थिति आपके जीवन में आए आपको सच्चाई नहीं छोड़नी ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# रविशंकर स्टेडियम के पास निगम के कचरा रिसाइकल सेंटर में एक सप्ताह से आग, धुएं से भारी नुकसान

**दुर्ग**, 16 मई (देशबन्धु)। रविशंकर स्टेडियम के पास सतनामी भवन के सामने स्थित एसएलआरएस सेंटर में एकत्रित होने वाले कचरे के ढेर में विगत एक पखवाड़े से रोजाना आग लगने व धुआं उठने से आसपास के लोग काफी परेशान है। नगर निगम द्वारा यहां प्रतिदिन फायर ब्रिगेड की टीम भेजी जा रही है जो आग बुझाकर लौट जाती है मगर फिर हवा चलने पर आग सुलग जाती है। इसे लेकर महापौर अलका बाघमार का कहना है कि यहां पर कचरों के ढेर में आग लगाने का कार्य असामाजिक तत्व कर रहे है। इसकी शिकायत पर पद्मनाभपुर थाने में कर दी गई है।

इस संबंध में एसएलआरएस सेंटर के आसपास रहने वाले व्यवसाइयों का कहना है कि यह आग लगभग एक सप्ताह से रोज लग रही है। आग लगने का कारण किसी को भी पता नहीं है मगर वहीं के एक व्यवसायी किशोर ने बताया कि कुछ दिन पूर्व यहां पर लोहे की वेल्डिंग का कार्य किया गया था। उससे निकली चिंगारी से आग लगी था जिसे बुझा भी लिया



■ **मार्निंग वाक, खिलाड़ी आसपास स्कूल कालेज के बच्चें परेशान**

■ **पानी डालकर आग बुझाई पर फिर भी धुआं, महापौर ने कहा होगा स्थायी समाधान**

गया था। मगर उसके बाद आये तेज हवा से आग फिर बढ़ जाती है। उसने बताया कि नगर निगम की फायर ब्रिगेड टीम आकर रोज आग बुझाती है मगर फिर भी आग बने रहती है। इसका अभी तक कोई स्थाई समाधान नहीं निकाला गया है। हालांकि उसने यह भी बताया कि अभी तक कोई बड़ी घटना नहीं हुई है। आग से उठने वाले धुंए से आंखों में जलन होने, आंसू गिरने, सांस लेने में जैसी तकलीफ जरूर होती है।

यहां पर स्टेडियम परिसर में मोटर मिस्त्री आटो सर्विस रिपेयरिंग का कार्य करने वालों ने भी बताया कि यहां पर पड़े कचरे में आग तो रोजाना ही लग रही है, बुझाई भी जा रही है। नगर निगम की फायर ब्रिगेड तो आती भी है आसपास के व्यवसायी भी आप अपने साधनों से आग पर नियंत्रण पाने की कोशिश करते है। उन्होंने बताया कि आग कचरे के बीच में ही सुलगती रहती है तेज हवाएं चलने पर ही लपटें उठती है जिसे अपने साधनों से नियंत्रित कर लिया जाता है। आग लगने के कारणों को कोई नहीं बता पाया। लोग आग को लेकर यहीं कहते रहे कि गर्मियों में पहले भी ऐसा होते रहा है।

उल्लेखनीय है कि गौरव पथ पर स्थित यह एसएलआरएस सेंटर का क्षेत्र काफी संवेदनशील इलाका है। यहां सुबह सुबह रविशंकर स्टेडियम के एक हिस्से में लोग योग करने, मार्निंग व इवनिंग वाक करने, बड़ी संख्या में खिलाड़ी छात्र छात्राएं खेल का अभ्यास करने पहुंचते है। सुबह सुबह यही से लगा पूरा लोक कला मार्ग व दादा दादी नाना नानी पार्क ऐसे ही नौजवानों बुजुर्गो से भरा रहता है। कई परिवार अपने बच्चों को लेकर भी पहुंचते है। एसएलआरएस के ग्राउण्ड में लगी आग से ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# 235 वारंटियों को किया गया गिरफ्तार

## एसएसपी निर्देश के बाद डेढ़ सौ से ज्यादा अधिकारी कर्मचारी वारंट तमिली में लगे

**भिलाईनगर,** 16 मई (देशबन्धु)। वर्षों से लंबित स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटियो पर तामिली हेतु 15-16 मई की दरम्यानी रात्रि विशेष अभियान आपरेशन विश्वास के तहत् जिले के सभी थाना क्षेत्रों में वारंटियो की पता साजी हेतु विशेष टीम गठित कर वारंटियों के सकुनत तथा संभावित जगहो पर दबिश दिया गया। अभियान के तहत् कुल 235 वारंट के कुल 198 वारंटियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। इसकी जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाला ने आज पुलिस कन्ट्रोल रुम में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही। उन्होंने बताया कि इस विशेष अभियान के तहत् वारंटियो का नाम सूचीबद्ध कर, फिंगर प्रिंट लेकर डाटा बेस तैयार किया गया है। अभियान में जिलो के सभी थानो के साथ.साथ एसीसीयू की टीम के द्वारा वारंटियो की पता साजी एवं धरपकड़ की गई है। उक्त कार्यवाही में वर्षों से फरार थाना छावनी के 27 वर्ष पुराना वारंटी को भी पकड़कर वारंट तामील किया गया तथा थाना छावनी क्षेत्र के गुण्डा बदमाश का जिला बदर वारंटी भी तामील कराया गया। इस प्रकार जिले में कुल 235 वारंट में से 204 स्थाई वारंट और 31 गिरफ्तारी वारंट की तामीली कराई गई। आपरेशन विश्वास के तहत 28 वर्ष पुराने वारंटी को किया गया गिरफ्तार किया गया। इस कार्य हेतु कुल 30 टीमें अलग.अलग वारंटीयों की गिरफ्तारी के लिए लगाई गई थी। गुरुवार शुक्रवार के दरमियानी रात से अभियान प्रारंभ किया गया, जिससे अपराधियों में दहशत देखी गई। इस कार्यवाही को राजपत्रित अधिकारी मॉनीटरिंग कर रहे थे। सभी वारंटी ओ के फिंगरप्रिंट भी लिए गए, वारंटियो को कड़े शब्दों में अपराधिक कृत्य से दूर रहने की दी गई हिदायत। पुलिस की इस कार्यवाही के ब ाद लोग में एक विशेष उत्साह देखा गया।



### एसएसपी ने थाना सुपेला में ली गई समीक्षा बैठक

भिलाईनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग विजय अग्रवाल द्वारा थाना सुपेला में विवेचको की बैठक ली गई। बैठक में सुपेला थाना के लंबित अपराधों का बिंदुवार विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने में धोखाधड़ी एवं ठगी धारा 420 भादवि के अपराधों के निकाल के संबंध में विवेचकों को मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही शरीर एवं संपत्ति संबंधी अपराधों के निकाल हेतु विवेचको को तरीके बताए। नए कानून में दिए गए प्रावधान अनुसार बीएनएस के तहत दर्ज प्रकरणों को 60 एवं 90 दिवस में निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। थाने स्तर पर संधारित समस्त रिकार्ड को एक सप्ताह के भीतर अद्यतन करने की हिदायत दी गई, तथा विवेचकों को लंबित अपराधों के निकल हेतु 7 दिवस का समय देते हुए अगली समीक्षा बैठक तक अधिक से अधिक प्रकरणों के निकाल करने हेतु निर्देश दिए गए। बैठक में रीडर प्रथम निरीक्षक अंबिका प्रसाद ध्रुव, स्टेनो गोकुल राम देवांगन, थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक विजय यादव एवं थाना के समस्त विवेचक उपस्थित रहे।

## एक मुश्त संपत्तिकर भुगतान करने पर 6.25 प्रतिशत की छूट




**भिलाईनगर,** 16 मई (देशबन्धु)। निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्थित भवन, भूमि स्वामियों को उनके स्वामित्व के भवन, भूमियों पर चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु देय संपत्तिकर पर 31 मई तक एक मुश्त भुगतान करने पर 6.25 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। जिसका भवन, भूमि स्वामी लाभ उठावें। भवन, भूमि स्वामी अपनी संपत्ति की सही जानकारी संपत्तिकर स्व.विवरणी में अंकित करें। जॉच के दौरान असत्य विवरणी पाये जाने पर नियमानुसार 5 गुना शास्ति राशि अधिरोपित की जावेगी। भवन, भूमि स्वामी को वित्तीय वर्ष 2025.26 में बिना अधिभार के स्व विवरणी प्रस्तुत करने एवं देय राशि जमा करने की अंतिम अवधि 31 मार्च 2026 तक निर्धारित है। वित्तीय वर्ष 2025.26 के बाद अर्थात 31 मार्च 2026 के पश्चात कुल देय राशि पर 18 प्रतिशत की दर से अधिभार के अतिरिक्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 138 की उपधारा के अंतर्गत यदि ऐसा व्यक्ति जिसका दायित्व था, कि वह 31 मार्च के पूर्व स्व.निर्धारण पत्रक प्रस्तुत करे। के द्वारा यह पत्रक प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो उस पर चूक हेतु एक हजार रूपये की शास्ति अधिरोपित की जाएगी।

## निर्यात कर मुद्दे को लेकर चेम्बर मिला आयुक्त से



**भिलाईनगर,** 16 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई का एक दल महामंत्री अजय भसीन व गारगी शंकर मिश्रा के नेतृत्व में निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय से मिला। महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि नगर निगम भिलाई द्वारा निर्यातकर नही देने वाले उद्योग संचालकों को नोटिस के बाद चेम्बर का दल व उद्योग संचालक आयुक्त को ज्ञापन देकर कर प्रावधान की जानकारी दी। ज्ञापन में जानकारी दी गई कि 2016 में जी एस टी कर लागू होने के बाद 2017 में शासन द्वारा कर प्रावधान में उल्लेख किया गया है कि जी एस टी लागू होने के पश्चात सारे करो को जी एस टी में समाहित कर दिया गया है। ऐसे में अन्य किसी कर का औचित्य नही रहेगा। दुर्ग संभाग प्रभारी गारगी शंकर मिश्रा ने आयुक्त से कहा कि संविधान में उल्लेखित है। शराब, मादक व पेट्रोलियम पदार्थ को छोड़कर सभी करो को जी एस टी में समाहित किया गया है। इस उल्लेख का अध्ययन कर अवलोकन करने की मांग की गई है, एवं इस आदेश को फिलहाल शिथिल करने की बात कही गई है। आयुक्त को अवगत कराया गया कि भिलाई उद्योगिक क्षेत्र में अधिकांश उद्योग स्टील उद्योग है बहुत कम मार्जिन में व्यापार किया जाता है। ऐसे में निर्यात कर का बोझ प्रतिस्पर्धा बाजार में हमे कमजोर करेगा। आयुक्त ने चेम्बर के प्रस्ताव पर अध्ययन कर पुन: चेम्बर को विश्वास में लेकर आगे की कार्यवाही पर चर्चा की जाएगी। आयुक्त से मुलाकात सार्थक रही। जे पी गुप्ता, महेश बंसल, कर्म जीत बेदी, अतुल चंद साहू, आशीष अग्रवाल, भोला नाथ सेठ, अनिल अग्रवाल, मनोहर कृष्णानी, विनोद सोनी, इन्दित राय अनेक उद्योगपति उपस्थित थे। यह जानकारी शंकर सचदेव ने दी है।

## भारतीय नायिका कर्नल सोफिया पर टिप्पणी गलत

**भिलाईनगर,** 16 मई (देशबन्धु)। राज्य के पूर्व मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी हिंदुस्तान का गर्व और शान कर्नल सोफिया कुरैशी को उनके शौर्य एवं साहस के लिए अभिनन्दन करते हैं और मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विजय शाह द्वारा भारत का अभिमान कर्नल सोफिया कुरैशी पर किये गए गलत शब्दों की निंदा करते हैं। इंडियन आर्मी की कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने पूरी दुनिया में नारी शक्ति का परिचय दिया। कर्नल सोफिया कुरैशी की बहादुरी को पूरा देश सलाम कर रहा है। कर्नल सोफिया कुरैशी जिसने भारतीय सेना में इतिहास रच दिया। वह पहली भारतीय महिला बनीं। जिन्होंने पुरुषों की बटालियन का नेतृत्व किया। उन्होंने साल 2016 में थाईलैंड में हुए इंटरनेशनल मिलिट्री एक्सरसाइज फोर्स-18 में भारत की अगुआई की थी। इस एक्सरसाइज में 18 देशों ने हिस्सा लिया था, और पहली बार भारत की तरफ से किसी महिला अधिकारी को दल नायक बनाया गया था। सोफिया कुरैशी के पति कर्नल ताजुद्दीन भी भारतीय सेना में कार्यरत हैं। सोफिया कुरैशी का सेना से नाता कोई नया नहीं है। उनके दादा भारतीय सेना में धार्मिक शिक्षक थे, जबकि पिता ताज मोहम्मद कुरैशी बीएसएफ में सूबेदार के पद पर तैनात रहे। इतना ही नहीं उनकी परदादी 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में रानी लक्ष्मीबाई की सेना का हिस्सा थीं। वीरता और शौर्य जैसे इनके परिवार में रची बसी हुई हैं। और ऐसी महिला के बारे में गलत टिप्पणी करना न केवल कर्नल सोफिया कुरैशी का अपमान है बल्कि उनके पुरे परिवार का अपमान हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी ने भारत में नहीं बल्कि पुरे विश्व में शौर्य और वीरता का परचम लहराया हैं। जिसके लिए प्रत्येक भारतवासी कर्नल सोफिया कुरैशी पर गर्व करता और उनके कार्यों की सराहना करता हैं।

## 77 एमएलडी के पुराने नॉन रिटर्निंग वाल बदले जाएंगे

**भिलाईनगर,** 17 मई (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा क्षेत्र के 6 लाख से अधिक जनसंख्या के नागरिको को पानी की प्रतिपूर्ति की जा रही है। पानी शिवनाथ नदी इंटेकवेल से सीधे रॉ वाटर लिफ्ट करके 77 एम.एल.डी एवं 66 एम.एल.डी में लाया जाता है। जिसका रिटर्निंग वाल पुराना हो जाने के कारण लिकेज की संभावना बढ़ गई है। जिसको रोकने के लिए नया रिटर्निंग वॉल 77 एम.एल.डी. 66 एम.एल.डी एवं इंटेकवेल में लगाया जा रहा है। नया इंटेकवेल वॉल के लिए जो पाईप सामग्री आई ह, उसके डाया की जॉच करने के लिए जलकार्य प्रभारी कार्यपालन अभियंता सुनील जैन एवं सहायक अभियंता बृजेश श्रीवास्तव द्वारा सामग्री का जॉच किया जा रहा है। सुनील जैन ने बताया कि रिटर्निंग वाल, इंटेकवेल का एवं 77 एम.एल.डी फिल्टर प्लांट का बदलवाना आवश्यक है, यह पुराना हो गया है। किसी प्रकार की दुर्घटना न होए इसलिए हम लोग समय अवधि के अंदर ठीक करा देगें। जिससे गर्मी को देखते हुए नागरिको को पानी की सप्लाई पर्याप्त मात्रा में किया जा सके। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जनता से अपील की है कि जब हम सुबह भ्रमण के लिए जाते है। तो अक्सर देखने में आया है कि सार्वजनिक नल से पानी भरने के बाद टोटी बंद नहीं करते है या उसको तोड़ देते है। जिससे बहुत सा पानी बर्बाद होकर नालियों में गिरता है। उन्होंने लोगों से अनुरोध है कि पानी का एक-एक बूंद बहुत किमती है इसे व्यर्थ नाली में न बहाये। जब एक जगह पानी का बहाव ज्यादा हो जाता है तो दूसरे जगह पानी का प्रेशर कम हो जाने से पानी की प्रतिपूर्ति नहीं हो पाती हैए सबसे सहयोग की अपेक्षा है। वही यह देखा जाता है, पानी के लिये कई लोगों को काफी परेशानी होती है। ऐसी स्थिति में यदि नल की टोटी बंद कर दी जावे तो उतना पानी कई लोगों की प्यास बुझा सकते है।



## कलाकारों ने भारतीय सेना के सम्मान में बनाई पेंटिंग



भिलाईनगर, 16 मई (देशबन्धु) अंकुश देवांगन द्वारा भारतीय सेना के सम्मान में बनाई गई पेन्टिंग लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इस पेन्टिंग में उन्होंने छ: दिन पहले ही शादी हुए महिला के यकायक विधवा हो जाने के दृश्य का हृदय विदारक चित्रण किया है। सिर झुका कर सुख चुके आंसू से शून्य को निहारती नवयौवना की पेन्टिंग में कलाकार ने सिंदूर का बदला पाकिस्तान हुआ कंगला लिखा है। यह शब्द अब राष्ट्रीय स्तर पर सोशल मीडिया में भी जमकर वायरल हो रहा है। सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परिसर में बनाए गए इन चित्रों को देखने के लिए प्रतिदिन सैकड़ो लोग आ रहे हैं। ज्ञात हो कि अंचल के नामचीन कलाकारों ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा मात्र चार दिन में पाकिस्तान को धूल चंटा देने की घटना को 100 फीट लंबी पेन्टिंग में दर्शाया है। जिसके कारण पाकिस्तान में त्राहिमाम मच गई है और वे सीजफायर के लिए दुनिया की महाशक्तियों के पास जाकर गिड़गिड़ाने लगे थे। सिविक सेंटर में एकत्रित कलाकारों और सैकड़ो लोगो ने पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाने वाले भारतीय सेना के जाबांज सिपाहियों को ही देश का सच्चा हीरो निरूपित किया है।

## स्वतंत्र सेक्टोरल फेडरेशनों की संयुक्त बैठक में निर्णय

### केंद्रीय ट्रेड यूनियनों का मंच देशव्यापी आम हड़ताल अब 9 जुलाई को

**भिलाईनगर,** 16 मई (देशबन्धु)। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र सेक्टोरल फेडरेशनों संघों के संयुक्त मंच की बैठक के बाद 15 मई को प्रेस को जानकारी देते हुए संयुक्त बयान में बताया कि केंद्रीय ट्रेड यूनियनों का मंच देशव्यापी आम हड़ताल अब 9 जुलाई को आयोजित करेगा। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र सेक्टोरल फेडरेशनों संघों के संयुक्त मंच की बैठक 15 मइ को नइ दिल्ली में आयोजित की गई। जिसमें 20 मई को प्रस्तावित देशव्यापी आम हड़ताल की तैयारी की समीक्षा की गई। इस बैठक में पहलगाम में हुए क्रूर आतंकवादी हमले में 26 निर्दोष लोगों की हत्या और उसके बाद भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई की पृष्ठभूमि में देश में उत्पन्न राजनीतिक घटनाक्रमों पर भी विचार किया गया। संयुक्त मंच ने 9 मई को जारी अपने बयान में पहलगाम में निर्दोष लोगों पर हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की थी। मंच ने सरकार से अपील की थी कि वह देश के भीतर इस संकट की घड़ी में नफरत फैलाने वाले अभियान चला रहे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। मीटिंग में देशभर में, विशेष रूप से जम्मू और कश्मीर में, आतंकवाद और नफरत के खिलाफ कामगारों की एकजुटता और उनके सामूहिक विरोध को भी सराहा गया। देशभर में वर्तमान परिस्थितियों पर गंभीरता से विचार करने के बाद, देश के जिम्मेदार और देशभक्त नागरिकों का प्रतिनिधित्व करते हुए संयुक्त मंच ने देशव्यापी आम हड़ताल की तिथि को 20 मई से बढ़ाकर 9 जुलाई 2025 करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन और श्रमिकों, किसानों तथा आम जनता की अन्य जायज मांगों के हक में लिया गया है। यह भी तय किया गया कि 20 मई को सभी राज्य की राजधानियों, जिलों, औद्योगिक क्षेत्रों और कार्यस्थलों पर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन, जुटान किए जाएंगे। लेकिन देश में आतंकवादी हमले और उससे उत्पन्न संवेदनशील स्थिति के बावजूद नियोक्ताओं का वर्ग, केंद्र और कई राज्यों की सरकारों के सहयोग से, श्रमिकों पर हमले जारी रखे हुए हैं। कार्य के घंटे एक तरफा रूप से बढ़ाए जा रहे हैं, वैधानिक न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा लाभों का उल्लंघन किया जा रहा है। विशेष रूप से संविदा श्रमिकों की छंटनी बेरोक टोक किये जाने का आरोप लगाया गया। यह सब श्रम संहिताओं को चुपके से लागू करने के प्रयास हैं। वहीं बार.बार आग्रह करने के बावजूद न तो सरकार ने केंद्रीय ट्रेड यूनियनों से मिलने की जहमत उठाई, न ही भारतीय श्रम सम्मेलन का आयोजन किया, जबकि देश के कोने-कोने से हड़ताल की नोटिसें दी जा चुकी हैं। इस पृष्ठभूमि में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र सेक्टोरल फेडरेशनो, संघों का संयुक्त मंच देशभर के कामगारों और उनकी यूनियनों से अपील करता है कि वे आम हड़ताल की तैयारियों को और तेज करें और 9 जुलाई को प्रस्तावित देशव्यापी आम हड़ताल को ऐतिहासिक सफलता बनाएं। साथ ही संयुक्त मंच भारत सरकार से मांग करता है कि वह ट्रेड यूनियन आंदोलन के इस सकारात्मक रुख का सम्मान करे और श्रम संहिताओं सहित श्रमिकों की कामकाजी परिस्थितियों और अधिकारों से संबंधित अन्य जायज मुद्दों पर कोई भी एकतरफा कदम उठाने से परहेज करे। खासकर इस कठिन समय में जब पूरा देश एकजुट होकर गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। बैठक की जानकारी एटक यूनियन के विनोद कुमार सोनी ने दी है।

## पाटन मैत्री विद्यानिकेतन स्कूल के बच्चों ने नगर को किया गौरवान्वित



**भिलाईनगर,** 16 मई (देशबन्धु)। मैत्री विद्या निकेतन इंग्लिश मीडियम स्कूल, पाटन ने कक्षा 12वीं एवं 10वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2024-25 में शानदार परिणाम प्राप्त किए हैं। कक्षा 12वी वाणिज्य विषय में विभा देवांगन ने 93.6 प्रतिशत, ईशा निर्मलकर ने 92.8 प्रतिशत, सौभाग्य वर्मा ने 92.4 प्रतिशत और ओजस्वी वर्मा ने 86.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए वही विज्ञान संकाय में सनत कुमार पांडा ने 90 प्रतिशत आदित्य ढिल् ने 87.8 प्रतिशत, वेदिका मढरिया ने 86.8 प्रतिशत, डेविड भारद्वाज ने 86.2 प्रतिशत मयंक कश्यप ने 85.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। कक्षा 10वीं में आर्य सिन्हा ने 88 प्रतिशत इशिका वर्मा ने 86 प्रतिशत, संजय विनायक ने 82.4 प्रतिशत, तुषार वर्मा ने 81.6 प्रतिशत और आरवी चंद्राकर 80 प्रतिशत ने अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम गौरान्वित किया। मेका की अध्यक्षा श्रीमती राजम सुधाकरन, निदेशक डॉ. सजीथा थंबी, एस.सजीव और एस. साजन एवं प्राचार्या श्रीमती अम्बिली सुगाथा सहित सभी शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार ने छात्रों को उनके प्रदर्शन के लिए उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं शुभकामनाएं दीं।

## नंदी की तीन दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी उद्घाटित



भिलाईनगर, 16 मई (देशबन्धु)। संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा वरिष्ठ छायाकार पी.के.नंदी की एकल छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन 15 से 17 मई तक नेहरू आर्ट गैलरी, सिविक सेंटर में किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सौरव मुखर्जी द्वारा संध्याकाल दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक संपर्क प्रशासन एवं जनसंपर्क अमूल्य प्रियदर्शी, महाप्रबंधक जनसंपर्क, प्रशांत तिवारी महाप्रबंधक सतर्कता, श्रीमती रेणु गुप्ता, सहायक महाप्रबंधक जनसंपर्कद्व द्वय तथा फोटोग्राफर श्री पी के नंदी एवं श्रीमती नंदीए भिलाई आर्ट्स क्लब के सदस्य श्री ईश्वर पटेल, गिलबर्ट जोसेफ, ब्रिज बिहारी मिश्रा, सुश्री सुनीता वर्मा, भिलाई नगर के कला प्रेमी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे। डॉ. सौरव मुखर्जी ने प्रदर्शनी में लगाए गए छायाचित्रों को गहनता से अवलोकन किया और छायाकार पी.के.नंदी से संवाद करते हुए उनकी प्रतिभा और सृजनात्मक दृष्टिकोण की प्रशंसा की। उन्होंने आगंतुक पुस्तिका में अपने विचार व्यक्त करते हुए लिखा कि उन्होंने अपने छायाचित्रों में मानवीय अभिव्यक्ति को बहुत अच्छे तरीके से संजोने का प्रयास किया है। कई चित्र इतने मार्मिक है कि वे आपको उनमें खो जाने पर विवश करते हैं। पी.के. नंदी जो भिलाई इस्पात संयंत्र के सेवानिवृत्त चार्जमैन हैं, ने वर्ष 1984 से 2022 तक संयंत्र में सेवाएँ दीं। सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा धारक श्री नंदी ने 1986 से छायांकन के क्षेत्र में अपनी रचनात्मक यात्रा प्रारंभ की। वे प्राकृतिक रोशनी में भावों और दृश्यों को जीवंत रूप में कैद करने के लिए विशेष रूप से जाने जाते हैं। प्रदर्शनी 17 मई तक प्रतिदिन सायं 5.30 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक खुली रहेगी।

## नेशनल लोक अदालत में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**भिलाईनगर,** 16 मई (देशबन्धु)। नेशनल लोक अदालत व्यवहार न्यायालय भिलाई 3 में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 एवं शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई 3 के बी ई टीओ सैय्यद असलम ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में आए हुए विभिन्न न्यायालय प्रकरणों के हितग्राहियों की निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के में जांच कर दवा दी गई व्यवहार न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ श्रेणी अभिनव डहरिया ने स्वयं अपना रक्त चाप जांच कराया आए हुए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और जीवन में स्वास्थ्य जीवन शैली अपनाकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने अपनी बात रखी बी सैय्यद असलम ने बताया कि 38 लोगों का पंजीकरण किया गया जिसमें 16 लोगों को उच्च रक्तचाप 18 लोगों को डायबिटीज से पीड़ित होने पर प्रारंभिक स्वास्थ्य शिक्षा योगए पोष्टिक आहार भोजन में शामिल करने ओर प्रतिदिन पैदल चलने जैसी सलाह दी गई है।



## त्रुटि पूर्ण आवेदे पर अधिकारी देवे मार्गदर्शन : ललित



**भिलाईनगर,** 16 मई (देशबन्धु)। आवेदक अगर त्रुटि पूर्ण आवेदन प्रस्तुत कर रहा है तो अधिकारी कर्मचारी उसे बताए कि सही लिखे। आवेदक का मार्गदर्शन करें। उसे दोबारा कार्यालय आने विवश न करें। उक्त बाते दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहीं। वे नगर पालिक निगम रिसाली के सुशासन शिविर में पहुंचे थे। आत्मानंद स्कूल में चौथा शिविर का आयोजन किया गया था। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि नागरिकों को बार.बार कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े इसलिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अधिकारी शिविर हो या फिर कार्यालय इस बात का ध्यान रखे कि आवेदक या शिकायत कर्ता अपनी बात को सही तरह से लिखा है कि नही उसे बताकर आवेदन को सही कराए। भीषण गर्मी में भी शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचने की बात को दुर्ग ग्रामीण विधायक ने अधिकारों के प्रति जागरूक होना परिभाषित किया। उन्होंने ने कहा कि सरकार भी शिविर के माध्यम से शिकायतों का निराकरण कर राहत पहुंचा रही है। विधायक के पहले शिविर को महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू ने संबोधित किया। इस अवसर पर एम.आई.सी जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, ममता यादव, डॉ.सीमा साहू, पार्षद मनीष यादव, धर्मेन्द्र भगत, रमा साहू, जमुना ठाकुर, राहुल राय, विलास बोरकर, मण्डल अध्यक्ष अनुपम साहू,राजू जंघेल उपस्थित थे। आयुक्त मोनिका वर्मा ने पेन भेट की। सुशासन शिविर में 10 वार्डो का कलस्टर तैयार कर लगाया गया था। शिविर में 650 से अधिक लोग पहुंचे थे। विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर व महापौर समेत क्षेत्रीय पार्षदों ने गर्भवती ममता चैरसिया, रीना यादव, पितांजली, अंजली प्रजापति की गोदभराई रस्म की। वही विधायक ने गौरंग यादव, भूमिका यादव, पूनम सोनी व दिव्यांश रात्रे को सुपोषण कीट दिया। इसके अलावा शिविर में राशन कार्डए लर्निंग लाइसेंस का वितरण किया। महापौर शशि सिन्हा ने दुर्ग ग्रामीण विधायक से निगम क्षेत्र के शासकीय स्कूलों में शिक्षकों की कमि को पूर्ण कराने का अनुरोध किया।

## नपं पवनी में आज होगा समाधान शिविर

**बिलाईगढ़**, 16 मई। सुशासन तिहार में 17 मई को बिलाईगढ़ ब्लॉक नगर पंचायत पवनी में समाधान शिविर होगा। समाधान शिविर प्रात: 10 बजे से शाम 3 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। समाधान शिविर में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

# योजनाओं की सफलता का मापदंड केवल कागजी प्रगति नहीं, बल्कि लाभार्थियों के चेहरे पर आई संतोष और सुरक्षा की अनुभूति है : मुख्यमंत्री

**राजनांदगांव**, 16 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुशासन तिहार अंतर्गत राजनांदगांव पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को विकास और जनसेवा के लिए नियमित भ्रमण एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवास तथा राजस्व न्यायालयों के समयबद्ध संचालन के संबंध में कड़े निर्देश दिए। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ का सपना तभी साकार होगा। जब अधिकारी जमीनी हकीकत से जुड़े रहेंगे और जनता की समस्याओं का निराकरण सीधे उनकी उपस्थिति में किया जाएगा। इसके लिए सभी कमिश्नर, कलेक्टर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी अपने अधीन जिलों और ब्लॉकों में नियमित भ्रमण और प्रवास करें तथा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों की भौतिक निगरानी सुनिश्चित करते हुए जवाबदेही की संस्कृति को मजबूत करें। मुख्यमंत्री श्री साय ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व न्यायालय का नियमित संचालन सुनिश्चित करें। इसके साथ ही प्रत्येक अधिकारी पूर्वनिर्धारित न्यायालय कैलेंडर के अनुसार ही कार्य करें। केवल अत्यंत विशेष परिस्थितियों में ही न्यायालय की तिथि रद्द की जाए। इससे न केवल आमजन को समय पर न्याय मिलेगा बल्कि प्रशासनिक कार्यों में भी पारदर्शिता आएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सुशासन की रीढ़ यही है कि अधिकारी जनसम्पर्क बनाए रखें, जनता के बीच उपस्थित रहें और उनकी समस्याओं को त्वरित रूप से हल करें। यह न केवल विश्वास की भावना को मजबूत करेगा, बल्कि शासन की विश्वसनीयता को भी बढ़ाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजनांदगांव जिले के जिला पंचायत भवन के सभाकक्ष में आयोजित संयुक्त समीक्षा बैठक में सुशासन तिहार के अंतर्गत राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिलों के विकास कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो तथा हर पात्र हितग्राही तक लाभ समय पर पहुँचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार हो ताकि आमजन को योजनाओं की जानकारी समय रहते मिले और वे उसका लाभ उठा सकें। राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु नियमित शिविरों का आयोजन हो। प्रधानमंत्री आवास योजना सहित सभी आवासीय योजनाओं की लंबित मांगों का शत-प्रतिशत




### सभी पंचायतों में आयोजित होगी तिरंगा यात्रा

निराकरण किया जाए। साथ ही जिलों में शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में समन्वय एवं पारदर्शिता बनाए रखते हुए समयबद्ध कार्रवाई हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य है कि शासन और प्रशासन की पहुंच गांव, गरीब और अंतिम पंक्ति के नागरिक तक सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि योजनाओं की सफलता का मापदंड केवल कागजी प्रगति नहीं, बल्कि लाभार्थियों के चेहरे पर आई संतोष और सुरक्षा की अनुभूति है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अंतर्गत दी गई। अधिकांश घोषणाओं को जमीनी स्तर पर सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया है। उन्होंने सभी जिलों में अधिकारियों द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्यों की सराहना की और कहा कि जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप प्रशासन को समर्पित होकर और समन्वय स्थापित कर कार्य करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने किसानों को समय पर खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और कहा कि आने वाले खरीफ सीजन को देखते हुए सभी जिलों में कृषकों की आवश्यकताओं के अनुरूप पूर्व तैयारी सुनिश्चित कर लें। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों से शिविर लगाकर लंबित राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण की व्यवस्था करने के निर्देश दिए जिससे आम नागरिकों को समयबद्ध समाधान मिल सके। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 1460 पंचायतों में अटल सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया है। इन केंद्रों के सुचारू संचालन से ग्रामीण नागरिकों को बैंक, दस्तावेज और डिजिटल सेवाओं के लिए अन्यत्र जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री ने इन केंद्रों के प्रभावी संचालन की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों को सौंपी और निर्देश दिए कि इनसे जनसुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता मिले। मुख्यमंत्री श्री साय ने जानकारी दी कि सभी पंचायतों में तिरंगा यात्रा आयोजित करने का निर्णय लिया गया है, जो राष्ट्रीय चेतना और नागरिक सहभागिता को प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों से इस यात्रा में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ का सपना हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। शासन-प्रशासन के प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी को समन्वय, तत्परता और सेवा भाव के साथ कार्य करते हुए विकास यात्रा को गति देनी होगी। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# खालसा पब्लिक स्कूल का परिणाम उत्कृष्ट रहा



**डोंगरगढ़,** 16 मई। खालसा पब्लिक स्कूल डोंगरगढ़ की 10वी कक्षा की निमरत कौर छाबरा ने 97 प्रतिशत अंक लेकर नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अमीषा दुबे ने 94.8 प्रतिशत बी.एच.श्रेया 94.4 प्रतिशत रक्षा अग्रवाल 93.2 प्रतिशत कुसुम कुमारी 93.2 प्रतिशत सिमरत कौर छाबरा 93 प्रतिशत अभिजोत सिंह 92.2 प्रतिशत, अवनी साहू 90 प्रतिशत , 8 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। 18 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। कक्षा 12वी (वाणिज्य संकाय) में भक्ति अग्रवाल 93.6 प्रतिशत प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान पर रही। सृष्टि सोनी ने 89.8 प्रतिशत व अभिराज सिंह भाटिया ने 88.2 प्रतिशत प्राप्त किया। इस तरह वाणिज्य संकाय में 29 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12वी (विज्ञान संकाय) में अर्पिता सिंह बैस ने 90.6 प्रतिशत, जाग्रित अग्रवाल ने 88.8 प्रतिशत व अर्शिल खान ने 86 प्रतिशत प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में कुल 30 छात्रों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर न सिर्फ अपना बल्कि अपने माता-पिता एवं स्कूल का नाम रोशन किया है। इस सभी बच्चों ने अपनी सफलता के श्रेय अपने प्रतिभावान और विद्वान शिक्षक व शिक्षिकाओं को दिया है। विद्यालय की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार हरजीत सिंघ अरोरा व सचिव सरदार गुरशरण सिंघ कक्कड़ तथा समस्त सदस्य गण सिक्ख एजुकेशन सोयायटी एवं शिक्षक व शिक्षिकाओं ने इन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

# गंडई में तृतीय चरण समाधान शिविर



**गंडई पंडरिया**, 16 मई। नगर पंचायत गण्डई क्षेत्रांतर्गत शासन के निर्देश पर सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत प्रथम चरण के शिविर दिनांक 08 अप्रैल 2025 से 11 अप्रैल 2025 तक आम नागरिको से प्राप्त आवेदनों के सबंध में द्वितीय चरण में विभागों द्वारा कार्यवाही की गई एवं तृतीय चरण समाधान शिविर मंगल भवन वार्ड कं.05 गण्डई पंडरिया में दिनांक 16 मई 2025 को सुबह प्रात: 10.00 बजे से अपरांह 3.00 बजे तक आयोजित की गई। समाधान शिविर में उपस्थित राकेश ताम्रकार सांसद प्रतिनिधि, खम्हन ताम्रकार पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, राकेश ठाकुर मंडल अध्यक्ष, पार्षद अशोक पटेल, पार्षद राकेश निषाद, पार्षद सुमन पाटले, पार्षद प्रकाश पटेल पार्षद, शैलेन्द्र जायसवाल विधायक प्रतिनिधि, दिनेश भट्ट, विक्की अग्रवाल कार्यकम में उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों द्वारा गर्भवती माताओं एश्वर्या महार, दिव्यानी रजक, गौरी साहू, हेमलता सेन, मथुरा पटेल, प्रियंका निषाद, गौरी महेश्वरी की गोद भराई का रस्म कराई गई। दलपत मेरावी-07 माह को अन्न प्रासन्न किया गया। किशोरी बालिकाओं को स्वच्छता कीट प्रदान किया गया। समाधान शिविर में श्रम पंजीयन-03, आयुष्मान कार्ड-10, आयुष्मान कार्ड का वितरण-17, रक्त्त जांच-40. ओ.पी.डी. 45 एवं 41 हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण किया गया। सभी विभांग प्रमुखों द्वारा अपने-अपने विभाग से प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में मांग एवं शिकायत के 46 नये आवेदन प्राप्त हुए है। जिला नोडल अधिकारी श्री डी.पी. तिवारी, जिला प्रबंधक, नागरिक आपूर्ति निगम खैरागढ़ एवं अविनाश देवांगन मुख्य नगपालिका अधिकारी के मार्गदर्शन में समाधान शिविर का क्रियान्वयन किया गया है।

# मुख्यमंत्री साय ने शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय के नवीन भवन का किया लोकार्पण

### राजनांदगांव में 9 करोड़ की लागत से बना है नया भवन

**राजनांदगांव,** 16 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजनांदगांव जिले के चिखली में 9 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय के नवीन भवन का लोकार्पण किया। यहां शासकीय विभागों के महत्वपूर्ण दस्तावेजों का प्रकाशन होता है। मुख्यमंत्री ने शासकीय मुद्रणालय के नवनिर्मित भवन और वहां की प्रकाशन तथा अन्य व्यवस्था का भी अवलोकन किया। राजनांदगांव स्थित शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय भवन छत्तीसगढ़ में एक मात्र शासकीय मुद्रणालय है जहां महत्वपूर्ण शासकीय दस्तावेजों का प्रकाशन किया जाता है। मुद्रणालय का पुराना भवन अत्याधिक पुराना होने के कारण नये भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।



शासकीय मुद्रणालय के नवीन भवन में पेपर गोडाउन, प्रिंटिंग मटेरियल स्टोर, बाइडिंग एवं पेपर स्टोर, मेकेनिकल स्टोर, काम्पोजिंग एवं रीडिंग रूम, टाइप स्टोर, कैमरा रूम, असिस्टेंट सुपरिटेंडेन्ट कक्ष, डायरेक्टर रूम, कॉन्फ्रेंस रूम एवं अन्य आवश्यक व्यस्थाएं रखी गई है। यहां 4 बड़े हाल एवं 12 कमरे हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडेय, महापौर मधुसूदन यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं शासकीय मुद्रणालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# विशेषीकृत दत्तक अभिकरण के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण

### विधानसभा अध्यक्ष, सांसद, महापौर अन्य जनप्रतिधि रहे उपस्थित



**राजनांदगांव,** 16 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अपने प्रवास के दौरान जिला मुख्यालय के हीरामोती वार्ड में 36 लाख 66 हजार रूपए की लागत के विशेषीकृत दत्तक अभिकरण के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विशेषीकृत दत्तक अभिकरण में निवासरत नन्हे-मुन्हे बच्चों से आत्मीय बातचीत कर उन्हें स्नेह एवं दुलार दिया। इस दौरान श्री साय एवं विधानसभा अध्यक्ष ने बच्चों को खिलौना भेंट कर उनका हालचाल पूछा। श्री साय ने मौके पर उपस्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती गुरप्रीत कौर से राजनांदगांव जिले में संचालित विशेषीकृत दत्तक अभिकरण के संचालन एवं देखरेख व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी ली।

## सार-संक्षेप

### धमधा नगर में सुशासन तिहार का दरबार



**धमधा,** 16 मई। नगर पंचायत धमधा बजरंग चौक मंगल भवन में सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन किया गया, इसमें वार्ड क्षेत्र के नागरिकों ने समस्याओं से जुड़े आवेदन किए, उनका निराकरण किया गया। निराकृत आवेदन के बारे में संबंधित आवेदकों को बताया गया उनके द्वारा दी गई शिकायत का जो निराकरण किया गया है और मांग के अनुसार उसका समाधान किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता प्रशांत अग्रवाल ने विभिन्न ने हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण किया गया एवं नन्हे बच्चों को पोषण आहार कीट प्रदान किया गया। अध्यक्ष श्वेता प्रशांत अग्रवाल ने कहा कि शासकीय भागों में लोगों को अपनी समस्याएं लेकर न भटकना पड़े इसलिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी विभागों को शिविर में एकत्र कर क्षेत्र वासियों की समस्याएं जानने और उनके शीघ्र निराकरण के लिए सुशासन तिहार प्रारंभ किया है । आने वाले आवेदनों का तत्काल समाधान का प्रयास शिविर में मौजूद अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है।

### अवैध कब्जाधारियों पर कार्रवाई



**कुम्हारी,** 16 मई। नगरपालिका क्षेत्रान्तर्गत वार्ड कं.-13 एवं 16 परसदा में शासकीय भूमि में अवैध कब्जा हटाने हेतु आज दिनांक गुरुवार को नगर पालिका परिषद कुम्हारी पूर्व में परस राम साहू पिता खाता राम एवं हृदय राम साहू पिता राम गुलाल को नोटिस तामिल किया गया था, जिसमें कब्जाधारियों द्वारा किसी भी प्रकार का संतोषजन स्पष्टीकरण जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके तहत् मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर के निर्देशानुसार नगर पालिका के राजस्व शाखा की संयुक्त टीम एवं पटवारी के द्वारा अवैध कब्जा बाउण्ड्रीवाल हटाने की कार्यवाही की गई एवं मकान एवं दुकान हटाने हेतु आगामी दिनांक 22.05.2025 तक अवैध कब्जा खाली करने हेतु निर्देशित किया गया हैं।

## निधन

### अशोक सोनी



**महासमुंद** 16 मई । स्थानीय नयापारा वार्ड नंबर 4 निवासी मुक्तिधाम सेवा समिति के सक्रिय संचालक व एंबुलेंस संचालक अशोक सोनी 53 वर्ष का 15 मई को निधन हो गया। अंतिम संस्कार 16 मई को भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

# सुशासन तिहार में क्षेत्रवासियों की समस्या हो रही दूर

**गुरुर,** 16 मई (देशबंधु)। गुरूर विकासखण्ड के हायर सेकण्डरी स्कूल मैदान पेंडरवानी में आयोजित समाधान शिविर में ग्राम पेंडरवानी के अलावा ग्राम देवकोट, गंगोरीपार, बासीन, परसुली, डढारी, खुंदनी, पेरपार, अकलवारा, सरबदा, फागुन्दाह, दर्रा, कंवर के निवासी शामिल हुए। सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम पेंडरवानी में आयोजित समाधान शिविर में शामिल ग्राम पंचायत के लोगों के लिए सौगातों भरा रहा।

**हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ**

सुशासन तिहार के पहले चरण के पेंडरवानी कलस्टर में शामिल 13 ग्राम पंचायतों के लोगों के द्वारा प्रस्तुत किए गए 6277 आवेदनों का परीक्षण के उपरांत संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया। सुशासन तिहार के दौरान बनाए गए उनका राशन कार्ड, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति पत्र, किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के अलावा उन्नत किस्म के धान बीज, कीटनाशक दवाई, खाद बीज के वितरण के अलावा समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धजनों को छड़ी एवं श्रवण यंत्र आदि से लभान्वित हुए । इसके अलावा शिविर में अनेक हितग्राहीमूलक योनजाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया।





**मुंह मीठा करा पूरा किया अन्नप्रासन संस्कार**

इस दौरान शिविर में उपस्थित अतिथियों के द्वारा गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान कर उनके गोद भराई रस्म और नन्हे मुन्हे बच्चों को स्वादिष्ट खीर खिलाकर उनका अन्नप्रासन संस्कार को भी पूरा किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम स्थल में पौधरोपण भी किया।

समाधान शिविर के दौरान विभिन्न विभाग के अधिकारियों के द्वारा सुशासन तिहार के पहले चरण के दौरान पेंडरवानी कलस्टर के अंतर्गत कृषि विभाग को 34, स्वास्थ्य विभाग को 31, पीएचई को 68, महिला एवं बाल विकास विभाग को 237, शिक्षा विभाग को 40, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 4595, खाद्य विभाग को 321, श्रम विभाग को 234, राजस्व विभाग को 511 तथा विद्युत विभाग को 174 सहित कुल 6277 आवेदन मिलने की जानकारी दी गई। शिविर में विधायक संगीता सिन्हा ने कार्यक्रम की सराहना करते हए कहा कि समाधान शिविर बहुत ही अच्छी सरकार की योजना है जिसका लाभ हर हितग्राही ले रहे हैं जिनको जो भी समस्या है उनको घर पहुंच समस्या का समाधान मिल रहा है हर समस्या का निराकरण हो रहा है।

समाधान शिविर में अतिथि जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद , जिला पंचायत सदस्य तेजराम साहू , जिला पंचायत सदस्य चंद्रिका गजीर, जनपद सदस्य संध्या अजेंद्र साहू, जनपद सदस्य ममता विजय, जनपद सदस्य तारा देवी ताम्रध्वज यादव, ग्राम पंचायत पेंडरवानी सरपंच त्रिलोकी साहू, कंवर सरपंच बालचंद टंडन, अकलवारा सरपंच उत्तरा मरकाम एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा एसडीएम रामकुमार सोनकर, तहसीलदार हनुमंतश्याम, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमेश रात्रे एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# शराब पकड़ने में पुलिस को मिली सफलता, कार भी पकड़ी गई

**राजनांदगांव,** 16 मई (देशबन्धु)। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग अवैध शराब तस्करी पर अंकुश लगाने के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम, थाना प्रभारी बोरतलाव निरीक्षक उपेन्द्र कुमार की दिशा निर्देश में शराब तस्करी रोकने दिनांक 15.05.25 को ग्राम भ्रमण गस्त दौरान मुखबीर की सूचना मिली कि ग्राम पनियाजोब रेल्वे फाटक के रास्ते से होकर अंडी-ठाकुरटोला की ओर एक सफेद कलर होण्डाई कार क्रमांक सीजी 08 एच 4617 के पीछे डिक्की में छिपाकर रखे कच्ची देशी महुआ शराब 07 प्लास्टिक जरीकेन डिब्बा में 60 बल्कलीटर किमती 12000 को परिवहन कर रहे है, कि सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहन के घेराबंदी कर सफेद कलर होण्डाई कार क्रमांक सीजी 08 एच 4617 को पकडकर चालक एवं उसमें बैठे व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम (1) दूजलाल कुंजाम पिता तिलक कुंजाम उम्र 35 साल (2) टिकेश कुमार ध्रुर्वे पिता रामसिंग ध्रुर्वे उम्र 28 साल साकिनान ग्राम बरनाराकला, थाना बोरतलाव, जिला राजनांदगांव का होना बताया और सफेद कलर होण्डाई कार क्रमांक सीजी 08 एच 4617 को चेक करने पर पीछे डिक्की में छिपाकर रखे 07 प्लास्टिक जरिकेन में 60 बल्कलीटर कच्ची देशी महुआ शराब किमती 12,000 रूपये , आरोपीयो की जमा तलाशी लेने पर दो नग टच स्क्रीन मोबाईल किमती 10,000 व घटना में प्रयुक्त सफेद कलर होण्डाई कार क्रमांक सीजी 08 एच 4617 किमती 3,00,000 रूपये जुमला किमती 3,22,000 रूपये समक्ष गवाहन के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया । आरोपीयो के विरूद्ध थाना बोरतलाव में अपराध क्र0 24/25 धारा 34(2) आब0 एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया । उक्त कार्यवाही मे,सउनि गोकुल सोनकर, प्र0आर0 1297, 216 आर0 268, 351, 1251 की सराहनीय योगदान रहा ।




## प्रादेशिकी का शेष...

### मनरेगा के तहत मानव दिवस ...

ठाकुर संतलाल बंजार, दानेश्वर साह, जितेंद्र वर्मा, केबी वर्मा धमधा, टोमन साहू गाड़ाडीह, राजेश ठाकुर, संजय देशलहराए हीरा वर्मा, राजकुमार पाली, अजय मिश्रा, भोला महोबिया, आनंद ताम्रकार, अनूप वमा, सुशील भारद्वाज, मुकेश साहू, सौरभ ताम्रकार, मोहित वाल्देए राजेश ठाकुर, हमीद खोखर, विनोद सेन, और लोचन यादव लोचन यादव श्याम मनहर, प्रवीण यादव, सुखदेव यादव, किशन भारतीय, उषा सोनवानी, संतोषी तिवारी, उमेश साहू बंजारे तिवारी बाल किशन, निशा, सुनीता चेन्नवर नीता लोधी, प्रेमलता साह, निखिल खींचरिया, विमल, गौरव उमर, विकास सापेकर, आयुष शर्मा, हेमा साहू, निकिता मिलिंद, सुजीत बघेल, विशाल देशमुख, अशोक साहू, रूपेंद्र शुक्ला, सुमित घोष, चिराग शर्मा, भूपेंद्र सेन, बृजमोहन तिवारी, सुरेश जघेल, अशोक मेहरा, निर्मला साहू, सरोजिनी चंद्राकर रामप्यारी वर्मा हेमंत चतुर्वेदी योगिता चंद्राकर लक्ष्मी यशवंत साहू जमुना साहू माहेश्वरी ठाकुर सहित अनेक लोग शामिल थे।

### उरलावासियों ने वार्ड में ...

मोंक्राइटिस या अन्य बीमारी में बदल सकती है। इस अंदेशे से भयभीत उरला क्षेत्र व आसपास के निवासी ने रैली निकालकर नगर निगम कार्यालय पहुंचे और महापौर के चेम्बर के सामने धरने पर बैठकर जमकर नारेबाजी करने लगे। नारेबाजी करने में पूर्व पार्षद बृजलाल पटेल की पत्नी व अन्य महिलाएं आगे थीं। महिलाएं महापौर को अपने कक्ष से बाहर आकर जनता की आवाज सुनने व मसला सुलझाने की मांग कर कह रही थीं। इस बीच लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, एमआईसी प्रभारी नीलेश अग्रवाल, नरेन्द्र बंजारे कांशीराम कोसरे, चंद्रशेखर चंद्राकर व अन्य पार्षदों ने भी प्रदर्शनकारियों से बात कर उन्हें समझाने की कोशिश की मगर प्रदर्शनकारी अपनी जिद पर अड़े रहे । अंतत: महापौर अलका बाघमार ने प्रदर्शनकारियों में से कुछ लोगों को अपने कक्ष में बुलाकर चर्चा की।

महापौर ने दिया शीघ्र समाधान का आश्वासन : चर्चा में प्रभावितों का पक्ष सुनने के बाद महापौर ने उन्हें बताया कि नगर निगम द्वारा ट्रेंचिंग ग्राउण्ड में लगी आग बुझाने के लिये प्रतिदिन फायर ब्रिगेड भेजकर आग बुझाई जा रही है। आग लगने का कारण तेज गर्मी होने के साथ कतिपय शरारती तत्वों का कारनामा हो सकता है। नगर निगम इस पर कड़ी नजर रख रही है। ऐसे तत्वों को शीघ्र पकड़कर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही उन्होंने बताया कि रायपुर से कचरे से खाद बनाने वाली मशीन बहुत जल्दी आ जायेगी। इससे पूरा कचरा रोज ही खाद में बदल जायेगा। चर्चा में वार्ड के पार्षद सरस निर्मलकर, व रेशाम सोनकर भी उपस्थित थे। इस चर्चा के बाद महापौर ने कल 17 मई को वार्ड में पहुंचकर ट्रेंचिंग ग्राउण्ड का अवलोकन कर समस्या का समाधान निकालने का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने अपना प्रदर्शन स्थगित किया।

### सुराना कॉलेज वार्षिक पुरस्कार ...

प्रवीण चंद्र तिवारी अध्यक्ष जिला शिक्षण समिति एवं दिलीप इंगले सचिव जिला शिक्षण समिति उपस्थि हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय शासीनिकाय के अध्यक्ष मनोज शर्माने किया। प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा ने उपस्थित सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। अतिथियों ने अपने कर-कमलों से पुरस्कार प्रदानकर छात्रों को प्रोत्साहित किया एवं शुभकामनाएँ प्रदानकी। इसके अतिरिक्त प्राचार्य डॉ पूजा मल्होत्रा, हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. दुर्गा शुक्ला तथा वाणिज्य विभाग की प्राध्यापिका पवनदीप कौर को महाविद्यालय में प्रथम बार छात्र-छात्राओं के लिए फैशन शो का सफ्लतापूर्वक आयोजन के लिए लिए मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। चतुर्थ कर्मचारी मुकेश ठाकुर को उनके कर्तव्यनिष्ठा के लिए नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. दुर्गा शुक्ला ने किया।

### ब्रम्हाकुमारी आनंद सरोवर ...

है चाहे इसके लिए कितना भी सहन करना पड़े तो आप देखेंगे इससे आपके व्यक्तित्व में ऐसा विकास होगा जो आपको औरों से अलग बनाएगा।

ब्रह्माकुमारी चैतन्य प्रभा दीदी ने कहा आपने कभी यह महसूस किया है जब आप किसी कारण से दुरूखी हो जब आप किसी कारण से परेशान हो और तब आपको पढ़ने के लिए बिठाया जाए तो पढ़ाई में मन लगता है लगता है बताओ कि मन को शांत और खुश रखना जरूरी है या नहीं जरूरी है ना तो अभी यह 5 दिन में आपको यह सिखाएंगे कि कुछ भी आपकी लाइफ में होता है जो प्रॉब्लम्स आती है उसे प्रॉब्लम में भी आप अपने मन को खुश कैसे रखो शांत कैसे रखो ।

सभी बच्चों को भुवनेश्वरी बहन ने गीतों के साथ एक्सरसाइज कराया और कुमारी चंद्राणी ने नृत्य प्रस्तुत किया व मंच संचालन रेनू बहन ने किया ।

### रविशंकर स्टेडियम के पास ...

उठने वाले धुएं से लोगों को स्वास्थ्य संबंधित काफी परेशानी होती है। महापौर अलका बाघमार से संपर्क करने पर उन्होंने इस आगजनी को असामाजिक तत्वों की हरकत बताते हुए कहा कि नगर निगम स्थिति पर नियंत्रण रखने का प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि ट्रेंचिंग ग्राउण्ड में शीघ्र ही कचरे से खाद बनाने का प्रोसेसिंग प्लांट लगाने की प्रक्रिया चल रही है। इस प्लांट के लग जाने से शीघ्र समस्या का स्थाई समाधान निकल जायेगा। यह प्लांट कब तक लग जायेगा पूछने पर उन्होंने बताया कि प्लांट की मशीन शासन से आनी है, हमारी कोशिश है कि शीघ्र ही मशीन लगाकर इस समस्या से स्थाई समाधान प्राप्त किया जा सके।

# पीएमश्री सेजेस विद्यालय में ग्रीष्मकालीन समर कैम्प में विद्यार्थियों ने सीखी विभिन्न कलाएं

**कुम्हारी**, 16 मई। पीएम श्री सेजस कुम्हारी ग्रीष्मकालीन शिविर का प्रारंभ मां सरस्वती के पूजा एवं वंदन से आरंभ की गई7 स्कूल समन्वय अजय सिंह के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई 7 इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य श्रीमती विजया श्रीवास्तव एवं शिक्षक -शिक्षिकाएं एवं गणमान्य पालक भी शामिल थे7 सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत माध्यमिक कक्षा की बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत किया गया7 कु.रिद्धि वाडेकर द्वारा गणेश वंदना की नृत्य प्रस्तुति एवं कु. खुशी एवं कु. संस्कृति द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई7 इसी क्रम में छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य की प्रस्तुति हाई स्कूल के बच्चों द्वारा किया गया जिसमें कु. पलक कु. शालू एवं साथियों द्वारा किया गया श्री अजय सिंह श्रीवास्तव मैडम के द्वारा शिविर की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया7 कार्यक्रम के अंत में के आर साहू एवं जी.पी.सिंह द्वारा शिविर के अन्य दिवसों में होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी गई7 कार्यक्रम का संचालन कक्षा आठवीं की छात्राएं कु. श्वेता कु. विभूति देवांगन के द्वारा किया गया7 लगभग 120 बच्चे शिविर में शामिल हुए 7 द्वितीय दिवस को



प्राथमिक ,माध्यमिक एवं हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी के छात्र छात्राओं द्वारा रंगोली बनाने से सम्बंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया 7 जिसमे छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया एवं रोचक रंगोली बनाया । सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत रोचक छत्तीसगढ़ी गीतों पर नृत्य पारंपरिक छत्तीसगढ़ी वेश भुषा में किया गया साथ ही नृत्य एवं संगीत की कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमे खैरागढ़ विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त कुमारी जम्मी स्नेह द्वारा भारत नाट्यम के विभिन्न विधाओ से लगभग 100 छात्र छात्राओ को परिचित कराय गया छात्र छात्राव ने अपने प्रशिक्षक के साथ सामूहिक नृत्य का प्रस्तुतीकरण दिया इसी तरह कुमारी सूफी खातून प्रशिक्षक द्वार संगीत के विभिन्न विधाओ का परिचय कराया गया जिसमे सभी ने उत्साह पूर्वक भाग लिया

इसी क्रम में 15 मई को नाटक एवं कबाड़ से जुगाड़ का कार्यक्रम सुचारू रूप से संचालित हुआ जिसमे छत्तीसगढ़ के प्रसिद्द लोक कलाकार महेश वर्मा एवं राजेंद्र कुमार साहू द्वारा नाटक की विभिन्न विधाओ, रंगमंच की गरिमा, अभिनय , वेशभूषा एवं प्रस्तुतीकरण पर व्याख्यान दिया गया विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा बालिका शिक्षा ,आधुनिक शिक्षा में मोबाइल का महत्व एवं आधुनिक परिवेश में विद्यार्थियों की भूमिका पर नाटक प्रस्तुत् किया गया जिसमे छात्रोंके अभिनय पर श्री महेश वर्मा एवं श्री राजेंद्र कुमार साहू जी द्वारा समालोचनात्मक टिप्पणी और गुण सिखाये गए 7 उपर्युक्त कार्यक्रमों को संचालित करने में विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं व्याख्याताओ का विशेष योगदान रहा इस समर कैंप में लगभग 100 छात्र छात्राव ने भाग लिया इसी के साथ- साथ खेल कूद योग एवं व्यायाम की कार्यशाला सुबह 7 बजे से 9 बजे तक संचालित हो रही है जिसमे लगभग 60 से 70 विद्यार्थी भाग ले रहे है।

# चिल्फी से रेंगाखार जंगल तक हो रहा सड़क का निर्माण



**कवर्धा,** 16 मई (देशबन्धु)। वनांचल क्षेत्र के वर्षों से लंबित और क्षेत्र के लिए जीवनदायिनी मानी जाने वाली चिल्फी से रेंगाखार जंगल सड़क निर्माण कार्य को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से पुन: प्रारंभ कर दिया गया है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के निर्देश पर चिल्फी से रेंगाखार जंगल तक सड़क निर्माण कार्य को बेहतर गुणवत्ता और टिकाऊपन के साथ और निर्माण कार्य में उच्च मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। कार्य की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि लगातार स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण कर रहे हैं और कार्य की गति तथा गुणवत्ता की निगरानी कर रहे हैं। क्षेत्रिय जनप्रतिनिधियों द्वारा सभी पहलुओं की भी जांच की जा रही है, ताकि वानांचल क्षेत्र के नागरिकों को एक बेहतर सड़क सुविधा मिल सके। यह सड़क हजारों ग्रामीणों के जीवन से भी सीधे तौर पर जुड़ी हुई है।

चिल्फी से लेकर रेंगाखार जंगल तक 27.80 किलोमीटर लंबी यह सड़क लंबे समय से अधूरी पड़ी थी। निर्माण कार्य बीच में रुक जाने से स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। आए दिन वनांचल वासियों को कठिनाई और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित हो रही थी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों की मांग पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। उन्होंने निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर समाधान निकाला। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के निर्देशन में कार्य को पुन: गति मिली और इसे सुशासन दिवस के दिन विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया।

जनप्रतिनिधियों ने किया निरीक्षण, क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल- चिल्फी से रेंगाखार जंगल सड़क निर्माण कार्य के पुन: प्रारंभ होने के पश्चात क्षेत्र में खुशियों की लहर दौड़ गई है। कार्य की प्रगति का जायजा लेने के लिए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यह सड़क न केवल आवागमन को सुगम बनाएगी, बल्कि यह पूरे वनांचल क्षेत्र की आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक उन्नति का आधार बनेगी। उन्होंने कार्य में तेजी और पारदर्शिता बनाए रखने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। चिल्फी, झलमला, रेंगाखार जंगल सहित आसपास के ग्रामों में हर्ष माहौल है। ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि यह सड़क उनके लिए सपने के साकार होने जैसा है, जिसे वर्षों से देखा जा रहा था। स्थानीय युवाओं, महिला समूहों और वरिष्ठ नागरिकों ने भी उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के इस संवेदनशील निर्णय को सराहा और कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र को अब नई दिशा मिलेगी।

अब अस्पताल, स्कूल और बाजार पहुंचना होगा आसान- चिल्फी से रेंगाखार जंगल तक सड़क निर्माण कार्य से वनांचल क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होता नजर आ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने हर्ष जताते हुए कहा कि इस सड़क के पूर्ण होने के बाद अब उन्हें अस्पताल, स्कूल और बाजार तक पहुंचने में आसानी होगी। उन्होंने बताया कि अब यह सड़क न केवल राहत देगी, बल्कि जीवनरक्षक साबित होगी। छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने भी खुशी जताई कि इससे बच्चों की नियमित स्कूल उपस्थिति सुनिश्चित होगी और उच्च शिक्षा के लिए शहर जाना भी अब मुश्किल नहीं रहेगा। स्थानीय व्यापारियों और किसान परिवारों का कहना है कि इससे उनकी उपज को बाजार तक पहुंचाने में लगने वाला समय और लागत दोनों कम होंगे। अब क्षेत्र के उत्पादों को बड़े बाजारों में उचित मूल्य मिल सकेगा, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। ग्रामीणों ने कहा कि यह सड़क वनांचल को न सिर्फ मुख्यधारा से जोड़ेगी, बल्कि क्षेत्र में सुरक्षा, शिक्षा और आर्थिक प्रगति का मार्ग भी प्रशस्त करेगी।

# शताब्दी स्कूल तथा जिला मुख्यालय के एकमात्र कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की सुध लेने वाला कोई नहीं: ललित विश्वकर्मा



**बेमेतरा,** 16 मई (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव ललित विश्वकर्मा ने भाजपा के सुशासन तिहार को एक मजाक बताया है जहां एक और भाजपा सरकार सुशासन तिहार के नाम पर लाखों रुपए की बंदर बांट कर रही है वहींबेमेतरा जिले के मुख्यालय में जिले के महत्वपूर्ण दो स्कूलों के छत को उड़े हुए साल बीत गए किंतु अब तक शिक्षा विभाग तथा शासन की नींद नहीं खुली है बेमेतरा जिले के गौरव एकमात्र शासकीय ए कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जो कभी पूर्व में बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हुआ करता था जहां आज भी बेमेतरा जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के शिलालेख लगा हुआ है स्कूल की लगभग आदि तीन सेट की छत साल भर पूर्व आंधी तूफान में उड़ गई थी इसके संबंध में कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने धरना प्रदर्शन भी किया था आज तक स्कूल के कमरों की छत को नहीं लगाया जा सका है जिसके कारण इन कमरों में पढ़ाई नहीं की जा सक रही है कन्या स्कूल में जहां लगभग 10 से 12 कमरे आंधी तूफान की चपेट में आए थे वहीं बेमेतरा जिले के एकमात्र शताब्दी शाला उत्तर बुनियादी शाला बेमेतरा की भी पूरी छत उड़ चुकी है उक्त दोनों स्कूल बेमेतरा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से लगे हुए हैं जहां से जिला शिक्षा अधिकारी का प्रतिदिन आना जाना लगा रहता है किंतु बेमेतरा का दुर्भाग्य ही कहा जाए जहां शराब दुकानों की बढ़ोतरी की जा रही है वहीं बेमेतरा के इन स्कूलों के उद्धार हेतु किसी भी प्रकार से कोई कदम नहीं उठाए गए हैं शायद भाजपा शासन यह चाहती है कि यह स्कूल जमींदोज हो जाए यही कारण है कि इन स्कूलों को जर्जर करने के नियत से ही इनके उड़े हुए तीन सेट को वर्ष बीत जाने के उपरांत भी नहीं सुधर गया जबकि पूर्व में कहा गया था कि बजट सत्र में इन स्कूलों के छत को सुधार के लिए बजट मांगा जाएगा 2 बजट सत्र भी बीत जाने के पश्चात अब तक स्कूल भवन की छत के पुनर्निर्माण हेतु किसी प्रकार से कोई कदम न उठाया जाना भाजपा सरकार के कथनी और करनी को इंगित करता है साथ ही साथ बालिका शिक्षा को लेकर यहां के भाजपा जनप्रतिनिधि शिक्षा के लिए कितने जिम्मेदार हैं यह बताने के लिए पर्याप्त है जबकि बेमेतरा शहर में सिर्फ कन्या साल के नाम पर एकमात्र विद्यालय है वही शताब्दी शाला का इतिहास अत्यंत ही गौरवशाली रहा है जिसमें अनेक विभूतियों ने यहां से शिक्षा ग्रहण की है ऐसे में इन स्कूलों को शिक्षा के अनुरूप बनाया जाना बेमेतरा नगर के लिए अत्यंत आवश्यक है ।

# आवास निर्माण में अनियमितता की शिकायत पर विकासखंड समन्वयक को तत्काल प्रभाव से जिला पंचायत में किया गया संलग्न

**कवर्धा,** 16 मई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत प्राप्त शिकायत पर सीईओ जिला पंचायत द्वारा त्वरित कारवाही करते हुए विकासखंड समन्वयक जनपद पंचायत बोड़ला भुवनेश्वर धुर्वे को तत्काल प्रभाव से जिला पंचायत कबीरधाम में संलग्न किया गया है। ग्राम पंचायत दलदली जनपद पंचायत बोड़ला से सुशासन तिहार अंतर्गत ग्रामीण सुंदर बैगा पिता धरमसिंह ग्राम चेद्रादादर द्वारा आवास निर्माण में विकासखंड समन्वयक के विरुद्ध अनियमितता की शिकायत की गई थी। प्रारंभिक जांच में अनियमितता संभावित पाया गया है। जिस पर संज्ञान लेते हुए संबंधित विकासखंड समन्वयक को जिला पंचायत कबीरधाम में संलग्न करते हुए चार सदस्य जांच दल का गठन किया गया है। उल्लेखनीय है कि हितग्राहियों द्वारा इस संबंध में उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को शिकायत की गई थी। छत्तीसगढ़ शासन के मंशा अनुरूप किसी भी निर्माण कार्य में गड़बड़ी पाए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं और इसी क्रम में यह बड़ी कार्रवाई की गई।

प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण
Pradhan Mantri Awaas Yojana-Gramin

इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आवास योजना के निर्माण कार्य में अनियमित की शिकायत प्राप्त हुई है। प्रकरण पर चार सदस्य दल द्वारा जांच किया जा रहा है। समिति द्वारा ग्राम पंचायत चेद्रादादर में हुए आवास निर्माण का भौतिक निरीक्षण करते हुए ग्रामीणो के बयान दर्ज किया जा रहे हैं।वर्तमान में जांच की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है तथा जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने पर समिति के अनुशंसा अनुसार नियमानुसार कार्यवाही किया जाएगा।

# सुशासन तिहार एक ढकोसला बनकर रह गया:आशीष छाबड़ा



**बेमेतरा,** 16 मई (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मनाया जा रहे सुशासन तिहार पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि सुशासन तिहार सिर्फ एक सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग तथा दिखावा बनकर रह गया है सुशासन तिहार के नाम पर जहां अवैध वसूली हो रही है वहीं नतीजा शून्य हैं शासन द्वारा अब तक यह नहीं बताया गया है कि सुशासन पर्व के दौरान कितने आवेदन प्राप्त हुए तथा किन-किन विभागों से संबंधित आवेदन थे उन आवेदनों में कितने आवेदन मांग से संबंधित थे तथा कितने आवेदन शिकायत से संबंधित थे अगर आवेदन मांग से संबंधित थे तो उन्मे से कितनी मांगों को शासन ने पूरा किया और अगर शिकायत से संबंधित आवेदन थे तो उन शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई सिर्फ एक सुशासन तिहार के नाम पर शिविर लगाकर सरकारी मशनरी का दुरुपयोग किया जा रहा है तथा अधिकारी कर्मचारी उक्त शिविर में लू चलती हुई धूप और गर्मी से परेशान है वहीं भाजपा के कार्यकर्ता सुशासन तिहार के नाम पर मौज मस्ती कर रहे हैं जनता की समस्याएं यथावत बनी हुई है भाजपा के कार्यकर्ता उक्त शिविर में धौस जमाने का काम कर रहे हैं सुशासन तिहार के नाम पर बेमेतरा जिले में नगरी क्षेत्र में कितने आवेदन प्राप्त हुए शासन को नगरवार जानकारी देनी चाहिए इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद वार तथा ग्राम पंचायत वार इसकी जानकारी आम जनता को दी जानी चाहिए थी मात्र समाधान शिविर के नाम पर लुट खसोट मची हुई है तथा शासकीय पैसों का दुरुपयोग किया जा रहा है शिविर के नाम पर भाजपा केवल अपने पुराने पाप को धोने में लगी हुई है आम जनता को बदलने फुसलाना का काम सुशासन समाधान शिविर के माध्यम से किया जा रहा है आज बेमेतरा जिले कीकी जनता भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा किए जा रहे रेत चोरी के कारण पानी की समस्या से बेहाल है विगत दो माह में शासन आम जनता को पेयजल भी उपलब्ध नहीं कर पा रहा है सड़के बदहाल हो रही हैं शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर बेमेतरा जिला वापस धरातल में जा चुका है ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली नहीं मिल पा रही है घंटो घंटो पावर कट की समस्या बनी हुई है अति आवश्यक सेवाओं का समाधान ना करके प्रशासन सुशासन तिहार बनाने में लगा हुआ है यही कारण है कि बेमेतरा जिले में कई जगहों पर सुशासन तिहार के समाधान शिविर में आम जनता की सहभागिता लगभग नहीं के बराबर है भाजपा वाले जरूर जनता के ऐसे काम जो स्वाभाविक रूप से कार्यालय में किए जाते हैं जैसे राशन कार्ड नरेगा जॉब कार्ड जैसे आसानी से हो जाने वाले कार्यों को समाधान शिविर के माध्यम से हल करके वह वाही लूटी जा रही है जबकि जनता के द्वारा मांग पत्र के माध्यम से की गई मांगों पर कहीं कोई विचार नहीं किया गया है और ना ही उसका समाधान किया गया है ठीक इसी तरह शिकायतें भी जस की तस बनी हुई है सुशासन तिहार के माध्यम से मांगे गए आवेदनों पर शासन की ओर से अथवा भाजपा सरकार की ओर से कहीं कोई कार्यवाही नहीं की गई है कुल मिलाकर अगर देखा जाए तो सुशासन तिहार के नाम पर भाजपा के लोग सरकारी पैसों पर मौज मस्ती और पार्टी मना रहे हैं वही अधिकारी भी सुशासन तिहार के नाम से अपने कार्यालय से गायब है जनता के काम ना तो समाधान शिविर में हो रहे हैं और ना ही कार्यालय में कुल मिलाकर देखा जाए तो छत्तीसगढ़ शासन का या सुशासन तिहार सिर्फ एक ढकोसला बनकर रह गया है ।

# कुलर की चपेट में आने से युवक की मौत

## मामला ग्राम कोड़े नवागांव का परिजनों पर टूटा मौत का पहाड़



**खैरागढ़,** 16 मई (देशबन्धु)। ब्लॉक मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम कोड़ेनवागांव में शुकवार 16 मई को एक दर्दनाक घटना घटित हुई है। 16 वर्षीय युवक गुलाब चंद पिता बल्लू यदु अपने घर के जानवरों को चारा देने के लिए खटाल में गया हुआ था। तभी गुलाब चंद का हाथ कुलर से टच हो गया और वे अचेत होकर खटाल में गिर गया परिजनों ने गुलाब को तत्काल सिविल अस्पताल खैरागढ़ लेकर आए इलाज के दौरान गुलाब ने दम तोड़ दिया ग्रामीणों ने बताया कि गुलाब चंद यदु अभी वर्तमान में कक्षा 11 की परीक्षा पास की थी। और गुलाब के माता पिता खेती किसानी कर अपना जीवन यापन करते है। 16 वर्षीय युवक की मौत हो जाने से ग्राम कोड़े नवागांव में मौत का सन्नाटा छाया हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच विवेचना में लिया है। चिकित्सकों ने परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

# एकता ई-रिक्शा चालकों ने विधायक दीपेश साहू को सौंपा ज्ञापन, स्टैंड हेतु स्थायी व्यवस्था की मांग



**बेमेतरा,** 16 मई (देशबन्धु)। एकता ई-रिक्शा चालक कल्याण संघ, बेमेतरा द्वारा आज स्थानीय विधायक श्री दीपेश साहू को उनके निवास कार्यलय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें नगर के बाजार चौक क्षेत्र में स्थायी ई-रिक्शा स्टैंड स्थापित करने की मांग की गई है।

संघ के अध्यक्ष रामचंद बारले के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि वर्तमान में संघ के पास कुल 140 ई-रिक्शा पंजीकृत हैं, जिनमें 20 महिला एवं 120 पुरुष चालक शामिल हैं। पूर्व में यह सभी चालक विगत 8 वर्षों से थाना परिसर के बाहर से संचालन कर रहे थे, लेकिन 15 अप्रैल 2025 से उन्हें वहां से हटा दिया गया। इससे इन चालकों की आजीविका पर प्रतिकूल असर पड़ा है।

विधायक श्री दीपेश साहू ने इस संदर्भ में ई-रिक्शा चालकों की चिंता को जायज़ बताया और कहा रिक्शा चालक हमारे शहर की परिवहन रीढ़ हैं। उनकी आजीविका पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी। मैं स्वयं इस मामले को लेकर संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा करूंगा और एक समुचित तथा सुरक्षित स्थान पर स्थायी ई-रिक्शा स्टैंड की व्यवस्था सुनिश्चित करवाई जाएगी।

इस अवसर पर समाज सेवी ताराचंद महेशवरी, अध्यक्ष रामचंद बारले, उपाध्यक्ष निर्मला वर्मा, सचिव फारूख, कोषाध्यक्ष शेष नारायण एवं सलाहकार जावेद कुरैशी सहित सैकड़ो की संख्या मे संघ सदस्यगण उपस्थित रहे।

# प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने बढ़ाया नगर का मान



**थानखम्हरिया,** 16 मई (देशबन्धु)। सीबीएसई 10 वीं की परीक्षा में नगर के तीन प्रतिभावान विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त कर अग्रवाल समाज सहित नगर को गौरवान्वित किया।

नगर की लहर सिंघानिया पिता ब्रजेश सिंघानिया ने 94.4 प्रतिशत, यश अग्रवाल पिता आशीष अग्रवाल ने 91.6 प्रतिशत तथा भूमि अग्रवाल पिता आनंद अग्रवाल ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। सभी एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के विद्यार्थी हैं। अग्रवाल समाज के इन तीनों प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की इस सफलता पर समाज में हर्ष है। समाज के पुरूषोत्तम अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, साकेत सिंघानिया, हितेश अग्रवाल, यशेष अग्रवाल, विकास बंसल, अतुल सिंघानिया, साकेत अग्रवाल, जीवेश डोकानिया आदि ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुये इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की विधायक भावना बोराने कहा कि यह विद्यार्थी परिवार और विद्यालय के लिए गौरव का विषय है साथ ही आने वाले पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत भी है छात्रों को परीक्षा के लिए पहले से मानसिक रूप से तैयार किया जाता है मेरी ओर से बहुत-बहुत बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की।

# समाधान शिविर में शासन की योजनाओं का ग्रामीणों को लाभ

■ 2148 आवेदनों में से अधिकांश का हुआ निराकरण



**थानखम्हरिया,** 16 मई (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर की श्रृंखला में आज विकासखंड साजा के ग्राम पंचायत हांटरांका में प्रभावशाली शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ग्रामीणों की समस्याओं और मांगों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। इस शिविर में कुल 11 पंचायतों के आवेदकों ने भाग लिया, जिससे यह आयोजन और भी व्यापक और जनसरोकारों से जुड़ा रहा।

16 मई को आयोजित इस समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से कुल 218 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 05 आवेदन शिकायतों से संबंधित रहे। प्राप्त आवेदनों पर विभागीय प्रक्रिया के तहत शीघ्रता से कार्यवाही की जा रही है।

मुख्य रूप से कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक श्री ईश्वर साहू की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किए।

**वितरित लाभ**- सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 05 पासबुक, नोनी सुरक्षा योजना के अंतर्गत 04 बांड पेपर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत 59 सम्मान पत्र, 07 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 67 लाभार्थियों को जॉब कार्ड प्रदान किए गए।

समाधान शिविर में राज्य शासन से श्री आर. प्रसन्ना, प्रभारी सचिव (जिला बेमेतरा), कलेक्टर रणबीर शर्मा, और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री टेकचंद अग्रवाल की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए और शासन की योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों तक शीघ्र पहुंचे।

शिविर में कुल 2148 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 2097 मांगें और 51 शिकायतें शामिल थीं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से 1811 मांगें और 13 शिकायतों का पंजीयन हुआ, जिनका त्वरित निराकरण किया जा रहा है।

**जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति**- जनपद पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि गोविंद्र पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा ओमप्रकाश जोशी, मंडल अध्यक्ष केशव पटेल, परमेश्वर वर्मा, नागेश्वर वर्मा, खिलेश्वरी रवि निषाद, प्रतिनिधि हेमंत साहू, अनिल सिंघानिया, चंद्रशेखर राजपुत , गणेश वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, देवराज वर्मा, तोषू सिंह वर्मा, गोवर्धन पटेल, समेत क्लस्टर की सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

प्रशासनिक अधिकारियों में यू.के. मानकर (राजस्व), संतोष घोषले (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद साजा), तहसीलदार के.आर. वासनिक, एसडीओ आरईएस हसराज साहू, सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

विधायक ईश्वर साहू ने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीणों के सभी आवेदन का समयबद्ध और गुणवत्ता युक्त निराकरण करें, तथा स्वच्छ पेयजल और विद्युत आपूर्ति जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित की जाए।

शिविर में स्वच्छता और जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई, जिससे ग्रामीणों में पर्यावरण और स्वच्छ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ी।यह समाधान शिविर शासन की जनकल्याणकारी नीतियों को ज़मीनी स्तर तक पहुंचाने और आम जनता के विश्वास को मज़बूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास रहा।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जागरूकता रथ रवाना

## देखे, साफ करें, ढकें थीम पर हुआ आयोजन




**बेमेतरा,** 16 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर आज जिले भर में जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष डेंगू दिवस की थीम च्देखे, साफ करें, ढकें - डेंगू को हराने का उपाय करेंज्ज रखी गई, जिसका उद्देश्य डेंगू जैसी जानलेवा बीमारी की रोकथाम और बचाव के प्रति आमजन में जागरूकता फैलाना है।

मुख्य कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सहित सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशंवत कुमार ध्रुव एवं जिला नोडल अधिकारी सह-जिला स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रथ के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में डेंगू से बचाव संबंधी संदेश प्रसारित किए जाएंगे।

डेंगू एक वायरल बीमारी है जो संक्रमित मादा एडिस मच्छर के काटने से फैलती है। यह मच्छर साफ और स्थिर पानी में पनपता है। इसके प्रमुख लक्षणों में अचानक तेज बुखार, सिर दर्द, मांसपेशियों व जोड़ों में दर्द, उल्टी, आंखों के पीछे दर्द, और नाक-मसूढ़ों से खून आना शामिल हैं। लक्षण दिखने पर मरीज को तुरंत जांच कराकर समुचित इलाज लेना चाहिए। डेंगू की जांच और उपचार की सुविधा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला चिकित्सालय में नि:शुल्क उपलब्ध है।

कार्यक्रम में बताया गया कि डेंगू के लिए अभी तक कोई विशिष्ट दवा या वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। बुखार होने पर केवल पैरासीटामोल का सेवन करें, जबकि एस्प्रिन या आईबुप्रोफेन का उपयोग बिना चिकित्सकीय सलाह के न करें। सभी रोगियों को प्लेटलेट्स की आवश्यकता नहीं पड़ती, यह एक भ्रांति है।

डेंगू नियंत्रण हेतु जनसहभागिता पर जोर देते हुए मच्छरों के प्रजनन स्रोतों को खत्म करने के उपायों जैसे ङ्क जमे हुए पानी में मिट्टी का तेल या जला हुआ मोबिल ऑयल डालना, घर के आसपास पानी जमा न होने देना, कूलर की सफाई, टायर व पुराने बर्तनों में जमा पानी हटाना, तथा मच्छरदानी का उपयोग करने की अपील की गई। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री लता बंजारे, व्ही.बी.डी. पर्यवेक्षक श्री गुलाबचंद साहू सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। डेंगू को हराने के लिए जनसहयोग आवश्यक है ङ्क च्देखे, साफ करें, ढकेंज्ज ङ्क यही संदेश इस आयोजन के माध्यम से आमजन को दिया गया।

# नगर पंचायत कुसमी में हुआ 82.40 लाख के 16 विकास कार्यों का भूमिपूजन

■ विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप मे रहे मौजूद

**बेमेतरा,** 16 मई (देशबन्धु)। आज नगर पंचायत कुसमी में अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृत ?82.40 लाख की लागत से प्रस्तावित 16 विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम मे क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए द्य वही कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू ने किया द्य अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत उपाध्यक्ष, सभापति एवं पार्षदगण की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने नगर के विकास के लिए इस पहल का स्वागत किया।

मुख्य अतिथि दीपेश साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह भूमिपूजन केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि नगर के समग्र विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं मिले और नगर पंचायत कुसमी को आदर्श नगरी के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता को लेकर प्रशासन एवं ठेकेदारों को निर्देशित किया कि जनता की आस्था और उम्मीदों के अनुरूप कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित हो।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा आज का दिन हम सभी के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण दिन है। नगर पंचायत कुसमी में सीसी रोड, नाली सहित अनेक निर्माण कार्यों के भूमि पूजन के अवसर पर मैं आप सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूँ। यह केवल निर्माण कार्यों की शुरुआत नहीं, बल्कि कुसमी के सुनहरे भविष्य की नींव है। यह भी गर्व का विषय है कि कुसमी में भारत रत्न, हमारे पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति में च्च्अटल चौकज्ज का निर्माण हो रहा है। जब भी हम इस चौक से गुजरेंगे, हमें अटल जी के विचारों और समाज सेवा की प्रेरणा मिलेगी। यह चौक उनके सम्मान और हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक बनेगा।

साहू ने कहा मैं आप सबका धन्यवाद करता हूँ कि आपने मुझे क्षेत्र का विधायक चुनकर सेवा का अवसर दिया। जिस दिन आपने आशीर्वाद दिया, उसी दिन से हमने कुसमी के विकास की दिशा में काम शुरू कर दिया। केवल चार महीने में ही हमने करोड़ों रुपये की योजनाएं आपके नगर के लिए स्वीकृत कराई हैं। पिछली सरकारों ने केवल घोषणाएं की थीं, लेकिन हमने उसे जमीन पर उतारने का कार्य किया है। आपने कहा कि कुसमी को नगर पंचायत बनाया जाए — हमने तत्काल राज्य सरकार से मांग की और घोषणा भी कराई।



हमारी सरकार—केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, प्रदेश में विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व वाली सरकार, और भाजपा के सांसद व विधायक—पूरी तरह आपके साथ खड़ी है। आप निश्चिंत रहें, विकास की गति नहीं रुकेगी। हमारा उद्देश्य है ङ्क समृद्ध और विकसित कुसमी। आने वाले पाँच वर्षों में हम सभी पार्षदों और नगर पंचायत की टीम के साथ मिलकर कुसमी को एक आदर्श नगर बनाएंगे। विधायक साहू ने कहा हमारी सरकार महिलाओं को 1000 प्रतिमाह की सहायता महिलाओ को दे रहे हैँ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 6000 वार्षिक सहायता हो, या भूमिहीन किसानों के लिए 10,000 की योजना ङ्क सभी योजनाएं आपके जीवन को बेहतर बनाने के लिए हैं। धान की खरीदी 3100 प्रति चिंटल की दर पर शुरू होकर यह सिद्ध करती है कि भाजपा सरकार किसानों की सच्ची हितैषी है।साहू ने कहा मैं आपसे बस यही कहना चाहता हूँ ङ्क कोई भी समस्या हो, आप नि:संकोच मुझसे संपर्क करें। मैं सदैव आपकी सेवा में तत्पर हूँ। हमारा एक ही उद्देश्य है ङ्क क्षेत्र का विकास और जनता की सेवा।

अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश साहू ने समस्त जनप्रतिनिधियों और नागरिकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह विकास कार्य नगरवासियों के जीवन में सुविधाएं और सुगमता लाने में सहायक सिद्ध होंगे।

### इन विकाश कार्यों का हुआ भूमिपूजन

यात्री प्रतिक्षालय उन्नयन कार्य वार्ड क्रमांक 1 मे 15.86 लाख रुपया, वार्ड क्रमांक 05 विसाडू के घर से वैशाखू साहू के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य लागत राशि 03.40 लाख रूपये,वार्ड क्रमांक 05 विसाहु साहू के घर से बैशाखू साहू के घर तक कवर प्लेट नाली निर्माण कार्य लागत राशि 2.65 लाख रूपये ,वार्ड क्रमांक 05 अनिल पाटकर पुराना घर से गोपाल पंच के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य लागत राशि 3.40 लाख रूपये,वार्ड क्रमांक 05 अनिल पाटकर पुराना घर से गोपाल पंच के घर तक कवर प्लेट नाली निर्माण कार्य लागत राशि 2.65 लाख रूपये ,वार्ड क्रमांक 01 सुखु साहू के घर से बल्लु पी डबलु डी के घर तक तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य 7.73 लाख रूपये, वार्ड क्रमांक 01 सुखु साहू के घर से बस्तु पी डबलु डी के घर तक तक कवर प्लेट नाली निर्माण कार्य 6.04लाख रूपये , वार्ड क्रमांक 01 इतवारी साहू घर से परदेशी साहू के घर तक कवर प्लेट नाली निर्माण कार्य लागत राशि 6.96 लाख रूपये,कार्य वार्ड क्रमांक 10आंगनबाडी केन्द्र क्रमांक 04 से भोजराम शिवमंदिर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य 3.40लाख रूपये,वार्ड क्रमांक 10 आंगनबाड़ी केंद्र क्र 04 से भोजराजनाग शिव मंदिर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य लागत राशि 2.65 लाख रूपये,वार्ड क्र. 5 मोहन साहू के घर से आंगनबाड़ी भवन तक कवरप्लेट नाली निर्माण लागत राशि 2.65 लाख रूपये, वार्ड क्रमांक 05 मोहन साहू के घर से आंगनबाडी भवन तक सीसी रोड निर्माण कार्य लागत राशि 3.65 लाख रूपये,वार्ड क्रमांक 05 मोहन साहू के घर से आंगनबाडी भवन तक कवर प्लेट नाली निर्माण कार्य 2.85 लाख रूपये,वार्ड क्रमांक 15 शनिदेव मंदिर रोड से हेमलाल साहू घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य 4.25लाख रूपये,वार्ड क्रमांक 15 शनिदेव मंदिर रोड से हेमलाल साहू घर तक कदर प्लेट नाली निर्माण कार्य 3.32 लाख रूपये,वार्ड क्रमांक 01 लियाकत साहू के घर से दिलेन्द साहू के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य 4.67. लाख रूपये की निर्माण कार्यों की भूमि पूजन किया।

कार्यक्रम मे राधेश्याम देवांगन कार्यक्रम मे राधेश्याम देवांगन उपाध्यक्ष,समीर साहू, सभापति,जगमोहन गेंडरे, सभापति,श्रवण साहू सभापति, रमशिला साहू सभापति, हीरा दिनेश साहू, पार्षद, देवकुमार साहू पार्षद ,टाकेश्वर प्रसाद साहू पार्षद, मंजू दीपक यादव, पार्षद ,स्वतंत्र कुमार साहू पार्षद ,दीपक साहू पार्षद ,नंदकिशोर साहू पार्षद, राजकुमारी साहू पार्षद ,नागेन्द्र साहू पार्षद , यामिनी साहू पार्षद नगर पंचायत के सीएमओ श्रवण गबने सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी नगर वासी उपस्थित रहे द्य कार्यक्रम का संचालन समीर साहू ने किया।

# पलेनी में हमर पुलिस हमर गॉव अभियान

**थानखम्हरिया,** 16 मई (देशबन्धु)। थानखम्हरिया पुलिस स्टॉफ द्वारा सुशासन तिहार 2025 को लेकर विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर चौपाल लगाकर आम जनता से संवाद कर मौके पर प्राप्त शिकायतों/समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में 14 मई को ग्राम पलेनी में 'हमर पुलिस हमर गांव' अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया और अपराध के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा के निर्देश पर सामुदायिक पुलिसिंग के लिए 'हमर पुलिस हमर बजार' एवं 'हमर पुलिस हमर गांव' अभियान के माध्यम से आम नागरिकों को जिले के हॉट/बाजारों एवं ग्रामों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी थानखम्हरिया निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, सहायक उप निरीक्षक भानू प्रताप पटेल एवं अन्य स्टॉफ द्वारा ग्रामवासियो को सायबर, फर्जी काल ठगी, नशा मुक्ति के खिलाफ, यातायात नियमों व अन्य अपराधों के संबंध में जागरूक किया गया। जिसमें ग्रामवासियों को साइबर अपराध, चिटफंड, फर्जीकाल ठगी की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति को अपनी निजी जानकारी जैसे बैंक खाता नंबर, एटीएम कार्ड नंबर एक्सपायरी डेट, सीवीवी नंबर, पिन नंबर, ओटीपी, पासवर्ड इत्यादि की जानकारी न दें। अपना आधार कार्ड सम्भाल कर रखे एवं आधार नंबर किसी अनजान व्यक्ति को न बतावें। फोन पर बैंक अधिकारी बनकर आपके बैंक खाता के संबंध में जानकारी मांगे तो जानकारी न दें क्योंकि बैंक द्वारा इस तरह की जानकारी नहीं मांगी जाती। यदि कोई शंका हो तो तुरन्त अपने बैंक से सम्पर्क करें। जरूरी होने पर अपनी शिकायत करें। आपकी थोड़ी सी सजगता से कई गंभीर अपराध होने से बच सकता है। साथ ही सायबर पहरी के संबंध मे ग्रामीण जनों को जागरूक किया गया तथा यातायात के नियमों की जानकारी देते हुये यातायात सड़क संकेत तथा वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने की आवश्यकता को बताया गया। नशा मुक्ति को लेकर बताया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। ग्रामवासियों को नशा नहीं करने संकल्प व इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया। बालिकाओं/महिलाओं पर हो रहे अपराध एवं मोबाइल से सम्बन्धित होने वाले अपराध एवं उनके रोकथाम तथा महिलाओं एवं बालिकाओं पर हो रहे लैंगिक शोषण के बचाव एवं कारण से संबंधित तथा सायबर अपराधों से बचाव हेतु महत्तवपूर्ण जानकारी साझा की गई।

# नगर पालिका मे डेंगू से बचाव की कार्यशाला आयोजित

**दल्लीराजहरा,** 16 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा में डेंगू से बचाव से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया द्य कार्यशाला का अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने कहा कि डेंगू बीमारी से बचाव के लिए नगर वासियों को सजक रहना है अपने घर के साथ-साथ आस पास व वार्ड को स्वच्छ रखना है एवं मुख्यनगरपालिका अधिकारी भूपेंद्र वाडेकर ने स्वास्थ्य अधिकारी रामगोपाल चंद्राकर व सफाई विभाग के कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए कि निकाय क्षेत्र अंतर्गत डेंगू नियंत्रण व रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, पानी के फैलाव को रोकने के लिए नियमित रूप से सफाई व दवाइयों का छिड़काव करते रहें साथ ही नालियों की सफाई तथा घर के आसपास पानी के टैंक की नियमित रूप से साफ रखें। सफाई कर्मी अपने अपने क्षेत्र में डेंगू मच्छर के लारवा की संख्या की कमी करने के लिए नियमित रूप से दवाई का छिड़काव करें। एवं पानी की निकासी की व्यवस्था बनाए रखे। स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य सुपरवाइजर रेखू साहू ने डेंगू के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि डेंगू एडिस मच्छर के काटने से होता हैद्य यह मच्छर दिन में काटता है द्य डेंगू का थीम देखें साफ करें, ढके द्य डेंगू को हराने का उपाय करें एवं इसके लक्षण अचानक सर दर्द,बुखार, मांसपेशियों जोड़ों में दर्द, आंखों के पीछे दर्द होना,जी मचलना एवं गंभीर मामलों में नाक मुंह मसूड़े से खून आना त्वचा पर चकत्ते उभरना द्य इसके बचाव के लिए कुलर का पानी हफ्ते में एक दिन खाली करे, टायरों में पानी न जमा होने दें, पैरों मे मोजा पहनें, घरों के दरवाजे खिड़की में जालीदार पर्दे लगाए एवं मच्छरदानी का उपयोग करें उक्त बचाव को अपने व्यवहार में लाएं। कार्यशाला में कार्यपालन अभियंता नित्यानंद उपाध्याय, स्वास्थ्य अधिकारी रामगोपाल चंद्राकर, पार्षद संजीव सिंह, अरुणा रामटेके, रोशन पटेल, टी ज्योति, पूसई साहू,पवेंद्र कुमार, सुरमीत उर्वशा,अनीता बाई, मोनिका साहू विरेन्द्र साहू, मालती निषाद,प्रमोद रात्रे, मितानिन प्रशिक्षक मंजू, निर्मला एवं नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



# आज निकलेगी तिरंगा यात्रा

**बेमेतरा,** 16 मई (देशबन्धु)। शासन निर्देश पर कल 17 मई, 2025 को प्रत्येक ग्राम पंचायतों में तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने उक्त कार्यक्रम के सम्पूर्ण कियान्वयन हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, टेकचंद अग्रवाल, को नोडल अधिकारी नियुक्त है ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी अग्रवाल ने बताया कि जिला स्तर पर कल 17 मई सुबह 08 बजे कृषि उपज मंडी से जयस्तम्भ चौक तक तिरंगा यात्रा रैली निकली जायेगी। उन्होंने बताया कि तिरंगा यात्रा च्राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिकज्ज के बैनर तले आयोजित होगी । उन्होंने आम नागरिकों, पूर्व सैनिकों, सैनिकों के परिवारों, छात्रों सभी से ज़्यादा से ज़्यादा भाग लेने का अनुरोध किया है । उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से भी अनुरोध किया है ।

# सौरभ श्रीवास्तव बने भाजपा मंडल के महामंत्री

**सहसपुर लोहारा,** 16 मई (देशबन्धु)। भाजपा मंडल के अध्यक्ष लाला राम साहू ने संगठन के बड़े नेताओं की सहमति से अपनी कार्यकारणी का गठन किया इस कार्यकारणी में सबसे बड़ी जवाबदारी भाजपा के लोकप्रिय एवं कर्मठ कार्यकर्ता सौरभ श्रीवास्तव को सौपी गई उन्हें भाजपा मंडल का महामंत्री नियुक्त किया गया जिससे भाजपा कार्यकर्ता के साथ ही क्षेत्र में भी इस निर्णय का स्वागत किया गया। सिद्धांन्त की राजनीति करने वाले सौरभ श्रीवास्तव अपनी सरलता, सादगी और व्यवहार से खासकर युवा वर्ग में खासे लोकप्रिय है। हमेशा आमजनता के मुद्दों को लेकर जनता के साथ खडे रहने वाले सौरभ अपनी ईमानदार छवि से हमेशा भाजपा को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाते रहे है। उनके महामंत्री बनने से भाजपा के संगठन में विस्तार के साथ मजबूती भी आयेगी। उच्च शिक्षित होने के साथ ही वो हर वर्ग में अपनी पैठ बनाने में खासे माहिर है। हालांकि राजनीति विश्लेषको की माने तों उनकी योग्यता, उनका जनता में मजबूत पकड़ और उनकी छवि के हिसाब से उन्हें कभी उचित स्थान नहीं मिल पाया पर उन्हें जो भी दायित्व सौपा गया उसे उन्होंने चुनौती मानकर शत प्रतिशत परिणाम लाकर दिखाये है। अपनी नियुक्ति पर सौरभ श्रीवास्तव ने भाजपा के संगठन एवं सत्ता में बैठे नेताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा की राजनीति में कोई पद छोटा या बड़ा नहीं होता आप अपनी सक्रियता, समर्पण, लगन और मेहनत से कोई भी पद को बड़ा और महत्वपूर्ण बना सकते है। वैसे भी भाजपा में मै राष्ट्र निर्माण में अपना भी योगदान देने के लिए आया हूँ भाजपा का हर कार्यकर्ता महत्वपूर्ण होता उसके लिए कोई पद भी मायने नहीं रखता। मुझे जो दायित्व पार्टी ने सौपा उस फैसले को सही साबित करने के लिए दिन रात मेहनत करूँगा। सौरभ ने पार्टी के नेताओं के साथ भाजपा के समस्त कार्यकर्ता एवं जनता जनार्दन का आभार प्रकट किया।



# फुटकर व्यापारियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन से की मुलाकात



**गुण्डरदेही,** 16 मई (देशबन्धु)। नगर पंचायत गुण्डरदेही के अर्जुन्दा चौक से लेकर नदी तक के रोड में व्यवसाय कर रहे फुटकर दुकानदारों एवं गरीब लोगों ने नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन सीएमओ किरण पटेल व तहसीलदार से मिलकर आवेदन पत्र सौंपा । यहां पर व्यवसाय कर रह 13 दुकानदार जो की 40 वर्षों से अपना व्यवसाय अर्जुन्दा चौक मे कर रहे थे उनके दुकान को पूर्व सीएमओ द्वारा अतिक्रमण बताकर 28 जुन 2024 को तोड़ दिया गया था जिससे उनका बहुत नुकसान भी हुआ था । इसके संबंध में फुटकर व्यापारियों ने गुमटी देने एवं फिर से वही पर व्यापार शुरू करने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष सीएमओ से अनुमति मांगी है नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा आश्वासन दिया गया कि हम आपकी व्यवस्था करेंगे। आवेदन देने वाले दुकानदारों में संतोष महोबिया, शेख इस्लाम, मुकेश कुमार, आशू सेन, हेमलाल कुंभकार ,उदेराम सेन ,सुरेश कुमार, गिरधर निषाद, अमजद खान, अश्वनी बंजारे, कौशल कुमार, डीलेन्द्र,राकेश बंजारे ,किशोर कुमार उपस्थित थे।

# अचानकपुर के धनंजय ने कक्षा 12वीं में 95 प्रतिशत अंक लाने पर ग्रामीणों ने किया सम्मान



■ धनंजय ने कहा ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी सरकारी स्कूलों में पढ़कर अपनी प्रतिभा को बखूबी दिखा रहे है

**खैरागढ़,** 16 मई (देशबन्धु)। छुईखदान ब्लॉक के ग्राम अचानकपुर के युवा धनंजय साहू ने कक्षा 12वीं में 95.20 प्रतिशत अंक लाकर इतिहास रचा है जिन्हें सम्मानित किया गया। शिक्षक लिलेंद्र वर्मा, प्यारेलाल, फूलमाली, समाजिक कार्यकर्ता मनोज साहू, पूर्व उपसरपंच मंथराम कवर ने इन्हें बुके और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। वनांचल क्षेत्र पैलीमेटा के ग्राम पंचायत अचानकपुर के किसान परिवार का बेटा जो बिना किसी कोचिंग के सरकारी हाईस्कूल ठाकुरटोला में पढ़ते हुए सिर्फ शिक्षकों और पालकों के मार्गदर्शन में कक्षा 12वीं में 95.20 प्रतिशत अंक लाकर पूरे वनांचल क्षेत्र सहित अपने गांव, समाज व परिवार का नाम रोशन किया है। कक्षा 10वी में उन्होंने 91.23 प्रतिशत लाया था। उन्हें शासन की योजना वन विभाग तेंदूपत्ता की ओर से 25 हजार पारितोषक राशि मिलेगी। छात्र ने बताया सिर्फ शहरों के बच्चे, प्राइवेट स्कूलों के बच्चे ही आगे नहीं बल्कि सरकारी स्कूलो के बच्चे भी किसी से कम नहीं है। बस उनकी प्रतिभाओ को निखारने की आवश्यकता है।

# केंद्रीय विद्यालय में अध्यनरत खुशवंत ने 96 प्रतिशत हासिल कर मारी बाजी

**खैरागढ़,** 16 मई (देशबन्धु)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएससी) की 10वीं की परीक्षा में नगर के वार्ड क्र.17 दाऊचौरा निवासी मेधावी छात्र खुशवंत देवांगन ने 96.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि से पूरे जिले में खुशी की लहर है। खुशवंत देवांगन केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ के छात्र रहे हैं और प्रारंभ से ही उनकी गिनती होनहार छात्रों में होती रही है। वर्ष 2024ङ्क25 के परीक्षा परिणामों में उन्होंने गणित विषय में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। वर्तमान में वे कोटा (राजस्थान) के प्रतिष्ठित माँ भारतीय इंटरनेशनल स्कूल में अध्ययनरत हैं और जेईई की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने 11वीं में गणित विषय को प्रमुखता दी है और उसी दिशा में करियर बनाने की योजना बना रहे हैं।खुशवंत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं परिवारजनों को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा के बिना यह संभव नहीं था। गौरतलब है कि खुशवंत कांग्रेस नेता एवं अधिवक्ता मनराखन देवांगन और प्रधानपाठिका स्नेहा देवांगन के सुपुत्र हैं। शिक्षा के क्षेत्र में जिले की बढ़ती प्रतिष्ठा के प्रतीक बनकर उभरे खुशवंत की इस कामयाबी ने खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले को गौरवान्वित किया है।



# ग्रीष्मकालीन कलात्मक शिविर में विभिन्न कलाओं की शिक्षा ले रहे छात्रों में खुशी की लहर

■ बच्चों की प्रतिभा को निखारने का मिला बेहतर स्थान

**खैरागढ़,** 16 मई (देशबन्धु)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित ग्रीष्मकालीन कलात्मक शिविर में 254 बच्चें विभिन्न कलाओं की शिक्षा ले रहे हैं। उक्त शिविर का 9 दिन पूरा हो चुका है और आज अंतिम दिन है। ऐसे में नृत्य, संगीत, अवनद्ध वाद्य, चित्रकला व माटीकला की शिक्षा ले रहे नन्हें छात्रों के चेहरों में खुशी की लहर स्पष्ट देखने को मिल रही है। इस शिविर में बच्चों को बारीकी से कलाओं का अध्ययन करने का अवसर मिल रहा है। विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा उन्हें बेहतर शिक्षा दी जा रही है जिससे उनकी कला के प्रति रुचि और बढ़ी है तथा अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए बच्चें रोजाना शिविर में समय से पूर्व उपस्थित भी हो रहे हैं। उक्त शिविर को लेकर बच्चों के साथ ही उनके पालकों में भी उत्साह देखने को मिल रहा है और इस शिविर के आयोजन को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त कर रहे है।



### शिविर के समापन में प्रशिक्षित बच्चे देंगे प्रस्तुति, प्रमाण पत्र का होगा वितरण

ग्रीष्मकालीन कलात्मक शिविर का समापन शुक्रवार 16 मई की संध्या 4 बजे विश्वविद्यालय के कैंपस 2 स्थित प्रेक्षागृह में होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा उपस्थित होंगी। उक्त कार्यक्रम के तहत मुख्य अतिथि के द्वारा आशीर्वचन दिया जाएगा, इसके पश्चात संगीत कला के प्रशिक्षित विद्यार्थियों द्वारा कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। अंत में शिविर हेतु पंजीकृत छात्रों को प्रमाण पत्र का वितरण किया जाएगा तथा शिविर में प्रतिदिन उपस्थित होने वाले बच्चों को विशेष पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। समापन अवसर पर दृश्यकला के प्रशिक्षित विद्यार्थियों द्वारा निर्मित कलाकृतियों का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

# कुलपति लवली ने जिम कक्ष का किया निरीक्षण



**खैरागढ़,** 16 मई (देशबन्धु)। कुलपति प्रो डॉ.लवली शर्मा ने विश्वविद्यालय के कैंपस 1 में स्थित जिम कक्ष का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी मशीनों का उचित देख रेख करने के साथ ही जिम कक्ष में सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। कुलपति ने जिम में व्यायाम के लिए पहुंचने वाले छात्रों की उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया और जिम में मौजूद मशीनों का समय-समय पर सर्विसिंग कराने के लिए भी निर्देशित किए।

उल्टा पुल्टा

टीचर- बहुवचन किसे कहते है?
स्टूडेंट- जब बहू अपने ससुराल वालो को खरी-खोटी सुनाती है तो उसे बहु वचन कहते है।
अध्यापक जी बेहोश होते होते बचे।

# छग कन्नौजे सेन समाज अर्जुनी परिक्षेत्र का सकलोर में मनाया गया सेन जयंती

**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 16 मई (देशबन्धु)। ग्राम सकलोर में 15 मई को सेन जी महराज की जयंती समारोह का कार्यक्रम छत्तीसगढ़ कन्नौजे सेन समाज परिक्षेत्र अर्जुनी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ममता वेद प्रकाश वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत सकलोर उपस्थित थे। अध्यक्षता गंगाराम सेन केंद्रीय अध्यक्ष ने किया। जहां विशेष अतिथि के रूप में डॉक्टर मोहनलाल वर्मा जिला पंचायत सभापति, केंद्रीय उपाध्यक्ष मिथलेश सेन अर्जुनी, हरिश्चंद्र सेन टंडवा के करकमलो द्वारा कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम संत शिरोमणि सेन जी महाराज की शोभायात्रा ग्राम के हनुमान मंदिर चौक से डीजे के साथ निकाली गई। जहां महिलाएं कलश लिए हुए पूरे गांव के गली भ्रमण किया।



शोभा यात्रा अर्जुनी परिक्षेत्र के प्रथम ग्राम सकलोर में सेन जयंती का ऐतिहासिक एवं भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्राम भिलौनी के रामायण पार्टी के द्वारा रामायण का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए गंगाराम सेन ने कहा कि संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती प्रत्येक परिक्षेत्र के गांव-गांव में मनाना चाहिए। जिससे स्वजाति बंधुओ में आपसी भाईचारा एकता एवं समाज को आगे विकास की ओर ले जाने के लिए संगठित रहे। जिला पंचायत सभापति डॉक्टर मोहन लाल वर्मा ने कहा कि नारी शक्ति को आज सरकार विशेष प्राथमिकता दे रही है जिस घर की नारी शिक्षित होती हैं वह परिवार शिक्षित हो जाता है आज बच्चों में संस्कार एवं शिक्षा की अत्यंत आवशयकता है। ग्राम सकलोर में सेन समाज मे भवन निर्माण की मांग को पूर्ण करने की घोषणा किया गया। सरपंच प्रतिनिधि वेद प्रकाश वर्मा ने कहा कि जन्म से मृत्यु तक सेन समाज का विशेष योगदान सभी समाज के लिए होता है। समाज में शिक्षा एवं संस्कार की बच्चों में होना बहुत जरूरी है। अर्जुनी परिक्षेत्र के अध्यक्ष की मांग पर समाज में भवन निर्माण के लिए भूमि प्रदान ग्राम पंचायत के द्वारा किये जाने की घोषणा के साथ ही 10001 रूपये के अनुदान राशि समाज हित के लिए दिया गया। कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय उपाध्यक्ष मिथिलेश सेन ने कहा कि समाज में बच्चों को शिक्षित करना सबसे ज्यादा अधिक आवश्यकता है क्योंकि आज जो समाज शिक्षित है वह विकास की ओर स्वयं ही बढ़ रहा है। शिक्षा के माध्यम बच्चे उच्च से उच्च पद पर प्रस्तुत हो सकते हैं। इस अवसर पर केंद्रीय उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र सेन, फत्ते सेन पलारी, जीतू सेन, अजय सेन रायपुर, मुन्ना सेन अध्यक्ष तिल्दा परिक्षेत्र, हृदय सेन भाटापारा परिक्षेत्र, दाउलाल सेन अध्यक्ष अर्जुनी परिक्षेत्र, सरजू सेन उपाध्यक्ष, राजू सेन कोषाध्यक्ष, सागर सेन सचिव, अरुण सेन सुरेंद्र सेन अमर सिंह सेन, काशी सेन, ईश्वर सेन, सहित स्वजाति बंधु एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**जयंती का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया**

# स्वास्थ्य मंत्री ने सीएचसी लवन का किया निरीक्षण





**लवन/बलौदाबाजार,** 16 मई (देशबन्धु)। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवन का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के ओपीडी एवं आईपीडी सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन व विशेषज्ञ चिकित्सकों की व्यवस्था हेतु सीएमएचओ को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु डीजी सेट एवं महिला एवं पुरुष वार्ड में एसी लगाने के भी निर्देश दिये।

**सोनोग्राफी मशीन व विशेषज्ञ चिकित्सकों की जल्द मिलेगी सुविधा**

स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल के निरीक्षण के दौरान दवा वितरण कक्ष, महिला वार्ड पुरुष वार्ड एवं प्रसूति कक्ष में भर्ती मरीजों से मिलकर उनकी हाल-चाल जाना। उन्होंने मरीजों से भोजन व अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के सबंध में पूछताछ की। उन्होंने अस्पताल में मौजूद चिकत्साकों व स्टॉफ से सेवा भाव व पूर्ण समर्पण के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्पताल परिसर व कक्षों में साफसफाई, स्वच्छता, शुद्ध पेयजल पर विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिये। बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवन वर्तमान में 30 बेड के साथ संचालित है। यहां ओपीडी में प्रतिदिन लगभग 80 की संख्या में पंजीयन होता है। इस दौरान जांजगीर-चाम्पा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, उपाध्यक्ष पवन साहु, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, उपाध्यक्ष सुमन वर्मा, जिला पंचायत सदस्य सुश्री इंदु जांगड़े, जिला अध्यक्ष आनंद यादव पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े एवं प्रमोद शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे।

# छग श्रमजीवी पत्रकार संघ के रामाधार पटेल पुन: जिला अध्यक्ष बने

**बलौदाबाजार,** 16 मई (देशबन्धु)। छ.ग. श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी का गत दिवस जिला मुख्यालय बलौदाबाजार आगमन हुआ। जहां स्थानीय सर्किट हाउस में श्रमजीवी पत्रकार संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अरविंद अवस्थी का स्वागत किया गया। श्री अवस्थी ने पत्रकारो से संगठनात्मक चर्चा करते हुए पत्रकार दुरभाष निर्देशिका प्रकाशन की जानकारी भी दी गई। इन्होने शीघ्र ही पत्रकार दुरभाष निर्देशिका के विमोचन मुख्यमंत्री के हाथों कराये जाने की बात भी कही। इन्होने कहा कि इस अवसर पर संघ के सभी पदाधिकारी व सदस्यों को आमंत्रित भी किया जायेगा।



उल्लेखनीय है कि श्री अवस्थी अपने बलौदाबाजार प्रवास के दौरान छ.ग. श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई बलौदाबाजार भाटापारा जिला अध्यक्ष के लिए पुन: देशबन्धु के ब्यूरो चीफरामाधार पटेल को जिला अध्यक्ष घोषित किया गया। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्त करते हुए श्री पटेल को बधाई देते हुए प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। श्री अवस्थी ने इस दौरान शीघ्र जिला इकाई कार्यकारिणी घोषित कर प्रदेश कार्यालय को सूचित करने को कहा। ज्ञात हो कि श्री पटेल 1990 से श्रमजीवी पत्रकार संघ से जुडकर संगठन एवं पत्रकारों के हित में कार्य करना प्रारंभ किया। पश्चात मध्यप्रदेश छत्तीसगढ विभाजन के पूर्व श्री पटेल को 1991 से संभागीय अध्यक्ष का दायित्व तात्कालिन प्रदेश अध्यक्ष विद्याशंकर शुक्ला के द्वारा दिया गया था। वहीं छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण होने के पश्चात एवं बलौदाबाजार भाटापारा जिला बनने के बाद से अब तक छ.ग. श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष के रूप में दायित्व संभालते आ रहे है। श्री पटेल को पुन: जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर छ.ग. श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्यों ने बधाई दी है। ज्ञात हो कि श्री पटेल भारत स्काउट गाइड के जिला अध्यक्ष भी है। वहीं विभिन्न सामाजिक, साहित्यिक संगठन के पदाधिकारी के अलावा राज्य पिछडा वर्ग सलाहकार मंडल छत्तीसगढ शासन के सदस्य भी रह चुके हैं।

# दानवीर भामाशाह हम सबके लिए अनुकरणीय, सद्भाव से ही विश्व का कल्याण होगा समाज के विकास के लिए नशा पान को त्यागना होगा : ब्रह्मानंद साहू

**नवापारा राजिम,** 16 मई (देशबन्धु)। भामाशाह साहू सद्भाव समिति स्वयंसेवी संस्था के के बैनर तले गुरुवार को गायत्री मंदिर प्रांगण में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अभनपुर जनपद सदस्य एवं तहसील साहू समाज के अध्यक्ष ब्रह्मानंद साहू एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच उषा विमल साहू चिपरीडिह थे, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष एवं पूर्व नगर पालिका परिषद पार्षद रमेश साहू नगर साहू समाज सचिव रामकुमार हिरवानी जिला साहू समाज उपाध्यक्ष नूतन साहू राजिम माता मंदिर समिति संरक्षक घनश्याम साहू अध्यक्ष मोहनलाल मानिकपन, मंचा सिन थे

मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि दानवीर भामाशाह हम सबके लिए अनुकरणीय है सद्भाव से ही विश्व का कल्याण होगा समाज के विकास के लिए नशा पान को त्यागना होगा अपने परिवार एवं बच्चों को जरूर समय देना चाहिए पूर्व समय में घर के सभी लोग एक साथ भोजन करते थे जिससे सभी लोगों की विचारधारा प्रतिक्रिया समझ में आता था कहीं कोई तकलीफ होती तो घर में ही सुलझा लिया जाता था स्वस्थ शरीर स्वस्थ मन से ही स्वस्थ समाज का विकास होता है इसलिए देसी चीजों की ओर भी हमें ध्यान देना चाहिए बच्चों के लिए साहित्य और पठन-पाठन पर भी ध्यान देना चाहिए जिससे विचारधारा सकारात्मक हो, सकारात्मक विचारधारा से ही समाज और देश का विकास व कल्याण होगा भामाशाह साहू सद्भाव समिति को प्रेरणादायक कार्य करने के लिए धन्यवाद, ज्ञापित करता हूं



कार्यक्रम में गण मान्य लोगों की उपस्थिति रही जिसमें रविशंकर साहू पटवारी लखन साहू उपाध्यक्ष नगर साहू समाज गेंद राम साहू सेवा नृत्य शिक्षक भूषण साहू अध्यक्ष सुदर्शन वर्मा गायत्री मंदिर नवापारा हीराराम हिरवानी सुरेंद्र साहू कर्मा मंदिर समिति भागीराम साहू पूर्व अंकेक्षक नगर साहू समाज उपाध्यक्ष रोमन लाल साहू मानिक राम साहू कोषाध्यक्ष कोमल सिंह सचिव डॉक्टर रमेश कुमार सोनसायटी, सह सचिव डेरहू राम साहू, मीडिया प्रभारी पूर्णेन्द्र साहू रवि शंकर साहू टिकेश्वर प्रसाद साहू दिनेश साहू बहुर राम साहू, कौशल्या साहू मीना साहू गोपेश्वरी साहू, लेखनी साहू खियाराम साहू प्रतिभावान छात्र जयेश साहू खुशी साहू अंशिका साहू शारदा साहू समिति के कार्य को देखते हुए पांच लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया जिनका सम्मान और सदस्यता प्रमाण पत्र प्रदान कर अतिथियों के कर कमल से प्रवेश कराया गया जिसमें मनोज साहू वीरेंद्र साहू उपेंद्र कुमार साहू भरोसी साहू गुरु चरण साहू सम्मिलित है ,, समिति द्वारा प्रतिवर्ष दानवीर भामाशाह सम्मान प्रदान किया जाता है जिसमें इस वर्ष समिति के अध्यक्ष मोहनलाल मानिक पन को यह सम्मान दिया गया कार्यक्रम का संचालन कोमल सिंह साहू एवं समिति के उपाध्यक्ष रोमन लाल साहू, ने आभार व्यक्त कर कार्यक्रम की समापन की घोषणा की

# द्वारिकाधाम में रेत से पार्थिव शिवलिंग बनाकर रामेश्वर नाथ का किया पूजन

**महासमुंद,** 16 मई (देशबन्धु)। पुनीत पावन अवसर पर 15 मई को गोमती द्वारका और भेंट द्वारका के बीच स्थित प्रभास क्षेत्र में सी बीच पर नगर के तीर्थयात्रियों ने रेत का शिवलिंग बना कर अभिषेक किया। पार्थिव शिवलिंग पूजन का विशेष महत्व है, यदि समुद्र तट पर रेत से शिवलिंग बनाकर तीर्थ धाम में पूजन किया जाए तो यह विशेष पुण्यकारी माना गया है। शिवलिंग निर्माण के पूर्व अरब सागर के रेत में रामेश्वरम धाम से लाई गई हिंद महासागर के रेत का मिश्रण श्रद्धापूर्वक कर शिवलिंग बनाया गया। गत वर्ष रामेश्वरम धाम में भी भागवत कथा का आयोजन था। आयोजन के दौरान समय निकालकर तीर्थ यात्रियों ने समुद्र तट पर शिवलिंग बनाकर आराधना की थी और वहां से रेत लाया गया था। जिसे यहां मिलाया गया। भगवान राम ने लंका जाने के लिए सेतु का निर्माण के पूर्व भगवान शिव की आराधना रेत से शिवलिंग बनाकर की थी। और न केवल सेतु का निर्माण हुआ बल्कि रावण पर उन्होंने विजय प्राप्त की थी। द्वारिका धाम के श्री माहेश्वरी सेवा कुंज में चल रहे भागवत कथा के भगवताचार्य



पं. पंकज तिवारी व उनके 11 पुरोहितों ने विधि विधान से समस्त तीर्थयार्थियों को पूजन सामग्री वितरित कर वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य अभिषेक विधान पूर्ण कराया। पश्चात सभी ने कपूर आरती के साथ ही समुद्रदेव की भी मंगला आरती की। पूजन उपरांत सभी तीर्थ यात्रियों ने अपने.अपने शिवलिंग को समुद्र में विसर्जित किया। इस दौरान आसपास के लोग भी स्वस्फूर्त मौजूद होकर पूजन विधान का दर्शन करते रहे। ज्वार भाटा प्रभावित क्षेत्र होने के कारण प्रतिदिन यहां समुद्र का जलस्तर में उतार.चढाव होते रहता है। जिसके कारण द्वारिका के तट पर कटाव रोकने तटबंध बनाया गया है। इस कारण से दो द्वारका के बीच का स्थान अभिषेक पूजन के लिए निर्धारित किया गया। सभी द्वारिका प्रभास क्षेत्र में स्थित है। जहां चंद्रदेव को भगवान शिव ने श्राप मुक्त किया था। पार्थिव पूजन उपरांत पं पंकज तिवारी ने समुद्र देव को प्रणाम कर पूजन विधान को पूर्ण करने और त्रुटियों को दूर करने और स्थान प्रदान करने के लिए प्रणाम करते हुए सभी तीर्थ यात्रियों की ओर से आभार वंदन किया।

इस पूजन में भागवत कथा के मुख्य जजमान शंकर इंद्राणी पांडेय, सह जजमान मनोजकांत सीतादेवी साहू समेत मारकंडे पुष्पा चंद्राकर, रिखीराम ईश्वरी साहू, बाबूलाल मीना साहू, ललिता प्रकाश चंद्राकर, मीना गिरजा शंकर चंद्राकर, मूलचंद सीमा लड्ढा, दिलीप प्रभा जैन, हेमंत तारा चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, दुर्गेश चंद्राकर, जूली चंद्राकर, हीरालाल साहू, रमा, हुलसी, मोतिम चंद्राकर, सावित्री चंद्राकर, आशा साहू, किरण साहू, छत्रपाल सिंह, चंद्रकांता सिंह ठाकुर, अबीर चंद्राकर, अलंकृता चंद्राकर, पवन चंद्राकर, कुमारी चंद्राकर, तारिणी अश्वनी तिवारी, छाया सुतार, रुचि चंद्राकर, शीला पांडेय, सुधा शर्मा, राखी जितेंद्र इदीकर, गुलशन चंद्राकर, पुष्पा चंद्राकर, जयश्री बैश, शशि शर्मा, सुलोचना चंद्राकर, राजेश नायक, विपिन चंद्राकर, विजय चंद्राकर आदि शामिल हुए। संध्या बेला में भागवत कथा में भगवान के लीलाओं का बखान करते हुए द्वारका पुरी निर्माण, रुक्मणी हरण, अनेक असुरों का उद्धार और रुक्मणी विवाह के कथाप्रसंग विस्तार से सुनाया गया। 17 मई को भागवत कथा का विश्राम होगा और सभी तीर्थ यात्री शाम को महासमुंद के लिए रवाना होंगे।

# तेजी से आकार ले रहा श्यामतराई का फुड पार्क, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**धमतरी,** 16 मई (देशबन्धु)। धमतरी विकासखण्ड के श्यामतराई में लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं फुड पार्क का काम तेजी से चल रहा है। सीएसआईडीसी द्वारा विकसित किए जा रहे इस फुड पार्क में सड़क, नाली बनाने का काम पूरा किया जा चुका है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज इस फुड पार्क में पहुंचकर चल रहे कामों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र के महाप्रबंधक श्री गोस्वामी से इस फुड पार्क में विकसित हो रही सुविधाओं की जानकारी ली और बचे हुए निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। श्यामतराई में 8.83 हेक्टेयर रकबे में लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं फुड पार्क की स्थापना की जा रही है। यहां लगने वाली औद्योगिक इकाईयों को सम्पबेल के द्वारा पानी की आपूर्ति की जाएगी। इसके लिए पाईपलाईन बिछाने का काम किया जा रहा है। लगभग 4 करोड़ 63 लाख रूपये की लागत से विकसित हो रहे इस औद्योगिक पार्क में सड़क किनारे बिजली पोल लगाने का काम भी तेजी से किया जा रहा है।



**बिजली सहित बचे काम जल्द से जल्द पूरा करने के दिए निर्देश**

कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्माण एजेंसी को यह सभी काम अगले एक माह में पूरा करने के निर्देश मौके पर दिए। उन्होंने इस फुड पार्क में औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के लिए ऑनलाईन आवेदन की पूरी प्रारंभिक तैयारी भी एक माह में करने के निर्देश जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र के महाप्रबंधक को दिए। इस औद्योगिक पार्क के विकसित हो जाने पर उद्यमियों को अपनी उत्पादन यूनिट लगाने के लिए शासन के निर्धारित नियमों और दरों पर भूखण्ड उपलब्ध कराए जाएंगे। श्यामतराई के फुड पार्क के विकसित होने पर जिले में रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे और निवेश भी बढ़ेगा।

# निगम अध्यक्ष ने बायोफर्टिलाइजर संयंत्र का किया निरीक्षण

**महासमुंद,** 16 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने बीज निगम द्वारा छोटे उरला अभनपुर में संचालित बायोफर्टिलाइजर संयंत्र पहुंचकर संयंत्र द्वारा उत्पादित किये जाने वाले लिक्विड बायोफर्टिलाइजर के उत्पादन प्रक्रिया का निरीक्षण किया। इस दौरान बीज उपार्जन हेतु पंजीकृत आसपास ग्रामों के 100 से अधिक किसान भी उपस्थित थे। उन्होंने बीज की गुणवत्ता को लेकर किसानों व संयंत्र के अधिकारियों से चर्चा की। बायोफर्टिलाइजर प्लांट की कार्य प्रणाली के बारे में उन्होंने संयंत्र प्रभारी एवं सहायक सूक्ष्म जीव वैज्ञानिक से विस्तारपूर्वक चर्चा की। श्री चंद्राकर भी एक किसान हैं, वे बायोफर्टिलाइजर के प्रयोग से फसलों के उत्पादन एवं गुणवत्ता में वृद्धि से पूर्णत: परिचित हैं। बायोफर्टिलाइजर के प्रयोग से कृषि के क्षेत्र में रासायनिक उर्वरकों पर से निर्भरता खत्म की जा सकती है, साथ ही रासायनिक उर्वरकों के दुष्प्रभाव से भी बचा जा सकता है। इस दिशा में विशेष कार्य किये जाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए खुले बाजार में लिक्विड बायोफर्टिलाइजर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विक्रय. व्यवस्था की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने रेडी टू इट निर्माण प्रक्रिया भी देखी। तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। बायोफर्टिलाइजर संयंत्र भ्रमण के दौरान निगम अध्यक्ष के साथ देवेंद्र चंद्राकर, नंदू जलक्षत्री व कृषक गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# परसदाजोशी में समाधान शिविर का आयोजन

**राजिम,** 16 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार समीपस्थ ग्राम परसदाजोशी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी ?2025 के अंतर्गत जिले में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में लोगों की मांग एवं समस्याओं से संबंधित आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम गई। साथ ही सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति से अवगत कराया गया। शिविर में कलेक्टर बी.एस. उइके, अपर कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम विशाल महाराणा, जिला पंचायत सभापति नंदिनी ढीढी, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर सतीश यादव, जनपद सभापति दिलीप साहू, वरिष्ठ नागरिक ईश्वर साहू, रिकेश साहू कोमल ढीढी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

शिविर में कृषि विभाग द्वारा 8 किसानों को धान बीज, 3 किसानों को नये किसान क्रेडिट कार्ड, 07 हितग्राहियों को किसान किताब, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, समाज कल्याण विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को मोटराईज्ड ट्रायसाइकल, 4 दिव्यांग को श्रवण यंत्र का वितरण किया गया। इसी तरह महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 7 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व 5 बच्चों का अन्नप्राशन किया गया।





**शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी : कलेक्टर उइके**

इस अवसर पर कलक्टर बाएस उइ्के न मुख्यमत्रा विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में शुरू किए गए सुशासन तिहार के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर श्री उइके ने सुशासन तिहार के आयोजन के निर्णय को राज्य सरकार के अत्यंत जनहितैषी एवं संवेदनशील निर्णय बताते हुए सराहना की। ?उन्होंने कहा कि इस सुशासन तिहार के माध्यम से राज्य सरकार के द्वारा शासकीय काम-काज में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का कारगार प्रयास किया गया है। श्री उड़के ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत पहले चरण में प्राप्त आवेदनों का समुचित परीक्षण कर दूसरे चरण के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा उन सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया है।

## 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

महासमुंद 16 मई (देशबंधु)। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6.4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम वारिसानों के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें आग में जलने से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम नवागांवकला के मृतक यश कुमार उर्फयोगेश पटेल के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।



# सोनासिल्ली में सामुदायिक भवन का लोकार्पण एवं शिलान्यास

## विधायक द्वारकाधीश यादव ने किया विकास कार्यों का शुभारंभ




**बागबाहरा,** 16 मई (देशबन्धु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सोनासिल्ली में एक भव्य लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्राम सोनासिल्ली में लीला मंडली हेतु 7 लाख 50 हजार रुपए की लागत से बने सामुदायिक भवन एवं सतनामी पारा में 3 लाख रुपए की लागत से निर्मित रंगमंच का लोकार्पण विधायक यादव के कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया गया।

इसी कार्यक्रम में ग्राम कोदोपाली में 6 लाख की लागत से प्रस्तावित सामुदायिक भवन एवं डिपरापारा में 2 लाख 50 हजार की लागत से बनने वाले विश्वकर्मा भवन का विधिवत शिलान्यास श्रीफल तोड़कर संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सोनासिल्ली की सरपंच श्रीमती निर्मला यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच प्रतिनिधि जीतराम यादव, ग्राम पटेल भरत दीवान, कृपाशंकर चंद्राकर, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि उत्तम साहू मंचासीन रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार ग्राम देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना से हुआ। इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों ने विकास कार्यों का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विधायक द्वारकाधीश यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम सोनासिल्ली में आयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह के शुभ अवसर पर मैं सभी ग्रामवासियों को शुभकामनाएं देता हूं। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास मेरी प्राथमिकता है और आज जिन निर्माण कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया गया है, वे इसी विकास यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव हैं।

ग्राम सोनासिल्ली में लीला मंडली के लिए 7 लाख 50 हजार रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन, सतनामी पारा में 3 लाख रुपए की लागत से निर्मित रंगमंच, कोदोपाली में 6 लाख की लागत से बनने वाला सामुदायिक भवन तथा डिपरापारा में 2 लाख 50 हजार की लागत से बनने वाला विश्वकर्मा भवन ङ्क ये सभी परियोजनाएं क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप हैं और गांव केसामाजिक-सांस्कृतिक ढांचे को मजबूती प्रदान करेंगी।

इन निर्माण कार्यों से न केवल ग्रामीणों को सुविधा प्राप्त होगी, बल्कि हमारी परंपराएं, सामाजिक आयोजन और सामूहिक गतिविधियां भी और सशक्त होंगी। आज पाडेपाली में प्रस्तावित सामुदायिक भवन एवं टिकरापारा में प्रस्तावित विश्वकर्मा भवन का शिलान्यास भी किया गया है, जो ग्रामीण विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

मैं यह विश्वास दिलाता हूं कि खल्लारी विधानसभा के हर गांव, हर गली और हर मोहल्ले में विकास की रोशनी पहुंचेगी। सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। मैं क्षेत्र की जनता से अपील करता हूं कि इन सुविधाओं का समुचित उपयोग करें और स्वच्छ, जागरूक व समृद्ध समाज की दिशा में अपना योगदान दें।

मैं सरपंच श्रीमती निर्मला यादव, जनप्रतिनिधियों, पंचायत सदस्यों एवं समस्त ग्रामवासियों को इस आयोजन की सफलता हेतु बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि हम सब मिलकर खल्लारी को विकास के शिखर तक पहुंचाएंगे।

इस लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह में उप सरपंच जितेंद्र ध्रुव, लामीडीह के पूर्व सरपंच दुलार यादव, डाकेश्वर यादव, नेतराम चौधरी, दुष्यंत यादव, धनेश्वर घृतलहरे, डेरहा बंजारे, श्रीमती देवकी ध्रुव, पन्ना ध्रुव सहित पंचगण ङ्क श्रीमती सेन, कुमारी रेशम जांगड़े, कोमल घृतलहरे, शाहिद तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी, गणमान्य नागरिक एवं माताएं-बहनें उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के अंत में ग्रामवासियों ने विधायक द्वारिकाधीश यादव का आभार प्रकट करते हुए उन्हें क्षेत्र के विकास हेतु प्रतिबद्ध जनप्रतिनिधि बताया और भविष्य में भी इसी प्रकार के रचनात्मक कार्यों की अपेक्षा जताई।

# पहली बार स्वास्थ्य विभाग की राज्य स्तरीय विशेष कायाकल्प टीम ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

## पास हुए तो उन्नयन के लिए मिलेगा लाभ



**गरियाबंद,** 16 मई (देशबन्धु)। स्वास्थ्य विभाग की राज्य स्तरीय विशेष कायाकल्प टीम ने गुरुवार को जिला अस्पताल गरियाबंद का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, मरीजों को दी जा रही सुविधाएं, दवा वितरण प्रणाली, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन, शौचालयों की स्थिति तथा अन्य व्यवस्थाओं का गहन मूल्यांकन किया। टीम ने अस्पताल के विभिन्न कक्षों — जैसे ओपीडी, आईपीडी, आपातकालीन कक्ष, प्रयोगशाला, प्रसव कक्ष एवं वार्डों का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा, एमआरसी (मेडिकल रिकॉर्ड कक्ष) का विशेष रूप से निरीक्षण किया गया, जहां रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली की समीक्षा की गई।

यह पहला अवसर था जब राज्य स्तरीय कायाकल्प टीम पहुंची थी। टीम में उप संचालक संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. नागेश्वर राव, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन राज्य कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रदीप टंडन, राज्य सलाहकार एनएचएम सुश्री अंकिता तिवारी, साहिल मसीह और राज्य प्रतिनिधि, रायपुर विकास सिंह शामिल थे। निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल के स्टाफ से विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। अस्पताल प्रबंधन को आवश्यक सुधारों के संबंध में दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। मरीजों व उनके परिजनों से बातचीत कर टीम ने अस्पताल की सेवा गुणवत्ता का प्रत्यक्ष आकलन किया।

निरीक्षण टीम के प्रभारी अधिकारी डॉ. नागेश्वर राव ने बताया कि कायाकल्प योजना का उद्देश्य अस्पतालों में स्वच्छता और गुणवत्ता को बढ़ावा देना है। जिन बिंदुओं पर सुधार की आवश्यकता है, उनके लिए जल्द ही रिपोर्ट तैयार कर संबंधित विभाग को भेजी जाएगी। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत अस्पतालों का समय-समय पर निरीक्षण किया जाता है ताकि मरीजों को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

इस दौरान जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गार्गी यदु ने बताया कि तीन महीने पहले प्रथम चरण में कायाकल्प की प्राथमिकी मूल्यांकन टीम ने निरीक्षण किया था। जिसमें 73 प्रतिशत मिला। इसमें दूसरे जिले से आए अन्य डॉक्टरों की टीम पहुंची थी। राज्य स्तरीय टीम ने मूल्यांकन में अच्छे अंक दिए तो अस्पताल के उन्नयन के लिए सहयोग मिलेगा।

# स्कूलों के आसपास तम्बाखू उत्पाद बिक्री पर 31 चालानी कार्वाईयां



■ 3250 जुर्माना भी वसूला गया

**धमतरी,** 16 मई (देशबन्धु)। धमतरी शहर और मगरलोड मे स्कूलों के आसपास तम्बाखू और तम्बाखू उत्पादों की बिक्री करने वाली दुकानों पर निरीक्षण दल द्वारा चालानी कार्वाई की गई। स्कूलों के आसपास के 100 मीटर क्षेत्र में ऐसी 31 दुकानों पर छापामार कार्वाई में तम्बाखू उत्पादन बेचते पाए जाने पर तीन हजार 250 रूपये का जुर्माना भी वसूल किया गया है। जिला स्तरीय निरीक्षण दल ने यह कार्वाई कोटपा एक्ट के प्रावधानों के तहत की है। निरीक्षण दल ने धमतरी शहर के रामबाग, गोकुलपुर, रूद्री और कलेक्टोरेट के आसपास के इलाके में यह कार्वाई की है। इसके साथ ही मगरलोड विकासखण्ड मुख्यालय में भी तम्बाखू उत्पादों के बिक्री पर कार्वाई की गई है। यह कार्वाई सार्वजनिक स्थान पर धुम्रपान करने वाले लोगों के साथ-साथ कोटपा एक्ट का उल्लंघन करने वाले जनरल स्टोरों, पान दुकानों, चाय दुकानों और किराना दुकानों में की गई है। कार्वाई के दौरान निरीक्षण दल ने सभी दुकानों में तम्बाखू नियंत्रण के लिए वैधानिक चेतावनी वाले बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को गुटखा, तम्बाखू या तम्बाखू उत्पाद बेचने पर सख्त कार्वाई की चेतावनी भी दी गई है। कार्वाई करने वाले निरीक्षण दल में औषधि निरीक्षक संदीप सूर्यवंशी, लुकेश साहू और सामाजिक कार्यकर्ता विकास कुमार शामिल रहे हैं।

# गुरुकुल विद्यासागर विद्यालय लोहरसी का परीक्षा फल शत प्रतिशत



**धमतरी,** 16 मई (देशबन्धु)। गुरुकुल विद्यासागर विद्यालय लोहरसी जिला धमतरी छत्तीसगढ़ का कक्षा आठवी एवं कक्षा पांचवी का केंद्रीय कृत परीक्षा का परिणाम सत प्रतिशत आया है। जिसमें कक्षा आठवीं से कुमारी आरूती पिता गुलाब राम ने 87.8 3 प्रतिशत प्राप्तांको से कक्षा में प्रथम स्थान, कुमारी साक्षी पिता कुलेश्वर गजेंद्र ने 87.17 प्रतिशत प्राप्तांको से कक्षा में द्वितीय स्थान एवं कुमारी मंजीता पिता धनराज साहू ने 86.17 प्रतिशत प्राप्तांगों से तृतीय स्थान अर्जित किया है।

इसी प्रकार कक्षा पांचवी से कुमारी निधि यादव पिता हेमंत यादव ने 91.50 प्रतिशत प्राप्तांगों से कक्षा में प्रथम स्थान, डायमंड यादव पिता मुकेश यादव ने 88.00 प्रतिशत प्राप्तांको से एवं मयंक सिन्हा पिता टीकाराम सिन्हा ने 88.00 प्रतिशत प्राप्तांको से दोनों छात्र कक्षा में द्वितीय स्थान एवं लक्ष्य दास मानिकपुरी पिता हेमंत मानिकपुरी ने 87.50 प्रतिशत प्राप्त अंकों से कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा फल के लिए संस्था के संचालक विनोद पांडेय ने बधाई प्रेषित किया है। साथ ही विद्यालय के प्रधान पाठक जीवन लाल ढीढी, शिक्षकगण भारत लाल साहू, झामीन साहू, डिलेश्वरी साहू, हेम बाई सिन्हा, गीतांजलि साहू, ज्ञानेश्वरी साहू, केसर सिन्हा, खोमेश्वरी साहू, लीना साहू, गुणिता साहू सभी ने उत्कृष्ट परीक्षा फल हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया है। शत-प्रतिशत परीक्षा फल से छात्रों एवं पालकों में हर्ष व्याप्त है।

# हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट के लिए शिविर का आयोजन



**महासमुंद** 16 मई (देशबंधु)। केंद्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 और केंद्रीय मोटरयान नियम 1989 के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में 01 अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत प्रत्येक वाहन पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। इसी क्रम में जिला परिवहन अधिकारी महासमुन्द द्वारा लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 09 और 10 मई को जिला न्यायालय परिसर महासमुन्द में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 156 ऑनलाईन आवेदन प्राप्त हुए। 13 से 15 मई तक कलेक्टर परिसर महासमुन्द में शिविर का आयोजन जारी रहेगा, जहां सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक इच्छुक वाहन मालिक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। 13 और 14 मई को 223 आवेदकों ने अपने वाहनों के लिए हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट हेतु आवेदन किया। अगले शिविर का आयोजन जनपद पंचायत कार्यालय बागबाहरा में 20 और 21 मई को किया जाएगा। जिला परिवहन अधिकारी ने वाहन मालिकों को नियत समय पर पहुंचकर अपने वाहन की हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट के लिए आवेदन करने की अपील की है।

# खरीफ फसल हेतु धान बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

**महासमुंद** 16 मई (देशबंधु)। जिले के बीज प्रक्रिया केन्द्रों में इस खरीफमौसम के लिए धान की 10 वर्ष के अंदर की किस्मों के बीज उपलब्ध हैं। जिले में कुल 4508.10 क्विंटल बीज उपलब्ध है, जिसमें एमटीयू. 1318. 1731.20 क्विंटल, एमटीयू. 1156. 317.60 क्विंटल, सीज ी धान.1919 . 546.00 क्विंटल, सीजी देवभोग . 1853.40 क्विंटल, दुबराज एसईएल.1 . 21.90 क्विंटल एवं विक्रम टीसीआर . 38.00 क्विंटल उपलब्ध है। जिससे लगभग 7514 हेक्टेयर क्षेत्र में फसल की बुआई संभव होगी। उप संचालक कृषि एफ आर कश्यप द्वारा कृषकों से अपील की गई है कि वे आवश्यकतानुसार बीज प्राप्त करने के लिए संबंधित बीज प्रक्रिया केन्द्रों या सहकारी समितियों से संपर्क करें। यदि किसी विशेष किस्म का बीज उपलब्ध नहीं होता है, तो समिति प्रबंधक के पास मांग दर्ज कराकर शीघ्र भंडारण सुनिश्चित किया जा सकता है। वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा देने जिले में धान के स्थान पर दलहन, तिलहन एवं अन्य फसलों को प्रोत्साहित करने हेतु कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार कुल 1024.00 हेक्टेयर क्षेत्र में वैकल्पिक फसलें उगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें दलहनी फसलें . अरहर 40.00 हेक्टेयर, उड़द 220.00 हेक्टेयर, मूंग 180.00 हेक्टेयर, तिलहनी फसलें . मूंगफली 190.00 हेक्टेयर, तिल 40.00 हेक्टेयर तथा अन्य वैकल्पिक फसलें . मक्का 104.00 हेक्टेयर एवं रागी 250.00 हेक्टेयर शामिल है। यह पहल जिले में फसल विविधता को बढ़ावा देने और कृषि को अधिक लाभकारी एवं टिकाऊ बनाने के लिए की जा रही है। किसान भाइयों से अनुरोध है कि वे इन वैकल्पिक फसलों की ओर ध्यान दें और इसके तहत मिलने वाले लाभों का अधिकतम उपयोग करें।

# भक्तिमय वातावरण में हुआ मानस गान का समापन



**पिथौरा,** 16 मई (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम गड़बेड़ा में दो दिवसीय मानस गान सम्मेलन का समापन विगत दिवस भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। ग्राम वासियों के सहयोग बारह मई से चौदह मई तक मानस गान सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में महासमुंद जिले के कुछ प्रमुख मानस परिवार को आमंत्रित किया गया था।इस आयोजन में श्री राधाकृष्ण मानस परिवार गड़बेड़ा , पार्वती मीना मानस परिवार गड़बेड़ा, रघुकुल मानस परिवार पोटापारा, गोपेश्वर बाल सखा मानस परिवार बिहाझर,जय अम्बे मानस परिवार लिलेशर,आंचल मानस परिवार रिकोकला, दूर्गा मानस परिवार ठूमसा, प्रज्ञा मानस परिवार सराईपाली,श्री रामकृष्ण मानस परिवार महासमुंद मानस परिवार ठाकुर दिया मानस परिवार खैराडेरा ,लीना मानस परिवार पटपरपाली ,दिव्य ज्योति मानस परिवार नौगड़ी बसना,जय कपीस मानस परिवार आमाकोनी के द्वारा भावपूर्ण गीत संगीत के साथ रामचरित मानस के विभिन्न प्रसंगों पर व्याख्यान दिया गया।पूरा ग्रामवासी भक्तमय वातावरण में झूम उठे। इस अवसर पर महासमुंद लोकसभा के पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू,करण दीवान जिला पंचायत सदस्य मुकेश कुमार यादव पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पिथौरा उमेश दीक्षित अध्यक्ष कर्मचारी फेडरेशन पिथौरा मनोहर साहू अध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार संघ पिथौरा संतोष कुमार गुप्ता पत्रकार अनुप दीक्षित बुद्धेश्वर डडसेना संरक्षक जिला मानस संगठन परमेश्वर डडसेना अध्यक्ष मानस संगठन महासमुंद नोहर दास साहू कार्यकारी अध्यक्ष जिला मानस संगठन विकास खंड मानस अध्यक्ष द्वय संतराम साहू पिथौरा हरिनाथ साहू बागबाहरा का आगमन तीनों दिवस समय समय आते रहे। पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि रामायण के आयोजन से ग्राम में सुख शांति और समृद्धि आती है। उन्होंने कहा कि रामायण के प्रत्येक पात्र हमें मानव जीवन जीने की कला सीखाता है। मुकेश कुमार यादव ने सभी को आयोजन की शुभकामनाए देते हुए कहा कि रामायण का आयोजन से हम सभी में धर्म और संस्कृति के प्रति आस्था बढ़ती है। माता कौशल्या छत्तीसगढ़ से होने के कारण श्रीरामचन्द्र जी का घनिष्ठ नाता है।करण दीवान ने कहा कि रामायण का आयोजन प्रतिवर्ष होना चाहिए जिससे ग्राम में धर्म के प्रति आस्था बनी रहें। उमेश दीक्षित ने सभी ग्राम वासियों को आयोजन के शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्राम गड़बेड़ा ऐतिहासिक ग्राम है। जहां विभिन्न धार्मिक आयोजन होते रहते हैं।सभा को जिला मानस संगठन के सभी पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया।

इस आयोजन को सफल बनाने में सरपंच श्रीमती बुन्दाबाई नायक मोहित यादव उपसरपंच महेश्वर पटेल पूर्व उपसरपंच, माधव लाल साहू नरेंद्र पटेल लाला नाग भगवान दास यादव टीकाराम पटेल भानू प्रताप पटेल एवन वस्त्रकार राजेन्द्र साहू मनीराम निषाद द्वारिका यादव शिवराम साहू नारायण यादव बजरंग मेहत्तर प्रजापति महाजन संतोष महाजन देवसिंह वस्त्रकार टीकम साहू और ग्राम पंचायत के सभी पदाधिकारी गण ग्राम विकास समिति के सभी सदस्य गण महिला संगठन की सभी मातृ शक्तियां मानस परिवार के सभी सदस्य गण एवं समस्त ग्रामवासियों ने बढ़चढ़ कर विशेष योगदान किया। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम पटेल डिगम लाल साहू व आभार प्रदर्शन लोकनाथ नायक ने किया।

# फॉर्च्यून नेत्रहीन उच्चतर माध्यमिक स्कूल करमा पटपर में प्रवेश प्रारंभ

**बागबाहरा,** 16 मई (देशबन्धु)। बागबाहरा विकासखंड में फॉर्च्यून फाउंडेशन द्वारा संचालित फॉर्च्यून नेत्र हीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करमांपटपर में कक्षा नर्सरी से 12 वीं तक प्रवेश हेतु समस्त नेत्रहीन दिव्यांग छात्र छात्राओं उनके पालकों एवं अभिभावकों सूचित किया जाता है कि अपने पाल्यों का विद्यालय में नवीन प्रवेश हेतु नीचे दर्शित पते पर संपर्क कर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं । प्रवेश उपरांत छात्र छात्राओं को निशुल्क गणवेश ,पुस्तक ,ब्रेल कीट भोजन एवं आवास (छात्रावास ) की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है ।

संस्था के संस्थापक सदस्य डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय की प्रमुख गतिविधियों में विद्यालय में सी जी बोर्ड के हिंदी मीडियम में पढ़ाई की जाती है । विद्यालय में ब्रेल लिपि से पढ़ाई जाती है ।कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जाता है ।खेल कूद एवं योगा प्रशिक्षण दिया जाता है । भारतीय संगीत की शिक्षा दी जाती है। प्रवेश हेतु निम्नांकित दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है जिसके अंतर्गत नेत्रहीन दिव्यांग जन प्रमाण पत्र ,दिव्यांग जन ष्ठद्बष्ठ कार्ड ,आधार कार्ड छात्र छात्रा एवं माता पिता का ,छात्र छात्राओं का बैंक खाता एवं स्थानांतरण प्रमाणपत्र ,जन्म प्रमाण पत्र ,आय जाति निवास प्रमाण पत्र , 08 नग पासपोर्ट फोटो , आधार लिंक मोबाइल नंबर आदि ।

प्रवेश हेतु प्राचार्य सुश्री रश्मि साहू ,मोबाइल 7489980281, हॉस्टल अधीक्षिका श्रीमती लक्ष्मी प्रिया साहू मोबाइल नंबर 9977468492 , एवं संचालक निरंजन साहू मोबाइल नंबर 7999773534 से संपर्क कर सकते हैं।

# महानदी के अछोटा पुल की मरम्मत के लिए बनेगा प्रस्ताव

■ नया पुल बनाने की भी योजना, यातायात का दबाव कम होगा, लोगों को मिलेगी सुविधा

■ कलेक्टर ने निर्माण एजेंसियों के कामों की समीक्षा की, दिए जरूरी निर्देश



**धमतरी,** 16 मई (देशबन्धु)। धमतरी को नगरी से जोड़ने वाली सड़क पर महानदी पर अछोटा गांव के पास बने पुल की जांच कर उसकी आवश्यकतानुसार मरम्मत की जाएगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज इसके निर्देश लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने आज निर्माण एजेंसियों की बैठक में जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों, सड़क-पुल निर्माण, भवन निर्माण से लेकर सिंचाई परियोजनाओं के कामों की विस्तृत समीक्ष की। उन्होंने महानदी पर बने वर्तमान अछोटा पुल के खराब होने की आशंका के चलते उसकी जांच करने और जरूरत के हिसाब से सुधार काम कराने का प्रस्ताव बनाने को कहा। उपस्थित सेतु संभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि उक्त पुल 1978 में बना है। पुल की रेलिंग और स्पॉसन ज्वाईंट पुराने हो गए हैं, जिन्हें बदलने की आवश्यकता है। कलेक्टर ने इसके लिए तत्काल प्रस्ताव तैयार करने और पुल पर सुधार कार्य के बाद डामरीकरण करने के लिए भी योजना बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**महानदी पर नया पुल बनाने की भी योजना**-बैठक में कलेक्टर ने जिले में तेजी से बढ़ रहे राष्ट्रीय राजमार्गों और भारतमाला सड़कों पर भविष्य में यातायात दबाव को देखते हुए महानदी पर नये पुल की योजना बनाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने भविष्य के हिसाब से नये पुल की चौड़ाई और गुणवत्ता आदि का भी निर्धारण करने को कहा। सेतु संभाग के अधिकारियों ने बताया कि इसके लिए राज्य शासन को लगभग 58 करोड़ रूपये का प्रस्ताव भेजा गया है। इस राशि के मंजूर हो जाने से महानदी पर 900 मीटर लम्बा और 13 मीटर चौड़ा तीन लेन सड़क वाला नया पुल बन सकेगा। अधिकारियों ने यह भी बताया कि इस पुल के बन जाने के बाद धमतरीवासियों को पुराने पुल को मिलाकर पांच लेन की सड़क वाले पुल मिल जाएंगे, जिससे आवागमन में सुविधा होगी। अधिकारियों ने यह भी बताया कि नहर-नाका चौक के पास महानदी की मुख्य नहर पर भी नया पुल निर्माण प्रस्तावित किया गया है। इसकी स्वीकृति वर्ष 2024-25 के बजट में मिल गई है। यह पुल 63 मीटर लम्बा, 13 मीटर चौड़ा होगा। पुल की प्रशासकीय स्वीकृति के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है।

**नगरी-सांकरा-सिहावा को जोड़ने की भी योजना**- बैठक में कलेक्टर ने नगरी-सांकरा-सिहावा होकर सुगम यातायात के लिए सड़कों को जोड़ने की भी योजना पर काम करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग और सेतु संभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने वर्तमान में स्थित सड़कों को लेकर उन्हें छोटी-छोटी नई सड़कों से जोड़कर नगरी से सिहावा तक आवागमन का वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराने की योजना पर काम करने को कहा। कलेक्टर ने यह भी कहा कि इन क्षेत्रों तक आने-जाने की सुविधा पहुंचाने 10 मीटर चौड़ी सड़क बनाने के हिसाब से सर्वे कार्य कराया जाए और इसका प्राक्कलन तैयार किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि सिहावा क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की योजना पर काम शुरू हो गया है। धमतरी ही नहीं, राज्य के अन्य जिलों और सीमावर्ती राज्यों से भी लोगों का आना-जाना बढ़ेगा, जिससे सड़कों पर यातायात का दबाव बढ़ेगा। नगरी-सिहावा तक अलग-अलग क्षेत्रों से पहुंच मार्गों की सुविधा लोगों को उपलब्ध कराने के लिए नगरी-सांकरा-सिहावा को सड़क मार्ग से जोड़ने की योजना लाभकारी सिद्ध होगी।

**निर्माण सामग्री लाने-ले-जाने से खराब हुई ग्रामीण सड़कों की गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कराए एनएचएआई**- बैठक में कलेक्टर ने जिले में भारतमाला प्रोजेक्ट और अन्य राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्यों के लिए रेत, सिमेंट, गिट्टी, मुरूम आदि निर्माण सामग्रियों के परिवहन से गांव की सड़कों के खराब होने पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने गट्टासिल्ली सड़क जैसे अन्य सड़कों के खराब होने से लोगों को होने वाली असुविधा के बारे में एनएचएआई के उपस्थित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि भारतमाला प्रोजेक्ट या अन्य राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़कों को बनाने के लिए निर्माण सामग्री लाने-ले-जाने में जो ग्रामीण सड़कें खराब हो गई हैं, उन सभी की तत्काल मरम्मत एनएचएआई द्वारा कराई जाए। कलेक्टर ने जिले में इस तरह से खराब हुई सभी ग्रामीण सड़कों की सूची एनएचएआई के अधिकारियों को उपलब्ध कराने के निर्देश प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों को दिए। उन्होंने गट्टासिल्ली सड़क को तत्काल गुणवत्तापूर्ण ढंग से मरम्मत कराने को भी कहा।

**घटुला-सांकरा पेयजल योजनाओं को सोंढूर जलाशय से मिलेगा पानी, डिमांड राशि जमा करने सिंचाई विभाग ने लिखा पत्र**-निर्माण एजेंसियों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने नगरी क्षेत्र में दो सरफेस वॉटर पेयजल योजनाओं के लिए पानी देने में देरी पर भी विस्तृत चर्चा की। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि किसी भी जल प्रदाय योजना के लिए बांध या जलाशय से पानी देने की प्रक्रिया शासन स्तर पर होनी है। इसके लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वॉटर एलोकेशन समिति की बैठक की जाती है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि घटुला-सांकरा जल प्रदाय योजनाओं के लिए वॉटर एलोकेशन करने प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इसके साथ ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पानी ले जाने के लिए पाईपलाईन आदि कार्य कराने और जरूरत अनुसार पानी लेने डिमांड राशि जमा करने के लिए पत्र भी भेजा गया है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि घटृला-सांकरा तक सोंढूर जलाशय से नहर द्वारा 12 महीने लगातार पानी दिया जाना व्यवहारिक नहीं है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पाईपलाईन द्वारा ही पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करनी होगी, जिसके लिए विभाग को सूचित किया जा चुका है।

## नपं पवनी में आज होगा समाधान शिविर

**बिलाईगढ़,** 16 मई। सुशासन तिहार में 17 मई को बिलाईगढ़ ब्लॉक नगर पंचायत पवनी में समाधान शिविर होगा। समाधान शिविर प्रात: 10 बजे से शाम 3 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। समाधान शिविर में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।



# फरार आरोपी को दिल्ली के निहाल विहार पश्चिम से किया गिरफ्तार

**बिलाईगढ़,** 16 मई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडे अनुभागीय अधिकारी पुलिस विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप.निरी.शिव कुमार धारी के नेतृत्व में धोखाधड़ी के मामले में 3 साल से फरार आरोपी को किया गया गिरफ्तार।

मामले की विवरण- इस प्रकार है कि प्रार्थी फूलसाथ पंकज पिता स्व. बुदूलपंकज उम्र 34 वर्ष पता देवरबोड थाना बिलाईगढ के साथ मोबाईल न 7247353431 में अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपने मोबाइल न 8745040452 से फोन करके प्रधानमंत्री जनधन मुन्द्रा लोन आनलाईन खाता मे देने कि प्रलोभन देकर दिनाक 14.07.2023 को गोबाईल न 8375040489 से फोन कर प्रोसेसिंग चार्ज लगेगा बोला पंजाब नेशनल बैंक में मनोज कुमार का खाता नम्बर 0838000104664323 आई एफ.सी पीयूएनबी 0083800 का क्यू आर कोड गे वाट्सप किया और 510 रूपये डालने को बोला 17.07.2023 से 10.08.2023 तक 19 किरतो में कुल 76298 रूपये को अपने एसबीआई बैंक के खाता कमांक 11396533898 के फोन पे माध्यम से ट्रास्फर किया उसके बाद भी दो लाख रूपये प्रार्थी के खाता मे नही आया धोखाधडी की लिखित आवेदन पर मो.नं. 8745040452, 8375040489 के विरूध्द अपराध पंजीबद्व कर विवेचना कार्यवाही मे लिया गया था अपराध विवेचना के दौरान प्रार्थी के पेश करने पर मनोज कुमार का गुगल पे पंजाब नेशनल बैंक का बार कोड का स्क्रीन शॉट की छायाप्रति व भारतीय स्टेट बैंक का एकान्ट स्टेटमेंट की कॉपी को जप्त कर आरोपी की पतासाजी हेतु पंजाब नेशनल बैंक मे पत्राचार किया गया जिसमे खाता धारक के सबंध मे जानकारी प्राप्त किया गया दौरान खाता धारक मनोज कुमार से पूछताछ करने एवं पर अपने साथी दिनेश नागपाल और उसके साथी दिल्ली निवासी अमन शर्मा के साथ मिलकर ठगी करना बताये जाने पर मनोज कुमार व दिनेश नागपाल को उसके द्वारा ठगी में इस्तेमाल दस्तावेज व सामग्री को लेकर रोहतक से आरोपी मनोज कुमार व दिनेश नागपाल को थाना लाकर पूछताछ कर गेमोरेण्डग कथन लिया गया जिसमे एक अन्य साथी अमन



## धोखाधड़ी के मामले में 3 साल से फरार आरोपी को बिलाईगढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

शर्मा के साथ मिलकर प्रधानमंत्री लोन को प्रलोभन देकर मो.न.के धारक 7247353431 से 76808 ट्रांस्फर करा कर ठगी किये है अमन शर्मा के बारे में वर्तमान जानकारी नही होना मेमोरेण्डम कथन में बताये थे। आरोपी दिनेश नागपाल पिता भगवान दास उम्र 55 वर्ष से मेमोरेण्डम कंथन के आधार पर एटीएम कार्ड एवं मनोज कुमार से पंजाब नेशनल बैंक का दस्तावेज स्वहस्ताक्षरित को जप्त किया जाकर आरोपीगणों 1. मनोज कुमार एवं 2. दिनेश नागपाल को उनके गिरफ्तारी का आशय बताते हुए दिनांक 27.09.2024 को विधिवत गिरफ्तार किया गया न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया था अंतर्गत धरा 173 8 द.प्र.सं. के तहत गिरफतार आरोपियो के विध्द अभियोग पत्र तैयार कर दिनांक 22.11.2024 को माननीय न्यायालय पेस किया गया था,प्रकरण के एक अन्य आरोपी अमन शर्मा कि पतासाजी विवेचना के दौरान प्राप्त लोकेशन क्रं॥ 243 बी. निहाल विहार नागलोई थाना निहाल विहार पश्चिमी दिल्ली में दबिस देकर राजीव कुमार उर्फ अमन शर्मा पिता स्वं. रविन्द्र प्रताप उम्र 43 वर्ष पूर्व पत्ता क्रं॥ 243 बी. निहाल विहार नागलोई थाना निहाल विहार पश्चिमी दिल्ली वर्तमान पता ॠंष्ट 16ष्ठ निहाल विहार गली नं. 2 थाना निहाल विहार जिला पश्चिमी दिल्ली को हिराशत मे लेकर थाना लाया गया गवाहो के समक्ष पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लेने पर फुलसाय से अमन शर्मा बनकर बात करना और लोन के नाम से झांसा देकर कुल 76808 रूप्ये मनोज के बैंक खाता मे लेना स्वीकार किया और ठगी किये रकम का अपने हिस्सा मे मिला 25000 हजार रूपये में से 23000 हजार रूपये का ज्ञश्वष्टह्लह्ल कंपनी का मोबाईल खरीद कर खर्च कर देना और शेष 2000 हजार रूपये को बचा कर रखा था। ज्ञश्वष्टह्लह्ल कंपनी का मोबाइल जिसमे सीम नंबर 9891399391, 9911663338 और 2000 हजार रूपये एवं एक ओप्पो कंपनी का बंद मोबाइल पेश करने पर विधीवत मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी के द्वारा अपराध में संलिप्त होने एवं जुर्म स्वीकार करने से आरोपी को आज दिनांक 16.05.2025 को 12=45 बजे गिरफतार कर चेकलिस्ट तैयार कर न्यायालय पेश किया गया जिसे मा,न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# रसोइया प्रशिक्षण शिविर में अग्निशमन डेमोंसट्रेशन रहा आकर्षण का केंद्र

**आरंग,** 16 मई (देशबन्धु)। शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय रसोईया प्रशिक्षण का आयोजन शासकीय अरुंधती देवी उच्चतर माध्यमिक हिंदी मीडियम विद्यालय के पांच कक्षों में किया गया ।इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा ने रसोइयों से प्रशिक्षण के उद्देश्य पर चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग का मुख्य केंद्र बिंदु विद्यार्थी है अत: मैन्यू के अनुसार बच्चों को संतुलित ,स्वस्थ, गुणवत्ता युक्त आहार दे, उन्होंने कहा कि रसोईया गण न केवल विद्यालय अपितु शासन की महत्वपूर्ण इकाई है। उन्होंने रसोइयों की समस्याओं को भी सुना एवं समाधान करते हुए शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी और बच्चों को दिए जाने वाले प्रोटीन युक्त आहार की मात्रा का भी विश्लेषण किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा फायर ब्रिगेड बस का डेमोंसट्रेशन आकर्षण का केंद्र रहा इस अवसर पर ब्रिगेड ऑफिसर इंद्रजीत साहू ने अपनी टीम के साथ डेमोंसट्रेशन करके बताया। जिसमें सिलेंडर में आग लगाकर उसके बचाव की प्रक्रिया,पानी के बौछार से आग युक्त सिलेंडर का शमन, फायर (ष्टह्२) समझाया गया, जिसमें रसोइयों ने बड़े उत्साह के साथ प्रैक्टिस में भाग लिया, साथ ही स्वास्थ्य परामर्शदाता चंद्रशेखर राव ने विद्यार्थियों को आयु के अनुरूप संतुलित आहार एवं अंकुरित अनाज का महत्व भी समझाया वही मास्टर ट्रेनर तारकेश्वर साहू ,हरीश दीवान ,अपर्णा तिवारी, विजय देवांगन,उगेश साहू, दीपक दुबे,अरविंद वैष्णव ,महेंद्र पटेल ने अपने प्रशिक्षण में पौष्टिक आहार, विभिन्न तत्व उनके कार्य, तथा संतुलित भोजन का महत्व, रसोई घर में स्वयं तथा रसोई घर की सुरक्षा इंतजाम हेतु आवश्यक बातें ,हाथ धुलाई का सही तरीका ,स्वच्छता, रसोई घर में पहनावा तथा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हेतु आवश्यक जानकारी देते हुवे भोजन में विविधता लाना और पौष्टिकता का भी ध्यान रखना तथा भोजन में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों को शामिल करने हेतु सुझाव भी व्यक्त किया । इस अवसर पर सहायक ग्रेड2 घनश्याम रात्रे, केशव डहरिया तथा कार्यक्रम में अभिषेक तिवारी,मनोज मुछावर ,लकी डहरिया,श्रीमती भानु साहू , लोकेश्वर साहू ,अमित अग्रवाल ,यूवराम साहू, राजपाल चंद्राकर, फायर ब्रिगेड टीम बाय स्टीफन, राजेश गायकवाड, ललित चेलक की सहभागिता रही। एवं 48 संकुल के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के 500 से भी अधिक रसोइयों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



## मैन्यू के अनुसार बच्चों को संतुलित स्वस्थ गुणवत्तायुक्त भोजन दे : बीईओ शर्मा

# सुशासन तिहार में आम नागरिकों को मिल रहा मूलभूत सुविधा

## भटगांव नपं में समाधान शिविर आयोजित



**बिलाईगढ़,** 16 मई (देशबंधु)। सुशासन तिहार में भटगांव नगर पंचायत में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिनेश जांगड़े, सुभाष जालान, सुरेश रघु, रामदुलार साहू, बसंत सोनी सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे। शिविर को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि आपके आवेदनों का निराकरण क्या हुआ है। वह पंजीयन काउंटर में बताया जाएगा। मूलभूत सुविधा पेयजल, आवास, राशन, साफ सफाई, सड़क, नाली आदि आम नागरिकों को मिलना चाहिए, राज्य सरकार ने इन्हीं मूलभूत सुविधाओं को आम नागरिकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया है। सभी मांग और शिकायत आवेदनों के संबंध में आवेदक को जानकारी उपलब्ध कराएं। अधिकारी कर्मचारी इन आवेदनों के निराकरण के लिए सतत् कार्य करें। शिविर में 19 आयुष्मान कार्ड, 15 श्रम कार्ड, विद्युत के 3, पशुधन विकास विभाग द्वारा 140 पशुपालकों को दवा वितरण, 245 नागरिकों का सामान्य बीमारी जांच, 12 राशन कार्ड, 8 किसानों को कीटनाशक दवा वितरण किया गया।

## धमनी में आयोजित वन जन संगोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन पर जोर



**बलौदाबाजार,** 16 मई (देशबन्धु)। विकासखंड पलारी अंतर्गत महानदी के तट पर स्थित ग्राम धमनी के वन विश्राम गृह में गुरुवार को वन प्रबंधन समिति एंव ग्राम पंचायत के साथ वन जन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील सहित वन विभाग के अधिकारी शामिल हुए। संगोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन पर जोर देते हुए प्लास्टिक व पॉलीथिन के उपयोग नहीं करने पर जोर दिया गया। संगोष्ठी में अधिकारियों ने वन की सुरक्षा, पेड़ की सुरक्षा सहित वन को प्लास्टिक मुक्त करने के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही वीट प्रभारी मनबोधन टंडन द्वारा वन परिसर धमनी परिवृत रोहासी अंतर्गत की जानकारी दी गई। वन जन संगोष्ठी में ग्राम पंचायत धमनी के सरपंच हरदयाल पैकरा, उपसरपंच मिनेद्र कुमार यादव, जनपद सदस्य चंद्र कुमार पैकरा, राम नारायण यादव अध्यक्ष वन प्रबंधन समिति वन परिक्षेत्र अधिकारी उषा ठाकुर उपस्थित थे।

## आज भाजपा निकालेगी तिरंगा यात्रा

**बलौदाबाजार,** 16 मई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी जिला बलौदाबाजार भाटापारा जिला महामंत्री भाजपा कृष्णा अवस्थी (संयोजक तिरंगा यात्रा) ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि 17 मई को शाम 4 बजे स्थानीय गार्डन चौक से अम्बेडकर चौक बलौदाबाजार तक तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। उक्त यात्रा आपरेशन सिंदूर की सफ्लता के तारतम्य में आयोजित है। जिला प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष आनंद यादव, डॉ. सनम जांगड़े, लक्ष्मी बघेल, प्रमोद शर्मा सहित क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि गण, विभिन्न सामाजिक पदाधिकारी गण, समाज सेवी संगठन के पदाधिकारी गण, सहित प्रबुद्ध जनों एवं कार्यकर्तागण की उपस्थिति रहेगी। उक्त तिरंगा यात्रा में क्षेत्र के सभी राष्ट्र प्रेमी जनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील है।

# देवभोग ब्लॉक में पंचायत सचिव तकनीकी सहायक सहित 23 कर्मचारियों को नोटिस



**गरियाबंद,** 16 मई (देशबन्धु)। शुक्रवार को कलेक्टर ने देवभोग ब्लॉक में प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा की। अन्य ब्लॉक के समान यहां भी कलेक्टर ने पीएम आवास की धीमी प्रगति एवं कार्य अपूर्णता पर गहरी नाराजगी जताते हुए कुल 23 ग्राम पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक एवं आवास मित्र को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इनमें ग्राम पंचायत बरकानी, डुमरगुड़ा, कदलीमुड़ा, सुपेबेड़ा, नवागांव, सितलीजोर, सुकलीभाठा पुराना के ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम बरकानी, डुमरगुड़ा, कदलीमुड़ा, सुपेबेड़ा, सितलीजोर, सुकलीभाठा पुराना के आवास मित्र एवं बरकानी, डुमरगुड़ा, कदलीमुड़ा, नवागांव, सितलीजोर, सुकलीभाठा पुराना के रोजगार सहायक शामिल है इसी प्रकार तकनीकी सहायक उपासना ध्रुव, कुरेन्द्र बघेल, देहुती अलेन्द्र एवं शिवकुमार नारंगे को नोटिस देने के निर्देश दिये गए। जानकारी के मुताबिक देवभोग ब्लॉक अंतर्गत कुल 6 हजार 723 आवास वर्ष 2024-25 अंतर्गत स्वीकृत किये गये है। इनमें से 1 हजार 528 आवास पूर्ण हो चुके है, शेष प्रगतिरत है। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम तुलसीदास मरकाम सहित तकनीकी सहायक, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गरियाबंद में आज तिरंगा यात्रा का आयोजन

**गरियाबंद,** 16 मई। राष्ट्रीय सुरक्षा के समर्थन में 17 मई को जिला मुख्यालय गरियाबंद में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा सुबह 8 बजे शुरू होगी और इसमें ऑपरेशन सिंदूर का लोगो भी उपयोग किया जाएगा। यात्रा का उद्देश्य सेना के समर्थन में देशभक्ति की भावना को मजबूत करना है। यात्रा के दौरान भारत की जीत, सशस्त्र बलों की सुरक्षा और सेना व अर्धसैनिक बलों को धन्यवादज् जैसे संदेश वाली तख्तियां लोगों के हाथों में होंगी। कलेक्टर बीएस उइके ने पूर्व सैनिकों, सैनिकों के परिवारों, छात्रों और सभी वर्गों के लोगों से यात्रा में शामिल होने की अपील की है। यात्रा शांतिपूर्ण, अनुशासित और उत्साह से भरी होगी। उद्घोषणा वाहन देशभक्ति गीत और नारे बजाएंगे। लोग हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाएंगे। पंचायत प्रतिनिधियों और जनप्रतिनिधियों से भी शामिल होने की अपील की गई है।

### भखारा नगर इकाई साहू समाज सचिव की विदाई



**भखारा,** 16 मई। भखारा नगर इकाई साहू समाज में करीब सात साल से सचिव का पदभार संभाले चंद्रप्रकाश साहू को सामाजिक बंधुओं ने विदाई दी। इस अवसर पर भखारा नगर इकाई साहू समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष डामेश साहू ने चंद्रप्रकाश साहू के कार्यकाल अवधि में किये गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल मे समाज के अंदर एकजुटता लाने अथक प्रयास किया। साहू समाज भवन में विभिन्न निर्माण कार्य बिजली, पानी,सीसी रोड,रंग-रोगन,नया भवन,बॉउंड्रीवाल आहाता निर्माण कराया। उनके रहते समाज में काफी उत्थान के साथ सुधार हुआ है । उनके द्वारा किये गये प्रशंसनीय कार्य को समाज हमेशा याद रखेगा। नगर इकाई साहू समाज सचिव चंद्रप्रकाश साहू को समाजजनों के द्वारा शील्ड, नारियल एवं शाल भेंटकर विदाई दिया गया।

## निधन

### अशोक सोनी



**महासमुंद** 16 मई । स्थानीय नयापारा वार्ड नंबर 4 निवासी मुक्तिधाम सेवा समिति के सक्रिय संचालक व एंबुलेंस संचालक अशोक सोनी 53 वर्ष का 15 मई को निधन हो गया। अंतिम संस्कार 16 मई को भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

# भक्तिमय वातावरण में हुआ मानस गान का समापन

**पिथौरा,** 16 मई (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम गड़बेड़ा में दो दिवसीय मानस गान सम्मेलन का समापन विगत दिवस भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। ग्राम वासियों के सहयोग बारह मई से चौदह मई तक मानस गान सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में महासमुंद जिले के कुछ प्रमुख मानस परिवार को आमंत्रित किया गया था। इस आयोजन में श्री राधाकृष्ण मानस परिवार गड़बेड़ा, पार्वती मीना मानस परिवार गड़बेड़ा, रघुकुल मानस परिवार पोटापारा, गोपेश्वर बाल सखा मानस परिवार बिहाझर,जय अम्बे मानस परिवार लिलेशर,आंचल मानस परिवार रिकोकला, दूर्गा मानस परिवार ठूमसा, प्रज्ञा मानस परिवार सराईपाली,श्री रामकृष्ण मानस परिवार महासमुंद मानस परिवार ठाकुर दिया मानस परिवार खैराडेरा ,लीना मानस परिवार पटपरपाली ,दिव्य ज्योति मानस परिवार नौगड़ी बसना,जय कपीस मानस परिवार आमाकोनी के द्वारा भावपूर्ण गीत संगीत के साथ रामचरित मानस के विभिन्न प्रसंगों पर व्याख्यान दिया गया ।पूरा ग्रामवासी भक्तमय वातावरण में झूम उठे। इस अवसर पर महासमुंद लोकसभा के पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू,करण दीवान जिला पंचायत सदस्य मुकेश कुमार यादव पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पिथौरा उमेश दीक्षित अध्यक्ष कर्मचारी फ़ेडरेशन पिथौरा मनोहर साहू अध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार संघ पिथौरा संतोष कुमार गुप्ता पत्रकार अनुप दीक्षित बुद्धेश्वर डडसेना संरक्षक जिला मानस संगठन परमेश्वर डडसेना अध्यक्ष मानस संगठन महासमुंद नोहर दास साहू कार्यकारी अध्यक्ष जिला मानस संगठन विकास खंड मानस अध्यक्ष द्वय संतराम साहू पिथौरा हरिनाथ साहू बागबाहरा का आगमन तीनों दिवस समय समय आते रहे। पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि रामायण के आयोजन से ग्राम में सुख शांति और समृद्धि आती है। उन्होंने कहा कि रामायण के प्रत्येक पात्र हमें मानव जीवन जीने की कला सीखाता है। मुकेश कुमार यादव ने सभी को आयोजन की शुभकामनाए देते हुए कहा कि रामायण का आयोजन से हम सभी में धर्म और संस्कृति के प्रति आस्था बढ़ती है। माता कौशल्या छत्तीसगढ़ से होने के कारण श्रीरामचन्द्र जी का घनिष्ठ नाता है ।करण दीवान ने कहा कि रामायण का आयोजन प्रतिवर्ष होना चाहिए जिससे ग्राम में धर्म के प्रति आस्था बनी रहें। उमेश दीक्षित ने सभी ग्राम वासियों को आयोजन के शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्राम गड़बेड़ा ऐतिहासिक ग्राम है। जहां विभिन्न धार्मिक आयोजन होते रहते हैं ।सभा को जिला मानस संगठन के सभी पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया।



इस आयोजन को सफल बनाने में सरपंच श्रीमती बुन्दाबाई नायक मोहित यादव उपसरपंच महेश्वर पटेल पूर्व उपसरपंच, माधव लाल साहू नरेंद्र पटेल लाला नाग भगवान दास यादव टीकाराम पटेल भानू प्रताप पटेल एवन वस्त्रकार राजेन्द्र साहू मनीराम निषाद द्वारिका यादव शिवराम साहू नारायण यादव बजरंग मेहत्तर प्रजापति महाजन संतोष महाजन देवसिंह वस्त्रकार टीकम साहू और ग्राम पंचायत के सभी पदाधिकारी गण ग्राम विकास समिति के सभी सदस्य गण महिला संगठन की सभी मातृ शक्तियां मानस परिवार के सभी सदस्य गण एवं समस्त ग्रामवासियों ने बढ़चढ़ कर विशेष योगदान किया। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम पटेल डिगम लाल साहू व आभार प्रदर्शन लोकनाथ नायक ने किया।

# आरंग के गांधी स्कूल ने फिर किया नगर का नाम रोशन

**आरंग,** 16 मई (देशबन्धु)। अपने परीक्षा परिणामों और शैक्षणिक गतिविधियों से आरंग को पूरे प्रदेश में एक अलग पहचान दिलाने वाले गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल ने एक बार फिर नगर को गौरान्वित किया है ।छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पांचवी और आठवीं की केंद्रीयकृत परीक्षाओं की जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची जारी की है इसमें गांधी इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल आरंग की छात्रा डिम्पी चंद्राकर ने कक्षा आठवीं में 97.17त्न अंक अर्जित कर पूरे रायपुर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक परीक्षाओं में इस विद्यालय के 9 विद्यार्थियों ने जिला स्तर की प्रवीण्य सूची में स्थान बनाकर नगर और आरंग ब्लाक को गौरवान्वित किया है ।कक्षा पांचवीं से गीतिका पांडे 97त्न को पांचवां, युगेश्वर यादव 95.50त्न को आठवां एवं नौवें स्थान पर संयुक्त रूप से कनिष्क बिसेन एवं आर्या चंद्राकर 95त्न अंकों के साथ रहे। प्रवीण्य सूची में अन्य दो विद्यार्थी भाविका देवांगन एवं युग तंबोली 94.50त्न अंकों के साथ दसवें स्थान पर रहे ।पूर्व माध्यमिक परीक्षा कक्षा आठवीं में विद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने रायपुर जिले में जगह बनाई। भव्या मनहरे को 96.17त्न अंकों के साथ पांचवां, एवं यशिका ठाकुर 96त्न अंक को छठवां स्थान प्राप्त हुआ ।जिला स्तर पर कक्षा पांचवीं की प्रावीणय सूची में पांचवां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा गीतिका पांडे ,आरंग विकासखंड में प्रथम स्थान प्राप्त कर टापर बनीं हैं। उल्लेखनीय है कि गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल का बोर्ड परीक्षाओं में शानदार एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। विद्यालय के संचालक यशवंत चतुर्वेदी ने इस विद्यालय की इस विशिष्ट उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई दी है। आरंग के विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा ने जिले की टापर डिम्पी चंद्राकर एवं प्रावीण्यता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार को आरंग विकासखंड का नाम रोशन करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं ।



## कक्षा 8वीं में डिम्पी चंद्राकर रही रायपुर जिले में प्रथम

# कल होगा यादव समाज का प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह

**बलौदाबाजार/भाटापारा,** 16 मई (देशबन्धु)। नवोदित कोसरिया यादव समाज भाटापारा के तत्वावधान में आगामी 18 मई दिन रविवार को दोपहर 12 बजे से नगर भवन भाटापारा में प्रदेश स्तरीय भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें यादव समाज के नवनिर्वाचित सभी जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा। इस संबंध में सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने बताया कि तरेंगा राज नवोदित कोसरिया अहीर यादव समाज भाटापारा के द्वारा प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन की तैयारी की जा रही है। जिसमें प्रदेश के विभिन्न पदों पर नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जावेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव पूर्व सांसद व वर्तमान महापौर राजनांदगांव तथा अध्यक्षता रामनरेश यादव महापौर नगर निगम चिरमिरी के द्वारा किया जावेगा।



## मधुसूदन यादव, रामनरेश यादव सहित अन्य प्रतिनिधि होंगे शामिल

इसी प्रकार विशिष्ट अतिथियों में गजेन्द्र यादव विधायक दुर्ग, द्वारिकाधीश यादव विधायक खल्लारी, रामकुमार यादव विधायक चंद्रपुर, शिवरतन शर्मा पूर्व विधायक भाटापारा, देवनारायण यादव उपाध्यक्ष जिला पंचायत सरगुजा, संदीप यदु उपाध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर, दिवाकर यादव, सचिव छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी, धनमती यादव पूर्व सभापति जिला पंचायत गरियाबंद श्रीमती किरण यदु पूर्व सदस्य, अनुप यादव पूर्व उपाध्यक्ष नगरपालिका दीपिका, गोविन्द यादव सभापति जिला पंचायत बिलासपुर, सुलोचना यादव जनपद अध्यक्ष बलौदाबाजार, सविता भीम यादव जनपद अध्यक्ष पलारी, ललिता यादव अध्यक्ष खोंगापानी, प्रतिमा यादव मनेन्द्रगढ, रिमा यादव झगराखाड, भुनेश्वरी यादव सुकमा, जागृति यादव राजनांदगांव, लिखीराम यादव गरियाबंद, महेश यादव राजिम, गोविन्द यादव खरौद, महेश यादव खरौद, जितेन्द्र यादव दुर्ग, महेन्द्र यादव राजनांदगांव, बद्री यादव बलरामपुर, गोविन्द यादव बिलासपुर, निर्मला यादव बिश्रामपुर, सरोज यादव लेदयी, गीता कृष्ण यादव तखतपुर, त्रिलोक यादव भाटापारा, विजय यादव धर्मजयगढ़, जगन्नाथ यादव धर्मजयगढ़, सुशीला यादव देवभोग, मोहन यादव जांजगीर, भरत यादव शक्ति, उत्तम यादव कांकेर, ओमप्रकाश यादव मंदिर हसौद, सतीश यादव फिंगेश्वर, मोती यादव गुंडरदेही, आशीष यादव बैकुंठपुर, बालेश्वर यादव कुनकुरी, नरेंद्र यादव सूरजपुर सहित विभिन्न जिलों से नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि तथा समाज प्रमुखों को सम्मानित किया जावेगा। रमेश यदु ने प्रदेश के सभी समाज प्रमुखों सहित समाज के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होंने की अपील की है।

# शास. प्राथमिक शाला बिठिया से गौरव ने कक्षा 5वीं की मेरिट सूची में बनाया अपना स्थान

**खरोरा,** 16 मई (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक शाला बिठिया वि. ख. तिल्दा से गौरव साहू पिता वेदराम साहू, माता कुन्ती साहू ने कक्षा 5वी की बोर्ड परीक्षा में 96त्न अंक प्राप्त कर जिला के मेरिट सूचि में सातवाँ स्थान प्राप्त किया है। गौरव की इस अभूतपूर्व सफलता से ग्रामवासी व शाला परिवार गौरान्वित है। उनकी सफलता पर समस्त ग्रामवासी व शाला परिवार बिठिया ने उन्हे बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की शुभकामना व्यक्त किया है।



## भद्रापाली में स्वच्छता चौपाल आयोजित

**रवान/बलौदाबाजार,** 16 मई (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत भद्रापाली मे स्वच्छता सप्ताह के तृतीय दिवस में ग्राम पंचायत भद्रापाली में स्वच्छता संबंधी चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपसरपंच दुलेश्वर वर्मा, सचिव भूषण वर्मा, रोजगार सहायक गोपी पटेल सभी पंच रोमनाथ, निखिल, राजेश, संतोषी, सरस्वती दास, लोकेश्वरी, उर्मिला, गुलाब बाई ग्राम सदस्य किरण, राहुल, सोहन, रूपेंद्र स्वच्छता समिति सभी महिला सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



# पेंड्रावन मारपीट कांड : गिरफ्तारी के बाद पटवारी संघ ने समाप्त की हड़ताल

**पिथौरा,** 16 मई (देशबन्धु)। ग्राम पेंड्रावन में पटवारी विनय कुमार पटेल (प.ह.न. 49, पेंड्रावन) के साथ मारपीट की घटना के विरोध में चल रही पटवारी संघ पिथौरा की हड़ताल शुक्रवार को समाप्त हो गई। उल्लेखनीय है कि 28 अप्रैल 2025 को हुई इस घटना की स्नढ्ढक्र सांकरा थाना में दर्ज कराई गई थी। आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से आक्रोशित होकर पटवारी संघ पिथौरा ने 6 मई 2025 से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया था। पुलिस की कार्रवाई के दस दिन बाद, शुक्रवार को आरोपियों की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही पटवारी संघ ने हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि अब वे पुन: अपने कार्य पर लौटेंगे।

**आरोपियों ने किया आत्मसमर्पण**

सांकरा थाना प्रभारी राणा सिंह ठाकुर ने जानकारी दी कि पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान पांच आरोपी-निरंजन नायक, यशवंत साहू, त्रिपण साहू, मनोज साहू और टिकेंद्र साहू-ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। न्यायालय द्वारा जमानत खारिज किए जाने के बाद सांकरा पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना में प्रयुक्त महिंद्रा बोलेरो वाहन को भी पुलिस ने जप्त कर लिया है।

**इन धाराओं में दर्ज हुआ मामला**

घटना के संबंध में आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 121(1), 127, 132, 190, 191 समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

गौरतलब है कि पटवारी विनय कुमार पटेल के साथ मारपीट की घटना से राजस्व अमले में रोष व्याप्त था। गिरफ्तारी की मांग को लेकर पटवारी संघ पिथौरा ने हड़ताल शुरू की थी, जिससे राजस्व कार्य प्रभावित हो रहे थे। अब गिरफ्तारी के बाद संघ ने हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया है।

# सुशासन तिहार : ग्राम पंचायत सांकरा तिल्दा में समाधान शिविर का आयोजन



**तिल्दा नेवरा,** 16 मई (देशबन्धु)। शिविर में शामिल हुए राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, आमजनों की सुनी समस्याएं, कहा जन-जन तक पहुंचे शासकीय योजनाओं का लाभ, सुशासन तिहार का यही उद्देश्य सभी विभाग लोगो की समस्या का समाधान करने रहें उपस्थित। वन मंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग द्वारा सुशासन तिहार के अंतर्गत एक अद्भुत पहल की जा रही है। वन विभाग की टीम नि:शुल्क पौधा वितरण किया।

मुख्यमंत्री श्रीविष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में आज तिल्दा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सांकरा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आमजनों के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र बनाया गया और मंच के माध्यम से सभी को वितरित किया गया।

राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का यथासंभव त्वरित निराकरण किया गया है। जन समस्या निवारण को उच्च प्राथमिकता देते हुए वर्तमान में शासन प्रशासन कार्य कर रहा है। सुशासन तिहार में आमजनों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। समाधान शिविर में आने वाले आमजनों की समस्याओं को सुन उनके मूल दस्तावेज बनाए जा रहे हैं। जनता को अब इसका लाभ मिलेगा और कोई शासन की योजनाओं से वंचित नहीं रहेगा।

जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत हर आवेदन का समाधान किया जा रहा है और शासकीय योजनाओं का लाभ आमजनों तक पहुंचाया जा रहा है। शासकीय योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचे, इसी उद्देश्य के साथ प्रशासनिक अमला कार्य कर रहा है। शिविर में हितग्राहियों को ऋण पुस्तिका, पेंशन स्वीकृत प्रमाण पत्र और पोषण किट प्रदान किया गया।

शिविर के दौरान जिला पंचायत सभापति श्रीमति शैल महेंद्र साहू, अनिल अग्रवाल जनपद सदस्य और सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि एसडीएम आशुतोष देवांगन, तहसीलदार ज्योती मसियारे सी इ ओ विवेक गोस्वामी, नायब तहसीलदार विपिन पटेल सहित सहित सभी विभागों के जिला और विकासखंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ककड़ा भतीजा नाचा पार्टी के कलाकारों ने मोह लिया दर्शकों का दिल



**बागबाहरा,** 16 मई (देशबन्धु)। बैसाखी पुर्णिमा के अवसर पर अंचल के ग्राम पंचायत टुहलू, ग्राम पंचायत उतेकेल एवं ग्राम पंचायत पतेरापाली स में ग्रामवासियों द्वारा बैसाखी मेंला का आयोजन किया गया था। ग्रामवासियों द्वारा आयोजित मड़ई मेंला कार्यक्रम को धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर ग्रामवासियों द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं ककड़ा भतीजा नाचा गम्मत पार्टी सराईपाली कोमाखान के संस्थापक रजीत चक्रधारी द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसे दर्शकों ने मंच में देख कर खूब प्रशंसा कर तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया।

वहीं आयोजन समिति द्वारा इस नाचा गम्मत पार्टी के संस्थापक सहित सभी कलाकारों का जोशीला स्वागत कर उनके उज्जवल भविष्य कि भविष्य कि शुभकामनाएं दी गई। बागबाहरा अंचल के रजीत चक्रधारी कृत ककड़ा भतीजा नाचा गम्मत सराईपाली कोमाखान जिला महासमुन्द एक ऐसे नाचा गम्मत संस्था है जो शासन प्रशासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को लैकर अपनी कला के माध्यम से मंच में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लोगों को जागरूक एवं प्रेरित करते हैं। जिसे दर्शक लोग देख कर खूब प्रशंसा करने सहित आकर्षित होते हैं। वहीं शासन प्रशासन के लोग भी इनके नाचा गम्मत पार्टी के कलाकारी को देखकर प्रशंसा करते हुए प्रोत्साहित करते हैं। नाचा गम्मत कार्यक्रम के दौरान दर्शकों के बीच यह आवाज उठती है कि यह कार्यक्रम हमारे गांव में हमेशा होता रहे ।ताकि ग्रामीणजन उनके कला को देखकर शासन प्रशासन के योजनाओं का लाभ उठाते रहें।

# मजदूर नेता भगवती साहू के पुण्यतिथि पर रवान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम



**रवान/बलौदाबाजार,** 16 मई (देशबन्धु)। ग्राम रवान में गुरुवार को बाजार चौक ग्राम पंचायत भवन में मजदूर किसान युवा नेता रवान के पूर्व जनपद सदस्य स्व. भगवती प्रसाद साहू की पुण्यतिथि में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उनकी चतुर्थ पुण्यतिथि पर आयोजित की गई। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रविशंकर वर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सीमेंट कंपनी में मजदूरों एवं किसानों के हित में हमेशा लडाई लडा। वही इन्होने किसान मजदूर की लड़ाई कर हक दिलाया ऐसे क्रांतिकारी नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि अक्षय भारती, उपसरपंच रोहित वर्मा, मुकेश साहू, सोनी महाराज, ग्रामीण क्षेत्र के साहू समाज रवान युवा प्रकोष अध्यक्ष मनीष साहू, दानेश्वर साहू, गंगोत्री साहू, भागवत साहू, सोनू साहू, छोटे लाल साहू, मोनू साहू, योगेश साहू, दशरथ साहू, उदय साहू, उतम साहू, संतोष साहू, संजय साहू, नदू साहू, धनेश्वर साहू, मनीष साहू, योगेश, दुगेश साहू, योगेंद्र साहू, राजू साहू ग्रामीण के लोग उपस्थित थे।

# 'सुशासन तिहार-समाधान शिविर' के तृतीय चरण का आयोजन

**भाटापारा,** 16 मई (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय इतवारी राम बहुउद्देशीय हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार तथा रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा की अध्यक्षता में च्च्सुशासन तिहार ङ्क समाधान शिविरज्ज के तृतीय चरण का आयोजन किया गया।

समाधान शिविर के माध्यम से आमजन की विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया गया। संबंधित विभागों को शेष लंबित प्रकरणों का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए गए। शिविर में हितग्राहियों को राशन कार्ड सहित विभिन्न आवश्यक सेवाओं का वितरण किया गया, जिससे योजनाओं की प्रभावशीलता को जमीनी स्तर पर साकार किया जा सका। साथ ही श्री बृजमोहन अग्रवाल द्वारा संत कंवर राम वार्ड पार्षद गोविंद पटेल जी की माँग में संत कंवर वार्ड में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु सांसद निधि से 5 लाख रुपये की घोषणा की तथा इतवारी राम बहुउदशीय हायर सेकेंडरी विद्यालय के जीर्णोद्वार के लिए 10 लाख रुपये की घोषणा की।



इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, सभापति गोविंद पटेल, मनीष मिश्रा, सतीश तलरेजा, भाजपा जिला महामंत्री राकेश तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुनील यदु, मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत सहित समस्त पार्षदगण उपस्थित रहे।

**बृजमोहन अग्रवाल:** भाजपा की सरकार जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। 'सुशासन तिहार' जैसे शिविरों के माध्यम से शासन को जनता के द्वार तक पहुँचाना ही हमारा उद्देश्य है। भाटापारा की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना हमारी जिम्मेदारी है, और हम हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने प्रतिबद्ध हैं।

**शिवरतन शर्मा :** समाधान शिविरों से जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित होता है। समस्याओं का त्वरित समाधान केवल सुशासन की ही नहीं, बल्कि जनविश्वास की भी आधारशिला है। हमारी सरकार जनहित में पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है।

**अश्वनी शर्मा :** नगर के विकास और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए ऐसे शिविर अत्यंत आवश्यक हैं। समाधान शिविर के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को त्वरित राहत मिली है, और हम सुनिश्चित करेंगे कि लंबित प्रकरणों का भी शीघ्र निराकरण हो। जनहित ही हमारी प्राथमिकता है।

# मनोविकास केंद्र में बच्चों के ईलाज व शिक्षा व्यवस्था में होगा इजाफा

**बलौदाबाजार,** 16 मई (देशबन्धु)। जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल आज जिला प्रवास के दौरान नवीन कृषि उपज मण्डी परिसर बलौदाबाजार में स्थित मनोविकास केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र के विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया और सुविधाओं का जायजा लेकर अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने बच्चों के बेहतर ईलाज के लिए सप्ताह में दो दिन चिकित्सकों की ड्यूटी लगाने तथा संगीत शिक्षक सहित स्पेशल एजुकेशन के लिए शिक्षकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जांजगीर-चाम्पा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक डा. सनम जांगडे भी साथ थे।



**स्वास्थ्य मंत्री ने मनोविकास केंद्र का किया निरीक्षण**

स्वास्थ्य मंत्री ने केंद्र के एजुकेशन कक्ष, फिजियोथेरेपी कक्ष, स्पीचथेरेपी कक्ष का अवलोकन किया एवं वहां भर्ती बच्चों एवं उनके अभिभावकों से मुलाकात की। उन्होंने बच्चों को चॉकलेट वितरत किया और उनके साथ कैरम खेलकर मनोबल बढाया। बच्चों के अभिभावकों से केंद्र में मिल रही सुविधाओं से बच्चे की स्थिति में सुधार की जानकारी ली। अभिभावकों ने बताया कि कम समय में ही बेहतर परिणाम नजर आ रहा है। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने केंद्र में भर्ती बालक शंकर की ढोलक वादन प्रतिभा से प्रभावित होकर उन्हें नया ढोलक देने के भी निर्देश दिये। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मनोविकास केंद्र का बेहतर संचालन किया जा रहा है। इस प्रकार के केंद्र सभी जिलों एवं विकासखंडो में भी संचालित करने की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि बलौदाबाजार स्थित मनोविकास केंद्र विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के विकास और पुनर्वास के लिए समर्पित संस्थान है। यह केंद्र जनवरी 2025 से सीएसआर मद से संचालित हो रहा है और वर्तमान में 40 से अधिक बच्चों को विशेष शिक्षा, चिकित्सा सहायता, व्यावसायिक प्रशिक्षण और समग्र विकास की सुविधाएं प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, उपाध्यक्ष पवन साहु, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, उपाध्यक्ष सुमन वर्मा, जिला पंचायत सदस्य सुश्री इंदु जांगड़े, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े एवं प्रमोद शर्मा, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम अमित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नपं अध्यक्ष महेश यादव ने महिला स्व सहायता समूह के महिलाओं को हरी झंडी दिखाकर किया दंतेवाड़ा रवाना



**राजिम,** 16 मई (देशबन्धु)। महिला बाल विकास विभाग के तत्वाधान महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों को दिशा दर्शन भ्रमण के तहत गरियाबंद जिला के विभिन्न ग्रामों से लगभग 50 महिलाओं को नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, नगर उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, एवं पार्षद गण भरत यादव, मंशा कुर्रे, आकाश राजपूत, सुरेश पटेल, अजय पटेल, बलराम यादव, पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, कुलेश्वर साहू, उत्तम निषाद आदि ने हरी झंडी दिखाकर दंतेवाड़ा बस्तर रवाना किया। दो दिवसीय बस्तर दौरे में महिला स्व सहायता समूह के महिलाओं को सी मार्ट कोंडागांव, शिल्पग्राम कोंडागांव, बस शिल्पकार चित्रकूट, दंतेवाड़ा गीदम आदि स्थलों का अवलोकन कराया जावेगा।

उक्त अवसर पर नगर अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के मंशा अनुरूप महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वालंबी बनाने की दिशा में छत्तीसगढ़ और केंद्र की भाजपा सरकार कार्य कर रही है। साथ ही महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं उद्यमियों से मिलकर उनके अनुभव को जानेंगेऔर आत्मनिर्भर बनने की दिशा मे आगे बढ़ेंगे।।

# छग पेंशनधारी कल्याण संघ मांग को लेकर सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन




**बलौदाबाजार,** 16 मई (देशबन्धु)। छग पेंशनघारी कल्याण संघ पंजीयन क्रमांक 1881 के प्रातीय निर्देश के अनुसार जिला शाखा बलौदाबाजार भाटापारा के अध्यक्ष प्रकाश जाधव के नेतृत्व में 16 मई दिन शुक्रवार को समय 11 बजे कलेक्टर कार्यालय में महंगाई राहत में वृद्धि की मांग को लेकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौपा गया। उपरोक्त कार्यक्रम में छग पेंशनघारी कल्याण संघ के सभी पदधिकारी, तहसील अध्यक्ष समस्त जिला कार्यकारिणी सदस्यो उपस्थित थें।

ज्ञापन में कहा गया है कि मध्यप्रदेश राज्य पुर्नगठन 2000 की धारा 49(6) कर विलोपन किया जावे, पेंशनर की महंगाई राहत 53 प्रतिशत की घोषणा छ.ग. शासन द्वारा मार्च 2025 से की गई है। जबकि जुलाई 2024 से देय थी। अत: 8 महीने की मंहगाई राहत का एरियर्स दिया जावे, पेंशनरों को केशलेश सुविधा प्रदान करे या 2000 रूपये मासिक चिकित्सा भत्ता दिया जावे, केन्द्र के समान देय तिथि एवं देय महंगाई राहत प्रदान किये जाने, केन्द्र के देय तिथि अनुसार जनवरी 2025 का 2 प्रतिशत महंगाई राहत दिये जाने एवं रेल व बस में जो छूट पेंशनरों को दी गई थी उसे बहाल किये जाने आदि शामिल है। संघ के पदाधिकारियों ने साय सरकार के द्वारा महंगाई राहत दरो में की गई वृद्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया है एवं संघ ने शेष मांगों को पूरा करने की मांग मुख्यमंत्री से की है।

ज्ञापन सौंपने वालों में संघ के जिला अध्यक्ष प्रकाश जाधव, जिला कोषाध्यक्ष घनश्याम पटेल, जामवंत वर्मा, तारण सिंह ठाकुर, डोमार सिंह वीरवर, गंगाप्रसाद यदु, हीराराम बंजारे, सोनचंद वर्मा, सुरेश ध्रुव, नारायण चन्द्राकर आदि संघ के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थें। उक्त जानकारी संघ के कोषाध्यक्ष जी.एस. पटेल ने दी।

# कृषि उपज मंडी के बाहर जाम की स्थिति

**भाटापारा,** 16 मई (देशबन्धु)। कृषि उपज मंडी समिति भाटापारा में ग्रीष्म कालीन में फसल की आवक हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बनी हुई है, मंडी प्रांगण के बाहर कृषि उपजो से लदी गाड़ियों का लंबी कतारे दिनांक 12 मई व 13 मई को अवकाश होने के कारण से विपणन कार्य संपादित नहीं होने पर दो दिवस वाहन की जाम की स्थिति बनी हुई थी जिसे मंडी प्रशासन द्वारा जाम की स्थिति को दुरुस्त करते हुऐ क्रमबद्ध तरीके से कृषि उपजो के वाहनों को मंडी प्रांगण में प्रवेश दिया जा रहा है जिससे कि विपणन कार्य सही समय में संपादित किया जा सके साथ ही कृषकों को जो अपनी कृषि उपज मंडी प्रांगण में लाए हैं उन्हें ठहरने की उत्तम व्यवस्था मंडी प्रांगण में स्थित किसान विश्राम गृह में विपणन कार्य संपन्न होने तक आराम करने हेतु कूलर गद्दा तकिया सहित ठंडा पेयजल की व्यवस्था की गई है समय-समय पर मंडी कर्मचारियों के द्वारा प्रांगण के अंदर व भीतर विपणन कार्य हेतु समस्त कृत्य कार्यों को घूम घूम कर ठंडा पेयजल की व्यवस्था करायी जा रही है मंडी प्रशासन हमेशा



जवाबदेही कार्यो को पूरा किया है। विदित हो कि भाटापारा मंडी में ग्रीष्म कालीन की फसल हर हर साल बनी रहती है जिसकी व्यवस्था मंडी प्रशासन के द्वारा किसानों को अपनी किसी उपज के विपणन कार्य से लेकर तौल कार्य तक किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसको ध्यान में रखते हुए सही समय पर संपादित हो इसकी व्यवस्था की गई जिसके तहत 12 नंबर गेट से तौल कार्य निष्पादित करावाकर निकासी कराया जाता है उसके उपरांत प्रांगण खाली होने पर मंडी प्रांगण के बाहर कृषि उपज से लदे वाहनों को प्रवेश दिया जाता है साथ ही मंडी प्रशासन के द्वारा किसानों के कृषि उपजो को असामाजिक तत्वों के द्वारा किसी प्रकार का नुकसान ना पहुंचाएं इसके लिए आरक्षित केंद्र भाटापारा शहर को रात्रि कॉलिंन में सतत निगरानी हेतु पैट्रोलिंग पार्टी की व्यवस्था किये जाने हेतु निवेदित किया है इसके अलावा आम नागरिकों को किसी प्रकार की सुविधा न आवागमन यातायात प्रभारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है भाटापारा मंडी प्रशासन लगातार किसानों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो अपने कर्मचारियों को उचित व्यवस्था के लिए कार्य सौंपा है जिससे सभी कर्मचारी अपने सौपे हुए कार्यों को जिम्मेदारी पूरा कर रहे।

# आईसीटी योजना अंतर्गत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला

**नवापारा** राजिम, 16 मई (देशबन्धु)। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ एवं कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर समग्र शिक्षा के पत्र आदेश तारतम्य में डीजी दुनिया आई.सी.टी. योजना के तहत शिक्षक प्रशिक्षण स्थल शासकीय पीएम श्री हरिहर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय गोबरा नवापारा में दिनांक 16 मई 2025 से 24 मई 2025 तक कार्यशाला आयोजित की जा रही है। आईसीटी योजना अंतर्गत आईसीटी लैब एवं स्मार्ट क्लासरूम का उपयोग नियमित अध्ययन-अध्यापन किए जाने हेतु व शिक्षा में आधुनिक तकनीक का उपयोग कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में इन संसाधनों के सार्थक उपयोग को प्रभावी बनाने हेतु, इस प्रशिक्षण का उद्देश्य है। प्रशिक्षक मास्टर ट्रेनर किशन सिंह ठाकुर द्वारा डिजिटल क्लासरूम को संचालित किए जाने की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया गया। जैसे प्रोजेक्टर से लर्निंग मटेरियल एल.एम.एस. (एम.बी.डी.) के माध्यम से डिजिटल क्लास का उपयोग करना, टीचर्स शिक्षक आई.डी. का निर्माण करना, प्रोजेक्टर को चालू करने की प्रारंभिक विधि, से लेकर अनेकों विषयों में प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में शिक्षकों के कौशल जानकारी के लिए प्री असेसमेंट एवम पोस्ट असेसमेंट परीक्षा भी ऑनलाइन ली जा रही है। इस प्रशिक्षण में अभनपुर ब्लॉक अंतर्गत प्रस्तावित समस्त शासकीय विद्यालय के शिक्षकों की प्रशिक्षण में उपस्थिति रही। इस कार्यशाला का समुचित व्यवस्था एवं नियमित मॉनिटरिंग प्रशिक्षण स्थल केंद्र प्राचार्य फाखरा खानम दानी एवम अशोक साहू द्वारा किया जा रहा है।

